सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों का विकास

***4. श्री सुरेन्द्र सिंह नागर:** क्या **सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने हाल ही में देश में सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों के विकास और इनकी वृद्धि दर की समीक्षा की है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इसके क्या परिणाम रहे;

(ग) इसके परिणामस्वरूप सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों को बढ़ावा देने हेतु सरकार द्वारा क्या कदम उठाए गए हैं;

(घ) क्या अन्य देशों विशेषकर चीन, जहाँ सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम वैश्विक बाजार पर कब्जा करने में सक्षम हैं, की तुलना में देश में सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम क्षेत्र में प्रयुक्त प्रौद्योगिकी अपेक्षाकृत पुरानी है; और

(ङ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है इस संबंध में सरकार द्वारा क्या कदम उठाए गए हैं/उठाए जा रहे हैं?

सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री के.एच. मुनियप्पा): (क) जी, हां। सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय निरंतर सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) के विकास और वृद्धि की समीक्षा करता है।

(ख) और (ग) मंत्रालय कार्यान्वित की जा रही योजनाओं और कार्यक्रमों के समय-समय पर तीसरे पक्ष द्वारा मूल्यांकन कराने के अलावा नियमित अंत:मंत्रालयी और अंतर-मंत्रालयी बैठकों तथा अन्य स्टेकहोल्डरों जैसे राज्य सरकारों, वित्तीय संस्थानों, उद्योग संघों, वैयक्तिक उद्यमियों, आदि के साथ बैठकों के माध्यम से सुधारात्मक कदमों के साथ क्षेत्र की प्रगति की समीक्षा करता है।

पिछले पांच वर्षों के दौरान अखिल भारतीय स्तर पर दाखिल हुए उद्यमी ज्ञापनों (ईएम) की संख्या में लगातार वृद्धि, जैसा कि नीचे दर्शाया गया है, एमएसएमई की वृद्धि को प्रतिबिंबित करती है।

वर्ष	दाखिल किए गए उद्यमी ज्ञापनों (भाग II) की संख्या	वृद्धि का प्रतिशत
2007-08	1,74,319	-
2008-09	1,93,077	10.76
2009-10	2,13,894	10.78
2010-11	2,37,263	10.93
2011-12	2,82,496	19.06

(घ) कई क्षेत्रों में, भारतीय एमएसएमई भारतीय स्थितियों में व्यावहारिक अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी का प्रयोग करते हैं। भारत ने सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी), ऑटोमोटिव कंपोनेंट, खाद्य प्रसंस्करण, फार्मास्यूटिल्स, आदि जैसे क्षेत्रों में प्रगति की है और एक वैश्विक प्रतिस्पर्धी, देश के रूप में उभरा है।

(ङ) सूक्ष्म, और लघु उद्यमों के प्रौद्योगिकी उन्नयन और आधुनिकीकरण में सहायता देने के लिए, मंत्रालय क्रेडिट लिंक्ड कैपिटल सब्सिडी योजना (सीएलसीएसएस) कार्यान्वित कर रहा है। इसके अतिरिक्त, घरेलू तथा अंतर्राष्ट्रीय दोनों बाजारों में भारतीय एमएसएमई की प्रतिस्पर्धात्मकता को बढ़ाने के लिए, मंत्रालय प्रौद्योगिकी और डिजाइन आधारित हस्तक्षेपों के माध्यम से राष्ट्रीय विनिर्माण प्रतिस्पर्धात्मकता कार्यक्रम का कार्यान्वयन कर रहा है।

[अनुवाद]

रेलवे स्टेशनों का आधुनिकीकरण/उन्नयन

***5.** **श्री सी. राजेन्द्रनः**
श्री एम.बी. राजेशः

क्या **रेल मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या देश में रेलवे स्टेशनों के आधुनिकीकरण/उन्नयन की कोई योजना है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) विगत तीन वर्षों और चालू वर्ष के दौरान देश में विशेषकर पिछड़े/ग्रामीण क्षेत्रों में रेलवे स्टेशनों के आधुनिकीकरण/उन्नयन हेतु जोन-वार और वर्ष-वार कितनी धनराशि आबंटित की गई/कितनी धनराशि खर्च की गई;

(घ) ओडिशा और झारखंड राज्यों में उन स्टेशनों के नाम क्या हैं जिनका उन्नयन किया गया है/उन्नयन किए जाने का प्रस्ताव है; और

(ङ) इस प्रयोजनार्थ चयनित शेष स्टेशनों का उन्नयन कार्य निर्धारित समय-सीमा के भीतर पूरा करने हेतु रेलवे द्वारा क्या कदम उठाए गए हैं/उठाए जा रहे हैं?

रेल मंत्री (श्री पवन कुमार बंसल): (क) जी हां।

(ख) आधुनिकीकरण की विभिन्न योजनाओं तथा मॉडल स्टेशन योजना, मॉडर्न स्टेशन योजना और आदर्श स्टेशन योजना के अंतर्गत स्टेशनों का उन्नयन शुरू किया गया है। 'मॉडल स्टेशन योजना' (जून, 1999 से नवंबर, 2008 तक) और 'मॉडर्न स्टेशन योजना' (2006-07 और 2007-08) बंद कर दी गई हैं। इस समय, स्टेशनों का उन्नयन 'आदर्श स्टेशन योजना', जो वर्ष, 2009 में शुरु की गई है, के अंतर्गत किया जा रहा है।

(ग) आवंटित/व्यय की गई निधियों का ब्यौरा स्टेशन-वार नहीं रखा जाता है। इन कार्यों पर होने वाले व्यय का वित्तपोषण 'यात्री सुविधाएं' योजना शीर्ष के अंतर्गत किया जाता है। पिछले तीन वर्षों और चालू वर्ष के दौरान 'यात्री सुविधाएं' योजना शीर्ष के अंतर्गत क्षेत्रीय रेलवे-वार आवंटन/व्यय का ब्यौरा संलग्न विवरण में दिया गया है।

(घ) ओडिशा और झारखंड में मॉडल, मॉडर्न और आदर्श स्टेशन योजनाओं के अंतर्गत पहचाने गए और विकसित किए जा चुके स्टेशन निम्नानुसार हैं:–

ओडिशा

मॉडल स्टेशन योजना	योजना के अंतर्गत पहचाने गए स्टेशन (23)	बडाखंडिता, बालासोर, बालुगांव, ब्रह्मपुर, भद्रक, भुवनेश्वर, बाईरी, कटक, ढेंकानाल, गोलंथरा, जाजपुर-क्योंझर रोड, झारसुगुडा, कपिलास रोड, कशिंगा, खुर्दा रोड, पुरी, रहमा, रायगडा, राउरकेला, संबलपुर, संबलपुर रोड, सुरला रोड और टिटलागढ़।
	योजना के अंतर्गत पहले से विकसित किए जा चुके स्टेशन (22)	बडाखंडिता, बालासोर, बालुगांव, ब्रह्मपुर, भद्रक, भुवनेश्वर, बाईरी, कटक, ढेंकानाल, गोलंथरा, जाजपुर-क्योंझर रोड, झारसुगुडा, कपिलास रोड, कशिंगा, खुर्दा रोड, पुरी, रहमा, रायगडा, राउरकेला, संबलपुर, सुरला रोड और टिअलागढ़।

मॉडर्न स्टेशन योजना	योजना के अंतर्गत पहचाने गए स्टेशन (25)	बालासोर, बालुगांव, बारबिल, बरगढ़ रोड, भद्रक, भुवनेश्वर, बोलनगीर, ब्रह्मपुर, कटक, जाजपुर, क्योंझर रोड, जलेस्वर, झारसुगुडा, कंटाबंजी, कशिंगा, खुर्दा रोड, कोरापुट, खरियार रोड, मुनिगुडा, पुरी, राजगंगपुर, रायगडा, राउरकेला, संबलपुर, तालचर और टिटलागढ़।
	योजना के अंतर्गत पहले से विकसित किए जा चुके स्टेशन (25)	बालासोर, बालुगांव, बारबिल, बरगढ़ रोड, भद्रक, भुवनेश्वर, बोलनगीर, ब्रह्मपुर, कटक, जाजपुर, क्योंझर रोड, जलेस्वर, झारसुगुडा, कंटाबंजी, कशिंगा, खुर्दा रोड, कोरापुट, खरियार रोड, मुनिगुडा, पुरी, राजगंगपुर, रायगडा, राउरकेला, संबलपुर, तालचर और टिटलागढ़।
आदर्श स्टेशन योजना	योजना के अंतर्गत पहचाने गए स्टेशन (36)	अंगल, बखराबाद, बलांगीर, बालासोर, बालुगांव, बांसपानी, बरगढ़ रोड, बारीपदा, बेलपहाड़, भद्रक, ढेंकानाल, दोईकल्लू, हिजली, जाजपुर-क्योंझर रोड, जखोपुरा, जलेस्वर, झारसुगुडा, कंटाबंजी, कशिंगा, खरियार रोड, खुर्दा रोड, कोरापुट, लांझीगढ़ रोड, लापंगा, मेरामंडली, मुनीगुडा, नारायणगढ़, नेकुरसेनी, पारादीप, रघुनाथपुर, रायगडा, रेंगाली, राउरकेला, सोरो, तालचर ओर टिटलागढ़ जंक्शन।
	योजना के अंतर्गत पहले से विकसित किए जा चुके स्टेशन (21)	बलांगीर, बालासोर, बालुगांव, बांसपानी, बरगढ़ रोड, बेलपहाड़, ढेंकानाल, हिजली, जाजपुर-क्योंझर रोड, जलेस्वर, झारसुगुडा, कंटाबंजी, कशिंगा, खरियार रोड, खुर्दा रोड, कोरापुट, मुनीगुडा, पारादीप, रायगडा, राउरकेला और टिटलागढ़ जंक्शन।

झारखंड

मॉडल स्टेशन योजना	योजना के अंतर्गत पहचाने गए स्टेशन (16)	बैद्यनाथधाम, बोकारो स्टील सिटी, चक्रधरपुर, डाल्टनगंज, धनबाद, हटिया, जसीडीह, कोडरमा, मधुपुर, पारसनाथ, रांची, टाटानगर, साहिबगंज, बरहरवा, बरकाकाना और गढ़वा रोड।
	योजना के अंतर्गत पहले से विकसित किए जा चुके स्टेशन (16)	बैद्यनाथधाम, बोकारो स्टील सिटी, चक्रधरपुर, डाल्टनगंज, धनबाद, हटिया, जसीडीह, कोडरमा, मधुपुर, पारसनाथ, रांची, टाटानगर, साहिबगंज, बरहरवा, बरकाकाना और गढ़वा रोड।
मॉडल स्टेशन योजना	योजना के अंतर्गत पहचाने गए स्टेशन (32)	बैद्यनाथधाम, बरहरवा, बानो, बरकाकाना, बोकारो स्टील सिटी, चाईबासा, चक्रधरपुर, चंद्रपुर, डाल्टनगंज, धनबाद, गढ़वा टाउन, घाटशिला, गिरिडीह, गोमो, हैदरनगर, हजारीबाग रोड, हटिया, जपला, जसीडीह, कोडरमा, कुमारधूबी, लोहरदगा, मधुपुर, मनोहरपुर, मूरी, पाकुर, पारसनाथ, रामगढ़, रांची, साहिबगंज, सिनी और टाटानगर।
	योजना के अंतर्गत पहले से विकसित किए जा चुके स्टेशन (26)	बैद्यनाथधाम, बरहरवा, बानो, बोकारो स्टील सिटी, चाईबासा, चक्रधरपुर, डाल्टनगंज, धनबाद, घाटशिला, गिरिडीह, गोमो, हजारीबाग, हटिया, जसीडीह, कुमारधूबी, लोहरदगा, मधुपुर, मनोहरपुर, मूरी, पाकुर, पारसनाथ, रामगढ़, रांची, साहिबगंज, सिनी और टाटानगर।

आदर्श स्टेशन योजना	योजना के अंतर्गत पहचाने गए स्टेशन (20)	बोकारो, चक्रधरपुर, चंद्रपुर, चित्तरंजन, डाल्टनगंज, देवधर, धनबाद, दुमका, गढ़वा रोड़ जंक्शन, गोमो जंक्शन, जगदीशपुर, लोहरदगा, मधुपुर, पाकुर, पारसनाथ, फुसरो, रांची, साहिबगंज, सिल्ली और टाटानगर।
	योजना के अंतर्गत पहले से विकसित किए जा चुके स्टेशन (10)	बोकारो, चक्रधरपुर, चंद्रपुर, चित्तरंजन, गोमो जं., जगदीशपुर, मधुपुर, पारसनाथ, साहिबगंज और टाटानगर।

(ङ) पहचाने गए आदर्श रेलवे स्टेशनों पर यात्री सुविधाओं के उन्नयन और तत्संबंधी प्रगति पर विभिन्न स्तरों पर निगरानी की जाती है। इन कार्यों की प्रगति संसाधनों की समग्र उपलब्धता के अंदर सापेक्ष प्राथमिकताओं पर निर्भर करती है।

विवरण

(करोड़ रुपये में)

रेलवे	2009-10		2010-11		2011-12			2012-13		
	संशोधित अनुमान	व्यय	संशोधित अनुमान	व्यय	बजट-अनुमान	संशोधित अनुमान	व्यय	बजट अनुमान	संशोधित बजट अनुदान 2	अक्तूबर, 12 तक व्यय
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11
मध्य	73.05	82.80	72.42	65.00	60.46	47.55	54.77	48.42	32.83	23.55
पूर्व	150.15	122.71	184.22	157.71	141.39	103.69	130.26	150.53	150.53	84.10
पूर्व मध्य	24.04	31.26	57.61	38.72	83.92	39.02	35.82	49.07	31.92	21.61
पूर्व तट	32.89	31.14	23.09	25.72	30.88	18.48	18.52	44.30	32.12	11.51
उत्तर	87.25	80.46	128.45	121.52	85.25	69.94	72.09	59.82	53.03	39.59
उत्तर मध्य	39.02	37.70	44.52	32.68	81.68	46.02	50.44	90.34	58.10	34.15
पूर्वोत्तर	24.25	25.58	21.42	23.78	25.12	17.63	17.24	25.54	16.62	10.19
पूर्वोत्तर सीमा	37.11	35.84	55.68	59.13	50.21	47.11	53.90	77.50	67.15	40.50
उत्तर पश्चिम	20.62	20.23	23.53	18.40	22.07	13.96	15.94	37.77	25.14	8.78
दक्षिण	71.08	80.73	80.78	61.90	54.90	58.98	58.71	71.56	50.41	46.93

1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11
दक्षिण मध्य	160.76	155.57	106.18	110.46	124.17	81.46	94.76	124.71	85.85	64.35
दक्षिण पूर्व	37.20	33.54	67.12	66.20	71.79	40.00	43.15	69.62	70.07	29.92
दक्षिण पूर्व मध्य	18.09	15.75	19.54	22.60	81.29	44.13	49.65	79.25	50.04	29.87
दक्षिण पश्चिम	36.02	36.37	20.04	12.56	41.87	32.98	36.07	41.48	30.01	25.77
पश्चिम	80.20	90.10	53.97	60.69	79.41	61.98	64.69	61.09	44.41	30.77
पश्चिम मध्य	25.42	23.83	27.05	26.81	38.99	26.98	27.18	52.17	39.25	17.94
मेट्रो	5.75	2.77	11.68	6.94	25.10	12.50	11.24	18.78	11.96	1.58
जोड़	922.90	906.38	997.30	910.82	1100.50	762.41	834.43	1101.95	849.44	521.11

केंद्रीय सरकारी क्षेत्र के रुग्ण/घाटे में चल रहे उद्यम

***6. श्री सुरेश अंगड़ी:**
श्री एम. आनंदन:

क्या **भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) विगत तीन वर्षों और चालू वर्ष के दौरान सरकार द्वारा पहचान किए गए केन्द्रीय सरकारी क्षेत्र के उन उद्यमों का ब्यौरा क्या है, जो रुग्ण हैं/घाटे में चल रहे हैं;

(ख) क्या सरकार ने केन्द्रीय सरकारी क्षेत्र के उन रुग्ण उद्यमों को लाभ अर्जित करने वाले उद्यम बनाने हेतु कोई कदम उठाए हैं;

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं;

(घ) विगत तीन वर्षों और चालू वर्ष के दौरान केन्द्रीय सरकारी क्षेत्र के उद्यमों के बंद होने अथवा रुग्ण होने के कारण कितने कर्मचारी बेरोजगार हुए अथवा अन्यथा प्रभावित हुए; और

(ङ) सरकार द्वारा उनके पुनर्वास हेतु क्या कदम उठाए गए हैं?

भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्री (श्री प्रफुल पटेल): (क) भारत सरकार के दिनांक 6 दिसंबर, 2004 के संकल्प द्वारा गठित लोक उद्यम पुनर्गठन बोर्ड के अनुसार किसी केन्द्रीय सरकारी उद्यम को रुग्ण माना जाता है यदि इसने किसी वित्तीय वर्ष में उस वित्तीय वर्ष से पिछले के 04 वर्षों के दौरान अपने औसतन निवल मूल्य के 50% के बराबर या इससे अधिक की संचयी हानि की हो और/अथवा कोई केन्द्रीय सरकारी उद्यम, रुग्ण औद्योगिक कंपनी (विशेष उपबंध) अधिनियम, 1985 (एसआईसीए) की परिभाषा के अनुसार रुग्ण हो। लोक उद्यम सर्वेक्षण 2008-09, 2009-10 तथा 2010-11 जिसे क्रमिक वर्षों में संसद में प्रस्तुत किया गया था में उपलब्ध सूचना के अनुसार तथा उपर्युक्त परिभाषा के अनुसार वर्ष 2008-09 में 73 रुग्ण केन्द्रीय सरकारी उद्यम 2009-10 में 69 रुग्ण केन्द्रीय सरकारी उद्यम तथा 2010-11 में 63 रुग्ण केन्द्रीय सरकारी उद्यम थे। इसके अलावा भारतीय होटल निगम लि. दिनांक 31.3. 2011 तक पिछले तीन वर्षों से लगातार घाटे में चल रहा है।

(ख) और (ग) केन्द्रीय सरकारी उद्यमों का संबंधित मंत्रालय/विभाग इस केन्द्रीय सरकारी उद्यमों को लाभ अर्जित करने वाले केन्द्रीय

उद्यमों में परिवर्तित करने के लिए वित्तीय पुनर्संरचना, व्यवसायिक पुनर्संरचना, विस्तार/आधुनिकीकरण/श्रम शक्ति को संगत बनाने के लिए धन लगाने, देयताओं के भुगतान सहित विभिन्न उपाय करता है। इसके अलावा, भारत सरकार ने केन्द्रीय सरकारी उद्यमों के सुदृढ़ीकरण, आधुनिकीकरण पुनरुद्धार तथा पुनर्संरचना के लिए सरकार को सलाह देने के लिए दिसंबर, 2004 में लोक उद्यम पुनर्गठन बोर्ड का गठन किया था। केन्द्रीय सरकारी उद्यमों के संबंधित मंत्रालय/विभाग मामला दर मामला आधार पर रुग्ण कंपनियों को पुनर्जीवित करने/पुनर्स्थापना करने के लिए प्रस्ताव तैयार करते हैं और लोक उद्यम विभाग के जरिए बीआरपीएसई को उनकी सिफारिशों के लिए तथा बाद में सरकार को उनके अनुमोदन हेतु भेजते हैं।

बीआरपीएसई की सिफारिशों के आधार पर 31.3.2011 के अनुसार 64 रुग्ण केन्द्रीय सरकारी उद्यमों में से सरकार ने 27 केन्द्रीय सरकारी उद्यमों के पुनरुद्धार को अनुमोदित किया जिसके लिए भारत सरकार द्वारा 19910 करोड़ रुपये की कुल सहायता (4166 करोड़ रुपये की नकद सहायता राशियां देने के रूप में और 15744 करोड़ रुपये की गैर नकद सहायता ब्याज/ऋण समाप्ति/छूट, ऋणों को इक्विटी आदि में परिवर्तन द्वारा) की गई है। पिछले 3 वर्षों के दौरान इन 27 केन्द्रीय सरकारी उद्यमों का कार्यनिष्पादन संलग्न विवरण में दिया गया है।

(घ) और (ङ) केन्द्रीय सरकारी उद्यमों के रुग्ण होने/बंद होने के कारण बेरोजगार होने या प्रभावित होने वाले कर्मचारियों की संख्या का ब्यौरा केन्द्रीयकृत रूप से नहीं रखा जाता।

विवरण

बीआरपीएसई की सिफारिशों के आधार पर सरकार द्वारा अनुमोदित 27 रुग्ण केन्द्रीय सरकारी उद्यमों का कार्यनिष्पादन

		सरकार के अनुमोदन की तिथि	लाभ/घाटा (लाख रुपये में)		
			2010-11	2009-10	2008-09
1	2	3	4	5	6
	फार्मास्युटिकल्स विभाग				
1.	बंगाल केमिकल्स एंड फार्मास्युटिकल्स लि.	21.12.2006	-916	-1054	-352
2.	हिंदुस्तान एण्टीबायोटिक्स लि.	9.3.2006	-4242	-4985	-2209
	रसायन और पेट्रोरसायन विभाग				
3.	हिंदुस्तान आर्गेनिक केमिकल्स लि.	9.3.2006	2572	-8308	-2528
	फर्टिलाइजर विभाग				
4.	फर्टिलाइजर एंड केमिकल्स (त्रावणकोर) लि.	30.3.2006	-4933	-10384	4295
	कोयला मंत्रालय				
5.	ईस्टर्न कोलफील्ड्स लि.	5.10.2006	10657	33340	-210909
	रक्षा उत्पादन विभाग				
6.	हिंदुस्तान शिपयार्ड लि.	24.12.2009/23.3.2011	5500	232	-14001

1	2	3	4	5	6
	भारी उद्योग विभाग				
7.	भारत हैवी प्लेट एंड वेसेल्स लि.	26.11.2007	878	-860	9636
8.	हिंदुस्तान साल्ट्स लि.	4.5.2005	-49	3	64
9.	एचएमटी बीयरिंग्स लि.	3.11.2005	-2132	-1531	-1107
10.	एचएमटी मशीन टूल्स लि.	1.2.2007	-9306	-4580	-3717
11.	इन्स्ट्रूमेंटेशन लि.	11.2.2009	-3656	33362	28259
12.	नेपा लि.	23.8.2007/6.9.2012	-7040	-5533	-4608
13.	रिचर्डसन एंड क्रूडास (1972) लि.	9.3.2006	-2155	-2738	-3030
14.	स्कूटर्स इंडिया लि.	19.5.2011	-1711	-2801	-2765
15.	तुंगभद्रा स्टील प्रोडक्ट्स लि.	2.6.2006	-2612	-2577	-1844
16.	टायर कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लि.	19.4.2007/6.11.2008	-1323	-1467	54115
	सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय				
17.	नेशनल फिल्म डवलपमेंट कॉर्पो. लि.	16.9.2010	169	-713	-1113
	पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय				
18.	बीको लारी एंड कंपनी लि.	25.4.2011	375	173	223
	रेल मंत्रालय				
19.	भारत वेगन एंड इंजीनियरिंग कंपनी लि.	26.6.2008/7.2.2008/ 2.7.2009	-999	-908	-863
20.	कोंकण रेलवे कॉर्पोरेशन लि.	4.12.2008	183	1163	-8010
21.	बर्न स्टैण्डर्ड कंपनी लि.	10.6.2010	116568	-13636	-15759
	पोत परिवहन मंत्रालय				
22.	सेन्ट्रल इनलैण्ड वाटर ट्रांसपोर्ट कॉर्पो. लि.	1.12.2005	-468	-182	-11481
23.	हुगली डॉक एंड पोर्ट इंजीनियर्स लि.	13.10.2011	-1050	-5442	-5272
	वस्त्र मंत्रालय				
24.	ब्रिटिश इंडिया कॉर्पोरेशन लि.	9.6.2011	-5082	-4263	-4403

1	2	3	4	5	6
25.	नेशनल जूट मैन्युफैक्चर्स कॉर्पोरेशन लि.	19.3.2010/25.11.2010	-12944	678431	-58367
26.	नेशनल टेक्सटाइल कॉर्पो. लि.	2.5.2005	130424	10314	417944
	जल संसाधन मंत्रालय				
27.	नेशनल प्रोजेक्ट्स कन्स्ट्रक्शन कॉर्पोरेशन लि.	26.12.2008	2970	3129	-2870

[हिन्दी]

विद्युत परियोजनाओं हेतु पर्यावरणीय मंजूरी

***7. श्री वीरेन्द्र कुमार:** क्या **विद्युत मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या पर्यावरण और वन मंत्रालय से पर्यावरणीय मंजूरी न मिलने के कारण अनेक विद्युत परियोजनाएं लंबित हैं;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी परियोजना-वार और राज्य-वार ब्यौरा क्या है; और

(ग) इस संबंध में सरकार द्वारा क्या कदम उठाए गए हैं?

विद्युत मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री ज्योतिरादित्य माधवराव सिंधिया): (क) और (ख) पर्यावरण एवं वन मंत्रालय (एमओईएफ) से पर्यावरण मंजूरी न मिलने के कारण छ: जल विद्युत परियोजनाओं (एचईपी) का निर्माण कार्य रुका हुआ है। इन जल विद्युत परियोजनाओं का राज्य-वार ब्यौरा संलग्न विवरण में दिया गया हैं।

(ग) पर्यावरण एवं वन मंत्रालय द्वारा समय-समय पर जारी विभिन्न अधिसूचनाओं के माध्यम से परिभाषित निर्धारित प्रक्रियाओं के अनुसार विद्युत परियोजनाओं को पर्यावरणीय मंजूरी प्रदान की जाती है। सीपीएसयू द्वारा, समय पर पर्यावरणीय मंजूरी नहीं प्राप्त होने के संबंध में कई बार चिंता व्यक्त की गयी है। विद्युत परियोजनाओं की पर्यावरण मंजूरी की स्थिति की विद्युत मंत्रालय (एमओपी) द्वारा नियमित निगरानी की जा रही है। मंजूरियों को जल्दी दिए जाने के संबंध में विद्युत मंत्रालय द्वारा पर्यावरण एवं मंत्रालय के साथ नियमित रूप से बातचीत भी की जाती है। सीपीएसयू तथा अन्य परियोजना विकासकर्ता भी मंजूरियां जल्दी प्राप्त करने के लिए उपयुक्त स्तर पर मामले को उठा रहे हैं। पर्यावरण मंजूरियों से संबंधित विशिष्ट मामलों को समाधान के लिए विभिन्न मंचों पर भी उठाया जाता है।

विवरण

पर्यावरण मंजूरी न मिलने के कारण लंबित जल विद्युत परियोजनाओं की सूची

क्र.सं.	परियोजना का नाम/स्थिति	राज्य	एजेंसी	पर्यावरण और वन मंत्रालय में स्थिति
1	2	3	4	5
1.	कोलोडाइन-II एचईपीपी (4 × 155 मेगावाट)	मिजोरम	एनटीपीसी	एमओईएफ से विचारार्थ विषय की वैधता को एक वर्ष लिए अर्थात 10.7.2013 तक बढ़ाने का अनुरोध किया गया है।
2.	धौलासिद्ध एचईपी (66 मेगावाट)	हिमाचल प्रदेश	एसजेवीएन	पर्यावरण मंजूरी (ईसी) प्रतीक्षित

1	2	3	4	5
3.	लूहरी एचईपी (775 मेगावाट)	हिमाचल प्रदेश	एसजेवीएन	पर्यावरण मंजूरी (ईसी) प्रतिक्षित
4.	लोकटक डाउनस्ट्रीम एचईपी परियोजना (66 मेगावाट)	मणिपुर	एनएचपीसी	-वहीं-
5.	तीस्ता-IV परियोजना (520 मेगावाट)	सिक्किम	एनएचपीसी	-वहीं-
6.	गुंडिया चरण-। (200 मेगावाट)	कर्नाटक	केपीसीएल	-वही-

[अनुवाद]

विद्युत संयंत्रों को कोयले की आपूर्ति

***8. श्री बिभू प्रसाद तराई:**
श्री हंसराज गं. अहीर:

क्या **विद्युत मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या वर्ष 2011-12 के दौरान देश के विभिन्न ताप विद्युत संयंत्रों को कोयले की कम आपूर्ति रही है;

(ख) यदि हां, तो इसके परिणामस्वरूप प्रभावित ताप विद्युत संयंत्रों का ब्यौरा क्या है तथा उक्त अवधि के दौरान देश के विभिन्न ताप विद्युत संयंत्रों में कोयले की मांग और आपूर्ति की संयंत्र-वार और राज्य-वार स्थिति क्या रही;

(ग) क्या सरकार को वर्ष 2012-13 के दौरान ताप विद्युत संयंत्रों की मांग को पूरा करने के लिए कोयले के आयात के निर्धारित लक्ष्यों को प्राप्त करने में कोई कठिनाई पेश आ रही है;

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और अब तक कितनी मात्रा में कोयले का आयात किया गया है; और

(ङ) देश के विभिन्न ताप विद्युत संयंत्रों में कोयले की कमी को पूरा करने हेतु सरकार द्वारा क्या कदम उठाए गए हैं अथवा उठाए जाने का विचार है?

विद्युत मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री ज्योतिरादित्य माधवराव सिंधिया): (क) और (ख) विद्युत यूटिलिटियों ने रिपोर्ट दी है कि वर्ष 2011-12 के दौरान कोयले की कमी के कारण 11.63 बिलियन यूनिट की उत्पादन हानि हुई है। विद्युत यूटिलिटियों द्वारा दी गई रिपोर्ट के अनुसार, कोयले की कमी के कारण हुई स्टेशनवार उत्पादन हानि संलग्न विवरण-I में दी गई है। संयंत्र तथा राज्यवार कोयला आवश्यकता और उसकी प्राप्ति का ब्यौरा संलग्न विवरण-II में दिया गया है।

(ग) और (घ) विद्युत यूटिलिटियां (केन्द्रीय, राज्य और निजी क्षेत्र) आयात लक्ष्य के स्तर तक कोयले का आयात करने में समर्थ नहीं हुई हैं।

अप्रैल-अक्तूबर, 2012 के दौरान, विद्युत यूटिलिटियों द्वारा आयातित कोयले के साथ मिश्रित किए जाने के लिए, 46 मिलियन टन के वार्षिक आयात लक्ष्य की तुलना में 16.287 मिलियन टन कोयले का आयात किया गया है।

(ङ) देश में ताप विद्युत संयंत्रों में कोयले की कमी को पूरा करने के लिए सरकार द्वारा उठाए गए/उठाए जा रहे कदम निम्नलिखित हैं—

(i) सीआईएल द्वारा विद्युत यूटिलिटियों के साथ ईंधन आपूर्ति करार पर शीघ्र हस्ताक्षर करने के लिए कोयला मंत्रालय के साथ नियमित रूप से बातचीत।

(ii) कोयला मंत्रालय/कोल इंडिया लिमिटेड (सीआईएल) से देश में कोयले का उत्पादन बढ़ाने का आग्रह किया जा रहा है।

(iii) कैप्टिव कोयला ब्लॉक आबंटियों से मौजूदा खानों से कोयले का उत्पादन बढ़ाने पर बल देना और नए कोयला ब्लॉकों को शीघ्रता से चालू करना।

(iv) कोयले की आवश्यकता तथा घरेलू स्रोतों से इसकी उपलब्धता के बीच के अंतर को पूरा करने के लिए, तकनीकी रूप से संभाव्य सीमा तक कोयले का आयात।

विवरण-I

2011-12 में कोयले की कमी के कारण विद्युत यूटिलिटी द्वारा सूचित उत्पादन हानि

क्र.सं.	विद्युत यूटिलिटी	ताप विद्युत केंद्र	क्षमता (मेगावाट)	उत्पादन हानि (मिलियन यूनिट)
1	2	3	4	5
1.	एनटीपीसी	उंचाहार	1,050	132.1
		दादरी (एनसीपीपी)	1,820	191.5
		कहलगांव एसटीपीएस	1,340	4,820.5
		सिंगरौली एसटीपीएस	2,000	187.6
		रिहंद एसटीपीएस	2,000	152.1
		फरक्का एसटीपीएस	1,600	195.1
		विंध्याचल एसटीपीएस	3,260	749.0
		तलचर एसटीपीएस	3,000	383.6
		रामागुंडम	2,600	546.2
		सिम्हाद्री	1,500	498.6
		बदरपुर	705	13.6
2.	आरबीएनएल	छाबरा	500	138.5
3.	एपीपीजीसीएल	सतपुरा	1,143	216.7
		संजय गांधी	1,340	94.0
4.	एमएसपीजीसीएल	खापड़खेडा II	1,340	36.5
		पार्ली	1,130	594.4
		पारस	500	109.8
5.	एपीजेनको	रायलसीमा	1,050	17.0
		काकतीया	500	28.0
		कोथागुडेम	1,720	53.0
6.	डीवीसी	मेजिया	1,340	950.9
		चंद्रपुर	890	96.0
7.	बीएसइबी	बरौनी	210	51.1

1	2	3	4	5
8.	केपीपीएल	रायचुर	1,720	52.2
9.	एपीसीपीएल	इंदिरा गांधी	1,000	2.0
10.	जीएसइसीएल	वानकबोरी	1,470	9.3
		गांधीनगर	870	1.6
11.	सीएलपी	महात्मा गांधी	1,320	11.9
12.	लैंको	अनपारा	1,200	1,023.8
13.	टीवीएनएल	तेनुघाट	420	275.0
	कुल			11,631.6

आरवीएनएल राजस्थान विद्युत उत्पादन निगन लिमिटेड

एमपीपीजीसीएल मध्य प्रदेश पावर जेनेरेशन कं. लि.

एमएसपीजीसीएल महाराष्ट्र राज्य पावर जेनरेशन कॉर्पोरेशन लि.

एपीजेनको आंध्र प्रदेश पावर जेन. कॉर्पो. लि.

डीबीसी दामोदर वैली कॉर्पोरेशन

बीएसइबी बिहार राज्य इलेक्ट्रिसिटी बोर्ड

केपीसीएल कर्नाटक पावर कॉर्पो. लि.

एपीसीपीएल अरावली पावर कं. प्रा. लि.

जीएसइसीएल गुजरात स्टेट इले. कॉर्पो. लि.

सीएलपी चीन लाईट एंड पावर

टीवीएनएल तेनुघाट विद्युत निगम लि.

विवरण-II

2011-12 के दौरान कोयला आवश्यकता एवं प्राप्ति का संयंत्रवार एवं राज्यवार ब्यौरा

क्र.सं.	राज्य/विद्युत संयंत्र	क्षमता (मेगावाट)	आवश्यकता	प्राप्ति (घरेलू)	प्राप्ति (आयात)	कुल प्राप्ति
			आंकड़ें हजार टन में			
1	2	3	4	5	6	7
उत्तरी क्षेत्र						
दिल्ली						
1.	राजघाट टीपीएस	135.0	813	679	0	679
2.	बदरपुर टीपीएस	705.0	4,398	4,061	23	4,084
	उप जोड़	840.0	5,211	4,740	23	4,763

1	2	3	4	5	6	7
हरियाणा						
3.	पानीपत टीपीएस	1,360.0	7,500	7,822	475	8,297
4.	यमुना नगर टीपीएस	600.0	2,802	1,958	201	2,159
5.	राजीव गांधी टीपीएस	1,200.0	5,544	3,898	600	4,498
6.	इंदिरा गांधी एसटीपीपी	1,000.0	2,976	1,967	364	2,331
7.	महात्मा गांधी टीपीएस	1,320.0	433	239	0	239
	उप जोड़	5,480.0	19,255	15,884	1,640	17,524
पंजाब						
8.	जीएच टीपीएस (लेहरा मो.)	920.0	4,500	4,559	0	4,559
9.	रोपर टीपीएस	1,260.0	7,002	6,108	0	6,108
10.	जीएनडी टीपीएस (भटिंडा)	440.0	1,800	1,407	0	1,407
	उप जोड़	2,620.0	13,302	12,074	0	12,074
राजस्थान						
11.	कोटा टीपीएस	1,240.0	6,999	6,025	497	6,522
12.	सुरतगढ़ टीपीएस	1,500.0	7,200	6,539	451	6,990
13.	छाबड़ा टीपीपी	500.0	2,202	1,338	91	1,429
	उप जोड़	3,240.0	16,401	13,902	1,039	14,941
उत्तर प्रदेश						
14.	अनपारा टीपीएस	1,630.0	8,802	8,379	0	8,379
15.	हरदुआगंज टीपीएस	665.0	957	466	0	466
16.	ओबरा टीपीएस	1,278.0	4,800	3,716	0	3,716
17.	पनकी टीपीएस	210.0	1,200	798	0	798
18.	परीछा टीपीएस	890.0	3,198	2,451	0	2,451
19.	दादरी (एनसीटीपीपी)	1,820.0	9,198	7,121	1,684	8,805
20.	रिहंद एसटीपीएस	2,500.0	11,100	10,377	423	10,800
21.	सिंगरौली एसटीपीएस	2,000.0	11,298	10,923	167	11,090
22.	टांडा टीपीएस	440.0	2,700	2,793	69	2,862
23.	उंचाहार टीपीएस	1,050.0	6,102	5,194	264	5,458

1	2	3	4	5	6	7
24.	रोजा टीपीएस फेज-I	1,200.0	3,000	1,925	569	2,494
25.	अनपारा सी टीपीएस	1,200.0	2,260	543	43	586
26.	बारखेरा टीपीएस	90.0	120	88	0	88
27.	मकसूदपूर टीपीएस	90.0	120	70	0	70
28.	खांबरखेड़ा टीपीएस	90.0	120	89	0	89
29.	कुंडारकी टीपीएस	90.0	120	34	0	34
30.	उतरौला टीपीएस	90.0	120	10	0	10
	उप जोड़	15,333.0	65,215	54,977	3,219	58,196
	कुल उत्तरी क्षेत्र	27,513.0	119,384	101,577	5,921	107,498
पश्चिमी क्षेत्र						
छत्तीसगढ़						
31.	डीएसपीएम टीपीएस	500.0	3,000	2,378	0	2,378
32.	कोरबा-II	440.0	3,000	2,924	0	2,924
33.	कोरबा वेस्ट टीपीएस	840.0	4,998	5,018	0	5,018
34.	कोरबा एसटीपीएस	2,600.0	13,002	12,428	232	12,660
35.	सिपत एसटीपीएस	2,980.0	6,000	7,424	83	7,507
36.	पथाडी टीपीपी	600.0	3,000	2,444	23	2,467
37.	भिलाई टीपीएस	500.0	2,700	2,421	178	2,599
38.	ओपी जिंदल टीपीएस	1,000.0	5,074	4,661	0	4,661
	उप जोड़	9,460.0	40,774	39,698	516	40,214
गुजरात						
39.	मुंद्रा टीपीएस	4,620.0	6,561	48	7,289	7,337
40.	गांधी नगर टीपीएस	870.0	4,902	3,345	474	3,819
41.	उकाईटीपीएस	850.0	4,200	3,941	110	4,051
42.	सिक्का टीपीएस	240.0	1,308	840	0	840
43.	वानकबारी टीपीएस	1,470.0	7,800	7,425	68	7,493

1	2	3	4	5	6	7
44.	साबरमती (सी स्टेशन)	400.0	2,202	1,308	576	1,884
	उप जोड़	8,450.0	26,973	16,907	8,517	25,424
मध्य प्रदेश						
45.	अमरकंटक एक्स टीपीएस	450.0	1,800	2,024	0	2,024
46.	संजय गांधी टीपीएस	1,340.0	6,402	6,089	104	6,193
47.	सतपुरा टीपीएस	1,142.5	6,198	5,807	282	6,089
48.	विंध्याचल एसटीपीएस	3,760.0	18,702	17,397	779	18,176
	उप जोड़	6,692.5	33,102	31,317	1,165	32,482
महाराष्ट्र						
49.	ट्रांबे टीपीएस	1,250.0	2,595	0	2,571	2,571
50.	जेएसडब्ल्यू रत्नागिरि टीपीपी	1,200.0	3,630	0	3,889	3,889
51.	भुसावल टीपीएस	1,420.0	2,598	2,409	305	2,714
52.	चंद्रपुर एसटीपीएस	2,340.0	13,800	9,395	588	9,983
53.	खापड़खेड़ा टीपीएस	1,340.0	5,400	4,806	435	5,241
54.	कोराडीटीपीएस	1,040.0	4,852	4,686	19	4,705
55.	नासिक टीपीएस	630.0	4,698	3,687	607	4,294
56.	पार्ली टीपीएस	1,130.0	5,940	4,621	449	5,070
57.	पारस टीपीएस	500.0	2,182	2,569	0	2,569
58.	दहानु टीपीएस	500.0	3,195	2,053	778	2,831
59.	वर्धा वरोरा टीपीएस	540.0	2,248	2,003	175	2,178
	उप जोड़	11,890.0	51,138	36,229	9,816	46,045
	कुल पश्चिमी क्षेत्र	36,492.5	151,987	124,151	20,014	144,165
दक्षिणी क्षेत्र						
आंध्र प्रदेश						
60.	डॉ. एन टाटा राओ टीपीएस	1,760.0	9,000	8,556	1,278	9,834
61.	कोथागुडेम टीपीएस	1,720.0	7,215	8,240	200	8,440
62.	रामागुंडम बी टीपीएस	62.5	348	337	0	337

1	2	3	4	5	6	7
63.	रायलसीमा टीपीएस	1,050.0	5,700	5,127	320	5,447
64.	रामागुंडम एसटीपीएस	2,600.0	13,200	12,479	426	12,905
65.	सिम्हाद्री एसटीपीएस	2,000.0	7,998	6,561	1,124	7,685
66.	काकतीया टीपीएस	500.0	1,998	1,636	0	1,636
	उप जोड़	9,692.5	45,459	42,936	3,348	46,284
कर्नाटक						
67.	उडुपी टीपीएस	1,200.0	3,618	0	1,543	1,543
68.	तोरांगुलु टीपीएस (एसबीयू-1)	860.0	2,361	0	2,102	2,102
69.	रायचुर टीपीएस	1,720.0	8,625	6,444	1,217	7,661
70.	बेल्लारी टीपीएस	1,000.0	3,000	2,096	32	2,128
	उप जोड़	4,780.0	17,604	8,540	4,894	13,434
तमिलनाडु						
71.	इन्नौर टीपीएस	450.0	2,798	1,120	0	1,120
72.	मेट्टूर टीपीएस	840.0	4,698	4,037	1,066	5,103
73.	नॉर्थ चेन्नई टीपीएस	630.0	3,600	2,440	669	3,109
74.	तूतीकोरिन टीपीएस	1,050.0	6,407	4,665	1,394	6,059
	उप जोड़	2,970.0	17,503	12,262	3,129	15,391
	कुल दक्षिणी क्षेत्र	17,442.5	80,566	63,738	11,371	75,109
पूर्वी						
बिहार						
75.	बरौनी टीपीएस	210.0	402	163	0	163
76.	मुजफ्फरपुर टीपीएस	220.0	600	187	0	187
77.	कहलगांव टीपीएस	2,340.0	13,998	9,887	1,664	11,551
	उप जोड़	2,770.0	15,000	10,237	1,664	11,901
झारखंड						
78.	पतरातू टीपीएस	770.0	1,002	415	0	415
79.	तेनुघाट टीपीएस	420.0	1,596	1,720	0	1,720

1	2	3	4	5	6	7
80.	बोकारो बी टीपीएस	630.0	3,102	2,809	0	2,809
81.	चंद्रपुरा टीपीएस	890.0	2,802	2,991	0	2,991
82.	मैथन आरबी टीपीएस	1,050.0	1,461	889	0	889
83.	कोडरमा टीपीएस	500.0	630	0	0	0
	उप जोड़	4,260.0	10,593	8,824	0	8,824
ओडिशा						
84.	आईबी वैली टीपीएस	420.0	2,700	2,611	3	2,614
85.	तलचर (ओल्ड) टीपीएस	470.0	3,000	3,042	7	3,049
86.	तलचर एसटीपीएस	3,000.0	18,180	13,478	3,128	16,606
87.	स्टर्लाइट टीपीएस	2,400.0	6,000	5,022	0	5,022
	उप जोड़	6,290.0	29,880	24,153	3,138	27,291
प. बंगाल						
88.	दुर्गापुर टीपीएस	340.0	1,563	1,520	0	1,520
89.	मेजिया टीपीएस	2,340.0	10,005	7,398	0	7,398
90.	बकरेश्वर टीपीएस	1,050.0	6,210	4,860	286	5,146
91.	बंडेल टीपीएस	450.0	1,698	1,470	131	1,601
92.	डीपीएल टीपीएस	630.0	2,668	1,627	0	1,627
93.	कोलाघाट टीपीएस	1,260.0	6,300	5,875	365	6,240
94.	सागरदीघी टीपीएस	600.0	2,700	2,769	181	2,950
95.	संतालडीह टीपीएस	980.0	2,202	1,687	77	1,764
96.	बज-बज टीपीएस	750.0	3,300	3,209	414	3,623
97.	नई कोसीपुर टीपीएस	160.0	450	271	0	271
98.	सदर्न रिप्लेसमेंट टीपीएस	135.0	798	685	0	685
99.	टीटागढ़ टीपीएस	240.0	1,302	1,066	0	1,066
100.	फरक्का एसटीपीएस	2,100.0	10,998	5,645	1,666	7,311
101.	दुर्गापुर स्टील टीपीएस	1,000.0	630	0	0	0
	उप जोड़	12,035.0	50,824	38,082	3,120	41,202
	उप जोड़ पूर्वी क्षेत्र	25,355.0	106,297	81,296	7,922	89,218
	कुल अखिल भारतीय	106,803.0	458,234	370,762	45,228	415,990

[हिन्दी]

राजीव गांधी ग्रामीण विद्युतीकरण योजना

***9. श्री मंगनी लाल मंडलः**
श्री दीपेन्द्र सिंह हुड्डाः

क्या **विद्युत मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) राजीव गांधी ग्रामीण विद्युतीकरण योजना के अंतर्गत गांवों के विद्युतीकरण और गरीबी रेखा से नीचे रहने वाले परिवारों को विद्युत कनेक्शन प्रदान करने हेतु निर्धारित किए गए लक्ष्यों और अब तक प्राप्त की गई उपलब्धियों का राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या देश में बड़ी संख्या में गांवों का अब तक विद्युतीकरण नहीं किया गया है;

(ग) यदि हां, तो देश में उन गांवों का राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार ब्यौरा क्या है; और

(घ) विगत तीन वर्षों और चालू वर्ष के दौरान राजीव गांधी ग्रामीण विद्युतीकरण योजना के अंतर्गत विभिन्न राज्य सरकारों को जारी की गई धनराशि का राज्य-वार ब्यौरा क्या है; और

(ङ) क्या सरकार का विचार विभिन्न राज्यों में गरीबी रेखा से नीचे रहने वाले शेष परिवारों को विद्युत कनेक्शन प्रदान करने के लिए और अधिक धनराशि आबंटित करने का है यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और देश में विद्युतीकृत न किए गए सभी गांवों का विद्युतीकरण करने तथा गरीबी की रेखा से नीचे रहने वाले सभी परिवारों को, बिजली का कनेक्शन प्रदान करने हेतु सरकार द्वारा क्या समय-सीमा निर्धारित की गयी है?

विद्युत मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री ज्योतिरादित्य माधवराव सिंधिया): (क) राजीव गांधी ग्रामीण विद्युतीकरण योजना (आरजीजीवीवई) के अंतर्गत, आरजीजीवीवाई के चरण-1 में 1,10,886 गैर/निर्विद्युतीकृत गांवों (यूईवी) के विद्युतीकरण, 3,42,831 आंशिक रूप से विद्युतीकृत गांवों (पीईवी) के गहन विद्युतीकरण तथा 2,29,39,511 गरीबी रेखा से नीचे के (बीपीएल) घरों को विद्युत कनैक्शन जारी किये जाने को शामिल करते हुए 576 परियोजनाएं स्वीकृत की गई थीं। इनमें से 31.10.2012 तक, 1,05,948 यूईवी तथा 2,72,140 पीईवी में विद्युतीकरण कार्य पूरे किये जा चुके हैं तथा 2,01,99,292 बीपीएल घरों को विद्युत कनैक्शन जारी किये जा चुके हैं। इनके अतिरिक्त, आरजीजीवीवाई के चरण-2 में 2011-12 के दौरान भी, 1909 यूईवी, 53,505 पीईवी 53,505 पीईवी के विद्युतीकरण तथा 45,59,141 बीपीएल घरों को विद्युत कनैक्शन जारी किये जाने को शामिल करते हुए 72 परियोजनाएं स्वीकृत की गयी हैं। यूईवी पीईवी तथा बीपीएल घरों के विद्युतीकरण के राज्य-वार ब्यौरा विवरण-I पर संलग्न है।

(ख) और (ग) राज्यों द्वारा आरजीजीवीवाई के अंतर्गत प्रस्तुत तथा क्षेत्रीय सर्वेक्षण के अनुसार संशोधित विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) के अनुसार गैर-विद्युतीकृत गांवों की संख्या 1,12,795 है तथा इनमें से 1,05,948 गांवों में कार्य पूरे किये जा चुके हैं। आरजीजीवीवाई के अंतर्गत शामिल गैर/निर्विद्युतीकृत गांवों में पूरे किये गये तथा शेष बचे कार्यों के राज्य-वार ब्यौरे विवरण-II पर संलग्न हैं।

(घ) 31.10.2012 की स्थिति के अनुसार, देश में आरजीजीवीवाई के अंतर्गत 26253.36 करोड़ रुपये की पूंजीगत राजसहायता जारी की गई है। पिछले तीन वर्षों तथा चालू वर्ष के दौरान आरजीजीवीवाई के अंतर्गत राजसहायता जारी किये जाने के राज्य-वार ब्यौरे विवरण-III पर संलग्न हैं।

(ङ) 12वीं योजना में शेष बचे सभी गांवों/आवासों/बीपीएल घरों को शामिल किये जाने के लिए आरजीजीवीवाई को जारी रखे जाने का मंत्रालय ने प्रस्ताव किया है।

विवरण-I

31.10.2012 तक

क्र.सं.	राज्य	गैर/निर्विद्युतीकृत गांवों का विद्युतीकरण		आंशिक विद्युतीकृत गांवों की सघन विद्युतीकरण		बीपीएल कनेक्शन जारी करना	
		कवरेज**	संचित उपलब्धि	कवरेज**	संचित उपलब्धि	कवरेज**	संचित उपलब्धि
1	2	3	4	5	6	7	8
1.	आंध्र प्रदेश*	0	0	27477	26324	2484665	2702911

1	2	3	4	5	6	7	8
2.	अरूणाचल प्रदेश	2106	1479	1760	881	40726	24056
3.	असम	8326	7955	12984	12037	1150597	866273
4.	बिहार	23850	22503	19244	4898	5659338	2271263
5.	छत्तीसगढ़	1594	926	17291	11515	987834	941977
6.	गुजरात*	0	0	17667	16291	742094	821568
7.	हरियाणा*	0	0	6511	4687	257273	194442
8.	हिमाचल प्रदेश	95	79	10650	1059	13196	14339
9.	जम्मू और कश्मीर	239	169	4442	2710	81217	49769
10.	झारखंड	19071	18073	7106	5709	1803377	1282205
11.	कर्नाटक	61	61	28119	24653	978219	853295
12.	केरल*	0	0	1272	181	74571	52159
13.	मध्य प्रदेश	843	549	49537	21716	1816898	890837
14.	महाराष्ट्र*	0	0	41739	36713	1202882	1175086
15.	मणिपुर	882	616	1378	534	107369	28814
16.	मेघालय	1866	1385	3239	1967	109696	75403
17.	मिजोरम	137	94	570	346	27417	15144
18.	नागालैंड	105	84	1140	1040	69899	34231
19.	ओडिशा	14715	14285	29324	23296	3045979	2780762
20.	पंजाब*	0	0	11840	0	148860	64051
21.	राजस्थान	4339	4064	34783	31805	1224417	1102915
22.	सिक्किम	25	25	418	382	11458	9695
23.	तमिलनाडु*	0	0	10738	9673	527234	501202
24.	त्रिपुरा	148	143	658	569	107506	90749

1	2	3	4	5	6	7	8
25.	उत्तर प्रदेश	28439	27762	22980	2982	1907419	1042593
26.	उत्तराखंड	1512	1511	9160	9028	238522	230558
27.	पश्चिम बंगाल	4442	4185	24309	21144	2679989	2082995
	कुल	112795	105948	396336	272140	27498652	20199292

*आंध्र प्रदेश, गुजरात हरियाणा, महाराष्ट्र, पंजाब और तमिलनाडु में इन राज्यों द्वारा डीपीआरएस में किसी भी गैर-विद्युतीकृत गांव का प्रस्ताव नहीं किया गया।

**आरजीजीवीवाई योजना के चरण-II के अंतर्गत संस्वीकृत 1909 गैर/निर्विद्युतीकृत गांव और 53505 आंशिक रूप से विद्युतीकृत गांव और 72 परियोजनाओं के 45, 59, 141 बीपीएल घरों को निःशुल्क विद्युत कनेक्शन जारी करना शामिल है।

विवरण-II

आरजीजीवीवाई के अंतर्गत गैर/निर्विद्युतीकृत गांवों की राज्यवार संशोधित कवरेज एवं विद्युतीकरण की उपलब्धि

31.10.2012 तक

क्र.सं.	राज्य का नाम	अविद्युतीकृत गांवों का विद्युतीकरण		
		संशोधित कवरेज**	संचित उपलब्धि	बकाया
1	2	3	4	5
1.	आंध्र प्रदेश*	0	0	0
2.	अरूणाचल प्रदेश	2106	1479	627
3.	असम	8326	7955	371
4.	बिहार	23850	22503	1347
5.	छत्तीसगढ़	1594	926	668
6.	गुजरात*	0	0	0
7.	हरियाणा*	0	0	0
8.	हिमाचल प्रदेश	95	79	16
9.	जम्मू और कश्मीर	239	169	70
10.	झारखंड	19071	18073	998
11.	कर्नाटक	61	61	0
12.	केरल*	0	0	0
13.	मध्य प्रदेश	843	549	294

1	2	3	4	5
14.	महाराष्ट्र*	0	0	0
15.	मणिपुर	882	616	266
16.	मेघालय	1866	1385	481
17.	मिजोराम	137	94	43
18.	नागालैंड	105	84	21
19.	ओडिशा	14715	14285	430
20.	पंजाब*	0	0	0
21.	राजस्थान	4339	4064	275
22.	सिक्किम	25	25	0
23.	तमिलनाडु*	0	0	0
24.	त्रिपुरा	148	143	5
25.	उत्तर प्रदेश	28439	27762	677
26.	उत्तराखंड	1512	1511	1
27.	पश्चिम बंगाल	4442	4185	257
	कुल	112795	105948	6847

*आंध्र प्रदेश, गुजरात हरियाणा, महाराष्ट्र, पंजाब और तमिलनाडु में इन राज्यों द्वारा डीपीआरएस में किसी भी गैर-विद्युतीकृत गांव का प्रस्ताव नहीं किया गया तथापि इन राज्यों में पहले से ही विद्युतीकृत गांवों में गहन विद्युतीकरण का कार्य किया जा रहा है।

**आरजीजीवीवाई के चरण-II के अंतर्गत संस्वीकृत 72 परियोजनाओं में 1909 गैर/निर्विद्युतीकृत गांव शामिल हैं।

विवरण-II

आरजीजीवीवाई के अंतर्गत गत तीन वर्षों एवं वर्तमान वर्ष में जारी सब्सिडी का राज्यवार विवरण

क्र.सं	राज्य का नाम	2009-10	2010-11	2011-12	2012-13 (31 अक्टू. 2012 तक)	कुल जारी सब्सिडी 2009-10 में जारी सब्सिडी सहित
1	2	3	4	5	6	7
1.	आंध्र प्रदेश*	153.22	141.90	25.68	6.37	721.31
2.	अरूणाचल प्रदेश	223.24	165.54	40.01	24.65	700.71
3.	असम	450.17	628.65	491.36	50.47	2140.48

1	2	3	4	5	6	7
4.	बिहार	622.05	520.05	260.70	0.00	3489.07
5.	छत्तीसगढ़	333.55	163.65	119.84	17.82	838.99
6.	गुजरात*	86.24	72.07	27.10	1.26	259.17
7.	हरियाणा*	53.94	18.40	19.15	0.00	158.95
8.	हिमाचल प्रदेश	110.14	53.83	19.10	0.00	261.35
9.	जम्मू और कश्मीर	327.72	60.57	68.41	36.76	700.05
10.	झारखंड	688.65	144.62	111.57	69.03	2747.06
11.	कर्नाटक	63.16	55.85	43.16	5.95	656.08
12.	केरल*	9.38	28.88	0.00	22.84	81.55
13.	मध्य प्रदेश	383.30	255.79	384.30	139.48	1566.13
14.	महाराष्ट्र*	181.50	147.31	49.43	10.36	527.44
15.	मणिपुर	57.11	85.97	71.48	0.00	266.48
16.	मेघालय	116.83	77.83	94.06	27.03	344.62
17.	मिजोरम	73.03	70.28	0.00	0.00	214.26
18.	नागालैंड	53.46	55.36	25.49	11.57	203.38
19.	ओडिशा	889.48	542.98	360.33	55.22	2963.04
20.	पंजाब*	0.00	0.00	0.00	0.00	54.44
21.	राजस्थान	140.97	74.30	200.11	27.20	992.11
22.	सिक्किम	40.46	39.19	36.64	0.00	155.58
23.	तमिलनाडु*	106.01	38.66	36.31	0.00	285.22
24.	त्रिपुरा	47.49	29.26	48.30	10.60	157.64
25.	उत्तर प्रदेश	172.97	68.32	85.95	27.75	3060.37
26.	उत्तराखंड	92.28	9.69	0.00	16.69	614.81
27.	पश्चिम बंगाल	520.35	448.89	154.30	7.68	2093.07
	सकल योग	5996.70	3997.83	2772.81	568.73	26253.36

उर्वरकों की उपलब्धता

***10. श्री रवीन्द्र कुमार पाण्डेय:**
श्रीमती सीमा उपाध्याय:

क्या **रसायन और उर्वरक मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) देश में विभिन्न उर्वरकों की मांग, उत्पादन, आपूर्ति, आयात और खपत कितनी-कितनी है और विगत तीन वर्षों में प्रत्येक वर्ष तथा चालू वर्ष के दौरान उर्वरकों के आयात पर राज्य और उर्वरक-वार कितनी धनराशि खर्च की गयी है;

(ख) क्या देश के विभिन्न राज्यों में उर्वरकों की आपूर्ति कम है;

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इसके क्या कारण हैं;

(घ) क्या कुछ राज्य सरकारों ने केन्द्र सरकार से उर्वरकों की अतिरिक्त आपूर्ति की मांग की है/अनुरोध किया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ङ) केन्द्र सरकार द्वारा राज्यों को उनकी मांग/अनुरोध के अनुरूप उर्वरकों की समय पर आपूर्ति करने और उर्वरकों का आयात कम करने हेतु क्या कदम उठाए जा रहे हैं/उठाए जाने का विचार है?

सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय के राज्य मंत्री तथा रसायन और उर्वरक मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री श्रीकांत जेना): (क) देश में पिछले तीन वर्षों और अप्रैल 2012 से अक्तूबर 2012 तक मौजूदा वर्ष के दौरान यूरिया, डीएपी, एनपीके और एमओपी की आवश्यकता (मांग) और उपलब्धता (आपूर्ति) इस प्रकार है:

आंकड़े लाख मी.टन.में (एलएमटी)

वर्ष		2009-10	2010-11	2011-12	2012-13 (अक्तूबर 2012 तक)
यूरिया	आवश्यकता	281.90	290.79	303.50	179.97
	उपलब्धता	265.97	284.62	296.64	165.87
	बिक्री	264.48	282.23	292.74	162.36
डीएपी	आवश्यकता	106.98	120.92	125'.75	87.17
	उपलब्धता	104.09	113.09	116.02	63.77
	बिक्री	103.92	112.87	111.87	52.40
एनपीके	आवश्यकता	87.73	92.00	106.90	67.34
	उपलब्धता	83.38	104.39	124.14	52.28
	बिक्री	82.03	102.98	113.75	45.17
एमओपी	आवश्यकता	43.85	47.80	47.92	27.30
	उपलब्धता	47.60	39.83	31.60	15.94
	बिक्री	46.74	38.91	29.79	12.74

आवश्यकता (मांग) और उपलब्धता (आपूर्ति) का राज्यवार और उर्वरक-वार विस्तृत ब्यौरा संलग्न विवरण-I में दिया गया है।

सरकारी खाते से यूरिया के आयात और इन पर खर्च की गयी राशि का विस्तृत विवरण इस प्रकार है:

वर्ष	एसटीई* के द्वारा		ओमिफ्को** से	
	मात्रा (लाख मी. टन)	मूल्य (लगभग मिलियन डॉलर में)	मात्रा (लाख मी. टन)	मूल्य (लगभग मिलियन डॉलर में)
2009-10	31.48	872.45	20.62	340.20
2010-11	45.46	1488.27	20.64	344.23
2011-12	57.65	2777.40	20.69	445.08
2012-13 (अक्तूबर 2012 तक)	29.62	1290.84	10.52	285.29

*एसटीई - राज्य व्यापार उद्यम ,नामत: राज्य व्यापार निगम (एसटीसी) धातु एवं खनिज व्यापार निगम (एमएमटीसी) और इंडियन पोटाश लिमिटेड (आइपीएल)

**ओमिफ्को - ओमान इंडिया फर्टिलाइजर कंपनी, सुर, ओमान

चूंकि पीएंडके उर्वरकों की खरीद विभिन्न निजी और सार्वजनिक क्षेत्र की उर्वरक कंपनियों द्वारा की जाती है, अत: सरकार उनके आयात पर कोई राशि खर्च नहीं करती है। तथापि, सरकार प्रति मी. टन उर्वरक की नियत प्रदान करती है।

यूरिया के अलावा, उर्वरक अर्थात् पीएंडके उर्वरकों को खुले सामान्य लाइसेन्स (ओजीएल) के अंतर्गत आयात किया जाता है और इस प्रकार आयात की गयी मात्राओं को उनके वितरण नेटवर्क के माध्यम से विभिन्न राज्यों में वितरित किया जाता है पिछले तीन वर्षों और चालू वर्ष के दौरान आयातित पीएंडके उर्वरकों की गुणवत्ता की मात्रा का ब्यौरा निम्नानुसार है:

वर्ष	डीएपी	एमएपी	टीएसपी	एनपीके	एमओपी
2009-10	58.89	1.93	0.87	-	40.77
2010-11	74.11	1.88	0.98	9.81	45.00
2011-12	69.05	4.94	1.60	36.73	26.94
2012-13 (अक्तूबर 2012 तक)	50.62	1.52	0.00	4.05	17.93

देश में विभिन्न उर्वरकों के उत्पादन का राज्य-वार विस्तृत ब्यौरा संलग्न विवरण II, III, और IV में दिया गया है।

(ख) और (ग) जैसाकि उपर्युक्त तालिका और अनुलग्नकों से देखा जा सकता है, यूरिया, डीएपी और एनपीके की उपलब्धता पर्याप्त थी। जहां तक एमओपी की उपलब्धता और बिक्री का संबंध है, वर्ष 2010-11 की तुलना में यह वर्ष 2011-12 के दौरान एमओपी व्यापारियों द्वारा सारणीबद्ध होने के कारण यह कम थी। इसके परिणामस्वरूप, आयातकों द्वारा अगस्त, 2011 तक एमओपी के लिए संविदा नहीं की जा सकी थी। तत्पश्चात्, सितम्बर 2011 माह में एमओपी के लिए अनुबंध किया गया था। इसके बाद वर्ष 2012-13 के दौरान एमओपी के मूल्यों में वृद्धि हुई जिसके कारण मांग में कमी हुई है।

(घ) कृषि और सहकारिता विभाग (डीएसी) प्रत्येक उर्वरक की राज्य-वार आवश्यकता प्रदान करता है और तदनुसार इसकी आपूर्ति की जाती है। डीएसी उर्वरक विभाग (डीओएफ), रेल मंत्रालय तथा राज्य अधिकारियों के साथ संयुक्त रूप से नियमित वीडियो सम्मेलन का आयोजन करता है तथा उर्वरकों की किसी अतिरिक्त आपूर्ति के लिए विभिन्न राज्य सरकारों के अनुरोध के अनुसार उपचारी कार्रवाई की जाती है।

(ङ) सरकार देश में आत्मनिर्भरता प्राप्त करने के लिए यूरिया के उत्पादन को हमेशा बढ़ावा देती रही है। सरकार ने नया निवेश आकर्षित करने के लिए 4 सितंबर, 2008 को यूरिया हेतु एक नई नीति घोषित की थी। यह नीति उपयुक्त न्यूनतम और अधिकतम मूल्यों सहित आयात सममूल्य बैंचमार्क (आईपीपी) पर आधारित है जिसका उद्देश्य मौजूदा यूरिया इकाइयों का पुनरुद्धार, विस्तार, पुनरुत्थान करना और ग्रीनफील्ड परियोजनाएं लगाना है। इस नीति में संशोधन करने पर विचार किया जा रहा है। देश फास्फेटयुक्त और पोटाशयुक्त उर्वरकों की आवश्यकता को पूरा करने के लिए लगभग पूरी तरह से आयात पर निर्भर है। सरकार ने स्वेदशी उत्पादकों को आयात सम-मूल्य की अनुमति देकर पीएण्डके क्षेत्र में स्वदेशी उत्पादन को प्रोत्साहन देने की पहल की है। सरकार ने फॉस्फोरिक एसिड पर सीमा शुल्क को भी कम करके 5% से 2% कर दिया है ताकि पीएण्डके उर्वरकों के स्वदेशी उत्पादक इस महत्वपूर्ण आदान का युक्तिसंगत मूल्य पर प्राप्त कर सकें। सरकार विदेश में संयुक्त उद्यम की संभावनाओं की तलाश करने के लिए भी निजी क्षेत्र और सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनियों को बढ़ावा दे रही है ताकि पीएण्डके क्षेत्र को उर्वरक आदानों की अबाधित आपूर्ति सुनिश्चित हो सके।

विवरण-I

वर्ष 2009-10 से 2012-13 (अक्टूबर 2012 तक) यूरिया, डीएपी, एमओपी और मिश्रित उर्वरकों की राज्य-वार बिक्री

(आंकड़े लाख मी. टन में)

राज्य का नाम		यूरिया			डीएपी			एमओपी			मिश्रित		
	वर्ष	आवश्यकता	उपलब्धता	बिक्री	आवश्यकता	उपलब्धता	बिक्री	आवश्यकता	उपलब्धता	बिक्री	आवश्यकता	उपलब्धता	बिक्री
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12	13	14
आंध्र प्रदेश	2009-10	27.50	26.16	25.95	9.75	8.89	8.85	6.60	6.07	6.01	20.50	18.69	18.15
	2010-11	28.50	31.73	31.30	11.00	10.40	10.30	6.60	6.09	6.04	20.50	22.12	21.88
	2011-12	31.00	29.87	29.34	12.30	10.89	10.39	6.60	4.44	3.82	22.30	25.73	23.58
	2012-13	19.50	17.95	17.51	8.30	4.73	3.73	4.00	2.24	1.78	13.00	11.90	10.18
कर्नाटक	2009-10	13.15	13.77	13.77	8.20	8.46	8.46	5.15	6.12	6.08	11.20	10.95	10.76
	2010-11	14.00	14.28	14.28	8.60	8.46	8.42	5.65	4.24	4.14	11.20	13.78	13.51
	2011-12	14.60	14.53	14.45	8.75	9.39	9.06	5.65	3.82	3.64	13.10	17.34	16.40
	2012-13	9.40	8.80	8.59	6.75	2.64	1.95	3.47	2.15	1.65	8.65	6.06	4.92
	2009-10	1.63	1.53	1.53	0.35	0.30	0.30	1.54	1.57	1.54	1.90	2.12	2.05
केरल	2010-11	1.90	1.44	1.44	0.35	0.42	0.41	1.55	1.58	1.56	2.50	2.28	2.22
	2011-12	1.90	1.50	1.49	0.47	0.44	0.41	1.80	1.51	1.42	2.55	2.20	1.99
	2012-13	1.26	0.82	0.81	0.32	0.21	0.17	1.15	0.66	0.55	1.70	1.16	1.05
	2009-10	11.50	9.98	9.98	4.25	2.94	2.94	5.84	5.14	5.12	4.00	6.18	6.13
तमिलनाडु	2010-11	11.50	10.23	10.15	4.25	3.20	3.19	5.84	4.74	4.72	4.25	6.91	6.83
	2011-12	11.50	10.47	10.45	4.30	3.84	3.71	5.31	4.27	4.16	6.61	8.75	7.56

1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12	13	14
	2012-13	6.23	4.89	4.87	2.95	1.77	1.52	2.95	1.34	1.25	3.97	3.77	3.46
	2009-10	18.75	18.21	18.12	8.00	7.64	7.62	2.30	2.86	2.69	4.72	4.20	4.01
गुजरात	2010-11	19.50	21.26	21.19	8.40	8.11	8.09	2.30	2.02	2.02	4.83	6.62	6.55
	2011-12	22.75	21.26	21.18	8.80	6.96	6.80	2.30	1.75	1.72	5.10	7.32	7.08
	2012-13	14.20	11.16	10.74	5.90	1.81	1.51	1.18	0.49	0.43	3.49	2.52	2.10
	2009-10	15.25	16.00	15.93	8.50	9.52	9.47	1.20	1.67	1.43	3.55	2.48	2.43
मध्य प्रदेश	2010-11	16.75	17.05	16.92	10.00	10.94	10.92	1.45	1.36	1.33	3.69	3.55	3.52
	2011-12	17.50	18.13	17.81	10.95	11.00	10.57	1.65	0.93	0.75	4.05	5.33	4.66
	2012-13	9.91	9.31	9.03	8.74	8.74	6.88	1.12	0.85	0.65	3.09	2.04	1.74
	2009-10	5.48	5.27	5.27	1.77	2.65	2.65	0.84	0.96	0.90	1.42	1.04	1.04
छत्तीसगढ़	2010-11	5.70	5.56	5.54	2.84	2.41	2.41	1.06	0.96	0.94	1.40	1.32	1.32
	2011-12	6.25	6.20	6.20	2.90	2.71	2.58	1.15	0.85	0.83	1.54	2.21	197.00
	2012-13	5.20	4.45	4.37	2.32	1.52	1.16	0.89	0.59	0.43	1.30	0.92	0.87
	2009-10	24.75	22.87	22.87	12.50	13.83	13.82	5.60	7.07	7.06	14.00	11.25	11.13
महाराष्ट्र	2010-11	25.25	25.52	25.51	16.70	14.35	14.31	6.75	6.52	6.37	14.80	17.98	17.92
	2011-12	27.50	25.67	25.43	17.25	12.52	12.22	6.40	4.26	3.99	18.30	20.86	19.74
	2012-13	17.45	15.19	14.83	10.86	4.26	3.30	3.73	2.74	1.81	11.55	8.63	7.47
	2009-10	15.10	13.37	13.15	6.50	5.86	5.85	0.35	0.55	0.42	1.37	0.78	0.78
राजस्थान	2010-11	15.60	15.73	15.70	7.00	7.20	7.16	0.55	0.35	0.28	1.18	1.40	1.37
	2011-12	16.25	17.58	16.90	7.30	7.17	7.07	0.50	0.25	0.23	1.76	1.54	1.40
	2012-13	8.52	8.21	8.20	4.92	4.27	3.81	0.37	0.15	0.10	1.24	0.69	0.66
	2009-10	19.65	18.05	17.95	7.00	6.66	6.66	0.52	0.90	0.90	0.45	0.48	0.48
हरियाणा	2010-11	19.65	18.75	18.38	7.20	7.40	7.37	0.70	0.66	0.66	0.55	0.69	0.69
	2011-1 2	19.75	19.19	18.88	7.20	8.45	8.32	0.75	0.48	0.46	0.85	0.79	0.71
	2012-13	11.25	10.02	9.84	5.45	4.40	3.76	0.45	0.21	0.18	0.65	0.21	0.16
पंजाब	2009-10	25.50	24.65	24.46	8.50	8.08	8.06	0.91	1.00	1.08	0.55	0.57	0.55
	2010-11	26.00	27.61	27.17	9.25	9.04	9.01	1.06	1.06	0.96	0.70	1.05	1.03

1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12	13	14
	2011-12	26.00	28.32	28.07	10.15	10.10	9.66	1.06	0.73	0.69	1.00	1.30	1.19
	2012-13	16.25	15.24	15.20	7.05	6.86	6.08	0.71	0.35	0.26	0.85	0.31	0.30
उत्तर प्रदेश	2009-10	55.00	53.64	53.08	17.00	16.51	16.49	2.85	3.47	3.43	8.50	9.47	9.40
	2010-11	57.60	55.08	54.51	19.60	17.71	17.64	3.70	2.17	1.92	9.45	10.61	10.30
	2011-12	58.00	58.59	57.52	19.65	18.69	18.15	4.00	1.82	1.80	11.25	12.86	11.26
	2012-13	31.00	32.43	31.70	13.00	14.11	11.72	1.65	1.18	1.09	7.50	5.53	4.79
उत्तराखंड	2009-10	2.15	2.33	2.33	0.40	0.38	0.38	0.13	0.04	0.04	0.45	0.41	0.40
	2010-11	2.20	2.24	2.23	0.40	0.28	0.28	0.09	0.05	0.05	0.50	0.57	0.57
	2011-12	2.40	2.49	2.47	0.33	0.39	0.38	0.09	0.04	0.04	071	0.53	0.50
	2012-13	1.40	1.48	1.45	0.21	0.18	0.17	0.05	0.03	0.03	0.31	0.25	0.23
जम्मू और कश्मीर	2009-10	1.40	1.22	1.22	0.78	0.48	0.48	0.26	0.18	0.18	0.00	0.00	0.00
	2010-11	1.50	1.28	1.27	0.85	0.81	0.81	0.36	0.19	0.19	0.00	0.00	0.00
	2011-12	1.45	1.20	1.19	0.85	0.67	0.65	0.35	0.09	0.08	0.00	0.00	0.00
	2012-13	0.81	0.65	0.61	0.48	0.28	0.23	0.14	0.05	0.03	0.00	0.00	0.00
बिहार	2009-10	19.00	17.04	17.03	4.50	3.98	3.97	2.10	2.26	2.26	3.10	2.68	2.68
	2010-11	19.50	16.96	16.94	4.75	4.60	4.59	2.30	2.00	1.97	3.35	3.14	3.11
	2011-12	20.75	18.11	18.06	5.00	4.72	4.41	2.45	1.29	1.26	3.75	4.03	3.56
	2012-13	11.80	11.14	10.95	3.05	4.13	3.18	1.20	0.61	0.58	2.15	1.73	1.46
झारखंड	2009-10	1.05	150	1.50	1.15	0.82	0.82	0.15	0.17	0.17	0.50	0.69	0.68
	2010-11	2.10	1.36	1.35	1.10	0.66	0.65	0.15	0.08	0.06	0.85	0.36	0.36
	2011-12	2.60	2.19	2.16	1.25	0.71	0.68	0.34	0.06	0.06	1.08	0.52	0.47
	2012-13	1.91	1.41	1.34	0.92	0.42	0.30	0.23	0.03	0.02	0.60	0.25	0.21
उड़ीसा	2009-10	5.75	4.61	4.59	2.25	2.24	2.21	1.70	1.31	1.27	3.00	2.28	2.24
	2010-11	5.75	4.74	4.57	2.50	2.20	2.19	1.90	1.36	1.32	3.00	2.33	2.31
	2011-12	6.40	5.28	5.10	2.60	1.90	1.73	2.05	0.92	0.83	3.14	3.46	3.12
	2012-13	4.90	4.20	3.99	1.85	0.91	0.82	1.25	0.62	0.51	2.14	1.45	1.18

1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12	13	14
पश्चिम बंगाल	2009-10	13.00	11.71	11.71	4.80	4.56	4.55	4.15	4.97	4.97	7.50	8.39	8.39
	2010-11	13.00	11.26	11.26	5.10	4.64	4.62	4.00	3.29	3.23	8.25	8.95	8.76
	2011-12	13.25	12.76	12.74	5.10	5.05	4.76	4.00	3.08	3.01	9.00	8.96	8.13
	2012-13	5.78	6.23	6.02	2.75	2.25	1.87	1.75	1.24	1.14	4.57	4.60	4.18
असम	2009-10	2.60	2.56	2.56	0.35	0.22	0.22	1.26	0.97	0.97	0.06	0.06	0.06
	2010-11	2.60	2.50	2.50	0.60	0.29	0.27	1.30	0.96	0.96	0.05	0.11	0.11
	2011-12	3.00	2.68	2.68	0.60	0.37	0.28	1.40	0.94	0.91	0.27	0.07	0.05
	2012-13	1.58	1.42	1.41	0.29	0.22	0.18	0.68	0.30	0.15	0.09	0.05	0.03
अखिल भारत	2009-10	281.90	265.97	264.48	106.98	104.09	103.92	43.85	47.60	46.74	87.73	83.38	82.03
	2010-11	290.79	284.62	282.23	120.92	113.09	112.87	47.80	39.83	38.91	92.00	104.39	102.98
	2011-12	303.50	296.64	292.74	125.75	116.02	111.87	47.92	31.60	29.79	106.90	124.14	113.75
	2012-13	179.97	165.87	162.36	87.17	63.77	52.40	27.30	15.94	12.74	67.34	52.28	45.17

विवरण-II

वर्ष 2009-10 से 2011-12 तक और अप्रैल से अक्तूबर 2012 तक यूरिया उर्वरकों के लिए राज्य-वार उत्पादन

('000 मी. टन)

क्षेत्र/राज्य का नाम	उत्पादन			
	2009-10	2010-11	2011-12	अप्रैल से अक्तूबर 2012
1	2	3	4	5
दक्षिणी क्षेत्र				
आंध्र प्रदेश	1480.1	1655.6	1561.6	908.9
केरल	0.0	0.0	0.0	0.0
कर्नाटक	379.5	379.4	379.4	227.6
तमिलनाडु	435.9	778.8	1108.4	522.9
योग (दक्षिणी क्षेत्र)	2295.5	2813.8	3049.4	1659.4
पश्चिमी क्षेत्र				
गोवा	387.5	396.8	365.4	220.1
मध्य प्रदेश	1828.1	1878.1	1913.8	987.8

1	2	3	4	5
महाराष्ट्र	2089.1	2124.5	2108.5	1277.7
गुजरात	3264.0	3329.1	3020.8	2180.2
राजस्थान	2413.0	2503.6	2531.9	1394.9
योग (पश्चिमी क्षेत्र)	9981.7	10232.1	9940.4	6060.7
पूर्वी क्षेत्र				
झारखंड	0.0	0.0	0.0	0.0
बिहार	0.0	0.0	0.0	0.0
उड़ीसा	0.0	0.0	0.0	0.0
पश्चिम बंगाल	0.0	0.0	0.0	0.0
असम	309.6	285.0	278.8	219.6
योग (पूर्वी क्षेत्र)	309.6	285.0	278.8	219.6
उत्तरी क्षेत्र				
हरियाणा	512.9	470.0	500.3	319.4
पंजाब	988.7	1031.5	986.3	564.0
उत्तर प्रदेश	7023.9	7048.1	7229.2	4010.7
योग (उत्तरी क्षेत्र)	8525.5	8549.6	8715.8	4894.1
सकल योग	21112.3	21880.5	21984.4	12833.8

विवरण-III

वर्ष 2009-10 से 2011-12 तक और अप्रैल से अक्तूबर 2012 तक डीएपी उर्वरकों के लिए राज्य-वार उत्पादन

('000 मी. टन)

क्षेत्र/राज्य का नाम	2009-10	2010-11	2011-12	अप्रैल से अक्तूबर 12
1	2	3	4	5
दक्षिणी क्षेत्र				
आंध्र प्रदेश	520.6	434.3	366.6	67.6
केरल	0.0	0.0	0.0	0.0
कर्नाटक	198.1	177.8	128.2	81.8
तमिलनाडु	0.0	30.4	180.5	104..2
योग (दक्षिणी क्षेत्र)	718.7	642.5	675.3	253.6

1	2	3	4	5
पश्चिमी क्षेत्र				
गोवा	351.8	151.6	180.2	56.3
गुजरात	1826.3	980.4	1240.4	814.5
योग (पश्चिमी क्षेत्र)	2178.1	1132.0	1420.6	870.8
पूर्वी क्षेत्र				
ओडिशा	1166.0	1572.1	1597.4	826.4
पश्चिम बंगाल	183.7	190.3	269.3	45.6
योग (पूर्वी क्षेत्र)	1349.7	1762.4	1866.7	872.0
सकल योग	4246.5	3536.9	3962.6	1996.4

विवरण-IV

वर्ष 2009-10 से 2011-12 तक और अप्रैल से अक्तूबर 2012 तक एनपीके मिश्रित उर्वरकों के लिए राज्य-वार उत्पादन

('000 मी. टन)

क्षेत्र/राज्य का नाम	2009-10	2010-11	2011-12	अप्रैल से अक्तूबर 2012
1	2	3	4	5
दक्षिणी क्षेत्र				
आंध्र प्रदेश	1789.0	1817.6	1719.8	956.0
केरल	758.1	643.8	616.4	339.6
कर्नाटक	84.1	45.7	44.0	24.8
तमिलनाडु	387.0	436.2	500.1	329.7
योग (दक्षिणी क्षेत्र)	3018.2	2943.3	2880.3	1650.1
पश्चिमी क्षेत्र				
गोवा	366.2	509.5	370.6	159.4
महराष्ट्र	603.9	727.4	825.0	490.8
गुजरात	2111.1	2902.8	2110.5	924.8
योग (पश्चिमी क्षेत्र)	3081.2	4139.7	3306.1	1575.0
पूर्वी क्षेत्र				
ओडिशा	1544.9	1282.8	1271.9	560.8

1	2	3	4	5
पश्चिम बंगाल	394.0	361.2	311.9	159.7
योग (पूर्वी क्षेत्र)	1938.9	1644.0	1583.8	720.5
सकल योग	8038.3	8727.0	7770.2	3945.6

[अनुवाद]

लघु सिंचाई योजनाएं

***11. श्री शिवराम गौडा:** क्या **जल संसाधन मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या देश के विशेष रूप से सूखा प्रवण जिलों/जनजातीय क्षेत्रों में त्वरित सिंचाई लाभ कार्यक्रम के अंतर्गत लघु सिंचाई योजनाएं शुरू की गई हैं;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या विगत तीन वर्षों और चालू वर्ष के दौरान देश में ऐसी योजनाओं के प्रभाव का कोई आकलन किया गया है; और

(घ) यदि हां, तो उक्त अवधि के दौरान इन योजनाओं से लाभान्वित हुए किसानों की संख्या और इस प्रयोजनार्थ जारी और उपयोग में लाई गई निधियों सहित तत्संबंधी राज्य-वार ब्यौरा क्या है?

जल संसाधन मंत्री (श्री हरीश रावत): (क) जी, हां।

(ख) सूखा प्रवण तथा जनजातीय क्षेत्र सहित त्वरित सिंचाई लाभ कार्यक्रम (एआईबीपी) के तहत शामिल की गई सतही लघु सिंचाई स्कीमों का राज्यवार ब्यौरा संलग्न विवरण-I में दिया गया है।

(ग) और (घ) सरकार द्वारा किया गया अंतिम आकलन वर्ष 2005 में था। तथापि, राज्य सरकारों से प्राप्त हुई सूचना के आधार पर गत तीन वर्षों और मौजूदा वर्ष में एआईबीपी के तहत लघु सिंचाई स्कीमों के अंतर्गत लाभान्वित हुए किसानों, जारी की गई निधियों और प्रयुक्त निधियों का विवरण संलग्न विवरण-II में दिया गया है।

विवरण-I

अभी (19.11.12) तक एआईबीपी के तहत शामिल की गई सतही लघु सिंचाई स्कीमों का राज्यवार ब्यौरा

क्र.सं.	राज्य	शामिल की गई स्कीमों की कुल संख्या
1	2	3
क. विशेष श्रेणी राज्य		
1.	अरुणाचल प्रदेश	2052
2.	असम	1376
3.	मणिपुर	843
4.	मेघालय	263
5.	मिजोरम	317
6.	नागालैंड	1524
7.	सिक्किम	658
8.	त्रिपुरा	1221
9.	हिमाचल प्रदेश	428
10.	जम्मू और कश्मीर	749
11.	ओडिशा (केबीके)	78
12.	उत्तराखंड	2519
	(क) कुल	12028
ख. गैर विशेष श्रेणी राज्य		
1.	आंध्र प्रदेश	100

1	2	3
2.	छत्तीसगढ़	274
3.	मध्य प्रदेश	365
4.	महाराष्ट्र	186
5.	बिहार	221
6.	पश्चिम बंगाल	57

1	2	3
7.	राजस्थान	7
8.	कर्नाटक	493
9.	झारखंड	456
	(ख) कुल	2159
	कुल योग	14187

विवरण-II

गत तीन वर्षों और मौजूदा वर्ष (19.11.2012 तक) एआईबीपी के तहत लघु सिंचाई स्कीमों से लाभान्वित हुए किसानों, जारी की गई निधियों और प्रयुक्त निधियों का राज्य-वार विवरण

(करोड़ रुपये में)

		2009-10			2010-11			2011-12			2012-13 (19.1 1.2012 तक)		
क्र.सं.	राज्य का नाम	लाभान्वित किसानों की सं.	जारी निधि	प्रयुक्त निधि	लाभान्वित किसानों की सं.	जारी निधि	प्रयुक्त निधि	लाभान्वित किसानों की सं.	जारी निधि	प्रयुक्त निधि	लाभान्वित किसानों की सं.**	जारी निधि	प्रयुक्त निधि**
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12	13	14
1.	अरुणाचल प्रदेश	3000	30.780	30.780	4932	48.6350	48.6350	2250	33.7883	33.7883		11.1600	
2.	असम	13480	577.9694	577.9694	42532	356.9030	356.9030	4790	377.7456	377.7456		109.4745	
3.	मणिपुर	375	42.5403	42.5403	33	40.5000	40.5000	161	44.5500	44.5500		जारी नहीं की गई	
4.	मेघालय	1091	22.5018	22.5018	2473	110.1951	110.1951	1740	81.3011	81.3011		28.4000	
5.	मिजोरम	890	36.4500	36.4500	1120	51.0921	51.0921	1144	42.1101	42.1101		जारी नहीं की गई	
6.	नागालैंड	1368	57.2860	57.2860	486	70.0000	70.0000	378	72.6525	72.6525		31.0000	
7.	सिक्किम	91	2.6049	2.6049	157	14.3639	14.3639	96	33.7144	33.7144		जारी नहीं की गई	
8.	त्रिपुरा	1389	31.3488	31.3488	640	0.0000	0.0000	1294	34.8751	34.8751		17.7500	
9.	हिमाचल प्रदेश	0	37.8195	37.8195	0	32.4000	32.4000	3180	47.1152	47.1152		जारी नहीं की गई	

1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12	13	14
10.	जम्मू और कश्मीर	0	158.0534	158.0534	300	110.7215	110.7215	600	163.4678	163.4678		जारी नहीं की गई	
11.	ओडिशा (केबीके)	2412	40.5000	40.5000	3462	27.8538	27.8538	0	जारी नहीं की गई	अप्रयुक्त		जारी नहीं की गई	
12.	उत्तराखंड	0	127.0063	127.0063	3787	160.0600	160.0600	0	232.7513	232.7513		जारी नहीं की गई	
13.	आंध्र प्रदेश	2531	0.00	0.00	956	0.00	0.00	4581	141.75	141.75		जारी नहीं की गई	
14.	*छत्तीसगढ़	7272	16.0383	16.0383	4731	131.7986	131.7986	25685	179.1856	179.1856		जारी नहीं की गई	
15.	मध्य प्रदेश	1553	173.3724	173.3724	6903	202.5023	202.5023	9933	211.2880	211.2880		338.6000	
16.	महाराष्ट्र	7226	जारी नहीं की गई	अप्रयुक्त	4361	256.1439	256.1439	3403	77.2109	77.2109		178.8416	
17.	बिहार	5258	जारी नहीं की गई	अप्रयुक्त	17525	32.3535	32.3535	0	15.5303	15.5303		9.7200	
18.	*पश्चिम बंगाल	13800	0.00	0.00	0	8.10	8.10	11410	4.46	4.46		जारी नहीं की गई	
19.	*राजस्थान	0	14.170	14.170	112	0.000	0.000	0	जारी नहीं की गई	अप्रयुक्त		जारी नहीं की गई	
20.	कर्नाटक	71	48.5066	48.5066	461	34.6388	34.6388	2050	59.1674	59.1674		113.0000	
21.	झारखंड	0	जारी नहीं की गई	अप्रयुक्त	0	231.6474	231.6474	1782	224.4158	224.4158		जारी नहीं की गई	
	कुल	61807	1416.9477	1416.9477	94971	1919.9089	1919.9089	74477	2077.0755	2077.0755		837.9461	

*राज्य सरकारों से प्राप्त सूचना के अनुसार इन राज्यों में एआईबीपी के तहत प्रत्येक किसानों द्वारा उपयोग की जाने वाली भूमि के औसत मापन तथा लघु सिंचाई स्कीमों से सृजित की गई क्षमता को ध्यान में रखते हुए लाभान्वित किसानों की संख्या का आकलन किया गया है।

**सूचना उपलब्ध नहीं है।

[हिन्दी]

महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) के अंतर्गत उपयोगिता प्रमाण-पत्र

***12. श्री महेश जोशी:** क्या **ग्रामीण विकास मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) विगत तीन वर्षों में प्रत्येक वर्ष और चालू वर्ष के दौरान राजस्थान सहित उन राज्यों/संघ राज्यक्षेत्रों का राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार ब्यौरा क्या है, जिन्होंने महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) के अंतर्गत दी गई धनराशि के संबंध में उपयोगिता प्रमाण-पत्र प्रस्तुत कर दिए हैं;

(ख) जिन राज्यों ने पहले जारी की गई धनराशि के संबंध में उक्त प्रमाण-पत्र प्रस्तुत नहीं किए हैं, उन्हें मनरेगा के अंतर्गत धनराशि जारी करने संबंधी मानदंड क्या हैं; और

(ग) मनरेगा के अंतर्गत राज्यों को उक्त प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करने हेतु राजी करने के लिए सरकार द्वारा क्या कदम उठाए गए हैं?

ग्रामीण विकास मंत्री (श्री जयराम रमेश): (क) महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) के अंतर्गत सभी राज्यों/संघ राज्यक्षेत्रों को रिलीज की गई निधियों के संबंध में उनसे वित्तीय वर्ष 2010-11 तक के उपयोग प्रमाण-पत्र मिल चुके हैं। 12 राज्यों/संघ राज्यक्षेत्रों अर्थात् असम, गोवा, जम्मू व कश्मीर, झारखंड, मेघालय, मिजोरम, ओडिशा, सिक्किम, उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश, अंडमान व निकोबार द्वीप समूह, दादर व नगर हवेली के अलावा सभी राज्यों/संघ राज्यक्षेत्रों ने वित्तीय वर्ष 2011-12 (31.03.2012 तक) के दौरान मनरेगा के अंतर्गत रिलीज की गई निधियों का उपयोग प्रमाण-पत्र प्रस्तुत कर दिया है। इन राज्यों/संघ राज्यक्षेत्रों को आगे की धनराशि 31.03.2012 तक रिलीज की गई निधियों का उपयोग प्रमाण-पत्र प्राप्त होने पर ही रिलीज की जाएगी।

(ख) और (ग) विगत में रिलीज की गई निधियों का उपयोग प्रमाण-पत्र प्रस्तुत किया जाना दूसरी किस्त की धनराशि रिलीज किए जाने की पूर्व शर्तों में से एक है। उपयोग प्रमाण-पत्रों को प्रस्तुत न किए जाने सहित निर्धारित औपचारिकताओं को पूरा न करने के मामले में, केन्द्रीय निधियां तदर्थ आधार पर रिलीज की जाती हैं ताकि आकस्मिक जरूरतों और निधियों की अस्थायी कमी को पूरा किया जा सके। मनरेगा के अंतर्गत सभी निर्धारित औपचारिकताओं के पूरा होने पर निधियों की नियमित रिलीज बहाल कर दी जाती है। इसके अलावा, मनरेगा के अंतर्गत केन्द्रीय निधियों की रिलीज को नियमित करने के लिए राज्यों/संघ राज्यक्षेत्रों/जिलों से समय-समय पर उपयोग प्रमाण-पत्र और अन्य जानकारियां भेजने का आग्रह किया जाता है (केन्द्र और राज्य सरकारों के अधिकारियों के बीच समीक्षा बैठकों और पत्रों के जरिए)।

स्वच्छ पेयजल

*13. **श्री राजेन्द्र अग्रवाल:**
श्रीमती मेनका गांधी:

क्या **पेयजल और स्वच्छता मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या देश के विभिन्न राज्यों में भू-जल में फ्लोराइड, आर्सेनिक और अन्य रसायन पाये गये हैं जो पेयजल को संदूषित कर रहे हैं;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी राज्य-वार ब्यौरा क्या है; और

(ग) केन्द्र सरकार द्वारा स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने हेतु राज्यों द्वारा किए गये प्रयासों को समर्थन देने हेतु क्या उपचारात्मक उपाय किए गये हैं?

पेयजल और स्वच्छता मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री भरतसिंह सोलंकी): (क) जी, हां।

(ख) राज्यों/संघ राज्यक्षेत्रों द्वारा पेयजल और स्वच्छता मंत्रालय की ऑनलाइन समेकित प्रबंधन सूचना प्रणाली (आईएमआईएस) पर 1.04.2012 को दी गई जानकारी के अनुसार ऐसी कुल 1,04,160 बसावटें हैं जिनके एक या एक से अधिक पेयजल स्रोत अत्यधिक आर्सेनिक, फ्लोराइड, लौह, खारापन या नाइट्रेट से संदूषित हैं और इन बसावटों में अभी स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराया जाना है। इन बसावटों और प्रभावित आबादी का राज्य/संघ राज्यक्षेत्र वार एवं संदूषण वार ब्यौरा संलग्न विवरण में दिया गया है।

(ग) ग्रामीण जल आपूर्ति राज्य का विषय है। यह मंत्रालय केन्द्रीय प्रायोजित राष्ट्रीय ग्रामीण पेयजल कार्यक्रम (एनआरडीडब्ल्यूपी) के अंतर्गत राज्यों को तकनीकी एवं वित्तीय सहायता देकर देश के ग्रामीण क्षेत्रों में पर्याप्त स्वच्छ पेयजल की सुविधाएं उपलब्ध कराने के उनके प्रयासों में मदद करता है। वर्ष 2012-13 में एनआरडीडब्ल्यूपी के लिए 10,500 करोड़ रु. का बजट आबंटन किया गया है। केन्द्र और राज्यों के बीच 50:50 के वित्त पोषण आधार पर (पूर्वोत्तर राज्यों और जम्मू व कश्मीर के लिए 90:10) राज्यों को आबंटित की गई एनआरडीडब्ल्यूपी निधियों की 67% तक की राशि का उपयोग देश के ग्रामीण क्षेत्रों में जल गुणवत्ता संबंधी समस्याओं को दूर करने के लिए किया जा सकता है। इसके अलावा ऐसे राज्यों, जहां पेयजल स्रोतों में रासायनिक संदूषण की समस्या या जापानी इनसेफलाइटिस या एक्यूट इनसेफालाइटिस सिंड्रोम से प्रभावित उच्च प्राथमिकता वाले जिले थे, के लिए केन्द्र और राज्यों के बीच 50:50 के वित्त पोषण आधार पर (पूर्वोत्तर राज्यों और जम्मू व कश्मीर के लिए 90:10) 5% एनआरडीडब्ल्यूपी निधियों का निर्धारण एवं आबंटन किया जाता है। सम्मेलनों, प्रदर्शनियों, बैठकों, पुस्तिकाओं तथा तकनीकी अधिकारियों के दौरों में संदूषित जल के शोधन की प्रौद्योगिकियों से संबंधित जानकारी देकर राज्यों को तकनीकी सहायता दी जाती है। मंत्रालय ने राज्यों को दो-सूत्री कार्यनीति अर्थात् विशिष्ट संदूषकों को दूर करने के लिए स्व-स्थाने प्रौद्योगिकियां लागू करने के लिए अल्पावधिक कार्यनीति और वैकल्पिक सुरक्षित सतही/भू-जल

स्त्रोतों से स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने के लिए स्थायी समाधान वाली दीर्घावधिक कार्यनीति अपनाने की सलाह दी है।

इसके अलावा, भारत सरकार शत प्रतिशत केन्द्रीय सहायता आधार पर राज्यों को जल गुणवत्ता निगरानी और जाँच, जिसमें अन्य के साथ-साथ नई जिला/उप-जिला जल गुणवत्ता परीक्षण प्रयोगशालाएं बनाने या उनका उन्नयन करने संबंधी कार्य शुरू करना, प्रयोगशालाओं को रसायन और अन्य सामग्रियां उपलब्ध कराना, प्रयोगशालाओं के लिए प्रशिक्षित कर्मियों की सेवाएं लेना और ग्राम पंचायतों को पेयजल गुणवत्ता परीक्षण के लिए फील्ड टेस्ट किट/रिफिल मुहैया कराना शामिल है, के लिए 3% एनआरडीडब्ल्यूपी निधियां प्रदान करती है। इसके अलावा, राज्यों को आबंटित की गई 10% तक की एनआरडीडब्ल्यूपी निधियों का उपयोग भू-जल के कृत्रिम पुनर्भरण और अन्य तरीकों जिनमें अन्य के साथ-साथ एक्विफरों में संदूषण के स्तर को कम करना भी शामिल हो सकता है, के जरिए पेयजल स्त्रोतों के स्थायित्व के लिए किया जा सकता है।

विवरण

गुणवत्ता प्रभावित बसावटों का राज्य/संघ राज्य क्षेत्र एवं संदूषण वार ब्यौरा

वित्त वर्ष: 2012-13 राज्य: सभी राज्य/संघ राज्य क्षेत्र

क्र.सं.	राज्य	प्रभावित बसावटों और आबादी की संदूषण-वार संख्या											
		कुल		फ्लोराइड		आर्सेनिक		लौह		खारापन		नाइट्रेट	
		बसावट	आबादी	बसावट	आबादी	बसावट	आबादी	बसावट	आबादी	बसावट	आबादी	बसावट	आबादी
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12	13	14
1.	अंडमान और निकोबार द्वीप समूह	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0
2.	आंध्र प्रदेश	396	274196	332	208063	0	0	0	0	64	66133	0	0
3.	अरूणाचल प्रदेश	115	32571	0	0	0	0	115	32571	0	0	0	0
4.	असम	15979	5406054	80	28373	1157	362402	14742	5015279	0	0	0	0
5.	बिहार	14580	7493434	2698	1276813	1004	710566	10877	5505582	0	0	1	473
6.	चंडीगढ़	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0
7.	छत्तीसगढ़	8815	2282080	313	106040	0	0	8339	2057252	163	118788	0	0
8.	दादरा और नगर हवेली	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0
9.	दमन और दीव	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0
10.	गोवा	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0
11.	गुजरात	274	451577	57	108190	0	0	0	0	64	50675	153	292712
12.	हरियाणा	17	44414	12	29381	0	0	0	0	5	15033	0	0
13.	हिमाचल प्रदेश	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0
14.	जम्मू और कश्मीर	30	44536	2	1142	0	0	22	28894	6	14500	0	0

1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12	13	14
15.	झारखंड	412	103050	41	13639	1	233	369	88194	0	0	1	984
16.	कर्नाटक	5875	5908830	2806	2998369	19	26612	938	769408	734	769068	1378	1345373
17.	केरल	934	1960190	106	214630	0	0	585	1275489	186	342460	57	127611
18.	लक्षद्वीप	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0
19.	मध्य प्रदेश	2789	1245486	2485	1059822	0	0	156	67973	148	117691	0	0
20.	महाराष्ट्र	1671	3533765	483	1178100	0	0	337	486161	342	602432	509	1267072
21.	मणिपुर	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0
22.	मेघालय	97	40643	0	0	0	0	97	40643	0	0	0	0
23.	मिजोरम	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0
24.	नागालैंड	130	122941	0	0	0	0	130	122941	0	0	0	0
25.	ओडिशा	12465	3969410	398	105567	0	0	11051	3453687	991	387924	25	22232
26.	पुदुचेरी	9	16705	0	0	0	0	8	15048	1	1657	0	0
27.	पंजाब	33	41001	19	23026	0	0	1	758	13	17217	0	0
28.	राजस्थान	26729	8004920	7130	3001331	5	9108	46	16732	18924	4744864	624	232885
29.	सिक्किम	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0
30.	तमिलनाडु	528	238964	5	1969	0	0	405	180143	111	52647	7	42065
31.	त्रिपुरा	5935	1838804	0	0	0	0	5935	1838804	0	0	0	0
32.	उत्तर प्रदेश	882	889032	144	97395	9	7073	23	37054	705	746924	1	586
33.	उत्तराखंड	17	38984	2	8213	0	0	13	25173	0	0	2	5598
34.	पश्चिम बंगाल	5448	6548227	873	710656	2119	3526452	1955	1742254	501	568865	0	0
	कुल	1,04,160	5,05,29,814	17,986	1,11,70,719	4,314	46,42,446	56,144	2,28,00,040	22,958	86,16,878	2,758	32,99,731

[अनुवाद]

पुनर्गठित त्वरित विद्युत विकास और सुधार कार्यक्रम

***14. श्री रूद्रमाधव राय:** क्या **विद्युत मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) विगत तीन वर्षों और चालू वर्ष के दौरान पुनर्गठित त्वरित विद्युत विकास और सुधार कार्यक्रम के अंतर्गत विभिन्न राज्यों को स्वीकृत निधियों का राज्य-वार ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या सरकार द्वारा ओडिशा, जहां विद्युत वितरण का निजीकरण कर दिया गया है, सहित राज्यों को पुनर्गठित त्वरित विद्युत विकास और सुधार कार्यक्रम के अंतर्गत सहायता/लाभ प्रदान करने के संबंध में कोई निर्णय लिया गया है; और

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

विद्युत मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री ज्योतिरादित्य माधवराव सिंधिया): (क) भारत सरकार ने जुलाई, 2008 में केन्द्रीय क्षेत्र

स्कीम के रूप में पुनर्गठित-त्वरित विद्युत विकास एवं सुधार कार्यक्रम (आर-एपीडीआरपी) अनुमोदित किया है। आर-एपीडीआरपी में मुख्य बल यूटिलिटियों द्वारा परियोजना क्षेत्रों में सतत् रूप से ए.टी. एंड सी. हानि में कमी के संदर्भ में किए गये वास्तविक प्रदर्शनीय निष्पादन पर केन्द्रित किया गया है। स्कीम के अंतर्गत परियोजनाएं 2001 की जनगणना के अनुसार, 30,000 (विशेष श्रेणी के राज्यों के लिए 10,000) से अधिक जनसंख्या वाले नगरों में दो भागों में शुरू की गई हैं। स्कीम का भाग-क 4 लाख की जनसंख्या वाले तथा 350 एमयू के वार्षिक ऊर्जा निवेश वाले शहरों में ऊर्जा लेखा/लेखापरीक्षा, ग्राहक सेवा, कंप्यूटरीकृत बिलिंग तथा संग्रहण इत्यादि के लिए आई.टी. समर्थ प्रणाली पर्यवेक्षकीय नियंत्रण एवं आंकड़ा संग्रहण (स्काडा) की स्थापना करने के लिए तथा भाग-ख की परियोजनाएं परियोजना शहरों में विद्युतीय अवसंरचना के उन्नयन, संवर्धन तथा सुदृढ़ीकरण के लिए हैं।

आर-एपीडीआरपी के अंतर्गत, राज्यों को कोई निधियां जारी नहीं की जाती हैं, किन्तु यह संस्वीकृत परियोजनाओं को परियोजनाओं की प्रगति के आधार पर तथा पूर्व-निर्धारित लक्ष्यों को पूरा करने पर किश्तों में ऋण के रूप में जारी की जाती है। अब तक, आर-एपीडीआरपी के अंतर्गत, 32323.70 करोड़ रुपये की परियोजनाएं (भाग-क) 1402 नगरों तथा 63 नगरों में 63 स्काडा परियोजनाओं को शामिल करते हुए 6638.79 करोड़ रुपए; भाग-ख 1134 नगरों में 25684.91 करोड़ रुपए) स्वीकृत की गई हैं। आर-एपीडीआरपी के अंतर्गत, स्वीकृत परियोजनाओं के लिए 6304.96 करोड़ रुपये की संचयी राशि वितरित की जा चुकी है।

पिछले तीन वित्तीय वर्षों के दौरान प्रत्येक वर्ष और चालू वर्ष में आर-एपीडीआरपी कार्यक्रम के अंतर्गत विभिन्न राज्य विद्युत यूटिलिटियों को स्वीकृत तथा संवितरित केन्द्रीय वित्तीय सहायता की कुल राशि का विवरण संलग्न है।

(ख) और (ग) आर-एपीडीआरपी को 11वीं योजना के लिए राज्य विद्युत वितरण यूटिलिटियों को वित्तीय सहायता प्रदान करने के लिए केन्द्रीय क्षेत्र स्कीम के रूप में प्रारंभ किया गया था। अनुमोदित स्कीम के अनुसार, ओडिशा सहित निजी यूटिलिटियों के अंतर्गत आने वाले क्षेत्र पुनर्गठित त्वरित विद्युत विकास एवं सुधार कार्यक्रम (आर-एपीडीआरपी) के अंतर्गत शामिल नहीं हैं। निजी यूटिलिटियों के अंतर्गत आने वाले क्षेत्रों को आर-एपीडीआरपी में शामिल करवाने का प्रस्ताव भारत सरकार के पास विचाराधीन है।

विवरण

आरपीडीआरपी में वर्षवार अनुमोदन एवं वितरण

(सभी राशि करोड़ रु. में) 17.11.2012 तक

राज्य	यूटिलिटी	संस्वीकृत					वितरण				
		संस्वीकृत 2009-10	संस्वीकृत 2010-11	संस्वीकृत 2011-12	संस्वीकृत 2012-13	संचित संस्वीकृत	वितरण 2009-10	वितरण 2010-11	वितरण 2011-12	वितरण 2012-13	संचित वितरण
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12
हरियाणा	यूएचबीवीएनएल	0.00	230.69	257.79	0.00	563.64	1.07	0.00	0.00	0.00	22.54
	डीएचबीवीएनएल	19.59	0.00	185.10	0.00	275.57	6.90	0.00	0.00	0.00	27.14
	कुल	19.59	230.69	442.89	0.00	839.21	7.97	0.00	0.00	0.00	49.68
एचपी	एचपीएसईबी	81.06	337.52	16.79	0.00	435.37	24.32	101.25	0.00	5.03	130.60
जे एंड के	जे एंड के पीडी डी	134.49	17.50	1718.16	0.00	1870.15	40.35	5.25	515.45	0.00	561.04
पंजाब	पीएसईबी	784.68	0.00	1050.26	0.00	1834.94	150.40	0.00	207.41	10.26	368.07
चंडीगढ़	ईडी	0.00	33.34	0.00	0.00	33.34	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00

1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12
राजस्थान	एवीवीएनएल	155.01	255.63	0.00	0.00	462.67	18.89	46.39	0.00	0.00	80.14
	जेएवीवीएनएल	63.78	476.06	0.00	0.00	703.37	7.87	86.18	0.00	0.67	141.22
	जेओवीवीएनएल	23.96	716.93	0.00	0.00	841.27	1.43	119.64	0.00	0.00	149.76
	कुल	242.75	1448.62	0.00	0.00	2007.31	28.19	252.21	0.00	0.67	371.13
यूपी	एमवीवीएनएल	228.36	470.93	642.29	0.00	1344.08	69.26	70.64	60.33	103.44	303.67
	पूर्वा वीवीएनएल	108.97	350.85	74.11	0.00	533.93	32.69	52.63	0.00	22.23	107.55
	पश्चिम वीवीएनएल	203.01	474.11	453.66	0.00	1130.78	60.90	71.12	0.00	84.99	217.01
	डीवीवीएनएल	93.69	535.81	562.53	0.00	1192.03	27.37	80.37	0.00	91.34	199.08
	कुल	634.03	1831.70	1732.59	0.00	4200.82	190.22	274.76	60.33	302.00	827.31
उत्तराखंड	यूपीसीएल	117.27	0.00	409.18	0.00	535.00	35.31	0.00	33.59	117.79	189.13
कुल यूटिलिटी		2013.87	3899.37	5369.87	0.00	11756.14	476.76	633.48	816.78	435.75	2496.97
एमपी	एमपीपीकेवीवीएलइ(ई)	0.00	679.81	0.00	0.00	766.31	22.14	97.97	30.92	1.66	152.69
	एमपीपीकेवीवीसीएल (सी)	23.02	862.64	0.00	0.00	977.70	34.85	134.69	2.55	0.00	172.09
	एमपीपीकेवीवीसीएल (डब्ल्यू)	338.03	166.64	70.03	0.00	624.25	65.58	21.58	8.15	10.90	106.20
	कुल	361.05	1709.09	70.03	0.00	2368.26	122.56	254.24	41.62	12.56	430.98
गुजरात	पीजीवीसीएल	637.57	166.93	-0.15	0.00	804.35	22.58	118.95	0.00	19.57	161.09
	डीजीवीसीएल	206.60	32.18	7.43	0.00	246.21	7.01	34.53	0.00	0.00	41.55
	एमजीवीसीएल	149.41	26.18	-4.26	0.00	218.70	14.59	23.30	0.00	25.57	77.00
	यूजीवीसीएल	57.59	33.82	2.34	0.00	93.75	9.89	13.84	0.00	0.70	24.43
	कुल	1051.17	259.11	5.36	0.00	1363.01	54.07	190.62	0.00	45.84	304.07
छत्तीसगढ़	सीएसईबी	122.45	0.00	751.30	0.00	873.75	36.74	0.00	0.00	118.85	155.59
महाराष्ट्र	एमएसईडीसीएल	162.24	1793.51	1682.31	154.54	3954.78	50.99	197.09	344.02	0.00	638.43
	बेस्ट	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00
गोवा	गोवा	5.84	0.00	0.00	0.00	110.73	31.47	0.00	0.00	0.00	31.47
दमन और दीव	दमन और दीव	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00
कुल (पश्चिम)	कुल (पश्चिम)	1702.75	3761.71	2509.00	154.54	8670.53	295.83	641.95	385.63	177.25	1560.53

1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12
एपी	एपीसीपीडीसीएल	0.00	823.91	65.15	0.00	1064.09	2.49	123.59	19.55	0.00	195.65
	एपीईपीडीसीएल	3.31	0.79	0.00	0.00	64.76	0.82	0.73	0.00	0.00	18.93
	एपीएनपीडीसीएल	160.94	12.47	0.00	0.00	217.91	24.72	0.00	3.74	0.00	41.21
	एपीएसपीडीसीएल	68.43	39.19	0.00	0.00	215.45	11.78	0.00	11.76	0.00	54.38
	कुल	232.68	876.36	65.15	0.00	1562.21	39.81	124.32	35.05	0.00	310.17
कर्नाटक	बेस्कॉम	291.07	0.00	0.00	0.00	551.64	78.17	43.78	0.00	0.00	121.95
	सेस्कॉम	103.14	76.42	0.00	0.00	207.29	8.32	26.93	0.00	0.00	35.25
	गेस्कॉम	207.84	0.00	0.00	0.00	238.16	11.21	30.12	0.00	0.00	41.33
	हेस्कॉम	205.48	72.88	0.00	0.00	330.98	15.78	0.00	41.75	0.00	57.54
	मेस्कॉम	0.00	0.00	0.00	0.00	12.07	3.62	0.00	0.00	0.00	3.62
	कुल	807.53	149.30	0.00	0.00	1340.14	117.11	100.83	41.75	0.00	259.68
केरल	केएसईबी	214.40	926.33	28.99	206.13	1375.85	64.31	75.51	80.25	0.00	220.07
तमिलनाडु	टीएनईबी	450.87	3357.82	0.00	0.00	3878.73	120.76	526.23	4.77	0.00	671.69
पुदुचेरी	पीडी	27.53	0.00	0.00	0.00	27.53	0.00	0.00	4.50	0.00	4.50
कुल (दक्षिण)		1733.01	5309.81	94.14	206.13	8184.46	341.99	826.89	166.31	0.00	1466.12
बिहार	बीएसईबी	113.40	0.00	647.18	531.24	1371.84	58.37	0.00	0.00	82.53	140.90
झारखंड	जेएसईबी	151.78	0.00	0.00	0.00	160.60	30.00	0.00	18.18	0.00	48.18
पश्चिम बंगाल	डब्ल्यूबीएसईडीसीएल	159.98	551.41	161.15	0.00	872.54	47.99	82.05	45.87	29.11	205.02
अंडमान और निकोबार द्वीपसमूह	पीडी	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00
कुल (पूर्व)		425.16	551.41	808.33	531.24	2406.14	136.37	82.05	64.05	111.64	394.11
असम	एपीडीसीएल	173.18	0.60	665.87	0.00	839.65	51.95	0.00	124.15	75.79	251.89
अरुणाचल	पीडी	0.00	37.68	0.00	0.00	37.68	0.00	11.30	0.00	0.00	11.30
नागालैंड	पीडी	0.00	34.58	0.00	0.00	34.58	0.00	10.37	0.00	0.00	10.37
मणिपुर	पीडी	31.55	0.00	0.00	0.00	31.55	0.00	9.47	0.00	0.00	9.47
मेघालय	एमईएसईबी	33.97	0.00	0.00	0.00	33.97	0.00	10.19	0.00	0.00	10.19
मिजोरम	पीडी	34.26	0.86	0.00	0.00	35.12	0.00	10.54	0.00	0.00	10.54
सिक्किम	पीडी	26.30	68.46	0.00	0.00	94.76	7.89	20.54	0.00	0.00	28.43
त्रिपुरा	पीडी	34.37	0.82	148.26	16.83	200.28	10.31	0.00	43.07	1.66	55.04
कुल (एनई)		333.63	143.00	814.13	16.83	1307.59	70.14	72.41	167.22	77.45	387.23
कुल		6208.42	13665.30	9595.47	908.74	32323.70	1321.08	2256.78	1600.00	802.09	6304.96

अल्पसंख्यक समुदायों के लिए विश्वविद्यालयों की स्थापना

***15. श्री वैजयंत पांडा:**
श्री डी.बी. चन्द्रे गौडा:

क्या **अल्पसंख्यक कार्य मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या मौलाना आजाद एजुकेशन फाउंडेशन का विचार देश में अल्पसंख्यक समुदायों के लिए पांच विश्वविद्यालय स्थापित करने का है;

(ख) यदि हां, तो ऐसे विश्वविद्यालय स्थापित करने के लिए पहचान किए गए स्थानों और उन पर अनुमानित व्यय सहित तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) इसके लिए क्या मानदंड अपनाए गए हैं;

(घ) क्या केन्द्र सरकार का विचार भी अल्पसंख्यक समुदाय के छात्रों के लिए केन्द्रीय विद्यालय जैसी अवसंरचना निर्मित करने का है; और

(ङ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

अल्पसंख्यक कार्य मंत्री (श्री के. रहमान खान): (क) मौलाना आज़ाद एजुकेशन फाउंडेशन देश में अल्पसंख्यक समुदायों के लिए पांच विश्वविद्यालय स्थापित करने के प्रस्ताव पर विचार कर रहा है।

(ख) ब्यौरों और स्थानों की पहचान की जा रही है और तीन विश्वविद्यालयों अर्थात् बंगलुरु, कर्नाटक में टीपू सुल्तान यूनिवर्सिटी ऑफ साइंस एवं टेक्नोलॉजी; अजमेर, राजस्थान में ख्वाजा गरीब नवाज़ प्रोफेशनल, टेक्निकल एंड वोकेशनल एजूकेशन; तथा किशनगंज, बिहार में रफी अहमद किदवई यूनिवर्सिटी ऑफ हैल्थ एंड मेडिकल साइंसेज़ की स्थापना करने का निर्णय पहले ही लिया जा चुका है।

(ग) अपनाए जाने वाले मानदंड तैयार किए जा रहे हैं।

(घ) सच्चर समिति की सिफारिशों के मद्देनज़र, सरकार अल्पसंख्यक बहुल जिलों में केन्द्रीय विद्यालय (केवी) सरीखे संस्थानों की स्थापना करने का प्रस्ताव कर रही है।

(ङ) ब्यौरे तैयार किए जा रहे हैं।

लागत-भागीदारी आधार पर रेल परियोजनाएं

***16. श्री मानिक टैगोर:**
श्री हर्ष वर्धन:

क्या **रेल मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) विभिन्न राज्य सरकारों के साथ लागत-भागीदारी समझौतों के अंतर्गत निष्पादित की जा रही रेल परियोजनाओं का राज्य तथा परियोजनावार ब्यौरा तथा उनकी वर्तमान स्थिति क्या है;

(ख) विभिन्न राज्य सरकारों से प्राप्त लागत-भागीदारी आधार पर निष्पादन हेतु परियोजनाओं संबंधी प्रस्तावों, जो रेलवे के पास लंबित हैं, का राज्य-वार ब्यौरा और इनकी वर्तमान स्थिति क्या है;

(ग) क्या योजना आयोग ने नई रेल परियोजनाओं को अनुमोदित करने के लिए भूमि अधिग्रहण और लागत-भागीदारी के संबंध में राज्य सरकारों के साथ कोई पूर्व शर्त रखी है अथवा रखने का विचार है; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और देश में विशेष रूप से पिछड़े क्षेत्रों/राज्यों में रेल अवसंरचना के विकास पर ऐसे निर्णय का क्या प्रभाव पड़ने की संभावना है?

रेल मंत्री (श्री पवन कुमार बंसल): (क) विभिन्न राज्य सकरारों के साथ लागत-भागीदारी आधार पर निष्पादित की जा रही परियोजनाओं का उनकी स्थिति सहित राज्यवार, परियोजनावार ब्यौरा निम्नानुसार है:

क्र.सं.	राज्य	राज्य सरकार द्वारा लागत-भागीदारी का %	परियोजना का नाम (किमी)	नवीनतम लागत (करोड़ रुपये में)	स्थिति
1	2	3	4	5	6
नई लाइन					
1.	आंध्र प्रदेश	25	कोटापल्ली-नरसापुर (57.21 किमी)	1047.00	प्रारंभिक कार्य शुरू।
2.	-वही-	33	मनेहराबाद-कोटापल्ली (148.9 किमी)	791.59	प्रारंभिक कार्य शुरू।

1	2	3	4	5	6
3.	-वही-	25	काकीनाडा-पीथापुरम (21.5 किमी)	125.68	परियोजना अभी शुरू की जानी है।
4.	-वही-	50	कुड्डपाह-बैंगलोर (बंगारपेट) (255.4 किमी)	2050.00	निर्माण 5 चरणों में। 3 चरणों में शुरू।
5.	-वही-	50	नाडीकुडे-श्रीकलाहस्ती (309 किमी)	1313.99	परियोजना स्वीकृत।
6.	-वही-	50	भद्रालचम-कोव्वुर (151 किमी)	923.23	रेल बजट 2012-13 में शामिल।
7.	-वही-	50	अक्कनापेट-मेडक (17.20 किमी)	114.37	रेल बजट 2012-13 में शामिल।
8.	-वही-	*	दल्लीराजहरा-जगदलपुर (235 किमी)	1105.23	दो चरणों में निर्माण और सुरक्षा मुद्दों के कारण रोक दिया गया।
9.	हरियाणा	50	जींद-सोनीपत (88.9 किमी)	500.00	27% कार्य पूरा।
10.	-वही-	50	रोहतक-मेहम-हांसी (68.8 किमी)	287.00	रेल बजट 2012-13 में स्वीकृत।
11.	हिमाचल प्रदेश	25	भानुपल्ली-बिलासपुर-बेरी (63.1 किमी)	2966.99	प्रारंभिक कार्य शुरू।
12.	झारखंड	66.67	दुमका के रास्ते रामपुरहाट-मंदारहिल (130 किमी) एवं रामपुरहाट-मुरारै (29.48 किमी)	900.05	40% कार्य पूरा।
13.	-वही-	66.67	गिरडीह-कोडरमा (102.5 किमी)	768.88	74% कार्य पूरा।
14.	-वही-	66.67	कोडरमा-रांची (189 किमी)	2957.21	77% कार्य पूरा।
15.	-वही-	66.67	कोडरमा-तिलैया (68 किमी)	418.17	34% कार्य पूरा।
16.	-वही-	50	हंसीडाह-गोड्डा (30 किमी)	267.09	रेल बजट 2011-12 में शामिल।
17	कर्नाटक	50	श्रवणबेलगोला के रास्ते हासन-बैंगलोर (166 किमी)	944.95	70% कार्य पूरा।
18.	-वही-	50	कडुर-चिकमगलूर-सकलेशपुर (93 किमी)	595.32	74% कार्य पूरा।
19.	-वही-	50	मुनीराबाद-महबूबनगर (246 किमी)	1290.00	28% कार्य पूरा।
20.	-वही-	50	गुलबर्गा-बीदर (140 किमी)	776.00	3 चरणों में कार्य शुरू। समग्र प्रगति 55%।
21.	-वही-	50	बगलकोट-कुडची (142 किमी)	895.00	प्रारंभिक कार्य शुरू।
22.	-वही-	50	कल्याणदुर्ग के रास्ते रायदुर्ग-तुमकुर (213 किमी)	1027.89	12% कार्य पूरा।
23.	-वही-	50	तुमकुर-चित्रदुर्ग-दावनगेरे (199.7 किमी)	913.00	2011-12 के बजट में स्वीकृत।

1	2	3	4	5	6
24.	-वही-	50	शिमोगा-हरिहर (78.66 किमी)	562.74	2011-12 के बजट में स्वीकृत।
25.	-वही-	50	व्हाइटफील्ड-कोलार (52.9 किमी)	341.05	2011-12 के बजट में स्वीकृत।
26.	महाराष्ट्र	40	वर्धा-नांदेड (यवतमाल-पुसूद के रास्ते (270 किमी)	1604.94	प्रारंभिक कार्य शुरू।
27.	-वही-	50	अहमदनगर-बीड-पर्ली वैजनाथ (250 किमी)	1010.00	अहमदनगर-नारायणदोह कार्य पूरा। शेष कार्य प्रगति पर।
28.	-वही-	50	बांसवाड़ा के रास्ते रतलाम-डुंगरपुर (176.47 किमी)	2082.75	समग्र प्रगति 12%।
29.	उत्तराखंड	50	देवबंद (मुजफ्फरनगर)-रूड़की (27.45 किमी)	336.91	समग्र प्रगति 20%।
30.	-वही-	भूमि	किच्छा-खटिमा (57.7 किमी)	208.40	अभी तक राज्य सरकार द्वारा भूमि उपलब्ध नहीं कराई गई है।
आमान परिवर्तन					
31.	झारखंड	66.67	टोरी तक विस्तार सहित रांची-लोहारडागा (113 किमी)	456.45	55% कार्य पूरा।
32.	कर्नाटक	50	कोलार-चिकबल्लापुर (96.5 किमी)	287.99	75% कार्य पूरा।
33.	पश्चिम बंगाल	50	कटवा-बाजारसौ (30.59 किमी) सहित वर्धमान-कटवां (51.52 किमी)-दोहरीकरण, कटवा (दैनहाट)-माटेस्वर (34.4 किमी), नेगुन-मंगलकोट (8.60 किमी) एवं माटेस्वर-मेमरी (35.6 किमी)-नई लाइन	1106.62	मुख्य परियोजना की समग्र प्रगति 50%
दोहरीकरण					
34.	आंध्र प्रदेश	50	विजयवाड़ा-गुडिवाडा-भीमावरम-नरसपुर, गुडिवडा-मछलीपटनम और भीमाराव-निदादावोलु (221 किमी)-विद्युतीकरण के साथ दोहरीकरण	1009.82	सर्वेक्षण प्रगति पर।

1	2	3	4	5	6
35.	कर्नाटक	66.67	केंगरी-मैसूर के विद्युतीकरण सहित रामनगरम-मैसूर (91.5 किमी)	743.22	75% कार्य पूरा।

*राज्य सरकार सरकारी भूमि नि:शुल्क मुहैया कराएगी, भूमि अधिग्रहण की लागत वहन करेगी और इस लाइन के निर्माण के लिए अपेक्षित खनिजों और सामग्रियों पर रॉयल्टी तथा राज्य करों से छूट देगी।

(ख) राज्य सरकारें अपने राज्यों में कुछ और परियोजनाओं की लागत में भागीदारी करने के लिए आगे आई हैं। इनमें कर्नाटक, आंध्रप्रदेश, मध्य प्रदेश, राजस्थान, झारंखड और महाराष्ट्र राज्यों की सरकारें शामिल हैं। बहरहाल, तमिलनाडु राज्य सरकार अभी रेल परियोजनाओं की लागत में भागीदारी के लिए आगे नहीं आई है।

1.04.2012 तक, राज्य सरकार द्वारा लागत में भागीदारी वाली निम्नलिखित नई लाइन परियोजनाएं मूल्यांकन और 'सिद्धांतत:' अनुमोदन तथा अपेक्षित स्वीकृति एवं अनुमोदन हेतु योजना आयोग को भेजी गई हैं:

(1) गदग-हावेरी

(2) गदग-वाडी

(3) कांद्रा-नामकोम (रांची)

(4) कोंडापल्ली-कथागुदेम

(5) मालेगांव एवं धूले के रास्ते मनमाड-इंदौर

(6) मनुगुर-रामगुंडम स्टेशन

(7) पीरपैंती-जसीडीह

(8) पुणे-नासिक

(9) तियात-पुट्टापर्थी

(10) कदीरी-पुट्टापर्थी

(11) चिकबल्लापुर-पुट्टापर्थी

(12) श्रीनिवासपुरा-मदनपल्ली

(ग) और (घ) जी हां। योजना आयोग इन परियोजनाओं को 'सिद्धांतत:' अनुमोदन देते समय रेल मंत्रालय को यह निर्देश दिया है कि अलाभप्रद नई लाइनों के लिए सामाजिक-आर्थिक आधार पर स्वीकृति की प्रक्रिया तभी शुरू की जानी चाहिए जब राज्य सरकारें नि:शुल्क भूमि उपलब्ध करवाने और परियोजना के निर्माण की 50 प्रतिशत लागत में भागीदारी करने के लिए सहमत हों।

राष्ट्रीय जल नीति

*17. **श्री मनोहर तिरकी:**
श्री पी.आर. नटराजन:

क्या **जल संसाधन मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार का विचार जल वितरण को बेहतर बनाने और साथ ही इसके दुरुपयोग को रोकने के लिए कोई राष्ट्रीय जल नीति लागू करने का है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है तथा इस संबंध में राज्य सरकारों की क्या भूमिका है;

(ग) गत वर्ष 1987, 2002 और 2012 की जल नीतियों का क्षेत्र-वार तुलनात्मक ब्यौरा क्या है; और

(घ) सरकार द्वारा नई जल नीति लागू करने हेतु क्या कदम उठाए गए हैं अथवा उठाए जाने का प्रस्ताव है?

जल संसाधन मंत्री (श्री हरीश रावत): (क) और (ख) केन्द्र एवं राज्य सरकारें जल के बेहतर वितरण को सुकर बनाने की दृष्टि से और साथ ही, इसके दुरुपयोग को रोकने के लिए राष्ट्रीय जल नीति, 2002 का कार्यान्वयन कर रही हैं। नीति की सिफारिशों का कार्यान्वयन राज्य सरकारों द्वारा उनकी प्राथमिकताओं एवं आवश्यकता के अनुसार किया जाता है।

(ग) 1987 और 2002 की राष्ट्रीय जल नीतियों का क्षेत्र-वार तुलनात्मक ब्यौरा संलग्न विवरण में दिया गया है। राष्ट्रीय जल नीति, 2012 अभी भी मसौदा चरण पर है। मसौदे में जल में हो रही अत्यधिक कमी, जागरूकता में कमी, असमान वितरण और एकसमान परिदृश्य की कमी जैसी समस्याओं का समाधान करने की संकल्पना की गई है।

(घ) राष्ट्रीय जल नीति, 2012 के मसौदे को अंगीकार करने के लिए राष्ट्रीय जल संसाधन परिषद (एनडब्ल्यूआरसी) द्वारा विचार किया जाना है। तत्पश्चात् सभी राज्यों को राष्ट्रीय जल नीति के कार्यान्वयन के लिए सिफारिश की जाएगी।

विवरण

क्र.सं.	क्षेत्र का विवरण	राष्ट्रीय जल नीति (1987)	राष्ट्रीय जल नीति (2002)
1	2	3	4
1.	जल संसाधन आयोजना के प्रति दृष्टिकोण	राष्ट्रीय दृष्टिकोण।	राष्ट्रीय दृष्टिकोण।
2.	सूचना प्रणाली	मानकीकृत राष्ट्रीय सूचना प्रणाली।	मानकीकृत राष्ट्रीय सूचना प्रणाली।
3.	जल संसाधन आयोजना	जलवैज्ञानिक इकाई जैसे एक जलनिकास बेसिन एक इकाई के रूप में अथवा एक उपबेसिन।	जलवैज्ञानिक इकाई जैसे एक जलनिकास बेसिन एक इकाई के रूप में अथवा एक उप-बेसिन।
4.	संस्थागत तंत्र	एक नदी बेसिन के एक इकाई के रूप में नियोजित विकास एवं प्रबंधन के लिए उपयुक्त संगठन स्थापित किए जाने चाहिए।	एक नदी बेसिन के एक इकाई के रूप में अथवा जहां आवश्यक हो वहां उप-बेसिनों के नियोजित विकास एवं प्रबंधन के लिए उपयुक्त नदी बेसिन संगठन स्थापित किए जाने चाहिए।
5.	जल आवंटन प्राथमिकताएं	पेयजल को उच्चतम प्राथमिकता दी गई है जिसके बाद सिंचाई, जल-विद्युत, नौवहन, उद्योगों, आदि को प्राथमिकता दी गई है।	पेयजल को उच्चतम प्राथमिकता दी गई है जिसके बाद सिंचाई, पारिस्थितिकी, नौवहन, उद्योगों, आदि को प्राथमिकता दी गई है।
6.	परियोजना की आयोजना	जल संसाधन विकास परियोजनाओं की आयोजना एवं विकास जहां तक संभव हो, बहुउद्देशीय परि-योजनाओं के रूप में किया जाना चाहिए।	जल संसाधन विकास परियोजनाओं की आयोजना एवं विकास जहां तक संभव हो, बहुउद्देशीय परियोजनाओं के रूप में किया जाना चाहिए।
7.	नदियों में पर्यावरणीय प्रवाह	पर्यावरण की गुणवत्ता बनाए रखने और पारिस्थितिकीय संतुलन के प्रावधान के अतिरिक्त कोई विशेष उल्लेख नहीं किया गया है।	पारिस्थितिकी को बनाए रखने और सामाजिक दृष्टिकोण से बारहमासी जलधाराओं में न्यूनतम प्रवाह सुनिश्चित किया जाना चाहिए।
8.	भूजल विकास	भूजल संसाधनों का दोहन इतना विनियमित होना चाहिए कि यह पुनर्भरण की संभावित क्षमता से अधिक न हो और सामाजिक समानता भी सुनिश्चित की जा सके।	भूजल संसाधनों का दोहन इतना विनियमित होना चाहिए कि यह पुनर्भरण की संभावित क्षमता से अधिक न हो और सामाजिक समानता भी सुनिश्चित की जा सके।

1	2	3	4
9.	पेयजल	1991 तक शहरी और ग्रामीण, दोनों क्षेत्रों में संपूर्ण जनसंख्या को पर्याप्त पेयजल सुविधाएं उपलब्ध कराई जानी चाहिए।	शहरी और ग्रामीण, दोनों क्षेत्रों में संपूर्ण जनसंख्या को पर्याप्त सुरक्षित पेयजल सुविधाएं उपलब्ध कराई जानी चाहिए।
10.	अंतरबेसिन अंतरण	एक राष्ट्रीय परिदृश्य के आधार पर क्षेत्रों/बेसिनों की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए एक नदी बेसिन से दूसरे में अंतरण सहित अन्य क्षेत्रों से जल की कमी वाले क्षेत्रों में अंतरण करके उन्हें जल उपलब्ध कराया जाना चाहिए।	एक राष्ट्रीय परिदृश्य के आधार पर क्षेत्रों /बेसिनों की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए एक नदी बेसिन से दूसरे में अंतरण सहित अन्य क्षेत्रों से जल की कमी वाले क्षेत्रों में अंतरण करके उन्हें जल उपलब्ध कराया जाना चाहिए।
11.	जल उपयोग दक्षता	जल के सभी विविध उपयोगों में उपयोग की दक्षता में सुधार किया जाना चाहिए और जल के एक घटते संसाधन के रूप में जागरूकता फैलाई जानी चाहिए।	जल के सभी विविध उपयोगों में उपयोग की दक्षता को इष्टतम बनाया जाना चाहिए और जल के एक घटते संसाधन के रूप में जागरूकता फैलाई जानी चाहिए
12.	जल का मूल्यन	जल की दर पर्याप्त होनी चाहिए जिसमें वार्षिक अनुरक्षण एवं प्रचालन शुल्क और निर्धारित शुल्क का एक भाग शामिल है।	जल शुल्क में कम से कम प्रारंभ में सेवा प्रदान करने के प्रचालन एवं अनुरक्षण शुल्क और उसके बाद पूंजीगत लागत का एक भाग शामिल किया जाना चाहिए।
13.	सहभागिता जल प्रबंधन	सिंचाई प्रणालियों के प्रबंधन के विभिन्न पहलुओं, विशेषकर जल वितरण एवं जल शुल्क को एकत्र करने में किसानों को अधिकाधिक शामिल किए जाने के प्रयास किये जाने चाहिए।	जल अवसंरचना/सुविधाओं के प्रचालन, अनुरक्षण एवं प्रबंधन में अंत में प्रयोक्ता समूहों/स्थानीय निकायों को ऐसी सुविधाएं देने की दृष्टि से उपयुक्त स्तर पर जल प्रयोक्ता संघों और स्थानीय निकायों को अधिकाधिक शामिल किया जाना चाहिए।
14.	बाढ़ प्रबंधन	बाढ़ राहत पर बारंबार व्यय को कम करने के लिए गैर-संरचनात्मक उपायों जैसे बाढ़ पूर्वानुमान और चेतावनी तथा बाढ़ मैदानी जोनिंग पर जोर दिया जाना।	बाढ़ राहत पर बारंबार व्यय को कम करने के लिए गैर-संरचनात्मक उपायों जैसे बाढ़ पूर्वानुमान और चेतावनी तथा बाढ़ मैदानी जोनिंग और बाढ़ प्रूफिंग पर जोर दिया जाना।

1	2	3	4
15.	सृजित एवं उपयोग की गई सिंचाई क्षमता के बीच अंतर	सृजित सिंचाई क्षमता का पूर्ण उपयोग किया जाना और सृजित क्षमता एवं इसके उपयोग के बीच अंतर को कम करना सुनिश्चित करने के लिए कमान क्षेत्र विकास जैसे भरसक प्रयास किए जाने चाहिए।	सृजित सिंचाई क्षमता का पूर्ण उपयोग सुनिश्चित करने के लिए भरसक प्रयास किए जाने चाहिए। इस उद्देश्य से सभी सिंचाई परियोजनाओं में कमान क्षेत्र विकास दृष्टिकोण अपनाया जाना चाहिए।

[हिन्दी]

समर्पित मालभाड़ा और उच्च गति रेलगाड़ी गलियारा

*18. **श्री अर्जुन राम मेघवाल:**
श्री सुरेश कलमाडी:

क्या **रेल मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) देश में समर्पित मालभाड़ा और उच्च गति रेलगाड़ी गलियारा का गलियारा-वारा ब्यौरा क्या है और इनकी वर्तमान स्थिति क्या है;

(ख) क्या इन परियोजनाओं संबंधी पूर्व-व्यवहार्यता अध्ययन रेलवे को प्रस्तुत कर दिया गया है;

(ग) यदि हां, तो इसकी मुख्य-मुख्य बातें क्या हैं और रेलवे द्वारा इस पर अंतिम निर्णय कब तक लिए जाने की संभावना है;

(घ) क्या रेलवे को इन परियोजनाओं के समय पर कार्यान्वयन हेतु किन्हीं वित्तीय अड़चनों का सामना करना पड़ रहा है; और

(ङ) यदि हां, तो रेलवे द्वारा इस संबंध में तथा इन परियोजनाओं को निर्धारित समय-सीमा के भीतर पूरा करने के लिए क्या कदम उठाये गये हैं/उठाए जा रहे हैं?

रेल मंत्री (श्री पवन कुमार बंसल): (क) से (ङ) डेडिकेटिड फ्रेट कॉरिडोर परियोजना और हाई स्पीड पैसेंजर कॉरिडोर से संबंधित ब्यौरा निम्नानुसार है:

(*i*) **डेडिकेटिड फ्रेट कॉरिडोर (डीएफसी) परियोजना** : दो कॉरिडोर यथा पूर्वी और पश्चिमी डेडिकेटिड फ्रेट कॉरिडोर को स्वीकृति दी गई है और इनका निर्माण कार्य प्रगति पर है। पूर्वी डीएफसी की लंबाई 1839 किलोमीटर है और यह कोलकाता के नजदीक दानकुनी से लेकर पंजाब में लुधियाना तक फैला हुआ है और पश्चिमी डीएफसी की लंबाई 1499 किलोमीटर है और यह मुंबई के जवाहरलाल नेहरू पोर्ट से लेकर दिल्ली के नजदीक तुगलकाबाद/दादरी तक फैला हुआ है।

इसके अलावा, उत्तर-दक्षिण डीएफसी (दिल्ली-चेन्नै), पूर्व-पश्चिम डीएफसी (हावड़ा-मुम्बई), दक्षिण डीएफसी (चेन्नै-गोवा) और पूर्व-तट डीएफसी (खड़गपुर-विजयवाड़ा) के लिए पूर्व-व्यवहार्यता अध्ययन पूरा कर लिया गया है और इन चार कॉरिडोरों के लिए प्रारंभिक इंजीनियरी एवं यातायात सर्वेक्षण का कार्य शुरु कर दिया गया है। चेन्नै-बैंगलोर डीएफसी के लिए भी पूर्व-व्यवहार्यता अध्ययन शुरू करने का विनिश्चय किया गया है।

पूर्वी और पश्चिमी डीएफसी परियोजनाओं को विश्व बैंक और जापान इंटरनेशनल कोऑपरेशन एजेंसी (जेआईसीए) के ऋण, बजटीय सहायता और सार्वजनिक निजी भागीदारी के जरिये कार्यान्वित करने की योजना बनाई गई है। इस परियोजना को मार्च, 2017 तक पूरा करके चालू करने का लक्ष्य रखा गया है।

(*ii*) **हाई स्पीड पैसेंजर कॉरिडोर:** पूर्व-व्यवहार्यता अध्ययन के लिए सात कॉरिडोरों की पहचान की गई है। ये कॉरिडोर हैं: पुणे-मुम्बई-अहमदाबाद, दिल्ली-आगरा-लखनऊ-वाराणसी-पटना, हावड़ा-हल्दिया, हैदराबाद-द्रोणकल-वियजवाड़ा-चेन्नै, चेन्नै-बैंगलोर-कोयम्बटूर-एर्णाकुलम-तिरूवनंतपुरम, दिल्ली-जयपुर-अजमेर-जोधपुर, दिल्ली-चंडीगढ़-अमृतसर। इन सात कॉरिडारों में से तीन कॉरिडोरों यथा (*i*) पुणे-मुम्बई-अहमदाबाद, (ii) दिल्ली-आगरा-लखनऊ-वाराणसी-पटना और (iii) हावड़ा-हल्दिया कॉरिडोरों की अन्तिम रिपोर्ट प्रस्तुत कर दी गई है। इन परियोजनाओं के निर्माण और परिचालन के लिए उन्नत प्रौद्योगिकी का इस्तेमाल किया जाएगा जिसके लिए बहुत अधिक पूंजी की आवश्यकता होगी।

मुम्बई-अहमदाबाद हाई स्पीड पैसेंजर कॉरिडोर परियोजना को कार्यान्वित करने के लिए उपलब्ध विकल्पों की जांच करने और कार्यान्वयन प्रणाली का सुझाव देने के लिए एक अंतर-मंत्रालय परियोजना संचालन दल का गठन किया गया है। हाई स्पीड परियोजनाओं के लिए सरकार के पर्याप्त समर्थन, सुलभ ऋण (सॉफ्ट लोन) और अभिनव वित्तपोषण तंत्र की आवश्यकता होगी। अभी तक, वित्तीय विकल्प और परियोजना को पूरा करने की लक्ष्य तारीख को अंतिम रूप नहीं दिया गया है।

परियोजनाओं के निष्पादन में विलंब

***19. डॉ. मुरली मनोहर जोशी:**
श्री दिनेश चन्द्र यादव:

क्या **सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) सरकार द्वारा देश में गत कुछ महीनों के दौरान परियोजनाओं के निष्पादन में विलंब को समाप्त करने के लिए किए गए प्रभावी उपायों का ब्यौरा क्या है;

(ख) ऐसे विलंब को रोकने के लिए सरकार द्वारा क्या उपाय किए गए हैं और इसके लिए कुल कितने अधिकारी जिम्मेवार पाए गए हैं;

(ग) क्या सितम्बर, 2012 में विलम्बित परियोजनाओं की संख्या सितम्बर, 2011 के दौरान विलम्बित परियोजनाओं से कम है; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय के राज्य मंत्री तथा रसायन एवं उर्वरक मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री श्रीकांत जेना): (क) हाल ही में, सरकार ने आधारी संरचना परियोजनाओं के त्वरित कार्यान्वयन को सुनिश्चित करने के लिए निवेश निगरानी प्रणाली स्थापित करने का अनुमोदन किया है जिसके द्वारा राष्ट्रीय विनिर्माण प्रतिस्पर्धात्मकता परिषद् 1000 करोड़ रुपए तथा अधिक के निवेश वाली सार्वजनिक क्षेत्र की सभी परियोजनाओं की निगरानी करेगी तथा वित्तीय सेवा विभाग 1000 करोड़ रुपए तथा अधिक निवेश वाली निजी क्षेत्रों की परियोजनाओं की निगरानी करेगा।

(ख) परियोजनाओं का समय पर पूरा किया जाना सुनिश्चित करने के लिए सरकार द्वारा पिछले कुछ वर्षों के दौरान जिन अन्य मुख्य कदमों की पहल की गई, उनमें शामिल हैं—परियोजना का वास्तविक मूल्यांकन तथा द्विस्तरीय अनुमोदन प्रक्रिया, सीमित संसाधनों को ध्यान में रखते परियोजनाओं का प्राथमिकता निर्धारण, बेहतर निगरानी के लिए ऑनलाइन कम्प्यूटरीकृत मॉनीटरिंग प्रणाली (ओसीएमएस) की स्थापना करना, सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों (पीएसयू) तथा प्रशासनिक मंत्रालयों के बीच हस्ताक्षरित समझौता ज्ञापनों में पीएसयू द्वारा परियोजना कार्यान्वयन को अधिक महत्त्व देना एवं परियोजना कार्यान्वयन में व्याप्त अड़चनों और रुकावटों को समाप्त करने के लिए राज्यों में संबंधित मुख्य सचिवों की अध्यक्षता में केन्द्रीय क्षेत्र परियोजना समन्वय समिति (सीएसपीसीसी) का गठन करना। समय तथा लागत वृद्धि हेतु जवाबदेही निर्धारित करने के लिए प्रत्येक मंत्रालय में एक स्थायी समिति गठित की गई है। तथापि, यह पाया गया है कि पर्यावरण संबंधी अनुमति, सांविधिक अनुमति, भूमि संबंधी मामले, निधि संबंधी बाधाएं, सुरक्षा संबंधी स्वीकृति, आदि जैसी व्यवस्थाजन्य बाधाएं, परियोजनाओं में होने वाले विलंब के मुख्य कारण हैं जिनके लिए किसी अधिकारी (अधिकारियों) की जवाबदेही निर्धारित करना कठिन है।

(ग) और (घ) 1 सितम्बर, 2012 की स्थिति के अनुसार, इस मंत्रालय द्वारा निगरानी की जा रही 150 करोड़ रुपए तथा अधिक लागत वाली आधारी संरचना परियोजनाओं की कुल संख्या 560 थी जिनमें से 272 विलंबित रहीं। जबकि, गत वर्ष की तदनुरूपी अवधि के दौरान इस मंत्रालय द्वारा निगरानी की जा रही आधारी संरचना परियोजनाओं की कुल सं. 553 थी जिनमें से 243 विलंबित रहीं।

[अनुवाद]

न्यायाधीशों के रिक्त पद

***20. श्री एस.एस. रामासुब्बू:**
श्री जय प्रकाश अग्रवाल:

क्या **विधि और न्याय मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्याा देश में उच्च न्यायालयों के न्यायाधीशों के लगभग 25 प्रतिशत पद रिक्त पड़े हैं;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और भारत के उच्चतम न्यायालय तथा देश के विभिन्न उच्च न्यायालयों में न्यायालय-वार न्यायाधीशों के कुल स्वीकृत पद कितने हैं और उनकी वर्तमान संख्या कितनी है तथा रिक्त पदों को भरने में विलंब के क्या कारण हैं;

(ग) क्या सरकार ने रिक्त पदों को भरने तथा लम्बित मामलों की संख्या कम करने हेतु कोई कदम उठाए हैं; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

विधि और न्याय मंत्री (श्री अश्विनी कुमार): (क) और (ख) तारीख 01.11.2012 को अनुमोदित पद संख्या, कार्यरत पद संख्या तथा उनके रिक्त पदों के ब्यौरे को दर्शित करने वाला एक विवरण संलग्न है।

(ग) और (घ) उच्चतम न्यायालय की 28 अक्तूबर, 1998 की उनकी सलाहकारी राय के साथ पठित तारीख 6 अक्तूबर, 1993 के निर्णय के अनुसरण में उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश की नियुक्ति के लिए प्रस्ताव आरंभ करने की प्रक्रिया भारत के मुख्य न्यायमूर्ति में निहित होती है और उच्च न्यायालय के न्यायाधीश की नियुक्ति के लिए प्रस्ताव आरंभ करने की प्रक्रिया उस उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायमूर्ति में निहित होती है। उच्चतर न्यायपालिका के लिए उपयुक्त अभ्यर्थियों का चयन करने के लिए सांविधानिक प्राधिकारियों में से उच्च न्यायालयों में रिक्त पदों को भरना एक सतत मंत्रणात्मक प्रक्रिया है। यह एक समय लगने वाली प्रक्रिया है क्योंकि इसमें विभिन्न सांविधानिक प्राधिकारियों से परामर्श और अनुमोदन अपेक्षित होता है। जबकि विद्यमान रिक्त पदों को भरने के लिए प्रयास शीघ्रता से किया जाता है, निवृति, पदत्याग या न्यायाधीशों की उन्नति के कारण रिक्त पद उत्पन्न होते रहते हैं।

विभिन्न न्यायालयों में लंबित मामलों का निपटान न्यायपालिका के कार्यक्षेत्र के भीतर आता है। तथापि, लंबित मामलों की समस्या से निपटने के लिए न्यायपालिका की सहायता की दृष्टि से, केंद्रीय सरकार ने राष्ट्रीय न्याय परिदान और विधिक सुधार मिशन की स्थापना अगस्त, 2011 में की है। प्रणाली में विलंबों और बकाया मामलों में कमी करके, संरचनात्मक परिवर्तनों के माध्यम से जवाबदेही में अभिवृद्धि करके तथा निष्पादक मानकों और क्षमताओं को सुनिश्चित करके पहुंच में वृद्धि करने के द्वि उद्देश्य हैं। मिशन, न्यायिक प्रशासन में बकाया और लंबित मामलों के चरणबद्ध परिनिर्धारण के लिए समन्वयित दृष्टिकोण का अनुसरण करेगा जिसमें, अन्य बातों के साथ-साथ, न्यायालयों के लिए ऐसी बेहतर अवसंरचना अंतर्वलित है जिसके अंतर्गत कंप्यूटरीकरण, अधीनस्थ न्यायपालिका की पद संख्या में वृद्धि, अत्यधिक मुकदमेबाजी से ग्रस्त क्षेत्रों में नीति और विधायी उपाय, मामलों के शीघ्र निपटान के लिए न्यायालय प्रक्रिया का पुनर्निर्माण करना तथा मानव संसाधन विकास पर बल देना है। राष्ट्रीय मिशन के पास इन पहलों का अनुसरण करने के लिए पांच वर्ष (2011-16) की समय-सीमा है।

मिशन ने अपने अस्तित्व की लघु अवधि के दौरान, उसके उद्देश्यों को पूरा करने के संबंध में रणनीतिक क्षेत्रों में अनेक उपाय किए हैं। उच्च न्यायालय के न्यायाधीशों की सेवानिवृत्ति की आयु में वृद्धि करने के लिए संविधान संशोधन विधेयक संसद के समक्ष है। अखिल भारतीय न्यायिक सेवा के गठन के लिए एक व्यापक प्रस्ताव तैयार किया गया है। चैक बाउंस के मामलों से संबंधित बढ़ती हुई मुकदमेबाजी की जांच करने के लिए अन्य नीति तथा प्रशासनिक उपायों के साथ परक्राम्य लिखत अधिनियम में आवश्यक संशोधन करने के सुझाव के लिए एक अंतर-मंत्रालयी समूह (आईएमजी) का गठन किया गया है।

न्यायिक सुधारों का एक महत्त्वपूर्ण पहलू, मामलों के शीघ्र निपटान के लिए न्यायालय आदेशिकाओं के पुनर्निर्माण तथा न्यायालय प्रक्रियाओं से संबंधित हैं। माननीय उच्चतम न्यायालय द्वारा देश में न्यायालयों के निष्पादन के लिए मामला प्रबंधन, न्यायालय प्रबंधन, मापीय मानक निर्धारण और राष्ट्रीय न्यायिक सांख्यिकी प्रणाली के मुद्दों का समाधान करने के लिए एक राष्ट्रीय न्यायालय प्रबंधन प्रणाली को अधिसूचित किया गया है। बेहतर दांडिक न्याय प्रणाली के लिए न्यायालय आदेशिकाओं और न्यायालय प्रक्रियाओं में सुधार करने के लिए एक उप-समूह को, इस संबंध में आवश्यक परिवर्तनों का सुझाव देने के लिए अध्यक्ष, विधि आयोग के अधीन गठित किया गया है।

अधीनस्थ न्यायपालिका के लिए अवसंरचना विकास, राष्ट्रीय मिशन के लिए मुख्य प्रतिबल क्षेत्र है। राज्य सरकारों के संसाधनों में अभिवृद्धि करने की दृष्टि से, सरकार ने वर्ष 2011-12 से न्यायपालिका के लिए अवसंरचना सुविधाओं के विकास के लिए उपांतरित केंद्रीय रूप से प्रायोजित स्कीम के अधीन वित्तपोषण पैटर्न को पुनरीक्षित करके केंद्रीय अंश को 50:50 से बढ़ाकर 75:25 (पूर्वोत्तर राज्यों से भिन्न राज्यों के लिए) किया है। तथापि, 2010-11 से पूर्वोत्तर राज्यों के लिए वित्तपोषण पैटर्न को 90:10 रखा गया है।

वर्ष 2011-12 में अधीनस्थ न्यायपालिका के अवसंरचना विकास के लिए राज्यों/संघ राज्यक्षेत्रों के लिए केंद्रीय सहायता के रूप में 595 करोड़ रुपए जारी किए गए हैं। चालू वित्तीय वर्ष में 660 करोड़ रुपए की बजट व्यवस्था की गई है। इसमें से 31 अक्तबूर, 2012 तक राज्यों/संघ राज्यक्षेत्रों को 492 करोड़ रुपए पहले ही जारी किए जा चुके हैं।

जुलाई, 2011 से दिसंबर, 2011 तक, जिसमें कुल 6 लाख से अधिक लंबित मामले कम हुए थे, लंबित मामलों में कमी करने के अभियान के आधार पर इस वर्ष भी जुलाई से दिसंबर, 2012 तक इसी तरह का अभियान चलाया गया है। इस वर्ष लंबित मामलों

में कमी के अभियान का मुख्य बिन्दु न्याय प्रणाली को पांच (5) वर्ष से अधिक पुराने मामलों से मुक्त करना है। इसके साथ ही, विद्यमान रिक्त पदों को भरकर तथा अतिरिक्त पदों को सृजित करके अधीनस्थ न्यायपालिका में न्यायाधीशों की संख्या में वृद्धि करने पर जोर दिया जा रहा है, जिससे मामलों के निपटान शीघ्र किए जा सकें तथा संपूर्ण लंबित मामलों की संख्या में कमी हो सके।

विवरण

भारत के उच्चतम न्यायालय और उच्च न्यायालयों में अनुमोदित पद संख्या, कार्यरत पद संख्या तथा न्यायाधीशों के रिक्त पद

(01.11.2012 की स्थिति)

क्र.सं.	न्यायालय का नाम	स्वीकृत पद संख्या	कार्यरत पद संख्या	अनुमोदित पद संख्या के अनुसार रिक्त पद
1	2	3	4	5
क.	भारत का उच्चतम न्यायालय	31	26	5
ख.	उच्च न्यायालय			
1.	इलाहाबाद	160	87	73
2.	आंध्र प्रदेश	49	32	17
3.	बंबई	75	55	20
4.	कलकत्ता	58	41	17
5.	छत्तीसगढ़	18	12	06
6.	दिल्ली	48	35	13
7.	गुवाहाटी	24	23	01
8.	गुजरात	42	27	15
9.	हिमाचल प्रदेश	11	11	-
10.	जम्मू और कश्मीर	14	07	07
11.	झारखंड	20	11	09
12.	कर्नाटक	50	37	13
13.	केरल	38	30	08
14.	मध्य प्रदेश	43	32	11
15.	मद्रास	60	50	10
16.	ओडिशा	22	13	09

1	2	3	4	5
17.	पटना	43	36	07
18.	पंजाब और हरियाणा	68	42	26
19.	राजस्थान	40	23	17
20.	सिक्किम	03	02	01
21.	उत्तराखंड	09	08	01
	कुल योग	895	614	281

अतिरिक्त राज्य लेवी के पुराने मुद्दे के निपटान बकायों का समाधान

1. **श्रीमती दर्शन जरदोश:** क्या **रसायन और उर्वरक मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या उनका मंत्रालय वित्त मंत्रालय के साथ परामर्श करने के पश्चात् उर्वरक इकाइयों की अतिरिक्त राज्य लेवी के पुराने मुद्दे में निपटान बकायों के समाधान हेतु अन्य विकल्पों पर विचार नहीं कर रहा है, जबकि राज्य सरकारें इस स्थिति में नहीं हैं कि वे इस अतिरिक्त लेवी को वापस कर सकें और उर्वरक इकाइयों को भारी वित्तीय हानि हो रही है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इसके कारण क्या हैं;

(ग) क्या उनके मंत्रालय को इस संबंध में राष्ट्रीय सलाहकार परिषद (एनएसी) से कुछ संसूचनाएं प्राप्त हुई हैं;

(घ) यदि हां, तो इस संबंध में आगे क्या कार्रवाई की गयी; और

(ङ) सरकार द्वारा काफी समय से लंबित उक्त मामले के समाधान हेतु कितना एसमय किए जाने की संभावना है?

सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय के राज्य मंत्री तथा रसायन और उर्वरक मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री श्रीकांत जेना): (क) और (ख) वित्त मंत्रालय ने रसायन और उर्वरक मंत्रालय से यह अनुरोध किया है कि वह गुजरात और उत्तर प्रदेश की राज्य सरकारों से 1.10.2006 से 31.3.2011 के दौरान लगाए गए अतिरिक्त वैट के रिफंड के बारे में उनकी राय सुनिश्चित करे। उर्वरक विभाग ने एसीटीएन के बैकलॉग बकाया का रिफंड करने के लिए गुजरात और उत्तर प्रदेश सरकार को पत्र लिखा है परंतु राज्य सरकारों से अभी उत्तर की प्रतीक्षा है।

(ग) जी, नहीं

(घ) उपर्युक्त (ग) को देखते हुए प्रश्न नहीं उठता।

(ङ) शीघ्र निपटान की संभावना है।

[हिन्दी]

सवारी डिब्बों में परिवर्तन

2. **डॉ. किरोड़ी लाल मीणा:** क्या **रेल मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या रेलवे ने सीटों की संख्या बढ़ाने के लिए सवारी डिब्बों में कुछ परिवर्तन/संशोधन किए हैं;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या रेलवे को इसके परिणामस्वरूप यात्रियों द्वारा असुविधाओं का सामना किए जाने के संबंध में शिकायतें प्राप्त हुई है;

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ङ) इस संबंध में रेलवे द्वारा क्या कार्रवाई की गई?

रेल मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अधीर चौधरी): (क) से (ङ) जी हां।, रेल मंत्रालय ने साइड मिडिल बर्थ के प्रावधान को शामिल करके मौजूदा डब्ल्यूजीएससीएन डिब्बे की ढुलाई क्षमता क्रमश: 64 यात्रियों से 72 यात्रियों तक और डब्ल्यूजीएससीएन डिब्बे की ढुलाई क्षमता क्रमश: 72 यात्रियों से 81 यात्रियों तक बढ़ाने का विनिश्चय किया था। बहरहाल, अभ्यावेदनों

की प्राप्ति पर, इन रेट्रोफिटिड शायिकाओं को बाद में हटा दिया गया था और सभी डिब्बों में बैठने की मूल क्षमता बहाल की गई थी।

सीसीआई को कोयला आपूर्ति

3. श्री अनुराग सिंह ठाकुर: क्या **भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) भारतीय सीमेंट निगम (सीसीआई) को पर्याप्त और अच्छी गुणवत्ता वाले कोयले की आपूर्ति करने के लिए सरकार द्वारा किए गए प्रयासों के क्या परिणाम रहे;

(ख) क्या कोयला आपूर्तिकर्ताओं द्वारा उच्च गुणवत्ता वाले कोयले की पर्याप्त मात्रा में आपूर्ति की गई;

(ग) यदि हां, तो वर्ष 2011-12 में उत्पादन में कितनी वृद्धि दर्ज की गई;

(घ) यदि नहीं, तो संयंत्र को उसकी पूर्ण क्षमता के साथ चलाने के लिए और अधिकतम उत्पादन प्राप्त करने के लिए सरकार ने क्या प्रयास किए; और

(ङ) इनका क्या परिणाम रहा?

भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्री (श्री प्रफुल पटेल): (क) सरकार द्वारा किए गए प्रयास के परिणामस्वरूप सीमेंट कार्पोरेशन ऑफ इंडिया लि. (सीसीआई) और कोल इंडिया लि. (सीआईएल) तथा इसकी विभिन्न सहायक कंपनियों के बीच ईंधन आपूर्ति समझौता पर हस्ताक्षर हुआ।

(ख) कोयला आपूर्तिकर्ताओं ने सीसीआई की बोकाजन इकाई को पर्याप्त मात्रा में अपेक्षित गुणवत्ता वाले कोयले की आपूर्ति की थी, लेकिन वे तंदूर और राजबन इकाइयों के मामले में ऐसा नहीं कर सके।

(ग) सीसीआई वर्ष 2011-12 में उत्पादन में वृद्धि दर्ज नहीं कर सकी।

(घ) सरकार ने सीसीआई को उन विभिन्न एजेंसियों के साथ सक्रिय रूप से मामले को उठाने के लिए कहा जिनके साथ सीसीआई ने एफएसए हस्ताक्षर किया था तथा जिसके परिणामस्वरूप सीसीआई ने समय-समय पर संबंधित कोयला खानों तथा अन्य संबंधित प्राधिकरणों के साथ मामले को उठाया था। राजबन और तंदूर इकाइयों में कोयले की कमी को पूरा करने के लिए ई-ऑक्शन/आयात के जरिए कोयला अधिप्राप्त करने का भी उपाय किया गया है।

(ङ) इन प्रयासों से कोयले की कमी के कारण इकाइयों के बंद होने की स्थिति को कुछ हद तक दूर किया जा सका।

[अनुवाद]

नदी के प्रवाह को बनाये रखना

4. श्री चंद्रकांत खैरे: क्या **जल संसाधन मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या देश की बड़ी नदियां जीवन वाहक हैं और यदि हां, तो उनके शोधन के लिए पिछले पांच वर्षों में क्या कदम उठाये गये हैं;

(ख) क्या कतिपय नदियों में जल का प्रवाह घटकर एक-तिहाई रह गया है और यदि हां तो इसके क्या कारण हैं; और

(ग) नदियों के जलग्रहण क्षेत्रों में वनों को काटे जाने से रोकने के लिए सरकार द्वारा क्या कदम उठाए गए हैं?

जल संसाधन मंत्री (श्री हरीश रावत): (क) जी, हां। नदियों और झीलों का संरक्षण केन्द्र और राज्य सरकारों का जारी और सामूहिक प्रयास है। केन्द्र प्रायोजित राष्ट्रीय नदी संरक्षण योजना (एनआरसीपी) और राष्ट्रीय झील संरक्षण योजना (एनएलसीपी) के अंतर्गत पर्यावरण एवं वन मंत्रालय नदियों और झीलों के संरक्षण के लिए राज्य सरकारों द्वारा किए जा रहे प्रयासों को बढ़ावा दे रहा है।

(ख) विभिन्न नदियों जहां से पीने और सिंचाई प्रयोजनों के लिए जल का डायवर्जन किया जाता है उनके भंडारणों के अनुप्रवाह में जल के प्रवाह में कुछ गिरावट पाई गई है। तथापि, केन्द्रीय जल आयोग (सीडब्ल्यूसी) द्वारा विश्लेषित आंकड़ों के अनुसार वर्ष 1985 से 15 वर्ष पहले तथा 1985 के बाद बड़ी नदियों में औसत जल उपलब्धता के प्रेक्षित आंकड़ों से औसत जल उपलब्धता में गिरावट होने की प्रवृत्ति का पता नहीं चलता है।

(ग) भारत सरकार ने जलवायु परिवर्तन संबंधी राष्ट्रीय कार्रवाई योजना के हिस्से के रूप में हरित भारत हेतु राष्ट्रीय मिशन प्रारंभ किया है जिसमें अन्य बातों के साथ-साथ बारहवीं और तेरहवीं पंचवर्षीय योजना की संयुक्त अवधि के अगले दस वर्षों में 5 मिलियन हेक्टेयर भूमि पर वनों/वृक्षों का क्षेत्र बढ़ाने तथा और 5 मिलियन हेक्टेयर भूमि पर वनों की गुणवत्ता को बढ़ाना शामिल है।

कोंकण रेलवे

5. श्री निलेश नारायण राणे: क्या **रेल मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) गत तीन वर्षों और चालू वर्ष के दौरान कोंकण रेलवे को वर्ष-वार कुल कितना बजटीय आबंटन किया गया;

(ख) उक्त अवधि के दौरान महाराष्ट्र क्षेत्र सहित कोंकण रेलवे के अंतर्गत कुल कितनी परियोजनाओं को स्वीकृति प्रदान की गई और कुल कितनी परियोजनाएं शुरू की गईं;

(ग) इन परियोजनाओं की वर्तमान स्थिति क्या है; और

(घ) इन परियोजनाओं पर आबंटित खर्च की गई निधियों का परियोजनावार ब्यौरा क्या है?

रेल मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अधीर चौधरी): (क) पिछले तीन वर्षों और चालू वर्ष के दौरान कोंकण रेलवे निगम लिमिटेड को कोई बजटीय आबंटन नहीं किया गया है।

(ख) से (घ) एक विवरण सभा पटल पर रख दिया गया है।

विवरण

पिछले तीन वर्षों के दौरान राष्ट्रपति की शक्तियों के अधीन, पूंजी बजट प्रस्तावों के अंतर्गत रेल मंत्रालय द्वारा स्वीकृत की गई रेल परियोजनाओं का ब्यौरा परियोजनाओं की स्थिति और इन परियोजनाओं पर किया गया खर्च निम्नानुसार है:

क्र.सं.	स्वीकृत किया गया कार्य	खर्च/आबंटित की गई निधियां (लाखों में)	कार्य की स्थिति
1	2	3	4
स्वीकृति वर्ष 2009-10			
1.	रत्नागिरी और करवार क्षेत्र में ढलान को समतल करने, जल निकासी प्रणाली में सुधार लाने और सुरक्षा संबंधी अन्य कार्य	974.00/974.0	कार्य पूरा हो गया।
2.	रत्नागिरी क्षेत्र में सिंथेटिक पॉलीस्टर फाइबर के साथ शोटक्रीटिंग और रॉक बोल्टिंग	1078.00/1078.00	कार्य पूरा हो गया।
3.	08 स्टेशनों पर आईपीएस द्वारा परंपरागत पॉवर सप्लाई उपकरणों (चार्जर, बैटरी आदि) का बलदाव—रत्नागिरी क्षेत्र के 04 और करवार क्षेत्र के 04	83.41/83.41	कार्य पूरा हो गया।
4.	16 स्टेशनों पर 15 केवीए डीजी सेट के साथ गतायु डीजल जेनरेटरों का बदलाव—रत्नागिरी क्षेत्र के 9 स्टेशन करवार क्षेत्र के 7 स्टेशन	71.22/71.22	कार्य पूरा हो गया।
स्वीकृति वर्ष 2010-11			
1.	निवसर, करमाली और बल्ली पर अतिरिक्त लूप लाइनों की व्यवस्था और मडगांव-बल्ली तथा मडगांव-चांदोर सेक्शन के बीच बाइपास लाइन का निर्माण।	7.00/3370.00	निवसर और बल्ली पर अतिरिक्त लूप लाइन का कार्य पूरा हो गया है करमाली पर अतिरिक्त लूप लाइन का कार्य प्रगति पर है। मडगांव-बल्ली के बीच बाइपास लाइन का निर्माण कार्य प्रगति पर है।

1	2	3	4
2.	न्यू गवर्नमेंट इलैक्ट्रिक्स फैक्टरी लिमिटेड (एनजीईएफ) से भारत हैवी इलैक्ट्रिकल लिमिटेड (बीएचईएल) से ड्राइविंग पॉवर कोच (डीपीसी) का कन्वर्जन (दो अदद डीजल इलैक्ट्रिक मल्टीपल यूनिट के लिए)	90.00/174.00	एक कार्य पूरा हो गया। एक कार्य प्रक्रियाधीन है।
3.	ट्रैक मशीन यूनीमेट 8271 का बदलाव	0.00/1518	खरीद आदेश प्रस्तुत किया गया।
4.	रत्नागिरी और करवार क्षेत्र के अंतर्गत पुलों और इनके पहुंच मार्गों तथा कर्व के आऊटर रेल पर वैल्डिंग की सुरक्षा के लिए जोंगल फिश प्लेटों और सी क्लैम्पों की व्यवस्था	165.00/165.00	कार्य पूरा हो गया।
5.	रत्नागिरी क्षेत्र के अंतर्गत थ्रू फिटिंग नवीकरण	137.00/196.40	कार्य प्रगति पर है।
6.	रत्नागिरी क्षेत्र में नीलिके, अश्टी, कोंडावली अरावली, बानेवाडी, अंजानारी, अडावली-1 तथा बारेवाडी-2 सुरंगों में रॉक बोल्टिंग और शॉटक्रीटिंग कार्य	90.00/790.00	कार्य प्रगति पर है।
7.	208/800-209/200 किमी. के बीच पोमेंडी कटिंग पर रिटेनिंग वॉल का निर्माण, पाइल्स का निर्माण और अन्य सुरक्षात्मक कार्य	594.00/594.00	कार्य पूरा हो गया।
8.	करवार क्षेत्र में ऊर्जा संरक्षण उपाय जिनमें एचपीएसवी और ओपन प्लेटफार्मों की एफटीएल फिटिंग का 24 वाट की एलईडी लाइट फिटिंग से बदलाव शामिल है	0.00/34.73	कार्य प्रगति पर है।
स्वीकृति वर्ष 2011-12			
1.	डायनेमिक ट्रैक स्टेबलाइजरों की खरीद	0.00/668.60	खरीद आदेश प्रस्तुत किया गया।
2.	कंट्रोल ऑफिस एप्लीकेशन द्वारा चार्टिंग सिस्टम का बदलाव	0.00/149.30	कार्य प्रगति पर है।
3.	रत्नागिरी और करवार क्षेत्र के अंतर्गत ढलान को समतल करने, जल निकासी प्रणाली में सुधार लाने और कटिंग के लिए अन्य सुरक्षा संबंधी कार्य	1145.00/1145.00	कार्य पूरा हो गया।

1	2	3	4
4.	रत्नागिरी और करवार क्षेत्र के अंतर्गत ढलान को समतल करने, जल निकासी प्रणाली में सुधार लाने और कटिंग के लिए अन्य सुरक्षा संबंधी कार्य	150.00/1364.00	कार्य प्रगति पर है।
5.	नातूवाडी के बाकी बचे हुए हिस्से और रत्नागिरी क्षेत्र में करबुडे तथा बरडेवाडी सुरंगों में रॉक बोल्टिंग और शॉटक्रीटिंग कार्य	500.00/1036.00	कार्य प्रगति पर है।

बांधों की सुरक्षा

6. श्री जगदीश ठाकोर:
श्री के.पी. धनपालन:

क्या **जल संसाधन मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) देश के सभी बांध सुरक्षित हैं यह सुनिश्चित करने के लिए क्या सरकार ने बांधों का निरीक्षण कराया है;

(ख) यदि हां, तो सरकार पुराने बांधों के पुनरुद्धार हेतु कोई विशेष सहायता प्रदान करने की योजना बना रही है;

(ग) यदि हां, तो उक्त प्रयोजनार्थ चिन्हित बांधों सहित तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और प्रत्येक बांध के लिए कितनी धनराशि आबंटित की गई है; और

(घ) यह सुनिश्चित करने के लिए कि सभी बांध भूकंपरोधी हैं, क्या कदम उठाए गए और उनका ब्यौरा क्या है?

जल संसाधन मंत्री (श्री हरीश रावत): (क) बांधों के सुरक्षा संबंधी निरीक्षण की जिम्मेदारी परियोजना स्वामियों की होती है, जो अधिकतर राज्य सरकार अथवा सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रम होते हैं। इस संबंध में राज्यों को आवश्यक दिशानिर्देश जारी कर दिए गए हैं।

(ख) केन्द्र सरकार ने विश्व बैंक के वित्तीय सहयोग से 'बांध पुनर्वास एवं सुधार परियोजना (डीआरआईपी)' के अंतर्गत कुछ राज्यों में पुराने बांधों के पुनर्वास के लिए प्रयास किए हैं।

(ग) चार राज्यों नामत: केरल, मध्य प्रदेश, ओडिशा और तमिलनाडु में लगभग 223 बड़े बांधों को डीआरआईपी के अंतर्गत पुनर्वास के लिए अभिज्ञात किया गया है। परियोजना कार्यान्वयन के बाद के चरण में कुछ और राज्य परियोजना में शामिल हो सकते हैं। परियोजना का समय पर्यवेक्षण एवं समन्वय, केन्द्रीय जल आयोग द्वारा किया जा रहा है। डीआरआईपी बांधों और अनुमानित लागत का ब्यौरा संक्षेप में निम्नानुसार है:–

	डीआरआईपी बांधों की संख्या	परियोजना की लागत (करोड़ रुपये में)
केरल	31	279.99
मध्य प्रदेश	50	314.54
ओडिशा	38	147.74
तमिलनाडु	104	745.49
केन्द्रीय जल आयोग	.	132.00
अनावंटित (नए राज्यों के लिए)		480.24
कुल	.	2100.00

डीआरआईपी के अंतर्गत बांधों की राज्यवार सूची और उनके लागत के आवंटन का ब्यौरा संलग्न विवरण में दिया गया है।

(घ) देश में प्रस्तावित किसी बांध के निर्माण से पहले संबंधित दिशानिर्देशों/भारतीय मानक कोड के अनुसार एक विस्तृत विश्लेषण एवं डिजाइन तैयार किया जाता है। भूकंप संबंधी घटना से बचने के लिए स्थल विशिष्ट डिजाइन भूकंप प्राचल निर्धारित करने हेतु प्रतिष्ठित संस्थाओं जैसे आईआईटी रूड़की, सीडब्ल्यूपीआरएस पुणे आदि के माध्यम से भूकंपविज्ञानीय अध्ययन किये जाते हैं। उसके

बाद डिजाइन भूकंप प्राचल राष्ट्रीय भूकंपविज्ञानीय डिजाइन प्राचल समिति (एनसीएसडीपी) द्वारा अनुमोदित किये जाते हैं जिसमें राष्ट्रीय प्रतिष्ठा वाले विभिन्न संगठनों के विशेषज्ञ शामिल होते हैं। देश में भूकंपविज्ञानीय आंकड़े/भूकंप का पूर्व का इतिहास भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) द्वारा रखा जाता है और उनके आंकड़ों का उपयोग इन अध्ययनों के लिए किया जाता है। डिजाइन में पर्याप्त सुरक्षा घटक (एफओएस) रखते हुए बांधों और आनुषंगिक संरचनाओं की भूकंप से सुरक्षा का ध्यान रखा जाता है।

विवरण

बांधों और उनके लिए किये गये आवंटन की राज्यवार सूची

बांध का विवरण	रुपये (करोड़ में)	बांध का विवरण	रुपये (करोड़ में)
1	2	3	4
	मध्य प्रदेश		
संजय सरोवर	32.624	मरकोदा	1.54
अरि	13.732	लासुदिया कंगर	3.211
तवा	18.881	कंकरखेडा	5.112
जिरभर	0.65	भगवानपुरा	3.168
कुंवर चैन सागर	4.406	मंझिखेडी	0.833
चनपथा	65.14	लक्ष्मीखेडा	0.584
बर्ना	5.867	चन्दरकेशर	0.822
संजय सागर	2.216	मेहगांव टैंक	1.094
गोपी कृष्ण सागर	1.541	बरनू	1.265
बिशोनिया टैंक	0.74	मंदई	1.296
नलाजिनी टैंक	0.95	सागरनंदी	0.864
धबलामता टैंक	1.721	खरादी	1.441
गुरदिया सुरदास	2.876	मूरमनाला	1.362
बिरपुर	0.838	चवरपनी	1.312
सुन्दरेल	1.063	गंगुलपारा	1.363
संपना	1.06	धुती वियर	3.701
कोलर	20.124	बदेरा	0.936
बुंदाला	1.498	मंदवझीरी	1.211
देवगांव	0.864	डोंगरबोदी	0.707
थंवर	1.471	करही	0.368
सरथी	5.042	सुखीपोंदी	0.462

1	2	3	4
नेहलेसारा	0.612	शेहर	0.792
बम्होदी	0.684	उमरार	0.806
हरई	0.605	कमेरा	0.295
बिरनई	0.792	मरहि	2.304
		ओडिशा	
बलिमेला	5.205	सतीगुडा (यूकेपी)	3.56
रेंगाली	5.3	सतीगुडा (मल्कनगिर)	0.75
सालंदी	2.6	अरदेई	0.7
उपरी कोलाब	4.7	तलसरा	0.872
बुधबुधियानी	1.61	अशोकनाला	0.2
दादराघाटी	1.12	बगिहरन	0.4
दहा	1.2	बलासकुंपा	0.4
दरजंग	3.05	बैंकसल	1.104
धनेई	1.331	देवझरन	0.28
कलो	3.635	जगादला	1
नेसा	0.77	झुमुका	0.6
पिलास्लकी	2.95	कलाकला	0.9
पितामहल	0.97	खसबहल	0.15
सलिया	1.95	लेगम	1
सराफागढ़	1.46	लियार्ड	0.2
मथनपल	1.198	संमाचकंदना	0.919
पदमपुरनाल्हा	1.5	हीराकुंड	14.606
पिपलनाल्हा	0.8	कनेहीनाला	0.6
रामागुडा	0.24	रुनुगांव	0.24
		केरल	
सिरूवनी (सिंचाई)	3.78	चितुरपुझा	1.92
कंजीरापुझा	3.04	मुवातुपुझा	4.194
चिमोनी	2.97	इदुकी (केएसईबी)	31.463
कुटियाडी	21.6	सबरिगिरी/बी	24.144
मलमपुझा	17.82	इदामल्या	6.636
मूलाथारा	1.074	पालीवसल	3.327

1	2	3	4
पुथुंदी	4.244	सेनगुलाम	2.712
नेयार	5.64	पेनियार	1.994
वझानी	3.026	निलमनगलाम	1.383
पीची	5.4	पोरिंगलकुथु	2.641
पेरिया	7.2	सोलायर	4.14
पंबा	3.6	कुटियादी	2.16
चुलियार	1.406	निचली पेरियार	3.595
मीनकरा	2.017	ककड़	3.378
वल्यार	3.186	कलादा	12.888
पझासी	9.232		
		तमिलनाडु	
कृष्णागिरी	21.39	परंबीकुलम	3.997
वेनियर	3.593	सोलायर	4.249
सथानुर	12.988	अलियर	7.733
विदुर	2.916	थिरूमूर्थि	3.876
मूरधाना	3.468	थम्बालहेली	2.419
गोमुकीनधी	2.568	पंबर	1.958
वेगई	8.772	शूलागिरीचिनार	1.855
मंजलर	2.544	केलावरपल्ली	5.594
कुलारसंधई	4.536	चिनार	10.282
गोलवरपट्टी	4.788	केसारीगुलाहाला	2.46
गटना	2.462	नगावथी	0.882
गुंदर	1.056	रजथोपकनार	0.925
अदवीनईनरकोली	1.789	थोपियर	1.436
नंबियार	1.638	मनिमक्शानधि	11.928
चितार I	1.489	वीरानम	3.402
चितार II	1.716	सोथूपरई	1.015
पोईगेईयार	0.947	पिलवुखई पेरियार	2.836
मेतूर	11.201	पेरावुखई कोवियर	2.232
सिधामाली	6.468	मनिमूथर	16.972
वराथूपलम	2.33	रामानधि	2.328

1	2	3	4
अमरावथी	7.332	करूपानदी	2.722
पोरनदलार	4.356	कोदुमुदियार	1.576
वटामलईकरईओदई	2.292	मरूधानदी	3.113
नोयलअथूपलयम	3.205	पीचीपरई	41.894
उपरी निरार वियर	1.198	पेरूनचनी	55.49
निचली निरार विचार	1.824	अनेमदावु	3.948
शुनाकदावू	2.51	करईकोइल	2.52
वेम्बाकोथई	2.797	पोनेनिइर	2.722
अनईकुट्टम	4.133	भवानीसागर	7.302
उपरी (त्रिची)	3.005	गुदरीपलम	3.175
वदाखुपाचयर	2.016	पेरूपलम	3.276
पपनसम डायवर्जन वियर	28.8	उपरी उरोड	2.458
पईकरा नयी फोरबे	7.505	पैरापलर	1.284
सरवालर	7.296	कुथिरयर	3.1
उपरी भवानी (पंपिंग वियर)	0.343	कोदनगर	4.536
वंदल	1.224	निरालापलम	0.348
पश्चिमी वरहापलम	0.626	पईकरा	22.234
पिलूर	70.536	अवलंचे	1.056
चिनारकुटियार	3.852	एमराल्ड	0.302
कोदयार 1	2.436	इरावंगलूर	3.156
थम्बाराबरानी	0.564	गलेमोरीन (करिअप्पा)	0.811
उपरी अलियर	1.944	हाईवेव्स	2.21
उपरी भवानी	12.175	कदमपरई	3.168
बंगिहाला	0.151	कोदयर 2	5.088
वेनिरर	0.336	कुटियर	0.768
पूर्वी वरहापलम	0.232	मनालर	4.159
पश्चिमी कैचमेंट वियर I	0.149	करवाकंडी	4.392
पश्चिमी कैचमेंट वियर II	0.605	मोयेर फोरबे	3.204
पश्चिमी कैचमेंट वियर III	0.108	मुर्कुर्थी	2.028
पेरियार फोरबे	2.316	परसनस वैली	0.302
कुदहापलम	24.358	पेगुमबहाला फोरबे	2.292
संदयानाला	0.583	पोर्थीमुंड	2.922

यूरोपीय संघ जल परियोजना प्रस्ताव

7. **श्री रायापति सांबासिवा राव:** क्या **जल संसाधन मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यूरोपीय संघ (ईयू) ने जल परियेजना प्रस्तावों के लिए भारत के अपना समर्थन प्रदन किया है; और

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और सरकार यूरोपीय संघ के साथ किन शर्तों पर सहमत हुई है;

जल संसाधन मंत्री (श्री हरीश रावत): (क) और (ख) यूरोपीय संघ ने राजस्थान राज्य के लिए राज्य भागीदारी कार्यक्रम के अंतर्गत अनुदान के रूप में 80 मिलियन यूरो की सहायता दी है। कार्यक्रम का उद्देश्य पंचायती राज संस्थाओं के सुदृढ़ीकरण द्वारा एकीकृत जल संसाधन प्रबंधन को बढ़ावा देता है। वित्तपोषण समझौता, भारत सरकार और यूरोपीय संघ के बीच अगस्त, 2006 में हस्ताक्षरित किया गया था तथा यह दिसंबर, 2015 तक मान्य है। 31.10.2012 की स्थिति के अनुसार निर्धारित 80 मिलियन यूरो में से राज्य भागीदारी कार्यक्रम, राजस्थान के लिए 23.8 मिलियन यूरो (अथवा 142.23 करोड़ रुपए) वितरित किए गए हैं।

भारत यूरोपीय संघ एस एवं टी सहयोग द्वारा ढांचे के अंतर्गत, हल ही में निधि के समान संयुक्त निवेश वाली चार भारत-यूरोपीय जल अनुसंधान परियोजनाएं प्रारंभ की गई हैं। ये चार परियोजनाएं (i) भारत में शहरीकृत क्षेत्रों में जल की कमी से निपटने हेतु प्राकृतिक जल प्रणाली एवं परिशोधन प्रौद्योगिकियां (एनडब्ल्यूएटीईसीएच) (ii) भारत में पुनर्प्रयेग प्रौद्योकियें में सहायक समेकन अनुकरण और निरंतर अपशिष्ट जल परिशोधन का उन्नयन (एसएआरएएसडब्ल्यू एटीआई); (iii) हरित एवं स्थयी प्रौद्योगिकी सहित भारत में जल अनुसंधान सुरक्षा (एसडब्ल्यूआइएनजीएस) और (iv) भारत में उर्जा दक्ष, समुदाय आधारित जल एवं अपशिष्ट जल परिशोधन प्रणाली की अवस्थापना (ईको इंडिया) हैं।

यूरोपीय संघ के 7वें ढांचागत कार्यक्रम अह्वान (ईपी 7-ईएनवी-2011) के प्रत्युत्तर में, राष्ट्रीय जल विज्ञान संस्थान, रूड़की ने आठ देशों के 20 संगठनों (11 भारतीय और 9 विदेशी) के संघ में शामिल होकर ''भारत में माफ पानी-स्वच्छ एवं स्थायी जलापूर्ति हेतु प्राकृतिक जल प्रणालियों और परिशोधन विधियों का उन्नयन'' नमक एक सहयोगात्मक अनुसंधान एवं विकास परियोजना प्रस्तुत की तथा यूरोपीय संघ से अनुदान प्राप्त करने के लिए प्रतिस्पर्धात्मक तकनीकी मूल्यांकन के जरिए योग्यता हासिल की। परियोजना की कुल लागत 47,81,255 यूरो है जिसमें यूरोपीय संघ का अंशदान 34,99,620 यूरो है जिसमें से राष्ट्रीय जल विज्ञान के लिए एक अक्तूबर 2011 से 36 महीने के लिए आबंटन 2,42,044 यूरो है। परियोजना विभिन्न अध्ययन क्षेत्रों पर ध्यान केन्द्रित करके अपने विशिष्ट अनुसंधान एवं विकास उद्देश्यों के साथ 1 अक्तूबर, 2011 से चल रही है। इस सहयोगात्मक अनुसंधान एवं विकास परियोजना के लिए यूरोपीय संघ का निधियन प्रत्येक भागीदार के लिए, वैज्ञानिक परियोजनाओं के विषय में लागू विभिन्न ''शीर्षों'' के अंतर्गत परियोजना में परिकल्पित प्रत्येक भागीदार के लिए विशिष्ट आवंटन वाले अनुदान के रूप में है। निर्धारित शर्ते यह है कि अनुदान का लगभग 50% परियोजना प्रारंभ होने के समय, लगभग 40% कार्य पैकेज की प्रगति के आधार पर और शेष 10% अंतिम परियोजना रिपोर्ट प्राप्त करने के बाद दिया जाएगा।

गरीबी रेखा से नीचे रहने वालों की जनगणना

8. **श्री पन्ना लाल पुनिया:** क्या **ग्रामीण विकास मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) पिछली बार कब गरीबी की रेखा से नीचे जीवनयापन करने वालों (बी.पी.एल.) की जनगणना संपूर्ण देश में तथा राज्य स्तर पर की गयी थी;

(ख) वर्तमान बी.पी.एल. संबंधी जनगणना का ब्यौरा क्या है;

(ग) मंत्रालय द्वारा संचालित बी.पी.एल. जनगणना के आधार पर केन्द्रीय तथा विभिन्न राज्य सरकारों द्वारा चलायी जा रही भिन्न-भिन्न योजनाओं का ब्यौरा क्या है;

(घ) क्या घोस्ट कार्ड्स गलत पहचान इत्यादि संबंधी कतिपय समस्याएं सामने आयी हैं;

(ङ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(च) इस संबंध में सरकार द्वारा क्या कदम उठाये गये?

ग्रामीण विकास मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री प्रदीप जैन): (क) ग्रामीण विकास मंत्रालय ग्रामीण क्षेत्र में गरीबी रेखा से नीचे जीवनयापन करने वाले उन परिवारों की पहचान करने के लिए बीपीएल जनगणना कराने हेतु राज्यों/संघ राज्यक्षेत्रों को वित्तीय एवं तकनीकी सहायता प्रदान करता है, जिन्हें मंत्रालय के कार्यक्रमों का लक्ष्य बनाया जा सकता है। पिछली बीपीएल जनगणना वर्ष 2002 में की गई थी।

(ख) केन्द्रीय मंत्रिमंडल के अनुमोदन से ग्रामीण विकास मंत्रालय ने देशभर में गरीबी रेखा से नीचे जीवनयापन करने वाले परिवारों की पहचान करने और जाति आधारित जनगणना करने के लिए 29 जून, 2011 को सामाजिक आर्थिक और जाति आधारित जनगणना (एसईसीसी 2011) शुरू कर दी है, जो कि भारत सरकार की वित्तीय और तकनीकी सहायता से संबंधित राज्य सरकारों/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासनों द्वारा कराई जा रही है। सामाजिक आर्थिक और जाति आधारित जनगणना, 2011 में बीपीएल परिवारों की पहचान के लिए ग्रामीण क्षेत्रों में जनगणना, शहरी क्षेत्रों में बीपीएल परिवारों की पहचान के संबंध में शहरी क्षेत्रों में जनगणना और देश भर में जाति आधारित जनगणना शामिल हैं। जाति आधारित जनगणना का विषय भारत के महापंजीयक और जनगणना आयुक्त कार्यालय के कार्यक्षेत्र में आता है और शहरी क्षेत्रों में गरीबी रेखा से नीचे जीवनयापन करने वाले परिवारों की पहचान का कार्य आवास और शहरी गरीबी उपशमन मंत्रालय (एचयूपीए) के कार्यक्षेत्र में आता है।

(ग) ग्रामीण विकास मंत्रालय राज्य सरकारों और संघ राज्य-क्षेत्र प्रशासनों के माध्यम से स्वर्णजयंती ग्राम स्वरोजगार योजना (एसजीएसवाई)/राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (एनआरएलएम), इंदिरा आवास योजना (आईएवाई) और राष्ट्रीय सामाजिक सहायता कार्यक्रम (एनएसएपी) जैसी योजनाएं चला रहा है, जिनसे गरीबी रेखा से नीचे जीवनयापन करने वाला ग्रामीण जन समुदाय लाभान्वित होता है।

(घ) सामाजिक आर्थिक और जाति आधारित जनगणना अब भी चल रही है और अभी तक ऐसी कोई सूचना मंत्रालय को प्राप्त नहीं हुई।

(ङ) और (च) उपर्युक्त (घ) में दर्शाई गई स्थिति के मद्देनजर कोई टिप्पणी नहीं है।

रेल कोच फैक्ट्री

9. **श्री आर. ध्रुवनारायण:**
श्री अनन्त वेंकटरामी रेड्डी:

क्या **रेल मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या रेलवे को देश में रेल सवारी डिब्बा कारखानों की स्थापना हेतु कोई प्रस्ताव प्राप्त हुआ है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इस पर रेलवे द्वारा क्या कार्रवाई की गयी;

(ग) क्या रेलवे का देश में स्थित विभिन्न उत्पादन इकाइयों और कार्यशालाओं के निजीकरण का प्रस्ताव है;

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इसके क्या कारण हैं;

(ङ) क्या इस संबंध में संबंधित पणधारियों से परामर्श किया गया है; और

(च) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

रेल मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अधीर चौधरी): (क) और (ख) जब कभी प्रस्ताव प्राप्त होते हैं, उनकी रेलवे की आवश्यकताओं के संदर्भ में जांच की जाती है, मौजूदा तथा पहले से ही नियोजित की गई रेल कोच फैक्ट्रियां फिलहाल रेलवे की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए पर्याप्त समझी जाती है।

(ग) जी नहीं।

(घ) से (च) प्रश्न नहीं उठता।

निधियों का आबंटन

10. **श्रीमती जयश्रीबेन पटेल:** क्या **जल संसाधन मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) ग्यारहवीं योजना अवधि के दौरान केन्द्र सरकार द्वारा सिंचाई हेतु निधियों के वर्ष-वार और राज्य-वार आबंटन और इसके उपयोग का तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ख) उक्त अवधि के दौरान सिंचाई हेतु गुजरात राज्य सरकार को कितनी निधियां आबंटित की गई और कितनी निधियों का उपयोग गुजरात राज्य सरकार द्वारा किया गया?

जल संसाधन मंत्री (श्री हरीश रावत): (क) और (ख) योजना आयोग द्वारा दी गई सूचना के अनुसार केन्द्र सरकार द्वारा सिंचाई हेतु जारी निधि का वर्षवार आवंटन और ग्यारहवीं योजनावधि के दौरान गुजरात राज्य सरकार सहित उनका राज्यवार उपयोग संलग्न विवरण में दर्शाया गया है।

विवरण

11वीं योजना अवधि के दौरान राज्यवार एवं वर्षवार आवंटन एवं व्यय

(करोड़ रुपये में)

क्र.सं.	राज्य एवं संघ राज्य-क्षेत्र का नाम	2007-08		2008-09		2009-10		2010-11		2011-12	
		परिव्यय	व्यय	परिव्यय	व्यय	परिव्यय	व्यय	परिव्यय	व्यय	परिव्यय	*अनुमानित व्यय
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12
1.	आंध्र प्रदेश	12973.61	12215.95	16471.51	9001.44	15453.19	11739.38	14864.6	9678.02	14969.64	14969.64
2.	अरुणाचल प्रदेश	79.18	67.49	48.62	119.24	44.5	106.66	100.91	186.41	117.55	117.55
3.	असम	135.66	120.83	325.58	331.32	331.42	605.45	371.02	710.56	1012.24	1036.32
4.	बिहार	1335.48	1335.42	2251.79	1297.23	1829.5	1070.93	2064.03	1411.55	2314.2	1726.32
5.	छत्तीसगढ़	978.13	978.13	937.46	916.15	968.68	1031.53	859.18	1109	2041.6	2041.6
6.	गोवा	212.41	171.53	245.69	198.72	212.59	205.77	243.37	247.95	266.59	266.59
7.	गुजरात	4754.48	4814.53	5070.2	7872.41	5639.35	5428.97	5670.21	6185.09	9327.57	9327.57
8.	हरियाणा	718	759.37	790	818.5	806	798.11	789.4	732.03	790	985
9.	हिमाचल प्रदेश	259.82	209.38	296.15	247.97	270.74	286.49	310.48	310.98	366.19	366.19
10.	जम्मू और कश्मीर	135.63	135.63	208.85	209.45	350.75	350.75	302.395	359.73	450.3	450.3
11.	झारखंड	529	801.21	600	402.31	550	291.79	475	326.67	1555	705
12.	कर्नाटक	3145.77	2504.42	3468.74	2695.28	3983.82	3578.33	4428.92	4507.94	6843.41	6843.41
13.	केरल	215.27	196.31	257.62	179.97	350.65	216.27	332.86	223.82	551.03	551.03
14.	मध्य प्रदेश	1796.95	2089.56	2184.81	2247.98	2285.91	2295.07	2754.35	3494.21	3046.64	3046.64
15.	महाराष्ट्र	4144.16	3132.85	5954.84	6699.96	4637.02	7183.11	7854.34	8440.89	7385.98	7385.98
16.	मणिपुर	199.04	189.3	267.2	79.47	288.07	207.56	382.17	293.76	439.89	453.86
17.	मेघालय	25.15	14.29	41	43.9111	51	45.644	89.2	88.88	128.4	128.4
18.	मिजोरम	34.74	33.31	27.66	66.541	58.21	48.17	62.66	59.57	78.56	53.76
19.	नागालैंड	50.16	52.82	66.71	54.17	100.78	81.86	144.52	144.52	147.63	148.63
20.	ओडिशा	784.6	1541.57	1380.71	1572.86	1787.992	1603.11	2111.09	1641.81	2248.4	1842.19

1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12
21.	पंजाब	650	213.4	350.19	418.7	521.31	476.5	645.27	345.79	1030.36	1030.36
22.	राजस्थान	1219.93	877.07	1082.94	836.83	949.15	783.94	853.07	683.52	970.88	970.88
23.	सिक्किम	14.35	12.16	17.84	32.73	53.0883	37.62	109.11	47.24	143.92	143.92
24.	तमिलनाडु	565.97	325.25	726.87	488.23	789.13	683.55	833.93	523.32	752.19	632.33
25.	त्रिपुरा	63.26	41.26	74.89	42.6	101.9928	44.8	181.65	45.41	174.88	60.92
26.	उत्तर प्रदेश	2362.1849	2354.23	2739.6	2705.4	3214.57	2357.41	3603.82	2773.66	3368.79	2406.99
27.	उत्तराखंड	135.87	375.59	613.68	511.64	690.38	690.38	614.17	357.12	535.97	535.97
28.	पश्चिम बंगाल	374.06	314.86	566.69	404.76	557.889	504.34	604.73	306.96	1902.73	1902.73
	कुल राज्य	37892.86	35877.72	47067.84	40495.721	46877.68	42753.49	51656.46	45236.41	62960.54	60130.08
	संघ राज्यक्षेत्र										
29.	अंडमान और निकोबार द्वीपसमूह	15.2	69.44	5.09	4.99	6.6	6.9	11.8	5.78	17.62	17.62
30.	चंडीगढ़	0.65	0.35	1.4	0.5	0.5	0.49	0.49	0.37	0.2	0.39
31.	दादरा और नगर हवेली	6.41	6.41	1.3	1.27	3.1	3.39	11.1	16.16	15.36	15.36
32.	दमन और दीव	0.64	0.86	0.7	0.37	0.6	3.06	1.6	1.51	5.44	5.44
33.	दिल्ली	69	28.21	86.6	43.73	37.4	59.62	38	38.55	60	60
34.	लक्षद्वीप	6.03	4.65	6	4	6	5.02	4	3.99	3	3
35.	पांडिचेरी	39.46	40.65	25.86	26.39	85.72	47.12	70.83	36.06	80.15	33.22
	कुल संघ राज्यक्षेत्र	137.39	150.57	126.95	81.25	139.92	125.6	137.82	102.42	181.77	135.03
	कुल राज्य एवं संघ राज्यक्षेत्र	38030.25	36028.29	47194.79	40577.02	47017.60	42879.09	51794.28	45338.83	63142.31	60265.11

*संबंधित एजी से अंतिम व्यय के आंकड़े 2013-14 के दौरान ही उपलब्ध हो पाएंगे।

डीएफबीओटी ढांचे के संबंध में आपत्तियां

11. श्री के. सुगुमार: क्या **विद्युत मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या एसोशिएटिड विद्युत उत्पादकों ने नए विद्युत खरीद समझौतों में प्रस्तावित डिजाइन फाइनांस बिल्ड आपरेट एंड ट्रांसफर (डीएफबीओटी) ढांचे के संबंध में आपत्तियां उठायी हैं;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार का डीएफबीओटी में संशोधन करने का प्रस्ताव है; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

विद्युत मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री ज्योतिरादित्य माधवराव सिंधिया): (क) और (ख) जी, हां। विद्युत मंत्रालय ने निजी

विकासकर्ताओं, वित्तीय संस्थानों, राज्य सरकारों, डिस्काम और संबंधित मंत्रालयों/विभागों सहित स्टेकहोल्डरों की टिप्पणियां/सुझाव प्राप्त करने के लिए 7 सितम्बर, 2012 को मामला-2 के लिए प्रारूप मॉडल विद्युत क्रय करार (एमपीपीए) परिचालित किया था। यह दस्तावेज विद्युत उत्पादक संगठन (एपीपी) सहित पणधारियों के साथ विभिन्न बैठकों और विचार-विमर्शों के आधार पर तैयार किया गया था।

एमपीपीए पर अपनी टिप्पणियां देते समय, विद्युत उत्पादक संगठन (एपीपी) ने यह बताया है कि "डिजाइन फाइनेंस बिल्ड ओपरेट ट्रांसफर (डीएफबीओटी) मॉडल से विद्युत उत्पादन परियोजनाओं के संदर्भ में व्यापक निवेश, विकास तथा वित्तीय चुनौतियां उत्पन्न होंगी।

(ग) और (घ) पणधारियों की टिप्पणियां अंतर-मंत्रालयी समूह के पास परीक्षणाधीन हैं।

बहुराष्ट्रीय कंपनियों द्वारा भेषज कंपनियों की स्थापना

12. **श्री विक्रमभाई अर्जनभाई मादम:** क्या **रसायन और उर्वरक मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) बहुराष्ट्रीय कंपनियों द्वारा गत तीन वर्षों और चालू वर्ष के दौरान देश में कितनी भेषज कंपनियों की स्थापना की गई है और उन पर कितनी धनराशि व्यय हुई है;

(ख) उक्त अवधि के दौरान बहुराष्ट्रीय कंपनियों द्वारा कितनी स्वदेशी भेषज कंपनियों का अधिग्रहण किया गया है;

(ग) स्वदेशी भेषज कंपनियों के अधिग्रहण के बाद औषधियों के मूल्यों में किस सीमा तक वृद्धि की गई है और ऐसी मूल्य वृद्धि का औचित्य क्या है;

(घ) क्या सरकार का स्वदेशी भेषज उद्योग में बहुराष्ट्रीय कंपनियों की भागीदारी पर प्रतिबंध लगाने का विचार है ताकि स्वदेशी भेषज उद्योग को बचाया जा सके;

(ङ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(च) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय के राज्य मंत्री तथा रसायन और उर्वरक मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री श्रीकांत जेना): (क) से (ग) मांगी गई सूचना इस विभाग द्वारा नहीं रखी जाती है।

(घ) से (च) औद्योगिक नीति तथा संवर्धन विभाग द्वारा जारी दिनांक 08.11.2011 के प्रेस नोट संख्या 3(2011) के अंतर्गत भेषजीय क्षेत्र में विदेशी प्रत्यक्ष निवेश नीति नीचे लिखे अनुसार निर्धारित की गई है:-

(i) भेषजीय क्षेत्र में ग्रीनफील्ड निवेशों के लिए ऑटोमैटिक रूट के अधीन 100% तक के विदेशी प्रत्यक्ष निवेश (एफडीआई) को अनुमति दी जाती रहेगी।

(ii) भेषजीय क्षेत्र में ब्राउनफील्ड निवेश (अर्थात् मौजूदा कंपनियों में निवेश) के लिए सरकार द्वारा अनुमोदित रूट के अधीन 100% तक के विदेशी प्रत्यक्ष निवेश (एफडीआई) को अनुमति दी जाएगी।

औद्योगिक नीति तथा संवर्धन विभाग, जो विदेशी प्रत्यक्ष निवेश (एफडीआई) का नोडल विभाग है, ने यह सूचित किया है कि सरकार द्वारा अनुमोदित रूट के अधीन भेषजीय क्षेत्र के अंतर्गत मौजूदा कंपनियों में 100% तक के विदेशी प्रत्यक्ष निवेश की अनुमति देने संबंधी नीति को दिनांक 8.11.2011 के प्रेस नेट संख्या 3/2011 के तहत लागू किया गया था। इस प्रावधान को अब 10.4.2012 से प्रभावी "2011 के परिपत्र 2-समेकित विदेशी प्रत्यक्ष निवेश नीति" के अंतर्गत शामिल कर लिया गया है।

विद्युत क्षेत्र में निधियों की आवश्यकता

13. **श्री एस. पक्कीरप्पा:** क्या **विद्युत मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने 2007 से 2012 के लिए विद्युत क्षेत्र में निधियों की आवश्यकता का कोई आकलन किया है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार ने देश के विद्युत क्षेत्र में निवेश करने के लिए विदेश से निवेशकों को आमंत्रित किया था; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और सरकार को इस संबंध में क्या प्रत्युत्तर प्राप्त हुआ है?

विद्युत मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री ज्योतिरादित्य माधवराव सिंधिया): (क) और (ख) 11वीं योजना के लिए विद्युत संबंधी कार्यदल की रिपोर्ट के अनुसार विद्युत क्षेत्र के लिए 11वीं योजना (2007-12) के वास्ते 10,31,600 करोड़ रुपए की निधि की आवश्यकता थी। इसमें 4.1 लाख करोड़ रुपए उत्पादन में, 1.4 लाख करोड़ रुपए पारेषण में और 2.87 लाख करोड़ रुपए की निधि वितरण क्षेत्र में शामिल थी।

(ग) और (घ) सरकार ने विद्युत क्षेत्र में विदेश से निवेश लाने जैसे, विद्युत क्षेत्र में (परमाणु ऊर्जा को छोड़कर) स्वचालित मार्ग के अंतर्गत 100 प्रतिशत तक विदेशी प्रत्यक्ष निवेश (एफडीआई) के लिए नीतिगत उपायों की पहल की है। इसमें विद्युत उत्पादन, पारेषण और वितरण तथा साथ ही साथ विद्युत अधिनियम, 2003 के अनुसार विद्युत व्यापार शामिल है। भारत सरकार ने अगले वर्ष अर्थात् 31 मार्च, 2013 तक 30 प्रतिशत की तुलना में 15 प्रतिशत की न्यूनतम दर पर भारतीय कंपनियों की विदेशी सहायक संस्थाओं से भारत में लाभांशों के देश प्रत्यावर्तण को भी अनुमति प्रदान की है।

[अनुवाद]

पंजाब टर्मीनेशन ऑफ एग्रीमेंट एक्ट

14. **श्री बद्रीराम जाखड़:** क्या **जल संसाधन मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या पंजाब और हरियाणा द्वारा राजस्थान को मनमाने तरीके से जल छोड़ा जा रहा है;

(ख) यदि हां, तो क्या केन्द्र सरकार भाखड़ा ब्यास प्रबंधन बोर्ड को निर्देश जारी करने पर विचार कर रही है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि राजस्थान को टेक्नीकल कमेटी द्वारा यथा निर्धारित जल का अपना हिस्सा प्राप्त हो;

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(घ) पंजाब टर्मीनेशन ऑफ एग्रीमेंट एक्ट, 2004 के पारित होने से पूर्व और बाद में हरियाणा राज्य द्वारा रावी-ब्यास के जल का कितनी मात्रा में उपयोग किया गया; और

(ङ) क्या उपर्युक्त अधिनियम में हरियाणा द्वारा उपयोग किए जाने वाले रावी-ब्यास के जल की मात्रा का विशेष रूप से उल्लेख किया गया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

जल संसाधन मंत्री (श्री हरीश रावत): (क) भाखड़ा ब्यास प्रबंधन बोर्ड (बीबीएमबी) के अनुसार संबंधित राज्यों को जल, उनके द्वारा लगाए गए आवश्यकता के अनुमान/तकनीकी समिति की मासिक बैठकों में लिए गए निर्णय के अनुसार प्रत्येक राज्य के हिस्से के आधार पर जारी किया जाता है।

(ख) और (ग) बीबीएमबी, जिसमें पंजाब, हरियाणा और राजस्थान के प्रतिनिधि शामिल हैं, स्वयं ही जल छोड़ने के विषय में निर्णय लेने हेतु सक्षम निकाय है।

(घ) पंजाब और हरियाणा द्वारा दी गई सूचना के अनुसार, पंजाब करार समाप्ति अधिनियम, 2004 से पहले और बाद में हरियाणा द्वारा रावी-ब्यास के जल के उपयोग की औसत मात्रा 1. 62 मिलियन एकड़ फीट (एमएएफ) है।

(ङ) पंजाब द्वारा दी गई सूचना के अनुसार, पंजाब करार समाप्ति अधिनियम, 2004 में हरियाणा द्वारा रावी-ब्यास के जल का उपयोग 1.62 एमएएफ उल्लिखित है।

अल्पसंख्यक संस्थाओं में रिक्तियां

15. **श्रीमती सुशीला सरोज:**
श्रीमती ऊषा वर्मा:
श्रीमती सीमा उपाध्याय:

क्या **अल्पसंख्यक कार्य मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या देश में केन्द्र सरकार के अधीन चलाई जा रही अल्पसंख्यक संस्थाओं में बड़े पैमाने पर पद रिक्त पड़े हैं जिसके कारण अल्पसंख्यक संस्थाओं के कार्य बाधित हो रहे हैं और उन्हें पूरी सुविधाएं प्राप्त नहीं हो रही हैं;

(ख) यदि हां, तो विभिन्न अल्पसंख्यक संस्थाओं में पड़े रिक्त पदों का ब्यौरा क्या है और ये रिक्तियां कब से लंबित पड़ी हैं;

(ग) इस रिक्तियों को न भरे जाने के क्या कारण हैं; और

(घ) रिक्त पदों को भरने के लिए केन्द्र सरकार द्वारा क्या कदम उठाये जा रहे हैं?

अल्पसंख्यक कार्य मंत्री (श्री के. रहमान खान): (क) और (ख) इस मंत्रालय के प्रशासनिक नियंत्रणाधीन कोई अल्पसंख्यक संस्थान नहीं है। तथापि, मानव संसाधन विकास मंत्रालय के अधीन अल्पसंख्यक संस्थानों में उनकी स्वीकृत क्षमता की तुलना में निम्नलिखित रिक्तियां दर्शायी गई हैं:

(i) मौलाना आजाद राष्ट्रीय उर्दू विश्वविद्यालय (एम ए एन यू यू) में 284 स्वीकृत पदों में से 148 रिक्तियां;

(ii) जामिया मिलिया इस्लामिया में 824 स्वीकृत पदों में से 134 रिक्तियां; तथा

(iii) अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय में 1887 स्वीकृत पदों में से 378 रिक्तियां केवल अल्पसंख्यक संस्थानों में ही नहीं अपितु समूचे तौर पर अन्य संस्थानों में लगभग 30% तक स्टाफ की कमी है।

(ग) इन रिक्तियों को न भरे जा सकने के मुख्य कारणों की वजह यह है कि बहुत ही कम अर्हता प्राप्त उम्मीदवार, विभिन्न कारणों यथा (i) निम्नतर वेतनमान (ii) विश्वविद्यालय तथा कॉलेज स्तरीय शिक्षण पदों हेतु स्नातकोत्तर एवं डॉक्टरल अध्ययन की अर्हता प्राप्त करने सरीखी संकाय पदों के लिए उच्चतर अर्हता प्राप्त करने में ज्यादा समय लगने के कारण शिक्षण पदों का चुनाव कर रहे थे।

(घ) केन्द्र सरकार ने शिक्षण व्यवसाय में प्रतिभा को आकर्षित करने व रोके रखने के लिए केंद्रीय विश्वविद्यालयों एवं उनके अधीन महाविद्यालयों के शिक्षकों के वेतनमानों में संशोधन किया था। केन्द्र सरकार ने अपने संवैधानिक दायित्व का निर्वहन करते हुए, उन राज्य सरकारों को वित्तीय सहायता मुहैया कराना जारी रखने का निर्णय लिया था जो विश्वविद्यालय तथा महाविद्यालय के शिक्षकों के वेतनमानों में संशोधन की योजना को अपनाना तथा लागू करना चाहते हैं।

रेल पथ पर होने वाली मौतें

16. **श्री भूदेव चौधरी:**
श्रीमती ऊषा वर्मा:
श्रीमती सीमा उपाध्याय:

क्या **रेल मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या दिल्ली में रेलमार्ग के साथ-साथ 5-6 फीट ऊंची दीवार बनाने का प्रस्ताव है ताकि रेल पथ पर होने वाली मौतों को रोका जा सके;

(ख) यदि हां, तो इस पहलू पर क्या अद्यतन प्रगति हासिल की गई है और इस संबंध में कुल कितनी राशि व्यय किए जाने की संभावना है;

(ग) रेल पथ को पार करते समय होने वाली मौतों को नियंत्रित करने के लिए रेलवे द्वारा व्यय की गई धनराशि का ब्यौरा क्या है;

(घ) गत तीन वर्षों के दौरान दिल्ली रीजन में रेल पथ को पार करते समय कितने लोगों की मृत्यु हुई है; और

(ङ) ऐसी त्रासदियों को रोकने के लिए किए गए अन्य उपायों का ब्यौरा क्या है?

रेल मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अधीर चौधरी): (क) से (ग) दीवारों के निर्माण की योजना आवश्यकता विशेष पर की जाती है। अतिक्रमण से बचने के लिए दिल्ली-पलवल खण्ड पर लगभग 13.96 किलोमीटर चार दीवारों का निर्माण किया गया है। इन चार-दीवारों के निर्माण पर लगभग 3.5 करोड़ रुपए की राशि खर्च की गई है। दिल्ली क्षेत्र में, विशेष रूप से अतिक्रमण से बचने के लिए रेलपथ के विस्तार के साथ लंबी सीमा दीवार के निर्माण के लिए कोई योजना नहीं है।

(घ)

वर्ष	2010	2011	2012 (सितम्बर तक)
सं.	545	401	411

(ङ) रेल अधिनियम के प्रावधानों के अंतर्गत अतिक्रमणकारियों के विरुद्ध नियमित अभियान चलाया जा रहा है और रेलपथों पर अतिक्रमण से बचने के लिए सिविल पुलिस, राजकीय रेल पुलिस और सिविल प्रशासन के साथ निकट समन्वय बनाया जा रहा है।

[अनुवाद]

जल का बंटवारा

17. श्री आर. थामराईसेलवन: क्या **जल संसाधन मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या केन्द्र सरकार ने जल की आपूर्ति के संबंध में राज्यों द्वारा लिए गए कुछ निर्णयों को ध्यान में रखते हुए जल के बंटवारे संबंधी मुद्दों का समाधान करने के लिए सभी राज्य सरकारों की बैठक बुलाने का निर्णय लिया है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या राज्यों को विगत समय में किए गए समझौतों का पालन करने के लिए कहा गया है; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इस पर उनकी क्या प्रतिक्रिया है?

जल संसाधन मंत्री (श्री हरीश रावत): (क) और (ख) केन्द्रीय सरकार बातचीत के माध्यम से राज्य सरकारों के बीच जल की हिस्सेदारी से संबंधित मतभेदों के सौहार्द्रपूर्ण समाधान हेतु लगातार प्रयास कर रही है। अत: समय-समय पर जब भी आवश्यकता होती है, बैठकें बुलाई जाती हैं।

(ग) और (घ) जल की हिस्सेदारी से संबंधित अंतर-राज्यीय समझौते किए गए हैं और संबंधित राज्य सरकारों द्वारा कार्यान्वित किए गए हैं।

[हिन्दी]

निर्मल ग्राम पुरस्कार-2009 की सत्यापन रिपोर्ट

18. **श्री भाउसाहेब राजाराम वाकचौरे:** क्या **पेयजल और स्वच्छता मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या केन्द्र सरकार को निर्मल ग्राम पुरस्कार-2009 के लिए गैर-सरकारी संगठनों की सत्यापन रिपोर्ट के संबंध में महाराष्ट्र राज्य सरकार और जन प्रतिनिधियों से अभ्यावेदन प्राप्त हुए हैं;

(ख) ऐसे गैर-सरकारी संगठनों के नाम क्या हैं जिनके संबंध में केन्द्र सरकार को गत एक वर्ष के दौरान और आज तक अभ्यावेदन प्राप्त हुए हैं और राज्य में वे कहां-कहां स्थित हैं;

(ग) क्या केन्द्र सरकार ने इस संबंध में कोई कार्रवाई की है; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

पेयजल और स्वच्छता मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री भरतसिंह सोलंकी): (क) जी, हां। वर्ष 2009-10 में अभ्यावेदन मिले थे।

(ख) विगत एक वर्ष से आज तक केन्द्र सरकार को कोई अभ्यावेदन नहीं मिला है।

(ग) और (घ) वर्ष 2009-10 के दौरान प्राप्त अभ्यावेदनों की जांच की गई थी और यह जानकारी देकर इस मामले का निपटान किया गया था कि निर्मल ग्राम पुरस्कार, 2009 देने के ऐसे मामलों की समीक्षा कर पाना संभव नहीं होगा।

[अनुवाद]

एनटीपीसी का कर्ज

19. **श्री ई.जी. सुगावनम:** क्या **विद्युत मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या राष्ट्रीय ताप विद्युत निगम लि. (एनटीपीसी) का कर्ज विगत कुछ वर्षों में बढ़ता रहा है;

(ख) यदि हां, तो गत तीन वर्षों के दौरान तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या कर्ज के भार को कम करने और इसके व्यापरावर्त और लाभदेयता में सुधार करने के लिए कोई कदम उठाये गये हैं;

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ङ) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

विद्युत मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री ज्योतिरादित्य माधवराव सिंधिया): (क) और (ख) एनटीपीसी बोर्ड द्वारा किए गए अनुमोदन के अनुसार, कंपनी अपनी पूंजी व्यय (कैपेक्स) की वित्तयोजना 70:30 की इक्विटी अनुपात में करती है। दिनांक 31.03.2012 के तुलनपत्र के अनुसार, ऋण-इक्विटी अनुपात 0.69:1 के स्तर पर था जोकि, एनटीपीसी बोर्ड द्वारा अनुमोदित अनुपात के भीतर है। इसलिए एनटीपीसी में अत्यंत निम्न गियरिंग अनुपात है।

पिछले तीन वर्षों के दौरान लगाए गये डेब्ट की तुलना में कुल कैपेक्स इस प्रकार हैं:-

(करोड़ रुपये में)

वर्ष	कैपेक्स	ऋण	इक्विटी
2009-10	10467.13	5086.73	5380.40
2010-11	12955.63	8668.68	4286.95
2011-12	15993.52	9784.05	6209.47

(ग) चूंकि कैपेक्स में लगाया गया ऋण अपेक्षित अनुपात के भीतर है इसलिए ऋण को कम करने के लिए कोई कदम उठाने की आवश्यकता नहीं है।

(घ) और (ङ) उपर्युक्त (ग) को देखते हुए प्रश्न नहीं उठता।

विद्युत क्षेत्र हेतु विनियामक

20. **श्री सी. शिवासामी:** क्या **विद्युत मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार का विचार विद्युत क्षेत्र के लिए एक सशक्त और सजग विनियामक की स्थापना करने का है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार का विचार राज्य के विनियामकों को उन मुद्दों के मामले में और अधिक स्वायत्तता प्रदान करने का जो विद्युत क्षेत्र के विकास को बाधित कर रहे हैं;

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ङ) क्या सरकार ने इस संबंध में विद्युत अधिनियम, 2003 में संशोधन करने के लिए राज्य विद्युत विनियामक आयोगों के साथ चर्चा की है; और

(च) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

विद्युत मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री ज्योतिरादित्य माधवराव सिंधिया): (क) और (ख) विद्युत विनियामक आयोग (ईआरसी) अधिनियम, 1998 में केंद्र और राज्यों में विनियामक आयोगों के सृजन की व्यवस्था की गई है। ईआरसी अधिनियम, 1998 को विद्युत अधिनियम, 2003 द्वारा प्रतिस्थापित कर दिया गया है। ईआरसी अधिनियम, 1998 के प्रावधानों के अंतर्गत सृजित केन्द्रीय विद्युत विनियामक आयोग (ईआरसी) को विद्युत अधिनियम, 2003 के अंतर्गत केन्द्रीय विद्युत विनियाम आयोग के रूप में मान्यता प्रदान की गई है। इसी प्रकार से, संबंधित राज्य सरकारों द्वारा राज्य विद्युत विनियामक आयोगों (एसईआरसी) की स्थापना की गई है।

विद्युत अधिनियम, 2003 के प्रावधानों, उनके अंतर्गत बनाए गए नियमों एवं विनियमों में निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से अपने कार्यों के निर्वहन में विद्युत विनियामक आयोगों (ईआरसी) को स्वायत्ता देने की व्यवस्था की गई है।

(ग) विद्युत क्षेत्र के विकास को प्रभावित करने वाले मामलों को निपटाने में राज्य विनियामकों को व्यापक स्वायत्ता प्रदान करने के सम्बन्ध, में, यह कार्य संबंधित राज्य सरकारों के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत आता है जिन्हें इस संबंध में नियम बनाने का अधिकार दिया गया है और जो उपयुक्त सरकार है।

(घ) से (च) उपरोक्त उत्तर को ध्यान में रखते हुए प्रश्न नहीं उठता।

[हिन्दी]

एनएमडीएफसी द्वारा तकनीकी और उद्यम संबंधी कौशल का स्तरोन्नयन

21. श्री सैयद शाहनवाज हुसैनः क्या **अल्पसंख्यक कार्य मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या राष्ट्रीय अल्पसंख्यक विकास और वित्त निगम (एनएमडीएफसी) ने उत्पादन इकाइयों के उचित और कुशल प्रबंधन के लिए अल्पसंख्यकों के तकनीकी और उद्यम संबंधी कौशल का स्तरोन्नयन करने में सहायता करने हेतु कोई कदम उठाये हैं;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) एनएमडीएफसी द्वारा गत तीन वर्षों और चालू वर्ष के दौरान देश में किए गए विकासात्मक कार्यकलापों का ब्यौरा क्या है?

अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री निनोंग ईरींग): (क) और (ख) राष्ट्रीय अल्पसंख्यक विकास एवं वित्त निगम (एनएमडीएफसी) दोगुनी गरीबी रेखा से नीचे रहने वाले अल्पसंख्यक समुदायों के लोगों के तकनीकी और उद्यम संबंधी कौशलों को उन्नत बनाने के लिए उनके व्यावसायिक प्रशिक्षण हेतु एक संवर्धनात्मक योजना कार्यान्वित करता है। इस योजना के अंतर्गत, अल्पसंख्यक समुदायों से संबंधित अभ्यर्थियों को विभिन्न व्यावसायिक ट्रेडों में प्रशिक्षण दिया जाता है। एनएमडीएफसी अपने राज्य चैनेलाइजिंग एजेंसियों (एससीए) द्वारा इस योजना का कार्यान्वयन करता है और सरकारी स्वामित्वाधीन/मान्यता प्राप्त संस्थानों द्वारा प्रशिक्षण दिया जाता है। इस योजना के अनुसार, एनएमडीएफसी द्वारा 6 महीने से अनाधिक अवधि वाले प्रशिक्षण कार्यक्रम के लिए प्रत्येक अभ्यर्थी को प्रशिक्षण शुल्क के रूप में 1000 रु. प्रतिमाह प्रदान किया जाता है। एनएमडीएफसी प्रशिक्षण शुल्क का 85% अनुदान देता है और उक्त प्रशिक्षण लेने वाले प्रत्येक अभ्यर्थी को 500 रु. प्रतिमाह वजीफा भी प्रदान किया जाता है।

(ग) पिछले तीन वर्षों एवं चालू वर्ष के दौरान अल्पसंख्यकों के आर्थिक विकास के लिए एनएमडीएफसी द्वारा किए गए क्रियाकलापों के ब्यौरे नीचे दिए गए हैं:

विकासात्मक कार्यकलाप	2009-10	2010-11	2011-12	2012-13 (01.10.2012 तक)
वितरित की गई ऋण राशि (करोड़ रु. में)	197.74	233.27	271.37	133.25
ऋण से सहायता प्राप्त लाभार्थियों की संख्या	1,04,594	1,58,510	1,05,874	32,374
कौशल प्रशिक्षण दिए गए लाभर्थियों की संख्या	3,218	3,369	5,410	3,309
विपणन सहायता उपलब्ध कराए गए लाभार्थियों की संख्या	3,871	4,795	4,600	1,800

राजस्थान को यमुना का जल

22. श्री रतन सिंह: क्या **जल संसाधन मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या राजस्थान के भरतपुर जिले को यमुना से अपने हिस्से की तुलना में कम जल प्राप्त हो रहा है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) भरतपुर जिले को यमुना का जल प्रदान करने के लिए क्या प्रयास किए गए हैं;

(घ) क्या केन्द्र सरकार द्वारा इस संबंध में जल की चोरी को रोकने के लिए कोई व्यवस्था की गई है;

(ङ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(च) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

जल संसाधन मंत्री (श्री हरीश रावत): (क) जी, हां।

(ख) ओखला से छोड़ा गया राजस्थान के हिस्से का जल भरतपुर जिले में प्राप्त होता है। राजस्थान सरकार से प्राप्त सूचना के अनुसार ओखला से राजस्थान की सीमा को प्राप्त जल का वर्षवार ब्यौरा इसके हिस्से की प्रतिशतता के रूप में निम्नानुसार है:-

वर्ष	2001	2002	2003	2004	2005	2006
हिस्से की प्रतिशतता के रूप में प्राप्त जल	51.25	47.58	58.55	58.97	51.39	38.98
वर्ष	2007	2008	2009	2010	2011	
हिस्से की प्रतिशतता के रूप में प्राप्त होने वाला जल	47.39	48.99	43.19	47.07	33.39	

(ग) ऊपरी यमुना नदी बोर्ड (यूवाईआरबी) ने सूचित किया है कि राजस्थान द्वारा ओखला से अपने हिस्से का जल न पाए जाने की शिकायत किए जाने पर सदस्य सचिव, यूवाईआरबी ने 6.3.2010 को गुडगांव नहर से राजस्थान सीमा तक निरीक्षण किया तथा 22.6.2010 को उत्तर प्रदेश, हरियाणा और राजस्थान के मुख्य अभियंताओं के साथ एक बैठक की आयोजना की थी। इसमें निम्नलिखित कार्रवाई बिन्दुओं को अभिज्ञात किया गया था:-

1. ओखला में यमुना के जल के समुचित हिसाब के लिए उत्तर प्रदेश द्वारा ओखला में छोड़े जाने वाले गंगा के जल की निवल मात्रा का आकलन किए जाने की आवश्यकता है।
2. नहरों की संवहन क्षमता को इनकी निर्धारित क्षमता तक लाने के लिए गुडगांव फीडर नहर और गुडगांव नहर से गाद हटायी जानी चाहिए तथा क्षतिग्रस्त नहर-संरेखन की मरम्मत की जानी चाहिए।
3. हरियाणा तथा उत्तर प्रदेश के किसानों द्वारा उनके संबंधित क्षेत्रों में से नहर के जल को गैर-कानूनी रूप से प्राप्त करने को स्थायी रूप से रोकने के लिए कड़े कदम उठाए जाने की आवश्यकता है।

(घ) से (च) यूवाईआरबी ने सूचित किया है कि हरियाणा सरकार ने नहर के जल की चोरी/अनधिकृत प्राप्ति को रोकने के लिए विशेष पुलिस थानों की स्थापना की हैं। यूवाईआरबी ने हरियाणा और राजस्थान के अधिकारियों को आवधिक रूप से संयुक्त निरीक्षण प्रारंभ करने का अनुरोध किया है।

राजीव गांधी ग्रामीण विद्युतीकरण योजना के अंतर्गत प्रस्ताव

23. श्री कपिल मुनि करवारिया: क्या **विद्युत मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) राजीव गांधी ग्रामीण विद्युतीकरण योजना के द्वितीय चरण के अंतर्गत प्राप्त, स्वीकृत और अनुमति हेतु अभी भी लंबित पड़े प्रस्तावों का राज्य-वार ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या राजीव गांधी ग्रामीण विद्युतीकरण योजना के द्वितीय चरण के अंतर्गत स्वीकृत परियोजनाओं के लिए राज्यों को निधियां जारी की गई हैं;

(ग) यदि हां, तो राज्य-वार तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(घ) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

विद्युत मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री ज्योतिरादित्य माधवराव सिंधिया): (क) राजीव गांधी ग्रामीण विद्युतीकरण योजना (आरजीजीवीवाई) के चरण-II के अंतर्गत 72 परियोजनाओं (33 नई परियोजनाओं और 39 पूरक परियोजनाओं) को संस्वीकृत किया गया है जिसमें 8103.80 करोड़ रुपये की परियोजना लागत से 1909

गैर/निर्विद्युतीकृत गांवों का गहन विद्युतीकरण, 53,505 आंशिक रूप से विद्युतीकृत गांवों का गहन विद्युतीकरण और 45.59 लाख गरीबी रेखा से नीचे (बीपीएल) के कनेक्शनों को निःशुल्क विद्युत के कनैक्शन जारी करना शामिल है। इन 72 परियोजनाओं का राज्यवार ब्यौरा संलग्न विवरण-I में है। 17 परियोजनाएं आरईसी के पास लंबित हैं और इन परियोजनाओं का राज्य-वार ब्यौरा संलग्न विवरण-II में दिया गया है।

(ख) से (घ) आरजीजीवीवाई के अंतर्गत, निधि की पहली किस्त ठेका देते समय और संबंधित कार्यान्वयन एजेंसी/डिस्कॉमों से प्राप्त दावे की प्राप्ति पर जारी की जाती है। आरजीजीवीवाई के चरण-II के अंतर्गत छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश और महाराष्ट्र को 31755.37 लाख रुपये की राशि जारी की गई है। जारी की गई निधियों का राज्यवार ब्यौरा संलग्न विवरण-III में दिया गया है।

विवरण-I

आरजीजीवीवाई के चरण-II के अंतर्गत 72 परियोजनाओं का ब्यौरा

क्र.सं.	जिले का नाम	आईए का नाम	गांवों और बसावट वालों की कवरेज							
			यूई/डीई गांव	पीई गांव	कुल गांव	यूई वास स्थलों	पीई वास स्थलों	कुल वास स्थलों	बीपीएल परिवार	परियोजना लागत (लाख रुपये में)
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11
	छत्तीसगढ़									
1.	कोरिया	सीएसपीडीसीएल	82	441	523	855	0	855	23571	8132.31
2.	जशपुर नगर	सीएसपीडीसीएल	44	636	680	1750	0	1750	60763	9370.86
	कुल छत्तीसगढ़		126	1077	1203	2605	0	2605	84334	17503.17
	हरियाणा									
3.	गुड़गांव	डीएचबीवीएनएल	0	202	202	0	0	0	8325	424.04
4.	फरीदाबाद	डीएचबीवीएनएल	0	145	145	0	0	0	3944	443.95
5.	पलवल	डीएचबीबीएनएल	0	278	278	0	0	0	9163	833.54
	कुल हरियाणा		0	625	625	0	0	0	21432	1701.53
	कर्नाटक									
6.	दक्षिण कन्नड़	मेस्कॉम	0	356	356	98	0	98	22121	5947.19
7.	उडिपी	मेस्कॉम	0	231	231	50	0	50	5661	2157.06
	कुल कर्नाटक		0	587	587	148	0	148	27782	8104.25
	केरल									
8.	अलपुजा	केएसईबी	0	77	77	0	183	183	5486	1366.81
9.	एर्नाकुलम	केएसईबी	0	90	90	0	210	210	3828	2471.24

1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11
10.	कोल्लम	केएसईबी	0	92	92	0	123	123	718	328.05
11.	कोट्टायम	केएसईबी	0	84	84	0	84	84	1118	796.51
12.	पाथनमथिट्टा	केएसईबी	0	65	65	0	74	74	1977	575.65
13.	तिरुवनंतपुरम	केएसईबी	0	91	91	0	211	211	3034	2182.13
14.	त्रिसूर	केएसईबी	0	144	144	0	199	199	2678	1262.70
	कुल केरल		0	643	643	0	1084	1084	18839	8983.09
	मध्य प्रदेश									
15.	भिंड	एमपीएमकेबीसीसीएल	5	884	889	0	400	400	35509	5215.48
16.	भोपाल	एमपीएमकेबीसीसीएल	0	499	499	210	0	210	15989	2449.26
17.	ग्वालियर	एमपीएमकेबीसीसीएल	0	583	583	0	11	11	20067	3066.27
18.	होशंगाबाद	एमपीएमकेबीसीसीएल	0	896	896	0	106	106	28649	5182.19
19.	रायसेन	एमपीएमकेबीसीसीएल	3	1376	1379	0	181	181	29389	6541.56
20.	राजगढ़	एमपीएमकेबीसीसीएल	6	1671	1677	0	79	79	51418	9187.11
21.	सिहोर	एमपीएमकेबीसीसीएल	2	1011	1013	0	123	123	16600	4986.17
22.	विदिशा	एमपीएमकेबीसीसीएल	19	1501	1520	0	90	90	33972	7939.31
23.	बरवानी	एमपीपीएसकेवीसीसीएल	0	647	647	154	0	154	21975	5327.82
24.	बरहानपुर	एमपीपीएसकेवीसीसीएल	0	260	260	146	0	146	26213	2352.65
25.	देवास	एमपीपीएसकेवीसीसीएल	0	1055	1055	188	0	188	27156	5801.26
26.	खंडवा	एमपीपीएसकेवीसीसीएल	0	510	510	147	0	147	21568	4188.1
27.	खरगौन	एमपीपीएसकेवीसीसीएल	6	1169	1175	0	85	85	44471	8994.26
28.	मंदसौर	एमपीपीएसकेवीसीसीएल	0	906	906	0	0	0	20580	4598.38
29.	नीमच	एमपीपीएसकेवीसीसीएल	0	451	451	0	0	0	8558	2332.11
30.	शाजापुर	एमपीपीएसकेवीसीसीएल	0	1068	1068	0	7	7	37935	5883.61
	कुल मध्य प्रदेश		41	14487	14528	845	1082	1927	440049	84045.51
	तमिलनाडु									
31.	धर्मापुरी	टेनजेडको	0	251	251	4	0	4	6002	1072.48

1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11
32.	तिरूनावेली	टेनजेडको	0	425	425	370	0	370	9477	1891.02
33.	नीलगिरि	टेनजेडको	0	53	53	79	0	79	8890	763.87
			0	729	729	453	0	453	24369	3727.37
			167	18148	18315	4051	2166	6217	616805	124064.91
	बिहार									
1.	अररिया	बीएसईबी	109	590	699	1337	934	2271	267352	23409.76
2.	बांका	बीएसईबी	91	1567	1658	516	2150	2666	160300	19912.31
3.	भोजपुर	बीएसईबी	115	884	999	136	1195	1331	236433	16909.34
4.	गया	बीएसईबी	402	2283	2685	1253	3788	5041	275296	49841.20
5.	नवादा	बीएसईबी	22	947	969	1743	408	2151	161658	24093.49
6.	पूर्णिया	बीएसईबी	190	906	1096	1107	3043	4150	365941	30753.80
7.	रोहतास	बीएसईबी	70	1640	1710	277	1547	1824	247396	21839.70
8.	सिवान	बीएसईबी	17	1421	1438	292	3838	4130	279374	32007.69
9.	किशनगंज	बीएसईबी	184	438	622	2493	722	3215	221900	17362.60
10.	पटना	बीएसईबी	96	1158	1254	1444	1279	2723	378569	42062.88
11.	नालंदा	बीएसईबी	42	956	998	834	1898	2732	304109	34811.30
	कुल बिहार		1338	12790	14128	11432	20802	32234	2898328	313004.07
	मध्य प्रदेश									
12.	बालाघाट	एमपीपीओकेबीबीसीएल	115	0	115	0	115	115	3648	3445.07
13.	सीधी	एमपीपीओकेबीबीसीएल	5	296	301	0	518	518	13776	2926.95
14.	छतरपुर	एमपीपीओकेबीबीसीएल	16	526	542	226	0	226	30547	4750.08
15.	सतना	एमपीपीओकेबीबीसीएल	6	326	332	31	680	711	8694	3152.43
	कुल मध्य प्रदेश		142	1148	1290	257	1313	1570	56665	14274.53
	महाराष्ट्र									
16.	सोलापुर	एमएसईडीसीएल	0	1139	1139	0	686	686	19279	3364.20
	कुल महाराष्ट्र		0	1139	1139		686	686	19279	3364.20

1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11
	उत्तर प्रदेश									
17.	एटा	डीबीएनएल	0	269	269	520	0	520	17764	4341.84
18.	कन्नौज	डीबीएनएल	54	321	375	822	0	822	20110	7722.53
19.	मैनपुरी	डीबीएनएल	31	244	275	614	0	614	20743	6072.23
20.	इलाहाबाद	पूर्वबीबीएनएल	0	737	737	1351	0	1351	48780	12402.67
21.	प्रतापगढ़	पूर्वबीबीएनएल	0	639	639	1081	0	1081	20526	11512.41
22.	बलिया	पूर्वबीबीएनएल	0	603	603	984	0	984	72491	9918.02
23.	बिजनौर	पीएसवीवीएनएल	87	1655	1742	29	0	29	17681	13545.29
24.	मुजफ्फरनगर	पीएसवीवीएनएल	0	820	820	2	0	2	33384	9777.18
25.	अम्बेडकर नगर	एमबीबीएनएल	0	1231	1231	2233	0	2233	44660	22000.26
26.	बाराबंकी	एमबीबीएनएल	0	1583	1583	2770	0	2770	55400	30991.03
27.	बहराइच	एमबीबीएनएल	0	627	627	1318	0	1318	26360	13050.13
28.	फैजाबाद	एमबीबीएनएल	0	840	840	1349	0	1349	26980	14288.04
29.	गोंडा	एमबीबीएनएल	0	796	796	1725	0	1725	36225	17592.45
30.	हरदोई	एमबीबीएनएल	0	761	761	1567	0	1567	32251	15551.93
31.	लखीमपुर	एमबीबीएनएल	0	1505	1505	3027	0	3027	54486	30268.19
32.	शाहजहांपुर	एमबीबीएनएल	0	1709	1709	1994	0	1994	39880	20703.27
33.	उन्नाव	एमबीबीएनएल	0	1552	1552	3323	0	3323	66500	30725.77
34.	बुलन्दशहर	पीएसबीबीएनएल	73	1134	1207	551	0	551	46722	12399.12
35.	सिद्धार्थनगर	पूर्वबीबीएनएल	0	283	283	503	0	503	18568	5516.73
36.	देवरिया	पूर्वबीबीएनएल	0	302	302	584	0	584	26253	7042.36
37.	जौनपुर	पूर्वबीबीएनएल	0	930	930	2311	0	2311	159358	28613.47
38.	गोरखपुर	पूर्ववीवीएनएल	0	1450	1450	2011	0	2011	58519	21299.94
	कुल उत्तर प्रदेश 22 परियोजनाएं		245	19991	20236	30669	0	30669	943641	345334.86
	पश्चिम बंगाल									
39.	दार्जिलिंग	डब्ल्यूबीएसईडीसीएल	17	289	306	82	1095	1177	24423	10338.41
	कुल पश्चिम बंगाल		17	289	306	82	1095	1177	24423	10338.41
	कुल (सप्लीमेंट्री डीपीआर)		1742	35357	37099	42440	23896	66336	3942336	686316.07
	कुल योग (72 परियोजनाएं)		1909	53505	55414	46491	26062	72553	4559141	810380.98

विवरण-II

आरईसी में 31.10.2012 के अनुसार लंबित 17 परियोजनाओं का ब्यौरा

क्र.सं.	राज्य का नाम	परियोजनाओं की संख्या
1	2	3
1.	बिहार	9
2.	असम	2
3.	कर्नाटक	1
4.	केरल	1
5.	उत्तर प्रदेश	3
6.	छत्तीसगढ़	1
	कुल	17

विवरण-III

आरजीजीवीवाई के चरण-II के अंतर्गत जारी निधियों का राज्यवार ब्यौरा

31.10.2012 के अनुसार

क्र.सं.	जिले का नाम	क्रियान्वयन एजेंसी का नाम	प्रभावी स्वीकृति लागत (लाख रुपये में)	जारी संचयी निधियां (लाख रुपये में)		
				ऋण1	सब्सिडी	कुल
1	2	3	4	5	6	7
	छत्तीसगढ़					
1.	कोरिया	सीएसपीडीसीएल	8132.31	0.00	1845.49	1845.49
2.	जशपुर नगर	सीएसपीडीसीएल	9370.86	0.00	1147.23	1147.23
	कुल		17503.17		2992.72	2992.72
	मध्य प्रदेश					
1.	भिंड	एमपीएमकेवीसीसीएल	5215.48	156.46	1563.42	1719.88
2.	भोपाल	एमपीएमकेवीसीसीएल	2449.26	73.48	731.45	804.93
3.	ग्वालियर	एमपीएमकेवीसीसीएल	3066.24	91.99	915.71	1007.70
4.	होशंगाबाद	एमपीएमकेवीसीसीएल	5182.19	155.47	1524.66	1680.12
5.	रायसेन	एमपीएमकेवीसीसीएल	6541.56	196.25	1894.99	2091.24
6.	राजगढ़	एमपीएमकेवीसीसीएल	9187.11	275.61	2705.76	2981.38
7.	सिहोर	एमपीएमकेवीसीसीएल	4986.17	149.59	1418.74	1568.33
8.	विदिशा	एमपीएमकेवीसीसीएल	7939.31	238.18	2278.95	2517.13
9.	बरवानी	एमपीएसकेवीसीसीएल	5327.82	124.86	1220.22	1345.08

1	2	3	4	5	6	7
10.	बुरहानपुर	एमपीएसकेवीसीसीएल	2352.65	57.35	631.17	688.52
11.	देवास	एमपीएसकेवीसीसीएल	5801.26	151.15	1479.41	1630.56
12.	खंडवा	एमपीएसकेवीसीसीएल	4188.10	100.48	761.69	862.17
13.	खरगौन	एमपीएसकेवीसीसीएल	8994.26	212.94	2111.48	2324.41
14.	मंदसौर	एमपीएसकेवीसीसीएल	4598.38	122.29	1190.71	1313.00
15.	नीमच	एमपीएसकेवीसीसीएल	2332.11	60.95	586.04	646.99
16.	शाजापुर	एमपीएसकेवीसीसीएल	5883.61	156.93	1578.70	1735.63
17.	छत्तरपुर (एस)	एमपीपीओकेवीवीसीएल	4750.08	112.85	813.40	926.25
18.	सतना (एस)	एमपीपीओकेवीवीसीएल	3152.43	72.43	594.41	666.84
19.	बालाघाट (एस)	एमपीपीओकेवीवीसीएल	3445.07	64.32	554.81	619.13
20.	सीधी (एस)	एमपीपीओकेवीवीसीएल	2926.95	63.30	478.62	541.93
	कुल		98320.04	2636.88	25034.33	27671.21
	महाराष्ट्र					
1.	सोलापुर (एस.)	एमएसडीसीएल	3364.20	100.93	990.51	1091.43
	कुल		3364.20	100.93	990.51	1091.43
	कुल योग		119187.41	2737.81	29017.56	31755.37

[अनुवाद]

भेषज क्षेत्र में विदेशी निवेश को अनुमति

24. श्री सुरेश कुमार शेटकर: क्या **रसायन और उर्वरक मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने देश में भेषज क्षेत्र में विदेशी निवेश के 333 मिलियन अमरीकी डालर राशि के विदेशी निवेश के आठ प्रस्तावों को अनुमति प्रदान की है; और

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय के राज्य मंत्री तथा रसायन और उर्वरक मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री श्रीकांत जेना): (क) और (ख) विदेशी निवेश संवर्धन बोर्ड की दिनांक 24 अगस्त, 2012 को हुई बैठक में ब्राउन फील्ड औषधि क्षेत्र में विदेशी प्रत्यक्ष निवेश से संबंधित 1842.55 करोड़ रुपए की राशि वाले निम्नलिखित 8 प्रस्तावों का अनुमोदन किया गया था:—

क्र.सं.	आवेदक का नाम	एफडीआई/एनआरआई अंत:प्रवाह (करोड़ रुपये में)
1	2	3
1.	मैसर्स ऑरडेन हैल्थ केयर ग्लोबल प्रा.लि., चेन्नै	58.85
2.	मैसर्स सुतुरेस इंडिया प्रा.लि., बंगलौर	200.00

1	2	3
3.	मैसर्स आर्क फार्मालेब्स लि., मुंबई	372.36
4.	मैसर्स बी ब्राउन सिंगापुर पीटीई लि., सिंगापुर	248.40 (लगभग)
5.	मैसर्स स्टेलैंस फार्मा साइंस प्रा.लि., बंगलौर	100.00
6.	मैसर्स फाइज़र लि., मुंबई	800
7.	मैसर्स व्योम बायोसाइंस प्रा.लि., दिल्ली	12.50
8.	मैसर्स जीम लेबोरेट्रीज लि., नागपुर	50.44

[हिन्दी]

मध्य प्रदेश और दक्षिणी राज्यों के बीच रेलगाड़ियां

25. **श्री भूपेन्द्र सिंहः**
श्री जयराम पांगीः
श्री यशवंत लागुरीः

क्या **रेल मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या मध्य प्रदेश और दक्षिणी राज्यों के बीच बरास्ता सागर और नागपुर एक भी रेलगाड़ी नहीं है;

(ख) यदि हां, तो क्या रेलवे का प्रस्ताव सागर को दक्षिणी राज्यों से जोड़ने का है;

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इस पर क्या कार्यवाही की गई है अथवा किए जाने का प्रस्ताव है;

(घ) क्या रेलवे में भुवनेश्वर से दिल्ली बरास्ता क्योंझर कोई एक्सप्रेस/मेल गाड़ी चलाने का कोई निर्णय लिया है; और

(ङ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इसे कब तक कार्यान्वित किए जाने की संभावना है?

रेल मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अधीर चौधरी): (क) से (ग) भारतीय रेलवे राज्य-वार आधार पर गाड़ियां नहीं चलाती क्योंकि भारतीय रेलवे पर गाड़ियां विभिन्न राज्यों की सीमाओं से गुजरती हैं। फिलहाल, नागपुर दक्षिण राज्यों के सभी महत्वपूर्ण स्टेशनों से जुड़ा हुआ है, जबकि सोंगोर सीधी रेल सेवाओं से दक्षिण राज्यों से सीधे जुड़ा हुआ नहीं है, बहरहाल, भारतीय रेलवे पर नई गाड़ियां चलाना एक सतत् प्रक्रिया है जो परिचालनिक व्यवहार्यता, यातायात औचित्य और संसाधनों की उपलब्धता पर निर्भर करता है।

(घ) जी नहीं। फिलहाल, ऐसा कोई प्रस्ताव नहीं है।

(ङ) प्रश्न नहीं उठता।

[अनुवाद]

जल को शोधित करना

26. **श्री रामसिंह राठवाः** क्या **जल संसाधन मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या देश के एक तिहाई जिलों में पेयजल में काफी अधिक मात्रा में फ्लोराइड मौजूद है;

(ख) यदि हां, तो क्या देश के एक चौथाई जिलों में पेयजल में लवण्यता और नाइट्रेट काफी अधिक मात्रा में मौजूद है;

(ग) यदि हां, तो क्या इसके परिणामस्वरूप लाखों लोग फ्लूरोसिस का शिकार हैं; और

(घ) यदि हां, तो जल के उपभोग हेतु आपूर्ति किए जाने से पूर्व शोधन के लिए क्या कदम उठाए जा रहे हैं?

जल संसाधन मंत्री (श्री हरीश रावत): (क) और (ख) पेयजल एवं स्वच्छता मंत्रालय द्वारा दी गई सूचना के अनुसार, 01.04.2012 की स्थिति के अनुसार 650 जिलों में से 184 जिले फ्लोराइड से, 154 जिले लवणता से और 80 जिले नाइट्रेट से प्रभावित हैं।

(ग) स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने बताया है कि 14 वर्ष से कम आयु के 6 मिलियन बच्चों समेत 25 मिलियन लोग फ्लोरोसिस से पीड़ित हैं। तथापि, स्थानिकमारी क्षेत्र में रहने वाले 66 मिलियन लोगों को जोखिम है क्योंकि उनके पेयजल में फ्लोराइड का स्तर स्वीकार्य सीमा से अधिक है।

(घ) राज्यों की समुचित परिशोधित प्रौद्योगिकियों द्वारा राष्ट्रीय ग्रामीण पेयजल कार्यक्रम के तहत जल प्रबंधन उपाय करने होते हैं।

[हिन्दी]

सरकारी क्षेत्र के उपक्रमों में आरक्षण नीति

27. **श्रीमती कमला देवी पटले:** क्या **भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) मंत्रालय में कुल मंजूर कर्मचारियों की संख्या का समूह-वार अर्थात् समूह "क" से समूह "ख" तक का ब्यौरा क्या है;

(ख) सरकारी क्षेत्र के विभिन्न उपक्रमों में कुल कर्मचारी संख्या में से अनुसूचित जातियों तथा अनुसूचित जनजातियों के लिए आरक्षित कितने पद आज की तिथि के अनुसार रिक्त है;

(ग) क्या सरकार का विचार विशेष भर्ती अभियान शुरू करके इन रिक्त पदों को भरने का है;

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इसके कब तक होने की संभावना है; और

(ङ) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्री (श्री प्रफुल पटेल): (क) मंत्रालय में स्वीकृत कर्मचारियों की कुल संख्या निम्नानुसार है:

		समूह क	समूह ख	समूह ग	समूह घ	कुल
(i)	भारी उद्योग विभाग (डीएचआई)	50	87	57	56	250
(ii)	लोक उद्यम विभाग (डीपीई)	30	32	31	33	126
(iii)	भारी उद्योग विभाग के अंतर्गत सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम	21427	13081	37168	17373	89049
	कुल	21507	13200	37256	17462	89425

(ख) आज की स्थिति के अनुसार सार्वजनिक क्षेत्र के विभिन्न उपक्रमों में कर्मचारियों की कुल संख्या में से रिक्त पड़े अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित पदों की संख्या निम्नानुसार हैं:

अनुसूचित जाति	अनुसूचित जनजाति	कुल
397	461	858

(ग) भारत सरकार, कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग, कार्मिक, जन शिकायत और पेंशन मंत्रालय के दिशानिर्देशों के अनुसार समय-समय पर अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित पदों को भरने के लिए विशेष भर्ती अभियान चलाए जाते हैं।

(घ) और (ङ) यथोपरि।

[अनुवाद]

एनआरएलएम के अंतर्गत कार्यान्वयन एजेंसियां

28. **श्री ए.के.एस. विजयन:** क्या **ग्रामीण विकास मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (एनआरएलएम) के अंतर्गत कार्यान्वयन एजेंसियों के चयन के मानदंड क्या हैं;

(ख) एनआरएलएम के अंतर्गत स्कीमों के चयन और कार्यान्वयन में स्थानीय स्वशासन संस्थाओं की क्या भूमिका है;

(ग) क्या केन्द्र सरकार का विचार एनआरएलएम के अंतर्गत स्कीमों के कार्यान्वयन हेतु ठेके प्रदान किए जाने और राज्य सरकारों को शामिल किए बिना कार्यान्वयन एजेंसियों को प्रत्यक्ष रूप से निधियां अंतरित करने का है; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इसके क्या कारण हैं?

ग्रामीण विकास मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री प्रदीप जैन): (क) और (ख) राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (एनआरएलएम) के कार्यान्वयन के लिए इस मंत्रालय द्वारा अनुमोदित किए गए फ्रेमवर्क के अनुसार, राज्य सरकार द्वारा बनाए गए राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन (एसआरएलएम) राज्य में एनआरएलएम से संबंधित क्रियाकलापों के कार्यान्वयन की देख-रेख करेंगे। एसआरएलएम सोसायटी, ट्रस्ट या कम्पनी के रूप में संस्थापित किया गया एक स्वायत निकाय होगा। ऐसे राज्यों में, जहां राज्य सरकार मौजूदा सोसायटी का इस्तेमाल एसआरएलएम के रूप में करना चाहती है, वहां एनआरएलएम के उद्देश्यों को समाविष्ट करने के लिए इसके संगम ज्ञापन/उप-नियमों में संशोधन किए जाने की जरूरत होगी। एनआरएलएम परस्पर लाभकारी कामकाजी संबंध बनाने, परामर्श करने और पंचायतों एवं निर्धनों की संस्थाओं के बीच संसाधनों के वितरण के लिए कतिपय व्यवस्थाएं बनाने का समर्थन करता है। एनआरएलएम के अंतर्गत, राज्यों को गरीबी उपशमन के लिए उनकी खुद की कार्य योजनाएं बनानी होती हैं जिनमें अन्य के साथ-साथ एनआरएलएम के कार्यान्वयन में स्थानीय स्वशासी संस्थाओं की भूमिका शामिल होगी। पीआरआई को शामिल/तैनात किए जाने के निर्देशात्मक क्रियाकलापों में निम्नलिखित शामिल होंगे:

(i) प्रारंभ में अत्यंत निर्धनों और उनमें लाभ से सबसे अधिक वंचित व्यक्तियों को वरीयता देते हुए बीपीएल परिवारों का निर्धारण करना और उन्हें स्व-सहायता समूहों में एकजुट करना;

(ii) विभिन्न स्तरों पर एसएचजी संघों की मदद करना और उनके प्रभावी कामकाज के लिए उन्हें स्थान और अन्य बुनियादी सुविधाएं मुहैया कराना;

(iii) पीआरआई की वार्षिक योजनाओं/क्रियाकलापों में एसएचजी और उनके संघों की जरूरी मांगों को शामिल करना तथा उपयुक्त वित्तीय आबंटन करना; और

(iv) एसएचजी नेटवर्क की ओर से विभिन्न विभागों और एजेंसियों के साथ सहयोग करना।

(ग) और (घ) एसजीएसवाई को एनआरएलएम में बदलने के लिए राज्यों को कतिपय प्रारंभिक उपाय करने होंगे। जब तक राज्य एसजीएसवाई को एनआरएलएम में परिवर्तित नहीं कर लेते तब तक निधियां उपलब्ध कराने की प्रक्रिया एसजीएसवाई की प्रक्रिया की तरह ही रहेगी अर्थात् निधियां सीधे जिला ग्रामीण विकास एजेंसियों को रिलीज की जाएंगी। ऐसे राज्यों, जिन्होंने एनआरएलएम में परिवर्तित होने की शर्तों का अनुपालन किया है, ने निधियां एसआरएलएम के जरिए उपलब्ध कराई जाएंगी। एनआरएलएम के दो उप-घटक अर्थात् नियोजन से जुड़ी कौशल विकास योजना और महिला सशक्तिकरण परियोजना के मामले में ग्रामीण विकास मंत्रालय संबंधित राज्य सरकार द्वारा अनुशंसित परियोजना प्रस्तावों पर भी विचार करेगा। इन योजनाओं के अंतर्गत यदि परियोजना कार्यान्वयन एजेंसी एक गैर सरकारी निकाय है तो उन्हें निधियों का अंतरण एनआईआरडी हैदराबाद, नैबकॉन्स, इग्नू जैसी पदनामित सरकारी एजेंसी या राज्य सरकार के विभागों द्वारा किया जाता है।

विद्युत वितरण कंपनियों की वित्तीय स्थिति

29. **श्री एस.आर. जेयदुरई:** क्या **विद्युत मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या केंद्र सरकार ने देश में विद्युत वितरण कंपनियों की वित्तीय स्थिति का अध्ययन करने के लिए एक समिति गठित की थी;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या उपरोक्त समिति ने अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत कर दी है;

(घ) यदि हां, तो समिति की सिफारिशों का ब्यौरा क्या है; और

(ङ) इन सिफारिशों पर सरकार द्वारा क्या कार्यवाही की गई है?

विद्युत मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री ज्योतिरादित्य माधवराव सिंधिया): (क) और (ख) जी, हां। राज्य विद्युत वितरण कंपनियों के मामलों की जांच करने तथा वितरण यूटिलिटियों की वित्तीय स्थिति के सुधार लाने के उपाय सुझाने के लिए योजना आयोग ने दिनांक 18.10.2011 के कार्यालय ज्ञापन द्वारा श्री बी.के. चतुर्वेदी, सदस्य (ऊर्जा), योजना आयोग की अध्यक्षता में एक विशेषज्ञ समूह का गठन किया है।

(ग) से (ङ) इस समिति की सिफारिशों के अनुसरण में, भारत सरकार ने राज्यों के स्वामित्व वाली वितरण कंपनियों के वित्तीय कारोबार (टर्न-अराउंड) के लिए केन्द्र सरकार के परिवर्ती वित्त तंत्र के माध्यम से सहायता देते हुए उनके ऋणों की पुनर्संरचना द्वारा उनके वित्तीय पुनर्गठन के लिए स्कीम अनुमोदित कर दी है। इस योजना की मुख्य विशेषताएं संलग्न विवरण में हैं।

यह योजना 05.10.2012 से लागू है तथा 31 दिसंबर, 2012 अथवा भारत सरकार द्वारा बढ़ाई गई तिथि तक खुली रहेगी। यह योजना राज्य सरकारों द्वारा पुनर्गठन योजनाओं को अंतिम रूप देने के लिए है। इस प्रकार के पुनर्गठन का प्रभाव राज्यों के स्वामित्व वाले डिस्काम्स की दीर्घावधि वित्तीय व्यवहार्यता को अंततः सुनिश्चित करना है।

विवरण

योजना की मुख्य विशेषताएं

क (i) 31 मार्च 2012 की स्थिति के अनुसार 50% बकाया लघु अवधि न्देयताओं को राज्य सरकारों द्वारा वहन किया जायेगा। इसे डिस्कॉम द्वारा प्रथमतः विनियमित कर बांड के रूप में साझेदार उधारदाता के पक्ष में जारी किया जाएगा। राज्य सरकार इस देयता को अगले 2-5 वर्षों के दौरान साझेदार उधारदाताओं के पक्ष में चरणबद्ध आधार पर विशेष प्रतिभूति जारी कर इस बात पर ध्यान रखते हुए समस्त ऋण लघु अवधि देयता का 50% (उपलब्ध राजकोषीय अवधि में) राज्य सरकार द्वारा वहन किया जाता है। मूल राशि की परिपक्वता अदायगी हर मामले में उसे 3-5 वर्षों के ऋण स्थगन अवधि के साथ 15 वर्षों से अधिक नहीं होगी।

(ii) राज्य सरकार इस अंश (भाग) के ब्याज तथा मूल की अदायगी में डिस्कॉम का भरपूर सहयोग करेगी।

(iii) राज्य सरकार सुनिश्चित करेगी कि संबंधित राज्यों के एफआरबीएम अधिनियमों में निर्धारित लक्ष्यों तक ही विशेष प्रतिभूतियां जारी हो और एफआरवीएम लक्ष्यों के अंतरण डेब्ट-जीएसडीपी अनुपात सहित राजकोषीय अवधि विद्यमान है तो भी राज्य तेरहवें वित्त आयोग द्वारा निर्धारित नियम के अनुसार उनसे संबंधित निवल उधार सीमा (प्रत्येक संगत वित्त वर्ष के मामले में) तक ही रहना आवश्यक है।

(ख) लघु अवधि देयताओं के शेष 50% के संबंध में उधारदाताओं द्वारा पुनःसारणीबद्ध किया जायेगा तथा मूल राशि के सामने में 3 वर्ष की ऋण स्थगन अवधि के साथ इसका लेखा-जोखा डिस्कॉम द्वारा रखा जायेगा। मूल तथा ब्याज के भुगतान हेतु राज्य सरकार की पूरी गारंटी होगी। डिस्कॉम परिचालनों के सुधार के लिए ऋणों के पुनःसारणीबद्ध करने के लिए हर संभव प्रयास किए जाएंगे।

(ग) वितरण यूटिलिटियों के प्रचालन निष्पादन में सुधार हेतु डिस्कॉम/राज्यों द्वारा ठोस तथा परिमाणात्मक कार्रवाई के साथ ऋण की पुनर्संरचना/पुनःसारणीबद्ध करना है और योजना के भाग (ग) में उल्लिखित कतिपय आवश्यक तथा अनुशंसात्मक शर्तों को निभाने के लिए राज्य सरकार/डिस्कॉम वचनबद्ध है।

(घ) पुनर्गठन प्रयासों के समर्थन में केन्द्र सरकार द्वारा परिवर्ती वित्त तंत्र (टीएफएम) उपलब्ध है बशर्ते की स्कीम के भाग (ग) में दी गयी अनिवार्य शर्तें पूरी हों। टीएफएम की निम्नलिखित विशेषताएं हैं-

(i) आर-एपीडीआरपी (त्वरित विद्युत विकास एवं सुधार कार्यक्रम) के अधीन विनिर्दिष्ट ट्रांजेक्ट्री हानि के परे-त्वरित एटीएंडसी हानि में कमी के जरिए बचाई गई अतिरिक्त ऊर्जा के बराबर अनुदान के माध्यम से लिक्विडिटी सहायता प्रदान करने हेतु

- अनुदान की पात्रता केवल तभी उत्पन्न होगी यदि वर्ष के दौरान एआरआर तथा एसीएस के बीच का अंतर में वर्ष 2010-11 के लिए बैंचमार्क की तुलना में वर्ष के दौरान व्यय से 25% की कमी आंकी गई है।
- यह स्कीम वर्ष 2012-13 में शुरू होकर केवल 3 वर्षों के लिए उपलब्ध रहेगी।

(ii) स्कीम के अंतर्गत राज्य सरकार द्वारा ली गई देयता पर राज्य सरकार द्वारा मूलधन अदायगी के 25% की पूंजी प्रतिपूर्ति सहायता के जरिए प्रोत्साहन दिया जाता है। राशि की प्रतिपूर्ति केवल तभी की जाएगी जब राज्य सरकार 31.3.2012 को बकाया लघु अवधि देयताओं (संचित हानियों के तदनुरूप) के पूर्ण 50% राशि ले ले। परिवक्ता वित्त तंत्र के विस्तृत दिशा-निर्देश जैसा ऊपर बताया गया है को अलग से अधिसूचित किया जाएगा।

(ङ) ह्रासमान पैमाने पर प्रथम 3 वर्षों के लिए प्रचालन हानियों एवं ब्याज के वित्त पोषण के लिए सचिव वित्तीय सेवा विभाग द्वारा विद्युत मंत्रालय एवं संबंधित राज्यों के प्रतिनिधियों के साथ केन्द्र द्वारा उचित परामर्श के पश्चात् अलग व्यवस्था बनाई गई। प्रचालन हानियों का शेष भाग का वित्त पोषण संबंधित राज्य सरकार द्वारा किया जाएगा।

[हिन्दी]

शौचालयों का रख-रखाव

30. **श्रीमती रमादेवीः**
डॉ. संजय सिंहः

क्या **पेयजल और स्वच्छता मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या मंत्रालय की योजना के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में निर्मित शौचालयों/उपयोग में न लाए जा रहे शौचालयों के रख-रखाव हेतु सरकार द्वारा कोई सहायता नहीं दी जाती;

(ख) यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं;

(ग) इस बारे में सरकार की क्या प्रतिक्रिया है;

(घ) क्या सरकार ने उक्त शौचालयों की संख्या का पता लगाने का प्रयास किया है;

(ङ) यदि नहीं, तो इस बारे में सरकार की क्या प्रतिक्रिया है; और

(च) सरकार ने इस बारे में क्या उपचारात्मक कदम उठाए हैं?

पेयजल और स्वच्छता मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री भरतसिंह सोलंकी): (क) निर्मल भारत अभियान (एनबीए) के अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्रों में निर्मित शौचालयों/उपयोग में न लाए जा रहे शौचालयों के रख-रखाव हेतु सरकार द्वारा कोई सहायता नहीं दी जाती है।

(ख) और (ग) एनबीए दिशा-निर्देशों के अंतर्गत, शौचालयों के रख-रखाव का कोई प्रावधान नहीं है। समुदाय, खासकर परिवार के सभी सदस्यों को सृजित की गई स्वच्छता संबंधी सुविधाओं के उचित रख-रखाव के लिए प्रशिक्षण देना आवश्यक है। स्वच्छता सुविधाओं का रख-रखाव करने के संबंध में समुदाय को जानकारी दिया जाना सूचना शिक्षा और संचार (आईईसी) क्रियाकलापों में शामिल है। वैयक्तिक पारिवारिक शौचालयों के रख-रखाव का खर्च परिवारों द्वारा पूरा किया जाएगा।

(घ) और (ङ) जी, हां। निर्मल भारत अभियान के अंतर्गत प्रत्येक राज्य से बेकार पड़े शौचालयों सहित परियोजनाएं तैयार करने के लिए बेसलाइन सर्वे कराने का आग्रह किया गया है।

(च) प्रश्न नहीं उठता।

नये लघु उद्योग

31. **श्री कीर्ति आजाद:** क्या **सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) विगत तीन वर्षों में प्रत्येक वर्ष और चालू वर्ष के दौरान बिहार सहित देश में पंजीकृत और अपंजीकृत सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों की राज्य-वार संख्या क्या है;

(ख) इन उद्यमों द्वारा उत्पादित किए जा रहे विभिन्न उत्पादों का ब्यौरा क्या है और उनकी उत्पादन क्षमता कितनी है;

(ग) ग्यारहवीं पंचवर्षीय योजना के दौरान असम सहित देश में स्थापना हेतु प्रस्तावित लघु उद्योग इकाइयों का राज्य-वार ब्यौरा क्या है;

(घ) बिहार सहित देश में मौजूद ट्रेनिंग-कम-इन्कुबेशन केन्द्रों (टीआईसी) का राज्य-वार ब्यौरा क्या है;

(ङ) क्या सरकार का प्रस्ताव बारहवीं पंचवर्षीय योजना के दौरान टीआईसी की संख्या में वृद्धि करने का है; और

(च) यदि हां, तो राज्य-वार तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री के.एच. मुनियप्पा): (क) देश में पंजीकृत और अपंजीकृत सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) की संख्या के बारे में सूचना समय-समय पर इस क्षेत्र की अखिल भारतीय गणना करके एकत्र की जाती है। नवीनतम गणना (चौथी गणना) संदर्भ वर्ष 2006-07 के साथ आयोजित की गई थी, जिसमें 2009 तक के आंकड़े एकत्र किए गए थे और इसके परिणाम 2011-12 में प्रकाशित किए गए थे। चौथी अखिल भारतीय गणना 2006-07 और चौथी अखिल भारतीय गणना 2006-07 से बाहर रखे गए कार्यकलापों नामत: थोक/खुदरा व्यापार, कानूनी, शैक्षणिक और सामाजिक सेवाएं होटल और रेस्तरां, परिवहन और भंडारण एवं वेयरहाउसिंग (कोल्ड स्टोरेज को छोड़कर) के लिए केन्द्रीय सांख्यिकी कार्यालय, सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय द्वारा की गई आर्थिक गणना 2005 के अनुसार देश में कार्यरत एमएसएमई का राज्यवार ब्यौरा संलग्न विवरण-I में दिया गया है।

(ख) एमएसएमई की चौथी अखिल भारतीय गणना 2006-07 के अनुसार उद्यमों के सकल उत्पादन के आधार पर पहचान किए गए पंजीकृत और अपंजीकृत एमएसएमई क्षेत्रों के बीस अग्रणी उद्योगों का ब्यौरा क्रमश: संलग्न विवरण-II और संलग्न विवरण-III में दिया गया है। पंजीकृत और अपंजीकृत क्षेत्र के सकल उत्पादन का क्रमश: 73.49% और 82.21% हिस्सा इन 20 अग्रणी उद्योगों का है। विनिर्माण क्षमता के बारे में सूचना केन्द्रीय रूप से नहीं रखी जाती है।

(ग) ग्यारहवीं पंचवर्षीय योजना अवधि के लिए सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम विकास अधिनियम 2006 के तहत दायर उद्यमी ज्ञापनों (पार्ट II) की संख्या के बारे में राज्य/संघ राज्यक्षेत्र की

मिशनरियों/उद्योगों के निदेशालयों से प्राप्त सूचना के अनुसार असम सहित देश में स्थापित सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों की राज्यवार संख्या संलग्न विवरण-IV में दी गई है। विनिर्माण क्षमता के बारे में सूचना केन्द्रीय रूप से नहीं रखी जाती है।

(घ) बिहार सहित देश में मौजूदा प्रशिक्षण सह इनक्यूबेशन केन्द्रों (टीआईसी) का राज्यवार ब्यौरा संलग्न विवरण-V में दिया गया है।

(ङ) और (च) राष्ट्रीय लघु उद्योग निगम देश भर में विभिन्न स्थानों पर प्रशिक्षण सह इनक्यूबेशन केन्द्र (टीआईसी) स्थापित करने के लिए निजी भागीदारों के साथ फ्रेंचाइजी व्यवस्था करता है। बारहवीं पंचवर्षीय योजना के दौरान स्थापित किए जाने वाले टीआईसी की संख्या इस अवधि के दौरान इसमें रुचि लेने वाले निजी भागीदारों जैसे संस्थानों/ट्रस्ट/सोसायटी आदि से प्राप्त प्रस्तावों की संख्या और उनकी गुणवत्ता के मूल्यांकन पर निर्भर करेगा।

विवरण-I

चौथी अखिल भारतीय एमएसएमई गणना, 2006-07 के अनुसार सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) का राज्य-वार वितरण

क्र.सं.	राज्य/संघ राज्यक्षेत्र	उद्यमों की संख्या (लाख में)		
		पंजीकृत	अपंजीकृत*	योग
1	2	3	4	5
1.	जम्मू और कश्मीर	0.15	2.86	3.01
2.	हिमाचल प्रदेश	0.12	2.75	2.87
3.	पंजाब	0.48	13.97	14.46
4.	चंडीगढ़	0.01	0.48	0.49
5.	उत्तराखंड	0.24	3.50	3.74
6.	हरियाणा	0.33	8.33	8.66
7.	दिल्ली	0.04	5.48	5.52
8.	राजस्थान	0.55	16.09	16.64
9.	उत्तर प्रदेश	1.88	42.16	44.03
10.	बिहार	0.50	14.20	14.70
11.	सिक्किम	0.00	0.16	0.17
12.	अरुणाचल प्रदेश	0.00	0.40	0.41
13.	नागालैंड	0.01	0.37	0.39
14.	मणिपुर	0.04	0.87	0.91
15.	मिजोरम	0.04	0.26	0.29
16.	त्रिपुरा	0.01	0.97	0.98
17.	मेघालय	0.03	0.85	0.88

1	2	3	4	5
18.	असम	0.20	6.42	6.62
19.	पश्चिम बंगाल	0.43	34.21	34.64
20.	झारखंड	0.18	6.57	6.75
21.	ओडिशा	0.20	15.53	15.73
22.	छत्तीसगढ़	0.23	4.97	5.20
23.	मध्य प्रदेश	1.07	18.26	19.33
24.	गुजरात	2.30	19.48	21.78
25.	दमन और दीव	0.01	0.05	0.06
26.	दादरा और नगर हवेली	0.02	0.07	0.09
27.	महाराष्ट्र	0.87	29.76	30.63
28.	आंध्र प्रदेश	0.46	25.50	25.96
29.	कर्नाटक	1.36	18.83	20.19
30.	गोवा	0.03	0.83	0.86
31.	लक्षद्वीप	0.00	0.02	0.02
32.	केरल	1.50	20.63	22.13
33.	तमिलनाडु	2.34	30.79	33.13
34.	पुदुचेरी	0.01	0.34	0.35
35.	अंडमान और निकोबार द्वीप समूह	0.01	0.13	0.14
	अखिल भारतीय	15.64	346.12	361.76

*इसमें अपंजीकृत क्षेत्र के नमूना सर्वेक्षण: चौथी अखिल भारतीय एमएसएमई की गणना, 2006-07 से बाहर रखे गए कार्यकलापों के संबंध में आर्थिक गणना, 2005 के उद्यम स्तर के आंकड़ों से लिए गए प्रासंगिक एमएसएमई उद्यमों की संख्या भी शामिल है।

विवरण-II

चौथी अखिल भारतीय एमएसएमई गणना, 2006-07 के अनुसार पंजीकृत क्षेत्र के 20 अग्रणी उद्योगों के सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम (एमएसएमई) उत्पादों के सकल उत्पादन का ब्यौरा

क्र.सं.	एनआईसी 3 अंक*	कार्यकलाप का विवरण	सकल उत्पादन की प्रतिशतता
1	2	3	4
1.	153	अनाज मिल के उत्पादों, स्टार्च और स्टार्च उत्पादों तथा तैयार पशु आहार का विनिर्माण	8.44
2.	171	वस्त्र की कताई, बुनाई और इसे अंतिम रूप से तैयार करना	6.68

1	2	3	4
3.	289	फैब्रिटेड धातु उत्पादों का निर्माण: मेटल वर्किंग सर्विस कार्यकलाप	6.35
4.	271	बेसिक आयरन और स्टील का विनिर्माण	6.23
5.	242	अन्य रासायनिक उत्पादों का विनिर्माण	5.16
6.	181	पहने जाने वाले पोशाक का विनिर्माण	4.61
7.	154	अन्य खाद्य उत्पादों का विनिर्माण	4.36
8.	151	मांस, मछली, फल, सब्जी, तेल, वसा का उत्पादन, प्रसंस्करण और संरक्षण	4.33
9.	241	बेसिक केमिकल का विनिर्माण	3.24
10.	292	विशिष्ट प्रयोजन की मशीनरी का विनिर्माण	3.2
11.	252	प्लास्टिक उत्पादों का विनिर्माण	3.08
12.	269	गैर धात्विक उत्पादों एनईसी# का विनिर्माण	2.73
13.	359	परिवहन उपकरणों एनईसी# का विनिर्माण	2.59
14.	291	सामान्य प्रयोजन की मशीनरी का विनिर्माण	2.5
15.	210	कागज और कागज उत्पादों का विनिर्माण	2.33
16.	172	अन्य वस्त्रों का विनिर्माण	1.89
17.	272	बेसिक प्रीसिएस और अलौह धातुओं का विनिर्माण	1.69
18.	152	डेयरी उत्पादों का विनिर्माण	1.4
19.	361	फर्नीचर का विनिर्माण	1.36
20.	222	प्रिटिंग और सेवा कार्यकलाप का विनिर्माण	1.33
		उपर्युक्त 20 का कुल योग	73.49
		अन्य	26.51
		समस्त	100

*एनआईसी डिजिट: राष्ट्रीय औद्योगिक वर्गीकरण-2004, 3 डिजिट ग्रुप, केंद्रीय सांख्यिकी कार्यालय। सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय

एन ई सी : अन्यत्र वर्गीकृत नहीं

विवरण-III

चौथी अखिल भारतीय एमएसएमई गणना, 2006-07 के अनुसार अपंजीकृत क्षेत्र के 20 अग्रणी उद्योगों के सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम (एमएसएमई) उत्पादों के सकल उत्पादन का ब्यौरा

क्र.सं.	एनआईसी 3 अंक	कार्यकलाप का विवरण	सकल उत्पादन की प्रतिशतता
1.	153	अनाज मिल के उत्पादों, स्टार्च और स्टार्च उत्पादों तथा तैयार पशु आहार का विनिर्माण	8.96
2.	251	रबर उत्पादों का विनिर्माण	7.77
3.	526	व्यक्तिगत और घरेलू सामानों की मरम्मत	7.65
4.	181	फर के पोशाकों को छोड़कर पहने जाने वाले पोशाकों का विनिर्माण	7.47
5.	749	व्यवसाय कार्यकलाप एनईसी#	5.50
6.	930	अन्य सेवा कार्यकलाप	5.26
7.	502	मोटर वाहनों की मरम्मत और रखरखाव	5.15
8.	361	फर्नीचर का विनिर्माण	4.71
9.	269	अ-धात्विक खनिज उत्पादों का विनिर्माण एनईसी#	4.29
10.	289	अन्य फैब्रिकेटेड धातु उत्पादों का विनिर्माण: मेटल वर्किंग सर्विस कार्यकलाप	3.89
11.	171	वस्त्रों की कताई, बुनाई व अंतिम रूप से तैयार करना	3.86
12.	154	अन्य खाद्य उत्पदों का विनिर्माण	3.13
13.	369	मैनुफैक्चरिंग एनईसी#	2.86
14.	172	अन्य वस्त्रों का विनिर्माण	2.30
15.	642	दूरसंचार	2.00
16.	242	अन्य रासायनिक उत्पादों का विनिर्माण	1.87
17.	281	संरचनात्मक धातु उत्पादों, टैंक, रिजर्वायर और स्टीम जेनेरेटरों का विनिर्माण	1.55
18.	201	सा मिलिंग और प्लेनिंग ऑफ वुड	1.47
19.	292	विशेष प्रयोजन की मशीनरी का विनिर्माण	1.37
20.	725	आफिस, एकाउंटिंग और कंप्यूटिंग मशीनरी की मरम्मत और रखरखाव	1.15
		उपर्युक्त 20 का कुल योग	82.21
		अन्य	17.79
		समस्त	100.00

*एनआईसी डिजिट: राष्ट्रीय औद्योगिक वर्गीकरण-2004, 3 डिजिट ग्रुप, केंद्रीय सांख्यिकी कार्यालय। सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय।

#एन ई सी: अन्यत्र वर्गीकृत नहीं।

विवरण-IV

11वीं योजना अवधि के दौरान विभिन्न राज्य/संघ राज्यक्षेत्र, कमिश्नरी/उद्योग निदेशालय के तहत सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों द्वारा दायर उद्यमी ज्ञापन (पार्ट-2) की संख्या का ब्यौरा

क्र.सं.	राज्य/संघ राज्यक्षेत्र	2007-08	2008-09	2009-10	2010-11	2011-12
1	2	3	4	5	6	7
1.	जम्मू और कश्मीर	1,044	971	1,192	914	1,170
2.	हिमाचल प्रदेश	832	925	1,053	942	856
3.	पंजाब	932	1,272	2,189	2,988	3,087
4.	चंडीगढ़	32	161	255	174	259
5.	उत्तराखंड	1,500	1,346	1,871	1,973	2,121
6.	हरियाणा	2,489	2,599	2,357	2,707	2,759
7.	दिल्ली	131	70	165	199	345
8.	राजस्थान	13,873	14,609	14,630	14,904	14,678
9.	उत्तर प्रदेश	30,443	31,629	33,479	33,027	33,568(p)
10.	बिहार	2,855	3,134	4,010	4,302	4,108
11.	सिक्किम	14	71	18	40	30
12.	अरुणाचल प्रदेश	63	107	111	50	36(p)
13.	नागालैंड	687	2,498	1,445	141(p)	–
14.	मणिपुर	54	139	81	122	120
15.	मिजोरम	226	478	500	198	131
16.	त्रिपुरा	156	236	218	218	205
17.	मेघालय	403	397	1,040	748	573
18.	असम	1,811	1,711	1,678	1,506	1,218
19.	पश्चिम बंगाल	17,618	13,428	11,685	10,109	13,470
20.	झारखंड	940	1,051	669	690	939
21.	ओडिशा	1,515	1,588	1,758	1,657	2,155
22.	छत्तीसगढ़	1,335	1,291	1,089	1,206	1,741
23.	मध्य प्रदेश	12,319	14,183	19,748	19,704	20,104

1	2	3	4	5	6	7
24.	गुजरात	13,185	17,866	19,992	27,939	51,781
25.	दमन और दीव	164	247	107	126	83
26.	दादरा और नगर हवेली	307	143	104	74	106
27.	महाराष्ट्र	11,396	12,148	11,896	14,496	15,606
28.	आंध्र प्रदेश	4,478	4,726	9,144	9,204	9,260
29.	कर्नाटक	14,984	15,705	17,195	18,434	21,021
30.	गोवा	57	76	112	88	97
31.	लक्षद्वीप	5	14	23	24	8
32.	केरल	11,068	15,935	12,013	10,194	10,020
33.	तमिलनाडु	27,209	32,049	41,799	57,902	70,639
34.	पुडुचेरी	144	214	200	186	120
35.	अंडमान और निकोबार द्वीपसमूह	50	60	68	77	82
	अखिल भारतीय	174,319	193,077	213,894	237,263	282,496

स्रोत: राज्य/संघ राज्यक्षेत्र, कमिश्नरी/उद्योग निदेशालय

नोट: (पी)-अनंतिम: सूचना प्राप्त नहीं हुई है।

विवरण-V

राष्ट्रीय लघु उद्योग निगम द्वारा स्थापित प्रशिक्षण सह इनकूबेशन केंद्रों का राज्य-वार ब्यौरा

क्र.सं.	राज्य	योग
1	2	3
1.	जम्मू और कश्मीर	5
2.	हिमाचल प्रदेश	2
3.	पंजाब	8
4.	उत्तराखंड	2
5.	हरियाणा	2
6.	उत्तर प्रदेश	16
7.	बिहार	–
8.	त्रिपुरा	1
9.	असम	1
10.	पश्चिम बंगाल	5
11.	उड़ीसा	2
12.	मध्य प्रदेश	3
13.	गुजरात	3
14.	महाराष्ट्र	1
15.	आंध्र प्रदेश	2
16.	कर्नाटक	2
17.	केरल	1
18.	बिहार	–
	योग	60

[अनुवाद]

किसानों को उर्वरक राजसहायता प्रत्यक्ष रूप से नकद राशि में अंतरित करना

32. श्री असादूद्दीन ओवेसी: क्या **रसायन और उर्वरक मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने यूरिया के मूल्यों में वृद्धि की है और सरकार का किसानों को उर्वरक राजसहायता प्रत्यक्ष रूप से नकद राशि में अंतरित करने का प्रस्ताव है;

(ख) यदि हां, तो यूरिया के मूल्यों में वृद्धि करने के क्या कारण हैं;

(ग) क्या वित्त मंत्रालय का इस संबंध में योजना बनाने और मौजूदा नाफ्था आधारित यूरिया संयंत्रों को गैस आधारित संयंत्रों में परिवर्तित करने हेतु नीति बनाने का प्रस्ताव है;

(घ) यदि हां, तो क्या ऐसा प्रस्ताव अनुमोदन हेतु तैयार किया गया है;

(ङ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(च) यदि नहीं, तो इन प्रस्तावों को सरकार द्वारा कब तक स्वीकृति प्रदान करने की संभावना है; और

(छ) उर्वरक राजसहायता के प्रत्यक्ष रूप से अंतरण के फलस्वरूप किसानों को क्या-क्या लाभ मिलने की संभावना है?

सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय के राज्य मंत्री तथा रसायन और उर्वरक मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री श्रीकांत जेना): (क) जी, हां। सभी राज्यों में यूरिया की एमआरपी 01 अप्रैल 2010 से बढ़ाकर 5310/- रुपए प्रति मी. टन कर दी गई थी। निर्धारित एमआरपी में सीएसटी, बिक्री कर और केंद्रीय उत्पाद शुल्क शामिल नहीं है। 01 नवंबर 2012 से यूरिया की एमआरपी को बढ़ाकर 5360/- रुपए प्रति मी. टन कर दिया गया है (केंद्रीय उत्पाद शुल्क, केंद्रीय बिक्री कर, प्रतिकारी शुल्क, राज्य कर और अन्य स्थानीय कर जहां भी लगाए जाते हैं, खुदरा बिक्री स्थल पर अथवा मध्यवर्ती स्तरों पर शामिल नहीं है।

सरकार निम्नलिखित पद्धति से किसानों को उर्वरक राजसहायता सीधे नकद रूप से अंतरित करने के कार्यान्वयन का प्रस्ताव करती है।

(i) **चरण I (खुदरा विक्रेताओं तक सूचना की दृश्यता)**–इस स्तर पर उर्वरक आपूर्ति शृंखला में सभी भागीदार दैनिक प्रेषण, प्राप्ति और स्टाक के अद्यतन की रिपोर्ट करते हैं। 01 नवंबर 2012 में उत्पादक/आयातक राजसहायता का एक अंश उर्वरक स्टाक की प्राप्ति के बारे में खुदरा विक्रेता द्वारा पुष्टि करने के बाद ही प्राप्त कर सकेंगे। इससे आपूर्ति शृंखला में पारदर्शिता में वृद्धि हो पाएगी। मोबाइल, उर्वरक निगरानी प्रणाली (एम-एफएमएस) में कुल 1,95,369 थोक विक्रेता और खुदरा विक्रेता पंजीकृत है।

(ii) चरणा III– इस चरण का परम उद्देश्य अंतिम खरीददार के खाते में उर्वरक राजसहायता जमा करके प्रत्यक्ष अंतरण हासिल करना है। चरण III को आगे तीन उप-चरणों में इस प्रकार विभक्त किया गया है:

- चरण III (क)–यह बिक्री बिंदु (पीओएस) यंत्र अथवा इंटरनेट के जरिए किसानों को खुदरा बिक्री की सूचना एकत्र करता है। किसान की पहचान आधार संख्या और कोर बैंक से जुड़े किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) अथवा बैंक खाते के जरिए की जाएगी। प्रणाली के स्थिर हो जाने के बाद किसानों को की गई बिक्री के आधार पर उत्पादकों/आयातकों को राजसहायता के भाग का भुगतान किया जाएगा।
- चरण III (ख)–उर्वरक बिक्री के आधार पर खुदरा ग्राहकों को राजसहायता देना। चरण III (स्तर क) के स्थिर हो जाने के बाद इसके कार्यान्वयन पर विचार किया जाएगा।
- चरण III (ग)–किसानों* को उनकी की गई बिक्री के ब्यौरे के आधार पर राजसहायता देना। *किसान की पहचान का मानदंड सभी भागीदारों से भलीभांति परामर्श करने के बाद स्थापित और प्रख्यापित किया जाएगा और अंतिम प्रयोक्ता डाटाबेस पर विश्वसनीय सूचना उपलब्ध होगी।

(ख) यूरिया सहित सभी उर्वरकों के मूल्यों में 01 नवंबर 2012 से 50 रुपए प्रति मी. टन (2.50 रुपए प्रति 50 कि.ग्रा. बैग) की वृद्धि की गई ताकि किसानों को अंतिम बिक्री बिंदु पर एम-उर्वरक निगरानी प्रणाली (एम-एफएमएस) में इंटरनेट/एसएमएस के जरिए उर्वरकों की प्राप्ति की रसीद देने के लिए खुदरा विक्रेता को प्रोत्साहन दिया जा सके। इसका भुगतान केवल उन खुदरा विक्रेताओं को किया जाएगा जो उर्वरकों की प्राप्ति की सूचना देंगे। किसान

को अंतिम खुदरा बिक्री बिंदु पर उर्वरकों की उपलब्धता की वास्तविक समय पर सूचना उपलबध होने का लाभ मिलेगा।

(ग) से (च) वित्त मंत्रालय ने मौजूदा नेफ्था आधारित यूरिया इकाइयों को गैस आधारित इकाइयों में शीघ्र परिवर्तित करने की सिफारिश की है। तदुनसार, उर्वरक विभाग चरण-III के बाद मौजूदा यूरिया इकाइयों के लिए नई मूल्य निर्धारित योजना (एनपीएस) नीति पर विचार कर रहा है।

(छ) किसानों को राजसहायता का सीधा अंतरण लघु, सीमान्त तथा अन्य किसानों को लक्ष्य करने में सहायक होगी तथा राजसहायता संवितरण में और अधिक पारदर्शिता लाएगा। यह गैर कृषि प्रयोग के लिए राजसहायता प्राप्त उर्वरकों के परिवर्तन से बचत भी करेगा और इस प्रकार यह किसानों को उर्वरकों की बेहतर उपलब्धता में सहायक होगा।

बुरामरा-खड़गपुर लाइन

33. **श्री लक्ष्मण टुडु:** क्या **रेल मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या रेलवे का सामाजिक रूप से वांछित परियोजना के रूप में बुरामरा-खड़गपुर बरास्ता चन्दुआ-गोपीबल्लवपुर खंड पर नए 'ब्रॉड गेज' लाइन परियोजना को क्रियान्वित करने का प्रस्ताव है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

रेल मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अधीर चौधरी): (क) जी नहीं।

(ख) और (ग) प्रश्न नहीं उठता।

[हिन्दी]

एमजीएनआरईजीएस के अंतर्गत लेखापरीक्षा

34. **श्री राजू शेट्टी:**
श्री एन. चेलुवरया स्वामी:

क्या **ग्रामीण विकास मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (एमजीएनआरईजीएस) के अंतर्गत खाते की लेखापरीक्षा के लिए किए गए प्रावधानों का ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या सिर्फ कुछ राज्यों के मामले में ही भारत के नियंत्रक और महालेखापरीक्षक (सीएजी) द्वारा खातों की लेखापरीक्षा की जा रही है जबकि अन्य बिना लेखापरीक्षा के छोड़ दिए गए हैं;

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इस विषमता के क्या कारण हैं;

(घ) जिन राज्यों में सीएजी ऐसी लेखापरीक्षा नहीं कर रहा है उनमें लेखापरीक्षा किस तरह से की जा रही है और कौन-सी एजेन्सियों को यह काम दिया गया है;

(ङ) पिछले तीन वर्षों में प्रत्येक वर्ष और चालू वर्ष में विभिन्न राज्यों की लेखापरीक्षा का ब्यौरा क्या है और इनमें राज्य-वार कौन सी अनियमितताएं देखी गई हैं; और

(च) इस योजना के अंतर्गत जारी निधियों के प्रयोग में पारदर्शिता लाने के लिए सरकार ने कौन से कदम उठाए हैं?

ग्रामीण विकास मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री प्रदीप जैन): (क) महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (महात्मा गांधी नरेगा), 2005 की धारा 24(1) के अनुसार केन्द्र सरकार भारत के नियंत्रक और महालेखापरीक्षक के परामर्श से सभी स्तरों पर योजनाओं के लेखे की लेखापरीक्षा के लिए उपयुक्त व्यवस्था निर्धारित कर सकती है। तदनुसार, नियंत्रक और महालेखा-परीक्षक के परामर्श से मंत्रालय ने महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजनाओं की लेखापरीक्षा नियमावली, 2011 दिनांक 30 जून, 2011 को अधिसूचित कर दी है। महात्मा गांधी नरेगा योजना की लेखापरीक्षा नियमावली, 2011 के प्रमुख प्रावधान इस प्रकार हैं:

(i) इस अधिनियम के तहत प्रत्येक जिले और राज्य रोजगार गारंटी निधि के संबंध में योजना के लेखे की लेखापरीक्षा हर वर्ष निदेशक, स्थानीय निधि लेखापरीक्षा या उनके समकक्ष प्राधिकारी या सनदी लेखाकारों द्वारा की जाएगी।

(ii) निदेशक, स्थानीय निधि लेखापरीक्षा, या उनके समकक्ष प्राधिकारी या सनदी लेखाकार, यथास्थिति, योजना के लेखे और उन पर अपनी लेखापरीक्षा रिपोर्ट राज्य सरकार को प्रस्तुत करेंगे।

(iii) प्रत्येक राज्य सरकार की योजनाओं के यथाप्रमाणित लेखे और उन पर लेखापरीक्षा रिपोर्ट भारत के

नियंत्रक और लेखा परीक्षक तथा केन्द्र सरकार को राज्य सरकार द्वारा भेजी जाएगी। लेखापरीक्षा रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद केन्द्र सरकार उस रिपोर्ट को यथाशीघ्र संसद के दोनों सदनों को प्रस्तुत करेगी।

(iv) भारत के नियंत्रक और महालेखापरीक्षक या इस विषय में उनके द्वारा नियुक्त अन्य किसी व्यक्ति को योजनाओं के लेखे की ऐसे अंतराल पर लेखापरीक्षा करने का अधिकार होगा, जिसे वे उपयुक्त समझें।

(v) राज्य सरकार इस अधिनियम के तहत शुरू किए गए कार्यों की सामाजिक लेखापरीक्षा कम-से-कम छः महीने में एक बार योजना की लेखापरीक्षा नियमावली, 2011 में यथानिर्धारित प्रक्रिया के अनुसार कराएगी।

(vi) एक वित्तीय वर्ष के दौरान कराई गई ऐसी सामाजिक लेखापरीक्षाओं के निष्कर्षों का सार राज्य सरकार द्वारा भारत के नियंत्रक और महालेखापरीक्षक को प्रस्तुत किया जाएगा।

(vii) ग्राम सभाओं को सामाजिक लेखापरीक्षा में मदद करने के लिए राज्य सरकार एक स्वतंत्र संगठन की पहचान या स्थापना करेगी।

(viii) सामाजिक लेखापरीक्षा के निष्कर्षों पर अनुवर्ती कार्रवाई करना राज्य सरकार की जिम्मेवारी होगी तथा राज्य रोजगार गारंटी परिषद की गई कार्रवाई की निगरानी करेगी तथा राज्य विधानमंडल के समक्ष प्रस्तुत की जाने वाली वार्षिक रिपोर्ट में इसकी जानकारी देगी।

(ख) भारत के नियंत्रक और महालेखापरीक्षक सभी राज्यों में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना की निष्पादन लेखापरीक्षा कर रहे हैं।

(ग) निष्पादन लेखापरीक्षा की रिपोर्ट अभी सदन के पटल पर प्रस्तुत नहीं की गई है।

(घ) प्रश्न नहीं उठता।

(ङ) राज्य सरकारें हर वर्ष सनदी लेखाकारों/सनदी लेखाकार फर्मों से महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के जिला-स्तरीय लेखे की लेखापरीक्षा कराती हैं। उनके ध्यान में आई मुख्य अनियमितताएं इस प्रकार की हैं:

(i) प्रारंभिक शेष और अंतिम शेष का मिलान न होना।

(ii) कार्यक्रम की निधि से अर्जित की गई/तैयार की गई परिसम्पत्तियों के परिसम्पत्ति रजिस्टर में अद्यतन ब्यौरे दर्ज न किया जाना।

(iii) जिले के कार्यक्रम अधिकारियों के पास जॉब कार्ड नहीं हैं और इसीलिए संबंधित जॉब कार्डों में अद्यतन ब्यौरे की प्रविष्ट सुनिश्चित नहीं हो पा रही है।

(iv) संबंधित सरकारी एजेंसी/जिला विकास अधिकारी को विस्तृत उपयोग प्रमाणपत्र प्रस्तुत करना चाहिए, जिसमें प्राप्त राशि, उपयोग में लाई गई राशि और शेष राशि के ब्यौरे दर्शाए गए हों। इस प्रमाणपत्र में यह भी उल्लेख किया जाना चाहिए कि अनुमोदित परियोजना के लिए ही राशि का उपयोग किया गया है और अन्य किसी प्रयोजन के लिए निधियों का उपयोग नहीं किया गया है।

(च) इस योजना के तहत रिलीज की गई निधियों के उपयोग में पारदर्शिता लाने के लिए किये गए उपाय इस प्रकार हैं:

(i) योजना से संबंधित सभी महत्वपूर्ण जानकारियां योजना-स्थल पर बोर्ड लगाकर और महात्मा गांधी नरेगा की वेबसाइट पर अपलोड करके स्वत: दर्शाई जाती हैं। योजना की वित्तीय और वास्तविक उपलब्धियां, वार्षिक रिपोर्टें, राज्यों/संघ राज्यक्षेत्रों को जारी किए गए परिपत्र/एडवाइजरी/दिशा-निर्देश, विभिन्न बैठकों/कार्यशालाओं के कार्यवृत्त इत्यादि इस वेबसाइट (www.mgnrega.nic.in) पर उपलब्ध हैं।

(ii) महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के सभी दस्तावेजों और रिकॉर्ड के सूचना के अधिकार अधिनियम (आरटीआई), 2005 में शामिल होने की घोषणा की गई है और ग्रामीण विकास मंत्रालय में इस प्रयोजनार्थ प्रधान सूचना अधिकारी (पीआईओ), सहायक प्रधान सूचना अधिकारी (एपीआईओ) और अपीलीय प्राधिकारी पदनामित कर दिए हैं। सूचना का अधिकार अधिनियम की धारा 4 के अनुसार अधिकांश जानकारी स्वत: दर्शाई जाती है।

(iii) ग्रामीण विकास मंत्रालय ने मजदूरी रोजगार मांगने वालों और आम नागरिकों के लाभार्थ महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के विषय में

सूचना, शिक्षा और संचार (आईईसी) सामग्री/फिल्में तैयार की हैं और इनका प्रचार-प्रसार किया है।

(iv) योजना की लेखापरीक्षा नियमावली अधिसूचित कर दी गई है। इन नियमों के अनुसार महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के कार्यान्वयन में पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए सामाजिक लेखापरीक्षा ग्राम पंचायत स्तर पर की जानी होती है।

(v) महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के कार्यान्वयन में पारदर्शिता से संबंधित शिकायतों और अन्य शिकायतों के निपटान के लिए मंत्रालय ने उन सभी जिलों में ऑम्बड्समैन नियुक्त करने के आदेश जारी किये हैं, जहां महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना चलाई जा रही है।

(vi) हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, झारखंड, कर्नाटक, केरल, मध्य प्रदेश, ओडिशा, उत्तर प्रदेश, सिक्किम, गोवा, उत्तराखंड, पश्चिम बंगाल राज्य सरकारों तथा अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह और पुदुचेरी संघ राज्यक्षेत्र प्रशासनों ने जानकारियों के आदान-प्रदान और शिकायतों के निपटान के लिए महात्मा गांधी नरेगा हेल्पलाइनें स्थापित कर दी हैं।

[अनुवाद]

पीएसयू के कार्यनिष्पादन की समीक्षा

35. प्रो. सौगत राय: क्या **रसायन और उर्वरक मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने पिछले तीन वर्षों के दौरान निर्धारित तथा प्राप्त लक्ष्य की दृष्टि से चालू वर्ष के दौरान रसायन और उर्वरक क्षेत्रों में सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों (पीएसयू) के कार्यनिष्पादन की समीक्षा है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या रसायन और उर्वरक क्षेत्रों में रुग्ण पीएसयू के पुनरुद्धार के लिए कोई कार्य-योजना तैयार की गई है और 2012-13 के लिए किन समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किए गए हैं; और

(घ) यदि हां, तो पीएसयू-वार कार्य-योजना का ब्यौरा क्या है?

सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय के राज्य मंत्री तथा रसायन और उर्वरक मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री श्रीकांत जेना): (क) और (ख) जी हां, रसायन और पेट्रोरसायन विभाग तथा उर्वरक विभाग के प्रशासनिक नियंत्रणधीन सार्वजनिक क्षेत्र के सभी उपक्रमों (पीएसयू) की नियमित तिमाही समीक्षा बैठक (क्यूआरएम) का आयोजन किया जाता है जिसके दौरान संबंधित पीएसयू से संबंधित समझौता-ज्ञापन (एमओयू) लक्ष्यों की तुलना में निष्पादन की निगरानी सहित सभी मामलों पर विचार किया जाता है तथा उनकी समीक्षा की जाती है। समीक्षा बैठकों के दौरान पिछले वर्ष के निष्पादन की भी समीक्षा की जाती है।

रसायन और पेट्रोरसायन विभाग में वर्तमान वर्ष के दौरान तिमाही समीक्षा बैठकें जून और अक्तूबर 2012 माह में तथा उर्वरक विभाग में मई, अगस्त और नवंबर 2012 माह में आयोजित की गई थीं।

(ग) और (घ) बंद पीएसयू, नामत: फर्टिलाइजर कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (एफसीआइएल) तथा हिंदुस्तान फर्टिलाइजर कॉर्पोरेशन लिमिटेड (एचएफसीएल), जिन्हें समझौता-ज्ञापन पर हस्ताक्षर करने से छूट दी गई है, को छोड़कर रसायन और पेट्रोरसायन विभाग तथा उर्वरक विभाग के प्रशासनिक नियंत्रणाधीन सभी पीएसयू के साथ वर्ष 2012-13 के लिए समझौता-ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए हैं। रुग्ण/बंद/घाटे में चल रही पीएसयू के पुनरुद्धार के लिए कार्य-योजना निम्न प्रकार है:

रासायनिक खंड—हिंदुस्तान फ्लूरोकार्बन्स लिमिटेड, जो हिंदुस्तान ओर्गेनिक केमिकल लिमिटेड की एक सहायक कंपनी है, बीएफआइआर के अधीन है। पुनर्वास पैकेज 3.12.2007 को अनुमोदित किया गया था। इसका कार्यान्वयन पूरा हो चुका है। कंपनी पिछले पांच वर्षों से लाभ अर्जित कर रही है।

उर्वरक खंड—एफसीआरएल और एचएफसीएल बंद पीएसयू हैं। एफसीआइए और एचएफसीएल के पुनरुद्धार की स्थिति निम्न प्रकार है—ईसीओएस की सिफारिश के आधार पर आर्थिक मामलों संबंधी मंत्रिमंडल समिति (सीसीईए) को एक प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया था जिसने दिनांक 4.8.2011 को आयोजित अपनी बैठक में इसे इस शर्त के साथ अनुमोदन दिया था कि औद्योगिक और वित्तीय पुनर्गठन बोर्ड (बीआईएफआर) की कार्यवाहियों में शीघ्रता लाई जाए और तत्पश्चात् मामले में परिवर्तन, यदि कोई हो, जिसके लिए बोली मानदंड की आवश्यकता हो, को अंतिम निर्णय के लिए समिति के समक्ष प्रस्तुत किया जाए। तदनुसार, एचएफसीएल और एफसीआईएल की पुनर्वास योजनाओं का प्रारूप बीआईएफआर को उनके अनुमोदन के लिए प्रस्तुत कर दिया गया है। बीआईएफआर

ने एचएफसीएल और एफसीआईएल की डीआरएस की जांच करने के लिए प्रचालन एजेंसी के रूप में भारतीय स्टेट बैंक को नियुक्त किया है। बीआईएफआर के अनुमोदन के बाद प्रस्ताव को अनुमोदन के लिए सक्षम प्राधिकारी के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा।

मद्रास फर्टिलाइजर लिमिटेड—औद्योगिक और वित्तीय पुनर्गठन बोर्ड (बीएफआरआर) ने 2 अप्रैल 2009 को आयोजित अपनी सुनवाई में मद्रास फर्टिलाइजर लिमिटेड (एमएफएल) को एक रुग्ण कंपनी घोषित किया था और भारतीय स्टेट बैंक को प्रचालन एजेंसी के रूप में नियुक्त किया था जिसमें कंपनी के लिए पुनरुद्धार योजना तैयार करने का निर्देश दिया गया था। बीएफआइआर के समक्ष अब तक ग्यारह बार सुनवाई हो चुकी है। दिनांक 27.08.2012 को हुई पिछली सुनवाई में पीठ ने भारत सरकार और अन्य साम्या भागीदारी को कंपनी द्वारा प्रस्तुत किए गए संशोधित विकल्प के संबंध में निर्णय लेने के लिए निदेश दिया था, तथा तत्पश्चात् प्रचालन एजेंसी प्रस्ताव की जांच करेगी तथा बीआईएफआर को एक डीआरएस प्रस्तुत करेगी। तदनुसार, कंपनी से प्राप्त आदानों के आधार पर सरकार का दृष्टिकोण बनाने के लिए अंतर-मंत्रालयी परामर्श के लिए एक संशोधित पुनर्वास प्रस्ताव परिचालित किया गया है। सरकार तथा अन्य साम्या भागीदारों के मत के आधार पर प्रचालन एजेंसी डीआरएस बनाएगी तथा उसे अनुमोदन के लिए बीएफआइआर को प्रस्तुत करेगी। बीआईएफआर की अगली सुनवाई 05.12.2012 को होनी है।

ब्रह्मपुत्र वेली फर्टिलाइजर कॉर्पोरेशन लिमिटेड (बीवीएफसीएल)—बीवीएफसीएल ने नामरूप में अत्याधुनिक उत्कृष्ट प्रौद्योगिकी ऊर्जा दक्षता सहित बड़ी क्षमता का एक नया ब्राउनफील्ड अमोनिया यूरिया संयंत्र लगाने का प्रस्ताव किया है। प्रस्ताव पर सैद्धांतिक सहमति देते हुए उर्वरक विभाग ने उपलब्ध विकल्पों का मूल्यांकन करने तथा सर्वाधिक उपलब्ध विकल्प की सिफारिश करने के लिए एक परामर्शदाता को नियुक्त करने के लिए अनुमोदन दे दिया है।

ऋण पर सब्सिडी

36. श्री जी.एम. सिद्देश्वर: क्या **सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों को अपनी मशीनों इत्यादि के आधुनिकीकरण के लिए दिए जा रहे ऋण के ब्याज पर सब्सिडी प्रदान करती है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) क्या उक्त सब्सिडी देश के सभी क्षेत्रों में स्थापित उपक्रमों को दी जाती है या केन्द्र सरकार द्वारा अधिसूचित क्षेत्रों और उत्पादों से संबंधित इकाइयों तक ही सीमित है?

सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री के.एच. मुनियप्पा): (क) जी, नहीं।

(ख) और (ग) प्रश्न नहीं उठता।

विनियामक तंत्र

37. श्रीमती श्रुति चौधरी: क्या **सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार विनियामक तंत्र पर कार्य कर रही है जो सूक्ष्म इकाइयों को लघु और मध्यम उद्यम बनने में मदद करेगी;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) सरकार द्वारा इस संबंध में क्या कदम उठाए जा रहे हैं?

सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री के.एच. मुनियप्पा): (क) जी, नहीं।

(ख) और (ग) प्रश्न नहीं उठता।

[हिन्दी]

किसानों की सब्सिडी

38. श्री कादिर राणा: क्या **रसायन और उर्वरक मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) सरकार किसानों को रसायनों तथा उर्वरकों पर सब्सिडी प्रदान करने के लिए कौन से कदम उठा रही है;

(ख) चालू वित्त वर्ष के दौरान बाजार में रसायनों तथा उर्वरकों की कितनी मात्रा उपलब्ध है; और

(ग) पिछले वित्त वर्ष की तुलना में चालू वर्ष में रसायन और उर्वरक कितने रुपए महंगे हुए हैं?

सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय के राज्य मंत्री तथा रसायन और उर्वरक मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री श्रीकांत जेना): (क) उर्वरक विभाग का अधिदेश यह है कि किसानों को उर्वरक वहनीय लागत पर उपलब्ध कराया जाए।

किसानों को उर्वरक अत्यधिक राजसहायता प्राप्त मूल्यों पर उपलब्ध कराया जाता है।

जहां तक रसायन और पेट्रो रसायन विभाग (डीसीपीसी) का संबंध है यह रसायनों की आपूर्ति पर किसानों को राजसहायता उपलब्ध नहीं कराता।

(ख) वर्तमान वित्तीय वर्ष के दौरान बाजार में उपलब्ध कराई गई उर्वरकों की मात्रा (अप्रैल 2012 से अक्टूबर 2012 तक) नीचे दी गई है:

क्र.सं.	एफजी	लाख मी. टन में कुल उपलब्धता
01	डीएपी	74.46
02	एमओपी	21.66
03	एनपीके	56.65
04	एसएसपी	17.59
05	यूरिया	175.23

डीसीपीसी के मामले में यह उल्लेख किया जाता है कि क्योंकि रासायनिक क्षेत्र लाइसेन्समुक्त है, अतः कुछ खतरनाक रसायनों को छोड़कर देश में रसायनों के उत्पादन के लिए किसी औद्योगिक लाइसेन्स की आवश्यकता नहीं है। लाइसेन्समुक्त क्षेत्र के कारण बाजार में रसायनों की उपलब्धता की निगरानी नहीं की जाती है।

(ग) पिछले वर्ष और वर्तमान वर्ष में पीएंडके उर्वरकों की एमआरपी दर्शाने वाला एक ब्यौरा संलग्न विवरण में दिया गया है। यूरिया मूल्य नियंत्रित है और 2011-12 में 5310/- रुपए प्रति मी. टन पर निर्धारित किया गया था। दिनांक 01 नवंबर 2012 से यूरिया सहित सभी उर्वरकों की एमआरपी में 50/- रुपए प्रति मी. टन (50 कि.ग्रा. के बैग पर 2.50 रुपए) की वृद्धि की गई है, ताकि एमएफएमएस में उर्वरकों की प्राप्ति की सूचना देने के लिए खुदरा व्यापारियों को प्रोत्साहन मिले। तदनुसार, यूरिया की एमआरपी अब 5360/-रुपए प्रति मी. टन है।

डीसीपीसी के मामले में, यह देश में रसायनों के मूल्य की निगरानी नहीं करता क्योंकि बाजार ताकतें मांग और आपूर्ति तथा वाणिज्यिक व्यवहार्यता के आधार पर मूल्यों को तय करती हैं।

विवरण

2011-12 और 2012-13 के दौरान राजसहायता प्राप्त उर्वरकों की तिमाही-वार उच्चतम एमआरपी

रुपए/मी./टन में

क्र.सं.	उर्वरकों के ग्रेड	2011-12 (तिमाही वार)				2012-13 (तिमाही वार)		
		I	II	III	IV	I	II	अक्टूबर
1	2	3	4	5	6	7	8	9
1.	डीएपी: 18-46-0-0	12500	18200	20297	20000	24800	26500	26500
2.	एमएपी : 11-52-0-0		18200	20000	20000	70000	24200	24200
3.	टीएसपी : 0-46-0-0	8057	8057	17000	17000	17000		
4.	एमओपी: 0-0-60-0	6064	11300	12.040	12040	16695	23100	18750
5.	16-20-0-13	9645	14400	15300	15300	15300	18200	18200
6.	20-20-0-13	11400	14800	15800	15800	19000	24800	19176
7.	23-23-0-0	7445	7445					

1	2	3	4	5	6	7	8	9
8.	10-26-26-0	10910	16000	16633	16386	21900	22225	22225
9.	12-32-16-0	11313	16400	16500	16400	22300	23300	22500
10.	14-28-14-0		14950	17029				
11.	14-35-14-0	11622	15148	17424	17600	17600	23300	23300
12.	15-15-15-0	8200	11000	11500	11500	13000	15600	15600
13.	एएस: 20.3-0-0-23	7600	11300	10306	10306	11013	11013	11013
14.	20-20-0-0	9861	14000	15500	18700	18700	24450	24450
15.	28-28-0-0	11810	15740	18512	18700	24720	24720	23905
16.	17-17-17-0				17710	20427	20522	20522
17.	19-19-19-0				18093	19470	19470	18093
18.	एसएसपी (0-16-0-11)*	3200	4000 से 6300 तक			6500 से 7500 तक		
19.	16-16-16-0	7100	7100	15200	15200	15200		
20.	डीएपी लाइट (16-44 0-0)	11760	17600	19500	19500	19500	24938	24938
21.	15-15-15-09	9300	12900	15750	14851	15000	15000	15000
22.	24-24-0-0	9000	115.50	14151	14297	14802	16223	16223
23.	13-13-0-6		16200	17400	11400	17400	17400	17400
24.	एमएपी लाइट (11-44-0-0)		16000	18000	18000	18000	21500	21500
25.	डीएपी लाइट-11 (14 46 0-0)		14900	18690	18300	18300	24800	24800
26.	यूरिया				5310			

*1.10.2009 से अप्रैल 2010 तक एमआरपी खुली थी।

एमआरपी में कर शामिल नहीं है।

क्र.सं. 7,23,24,25 में उल्लिखित उर्वरकों की ग्रेडें इस समय राजसहायता योजना में शामिल नहीं हैं।

[अनुवाद]

मुस्लिम समुदाय का कल्याण

39. श्री बदरूद्दीन अजमल: क्या अल्पसंख्यक कार्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या राष्ट्रीय सलाहकार परिषद में बारहवीं पंचवर्षीय योजना में मुस्लिम समुदाय के कल्याण पर जोर देने की सिफारिश की है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी सिफारिशों का ब्यौरा क्या है; और

(ग) सरकार ने इन सिफारिशों पर विचार करने के लिए कौन से कदम उठाए हैं?

अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री निनोंग ईरींग): (क) और (ख) राष्ट्रीय सलाहकार परिषद् (एनएसी) ने "टूवर्ड्स इन्क्लूसिव डेवलपमेंट टू एम्पावर माइनारटीज" शीर्षकयुक्त अपनी रिपोर्ट निम्नलिखित प्रमुख सिफारिशों के साथ प्रस्तुत की है:–

बहु-क्षेत्रीय विकास कार्यक्रम (एमएसडीपी)

(i) बहु-क्षेत्रीय विकास कार्यक्रम (एमएसडीपी) तथा प्रधानमंत्री के नए 15 सूत्री कार्यक्रम के क्रियान्वयन हेतु, अल्पसंख्यकों की उच्च बहुलता वाले ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों को योजना की इकाई बनाया जाना चाहिए और उन पर एकीकृत बाल विकास सेवाओं, स्वच्छ पेयजल, वैयक्तिक स्वच्छता, सीवरेज तथा निकास सरीखी मूलभूत सेवाओं की सुलभता पर ध्यान दिया जाना चाहिए।

(ii) मानीटरिंग और अनिवार्य सामाजिक लेखा-परीक्षाओं के लिए सभी अल्संख्यक बहुल जिलों में गैर-सरकारी संगठनों (एनजीओ) का औपचारिक नियोजन।

(iii) 12वीं योजना में एमएसडीपी के लिए आबंटन में पर्याप्त वृद्धि।

(iv) एमएसडीपी दिशा-निर्देशों का संशोधन, यह सुनिश्चित करने के लिए कि आवश्यकता आधारित प्रस्तावों का 15 सूत्री कार्यक्रम के साथ तालमेल हो न कि द्विरावृत्ति।

(v) मूल्यांकन और मानीटरिंग एजेंसी को चालू करने के लिए तत्काल आधार पर विश्वसनीय डाटा बैंक की स्थापना।

(vi) लघु एवं मध्यम उद्योगों, युवा मामलों, कृषि सरीखी योजनाओं को शामिल करने के लिए 15 सूत्री कार्यक्रम का विस्तार।

छात्रवृत्ति योजनाएं

(vii) मैट्रिक-पूर्व छात्रवृत्तियों को 100% केंद्रीय प्रायोजित योजना बनाना।

(viii) मैट्रिक-पूर्व तथा मैट्रिकोत्तर छात्रवृत्ति योजनाओं को मांग चालित एवं व्यापक योजनायें बनाना।

(ix) विभिन्न श्रेणियों (10+2 आधारभूत डिग्री पाठ्यक्रमों, व्यावसायिक डिग्री पाठ्यक्रमों) हेतु युक्तिसंगत एवं विशिष्ट छात्रवृत्ति संरचना सहित मैट्रिकोत्तर छात्रवृत्तियों की छात्रवृत्ति की रकम को बढ़ाना।

(x) मेरिट-सह-साधन एवं मौलाना आज़ाद राष्ट्रीय अध्येतावृत्तियों की राशि और संख्या को बढ़ाना।

(xi) सभी स्तरों पर प्रक्रियाओं के आमूल सरलीकरण को सुनिश्चित करना ताकि उन लोगों के लिए योजनाओं को सुलभ बनाया जा सके जिन्हें उनकी सबसे ज्यादा जरूरत है।

(ग) योजना आयोग ने अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय के लिए बारहवीं पंचवर्षीय योजना के लिए 17,323 करोड़ रुपये की राशि आबंटित की है। इसमें से एमएसडीपी तथा छात्रवृत्ति/अध्येतावृत्ति योजनाओं के लिए क्रमश: 5,650 करोड़ रुपये तथा 9,860 करोड़ रुपये की राशि निर्धारित की गई है।

जहां तक एमएसडीपी का संबंध है, मंत्रालय अल्पसंख्यक बहुल जिलों (एमसीडी) के बजाय अल्पसंख्यक बहुल ब्लाकों (एमसीबी) पर ज्यादा ध्यान देने के लिए कार्यक्रम की पुनर्संरचना कर रहा है। प्रस्तावित नई योजनाओं अर्थात् (i) 100 अल्पसंख्यक बहुल कस्बों/शहरों में शिक्षा का संवर्धन, (ii) अल्पसंख्यक बहुल ब्लाकों (एमसीबी) द्वारा शामिल न किए गए गांवों के लिए ग्राम विकास कार्यक्रम तथा (iii) अल्पसंख्यक बहुल जिलों में जिला स्तर के संस्थान को सहायता 12वीं पंचवर्षीय योजना में क्रियान्वयन हेतु एमएसडीपी की प्रस्तावित पुनर्संरचना में शामिल किया गया है।

मंत्रालय एनएसी की सिफारिशों के आलोक में छात्रवृत्ति योजनाओं में भी संशोधन कर रहा है।

12वीं पंचवर्षीय योजना के दौरान निम्नलिखित नई योजनाओं के क्रियान्वयन के लिए अगली कार्रवाई की गई है-

(i) अल्पसंख्यक समुदायों से संबंध रखने वाले प्रवासी छात्रों के लिए ब्याज इमदाद योजना;

(ii) कर्मचारी चयन आयोग/संघ लोक सेवा आयोग, राज्य लोक सेवा आयोगों इत्यादि द्वारा संचालित प्राथमिक परीक्षाओं को उत्तीर्ण करने वाले छात्रों के लिए सहायता;

(iii) रोजगार और आजीविकाओं में वृद्धि करने के लिए कौशल विकास पहलें।

[हिन्दी]

आईएवाई के अंतर्गत आवासों का निर्माण

40. श्री मारोतराव सैनुजी कोवासे: क्या **ग्रामीण विकास मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) इंदिरा आवास योजना (आईएवाई) के अंतर्गत देश में विशेषकर ग्रामीण क्षेत्रों में अब तक कितने आवासों का निर्माण किया गया और प्रत्येक आवास के लिए आवंटित खुले तथा निर्मित क्षेत्र का ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या कुछ आवंटियों के पास पहले से ही समुचित आवास सुविधा थी जिसके कारण वे आवंटित आवासों में नहीं गए;

(ग) यदि हां, तो कितने लोगों के पास आज भी आवासीय सुविधा नहीं है और ऐसे लोगों की उपेक्षा के कारण हैं;

(घ) क्या विशेषकर पिछड़े क्षेत्रों में लगाए गए हैण्डपम्प कई वर्षों से खराब पड़े हैं जिसके कारण लोगों को पेयजल के लिए अन्य स्रोतों पर निर्भर करना पड़ता है;

(ङ) यदि हां, तो क्या सरकार का विचार भविष्य में पिछड़े लोगों को पेयजल की सुविधा तथा पक्का आवास उपलब्ध कराने का है; और

(च) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

ग्रामीण विकास मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री लालचन्द कटारिया): (क) योजना की शुरुआत अर्थात् वर्ष 1985-86 से लेकर अब तक 297.13 लाख मकान बनाए गए हैं। इंदिरा आवास योजना (आईएवाई) के दिशा-निर्देशों में प्रावधान है कि आईएवाई मकान का कुर्सी क्षेत्रफल (प्लींथ एरिया) 20 वर्ग मीटर से कम नहीं होना चाहिए।

(ख) और (ग) आईएवाई के अंतर्गत, ग्रामीण क्षेत्रों में गरीबी रेखा से नीचे जीवन बसर करने वाले (बीपीएल) परिवारों को मकान आबंटित किए जाते हैं। मकान का आबंटन स्थायी आईएवाई प्रतीक्षा सूची/बीपीएल सूची जिसे ग्राम सभा द्वारा अनुमोदित किया जाता है, के आधार पर किया जाता है। वर्ष 2001 की जनगणना के आधार पर भारत के महापंजीयक (आरजीआई) के कार्यालय द्वारा किए अनुमानों के अनुसार देश के ग्रामीण क्षेत्रों में कुल 148.25 लाख मकानों की कमी थी।

(घ) जल राज्य का विषय है। भारत सरकार पिछड़े क्षेत्रों सहित ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छ एवं पर्याप्त पेयजल सुविधा उपलब्ध कराने के लिए राष्ट्रीय ग्रामीण पेयजल कार्यक्रम (एनआरडीडब्ल्यूपी) के जरिए वित्तीय एवं तकनीकी सहायता देकर राज्यों के प्रयासों में मदद करती है। एनआरडीडब्ल्यूपी के अंतर्गत हैंडपंप लगाने सहित पेयजल आपूर्ति उपलब्ध कराने के लिए मानदंड निर्धारित करने की शक्तियां राज्यों को प्रत्यायोजित की गई हैं और वे पिछड़े क्षेत्रों में भी हैंडपंप के रख-रखाव के लिए जिम्मेवार हैं।

(ङ) और (च) आईएवाई के दिशा-निर्देशों के अनुसार, आईएवाई परिवार को पेयजल आपूर्ति उपलब्ध कराने का कार्य राष्ट्रीय ग्रामीण पेयजल कार्यक्रम (एनआईडीडब्ल्यूपी) के अंतर्गत क्रियाकलापों के साथ आईएवाई के तालमेल के जरिए सुनिश्चित किया जाता है आईएवाई के अंतर्गत लक्ष्य निधियों की उपलब्धता के अनुसार वर्ष दर वर्ष आधार पर निर्धारित किए जाते हैं। उपलब्ध वित्तीय संसाधनों के भीतर आईएवाई के अंतर्गत सभी इच्छुक लाभर्थियों को यथाशीघ्र कवर करने के प्रयास किए जाते हैं।

[अनुवाद]

असम में बाढ़ नियंत्रण

41. **श्री नारनभाई कछाडिया:** क्या **जल संसाधन मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार द्वारा असम में प्रभावी बाढ़ नियंत्रण के लिए पूर्वोत्तर जल संसाधन प्राधिकरण या ब्रह्मपुत्र घाटी प्राधिकरण स्थापित करने के लिए अब तक कोई ठोस कदम उठाए गए हैं; और

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

जल संसाधन मंत्री (श्री हरीश रावत): (क) और (ख) जी, हां। नवंबर, 2004 में माननीय प्रधानमंत्री द्वारा पूर्वोत्तर जल संसाधन प्राधिकरण (एनईडब्ल्यूआरए) के गठन के संबंध में घोषणा किए जाने के बाद जल संसाधन मंत्रालय द्वारा पूर्वोत्तर क्षेत्र में जल संसाधन के समग्र विकास के लिए एक बेसिन स्तरीय प्राधिकरण के रूप में एनईडब्ल्यूआरए का गठन करने के लिए दिशानिर्देश तैयार किए गए थे। अरुणाचल प्रदेश की राज्य सरकार को प्रस्तावित प्राधिकरण के क्षेत्राधिकार, संरचना आदि के संबंध में कुछ आपत्तियां हैं।

केन्द्र सरकार ने समय-समय पर अरुणाचल प्रदेश की राज्य सरकार के साथ इस मामले को उठाया है। एनईडब्ल्यूआरए के दिशानिर्देशों का मसौदा अरुणाचल प्रदेश सरकार को अप्रैल, 2011 में उनकी टिप्पणियां हेतु पुनः भेजे गए थे। गुवाहाटी में जनवरी, 2012 में जल संसाधन मंत्री की अध्यक्षता में आयोजित की गई ब्रह्मपुत्र बोर्ड की छठी उच्चाधिकार प्राप्त समीक्षा बोर्ड की बैठक के दौरान राज्य सरकार के प्रतिनिधि से भी एनईडब्ल्यूआरए पर राज्य सरकार की टिप्पणियां शीघ्र भिजवाने का अनुरोध किया गया था। अरुणाचल प्रदेश की राज्य सरकार से नवंबर, 2012 में उनकी टिप्पणियां शीघ्र भेजने का पुनः अनुरोध किया गया है।

सिन्धु जल संधि

42. **श्री सी.आर. पाटिल:** क्या **जल संसाधन मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार सिंधु जल संधि, 1960 की समीक्षा करना आवश्यक समझती है, क्योंकि देश बढ़ते जल संकट से जूझ रहा है और जिसके कारण इसके अधिकांश हिस्से सूखे और प्यासे हैं;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या उक्त संधि ने इस जल प्रणाली में छह नदियों के पानी का 80.52 प्रतिशत पाकिस्तान के लिए आवंटित किया है और

भारत के लिए मात्र शेष 19.48 प्रतिशत जल का हिस्सा रखा है; और

(घ) यदि हां, तो नदी जल के अभाव के कारण उत्पन्न हो रही स्थिति पर सरकार की क्या प्रतिक्रिया है?

जल संसाधन मंत्री (श्री हरीश रावत): (क) जल संसाधन मंत्रालय का ऐसा कोई विचार नहीं है।

(ख) प्रश्न नहीं उठता।

(ग) सिंधु जल संधि 1960 ने कोई मात्रात्मक आवंटन नहीं किया था। पूर्वी नदियों का जल (रावी, व्यास और सतलज एवं उनकी वितरिकाएं) अनियंत्रित उपयोग के लिए भारत को उपलब्ध है। पश्चिमी नदियों का जल सामान्यत: भारत द्वारा कुछ विनिर्दिष्ट उपयोगों को छोड़कर पाकिस्तान के लिए उपलब्ध है। संधि पर विचार विमर्श के दौरान किए गए आकलन के अनुसार पूर्वी और पश्चिमी नदियों का वार्षिक औसत बहाव क्रमश: लगभग 32.8 मिलियन एकड़ फीट और 135.6 मिलियन एकड़ फीट (एमएएफ) था।

(घ) बढ़ती मांग को देखते हुए उपलब्ध जल संसाधनों का इष्टतम और न्यायोचित रूप से उपयोग किए जाने की आवश्यकता है।

[हिन्दी]

उर्वरक उत्पादक कंपनियों को सब्सिडी

43. श्री ए.टी. नाना पाटील: क्या **रसायन और उर्वरक मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) पिछले तीन वर्षों और चालू वर्ष के दौरान रसायन और उर्वरक उत्पादक कंपनियों को दी गई सब्सिडी का ब्यौरा क्या है और जिन कंपनियों को सब्सिडी दी गई उनके नाम क्या हैं;

(ख) किन रसायनों और उर्वरकों पर सरकार सब्सिडी दे रही है;

(ग) क्या सरकार सब्सिडी वापस लेने के लिए कोई योजना बना रही है; और

(घ) यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं और किन रसायनों तथा उर्वरकों पर सब्सिडी समाप्त करने का प्रस्ताव है?

सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय के राज्य मंत्री तथा रसायन और उर्वरक मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री श्रीकांत जेना): (क) पिछले तीन वर्षों और वर्तमान वर्ष के दौरान उर्वरक उत्पादन कंपनियों को दी गई राजसहायता तथा उन कंपनियों के नाम, जिन्हें राजसहायता दी गई थी। संलग्न विवरण-I और II में है। रसायन और पेट्रोरसायन विभाग द्वारा की गई पूंजी राजसहायता का ब्यौरा भी संलग्न विवरण-III में है।

(ख) सरकार जिन उर्वरकों पर राजसहायता दे रही है, उनका नाम संलग्न विवरण-IV में दिया गया है।

213.	लूनी रिछा	एलएनआर	कोटा	एमपी	ई	271	310	258	251
214.	लालपुर उम्री	एलआरयू	कोटा	राज	ई	167	175	205	250
215.	मेहीदपुर रोड	एमईपी	कोटा	एमपी	ई	1071	1125	1277	1505
216.	मोरक	एमकेएक्स	कोटा	राज	ई	723	799	919	1049
217.	मंडलागढ़	एमएलजीएच	कोटा	राज	ई	338	344	377	407
218.	मलरना	एमएलजेड	कोटा	राज	ई	777	799	896	974
219.	मुरहेशी रामपुर	एमएसआरपी	कोटा	यूपी	ई	47	44	59	58
220.	मोतीपुरा चौकी	एमटीपीसी	कोटा	राज	ई	228	201	210	232
221.	मखोली	एमएक्सएल	कोटा	राज	ई	324	305	313	325
222.	नत्थू खेरी	एनकेएच	कोटा	एमपी	ई	32	39	39	44
223.	निमोडा	एनएमडी	कोटा	राज	ई	469	463	477	502
224.	नारायणपुर तत्वारा	एनएनडब्ल्यू	कोटा	राज	ई	1213	1373	1332	1513
225.	पिलोडा	पीडीज़ेड	कोटा	राज	ई	351	333	358	399
226.	पिनगोरा	पीएनजीआर	कोटा	राज	ई	221	319	253	273
227.	परसोली	पीएसएलआई	कोटा	राज	ई	132	150	168	204
228.	रवथा रोड	आरडीटी	कोटा	राज	ई	36	40	48	61
229.	रोहलखुर्द	आरएलके	कोटा	एमपी	ई	21	24	23	27
230.	रनथम्भौर	आरएनटी	कोटा	राज	ई	118	104	104	104
231.	रवंजा डुगर	आरडब्ल्यूजे	कोटा	राज	ई	342	349	374	366
232.	श्यामपुरा	एसएमपीए	कोटा	राज	ई	61	59	65	79
233.	श्रीनगर	एसएनएआर	कोटा	राज	ई	29	28	25	29
234.	सेवर	एसडब्ल्यूएआर	कोटा	राज	ई	205	202	241	265

1	2	3	4	5	6	7	8	9	10
235.	सलपुरा	एसवाईएल	कोटा	राज	ई	774	857	942	1138
236.	थलेरा	टीएचईए	कोटा	राज	ई	51	56	65	70
237.	थूरिया	टीएचयूआर	कोटा	एमपी	ई	235	214	204	217
238.	तलवली	टीएलजेड	कोटा	राज	ई	48	52	48	54
239.	उप्रामल	यूआरएमएल	कोटा	राज	ई	68	70	71	80
240.	हिनोतिया पीपलखेड	एचटीकेए	बीपीएल	एमपी	01.05.12 से प्रभावी			0	27
241.	पीलीघाट	पीआईजीटी	बीपीएल	एमपी	01.05.12 से प्रभावी			0	145
242.	मबन	एमएबीएन	बीपीएल	एमपी	01.05.12 से प्रभावी			0	50
243.	गोलापट्टी	जीपीटीवाई	जेबीपी	एमपी	01.05.12 से प्रभावी			0	58
244.	मझगांवा फाटक	एमजेजीपी	जेबीपी	एमपी	01.05.12 से प्रभावी			0	9
245.	भडभड़ाघाट(एच)	बीवीबी(एच)	बीपीएल	एमपी	एफ	31	41	38	32
246.	चौहानी(एच)	सीएजेड(एच)	बीपीएल	एमपी	एफ	79	50	63	63
247.	छिडगांव(एच)	सीजीओ(एच)	बीपीएल	एमपी	एफ	37	30	40	43
248.	खजूरी(एच)	केएडब्ल्यू(एच)	बीपीएल	एमपी	एफ	9	16	16	23
249.	खोंखर(एच)	केसीआर(एच)	बीपीएल	एमपी	एफ	13	25	19	19
250.	खायगांव(एच)	केएचए(एच)	बीपीएल	एमपी	एफ	105	129	171	168
251.	कुरावां(एच)	केआरओ(एच)	बीपीएल	एमपी	एफ	18	19	14	15
252.	खुटवासा(एच)	केटीजेड(एच)	बीपीएल	एमपी	एफ	20	23	22	16
253.	लूकवासा(एच)	एलडब्ल्यूएस (एच)	बीपीएल	एमपी	एफ	41	61	76	89
254.	मियाना(एच)	एमवाईएन(एच)	बीपीएल	एमपी	एफ	53	80	97	147
255.	पराखेड़ा(एच)	पीएआरएच(एच)	बीपीएल	एमपी	एफ	90	128	129	111
256.	रेनहट(एच)	आरईएनएच(एच)	बीपीएल	एमपी	एफ	10	10	19	15
257.	राघोगढ़(एच)	आरजीजी(एच)	बीपीएल	एमपी	एफ	50	68	92	111
258.	रवसार जागीर (एच)	आरएसजे(एच)	बीपीएल	एमपी	एफ	9	15	8	16
259.	रेहतवास(एच)	आरटीडब्ल्यू(एच)	बीपीएल	एमपी	एफ	179	195	184	219

1	2	3	4	5	6	7	8	9	10
260.	सिरोलिया(एच)	एसवाईओ(एच)	बीपीएल	एमपी	एफ	65	50	46	44
261.	तारावता(एच)	टीआरडब्ल्यूटी (एच)	बीपीएल	एमपी	एफ	34	30	12	21
262.	बारा(एच)	बीएआरए(एच)	जेबीपी	एमपी	एफ	61	53	52	57
263.	भरसेंडी(एच)	बीएसडीएल(एच)	जेबीपी	एमपी	एफ	15	40	35	37
264.	डांगीधर(एच)	डीजीडी(एच)	जेबीपी	एमपी	एफ	109	139	140	169
265.	दमोय(एच)	डीएमवाईए(एच)	जेबीपी	एमपी	एफ	252	213	204	240
266.	गजरा बहरा(एच)	जीएजेबी(एच)	जेबीपी	एमपी	एफ	128	149	120	135
267.	हाती(एच)	हाती(एच)	जेबीपी	एमपी	एफ	64	69	64	85
268.	जुनेहटा(एच)	जेएनई(एच)	जेबीपी	एमपी	एफ	218	225	214	196
269.	करपगांव(एच)	केएफवाई(एच)	जेबीपी	एमपी	एफ	43	45	28	25
270.	कंचनपुर रोड (एच)	केएनसी(एच)	जेबीपी	एमपी	एफ	32	39	30	35
271.	लचाखारी(एच)	एलईके(एच)	जेबीपी	एमपी	एफ	51	61	62	58
272.	माधवनगर रोड (एच)	एमडीएचआर (एच)	जेबीपी	एमपी	एफ	179	188	173	180
273.	मरवासग्राम(एच)	एमडब्ल्यूजे (एच)	जेबीपी	एमपी	एफ	57	114	130	176
274.	मझोली(एच)	एमजेडएचएल (एच)	जेबीपी	एमपी	एफ	21	35	35	36
275.	पीटीएचडी(एच)	पीटीएचडी(एच)	जेबीपी	एमपी	एफ	66	64	55	62
276.	शंकुरपुर भदोरा (एच)	एसकेबीआर (एच)	जेबीपी	एमपी	एफ	13	165	157	155
277.	संसारपुर रोड (एच)	एसएनआरआर (एच)	जेबीपी	एमपी	एफ	195	236	213	234
278.	सुरसदीघाट झारा (एच)	एसएसजीजे (एच)	जेबीपी	एमपी	एफ	60	43	57	62

1	2	3	4	5	6	7	8	9	10
279.	शोभापुर(एच)	एसएक्सएफ (एच)	जेबीपी	एमपी	एफ	70	79	61	70
280.	चंद्रेसाल(एच)	सीडीएसएल (एच)	कोटा	राज	एफ	32	30	28	30
281.	चूडामन नगरी (एच)	सीआरजी(एच)	कोटा	यूपी	एफ	63	53	64	63
282.	चौरा खेरे(एच)	सीआरकेआर (एच)	कोटा	एमपी	एफ	30	27	23	27
283.	ढिढोरा हुकमी खेडा (एच)	डीएनएचके (एच)	कोटा	राज	एफ	197	196	202	196
284.	जयचोली(एच)	जेसीयू(एच)	कोटा	राज	एफ	56	59	63	65
285.	केशोली(एच)	केओएलआई (एच)	कोटा	राज	एफ	40	27	12	11
286.	पीप्लोड रोड (एच)	पीओआर (एच)	कोटा	राज	एफ	68	57	45	45
287.	रानीकुंड रार (एच)	आरकेआर (एच)	कोटा	यूपी	एफ	72	82	150	142
288.	सालाबाद(एच)	एसएबीडी(एच)	कोटा	राज	एफ	79	73	80	99
289.	सिकरोदमनिया (एच)	एसकेडीएम (एच)	कोटा	राज	एफ	78	81	90	91

विवरण-VI

माल गाड़ियां: (गाड़ियों की संख्या)

पश्चिम मध्य रेलवे	एएलडी-जेबीपी सेक्शन			
	2009-10	2010-11	2011-12	2012-13 (अक्टूबर-12 तक)
अप	11281	11128	10321	6142
डाउन	12476	12257	12361	7043
कुल	23757	23385	22682	13185

यात्री गाड़ियां:

एएलडी/सीओआई-जेबीपी मार्ग पर चल रही यात्री गाड़ियों की सूची

गाड़ी सं.	मार्ग
1	2
11037/11038	जीकेपी-पुणे एक्स
14259/14260	बीएसबी-आरएमएम एक्स.
16359/16360	पीएनबीई-ईआरएस एक्स.
11045/11046	दीक्षाभूमि एक्स.
12539/12540	एलकेओ-वाईपीआर सुपर एक्स
12577/12578	बागमती एक्स.
12295/12296	संघ मित्रा एक्स.
11065/11066	डीबीजी-एलटीटी एक्स.
11061/11062	एमएफपी-एलटीटी एक्स.
12669/12670	गंगा-कावेरी एक्स.
12149/12150	पीएनबीई-पुणे एक्स.
22013/22014	एफडी-एलटीटी सुपर एक्स.
11033/11034	डीबीजी-पुणे एक्स.
15267/15268	जनसाधारण एक्स.
22131/22132	पीए-एमयूवी एक्स.
12545/12546	कर्मभूमि एक्स.
13201/13202	आरजेपीबी-एलटीटी एक्स.
19057/19058	बीएसबी-यूडीएन एक्स.
12321/12322	एचडब्ल्यूएच-मुंबई मेल
18609/18610	आरएनसी-एलटीटी एक्स.
12167/12168	बीएसबी-डीआर सुपर एक्स.
11093/11094	महानगरी एक्स.
15017/15018	जीकेपी-एलटीटी एक्स.
11056/11060	सीपीआर-एलटीटी एक्स.
51189/51190	एएलडी-ईटी एक्स.
15647/15648	जीएचवाई-एलटीटी एक्स.
15645/15646	जीएचवाई-एलटीटी एक्स.
12335/12336	बीजीपी-एलटीटी एक्स.
12791/12792	पीएनबीई-एससी एक्स.
19047/19048	बीजीपी-एसटी एक्स.
19045/19046	ताप्ती गंगा एक्स.
11067/11068	साकेत एक्स.
12165/12166	बीएसबी-एलटीटी सुपर एक्स.

[अनुवाद]

औषधियों की खरीद

49. **श्री नवील जिन्दल: क्या रसायन और उर्वरक मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार सार्वजनिक क्षेत्र ओर निजी क्षेत्र दोनों के फार्मास्यूटिकल्स से औषधियां खरीदती है;

(ख) यदि हां, तो खरीद-तंत्र और पिछले तीन वर्षों और चालू वर्ष के दौरान वर्षवार, सार्वजनिक/निजी क्षेत्र-वार फर्मास्यूटिकल्स सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रमों (पीएसयू) द्वारा कुल उत्पादन तथा खरीदी गई औषधियों के कुल मूल्य का ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या फार्मास्यूटिकल्स पीएसयू जेनरिक औषधियों के उत्पादन पर ध्यान केंद्रित कर रही है क्योंकि सरकार जेनरिक औषधियों के लिखने तथा बिक्री को बढ़ावा दे रही है ताकि लोगों को सस्ती औषधियां उपलब्ध हों;

(घ) यदि हां, तो फार्मास्यूटिकल्स पीएसयू द्वारा जेनरिक औषधियों का कुल कितना उत्पादन किया गया और इनका मूल्य कितना है तथा उक्त अवधि के दौरान वर्ष-वार तथा पीएसयू-वार भारतीय जेनरिक बाजार में उनका हिस्सा कितना है;

(ङ) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं; और

(च) सरकारी खरीद और भारतीय फार्मास्यूटिकल्स बाजार में फार्मास्यूटिकल्स पीएसयू का हिस्सा बढ़ाने के लिए सरकार द्वारा कोई कदम उठाए गए/उठाए जाने प्रस्तावित हैं?

सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय के राज्य मंत्री तथा रसायन और उर्वरक मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री श्रीकांत जेना): (क) से (च) सूचना एकत्र की जा रही है और सदन के पटल पर रख दी जाएगी।

रोलिंग डिपोजिट स्कीम

50. श्री पी. कुमारः क्या **रेल मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या इंडियन रेलवे केटरिंग एंड टूरिज्म कॉर्पोरेशन लि. (आईआरसीटीसी) ने रोलिंग डिपोजिट स्कीम (आरडीएस) शुरू करने का निर्णय लिया है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या आईआरसीटीसी की योजना आरडीएस खोलने के लिए पंजीकरण शुल्क (रजिस्ट्रेशन फीस) वसूलने की है; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

रेल मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अधीर चौधरी): (क) जी हां।

(ख) भारतीय रेलवे खानपान एवं पर्यटन निगम (आईआरसीटीसी) ने निम्नलिखित उद्देश्यों को ध्यान में रखकर छह माह की अवधि के लिए पायलट परियोजना के रूप में वैयक्तिक उपयोगकर्ताओं के लिए 22.08.2012 को चल जमा योजना (आरडीएस) शुरू की है:–

(i) टिकट बुक करने में लगने वाले समय में कमी करना।

(ii) बैंकों की ओर से होने वाले विलंब/नेटवर्क में विफलता के कारण हुए असफल संव्यवहार की संख्याओं में कमी करना।

(iii) संव्यवहार लागत में कमी करना।

(iv) ग्राहक के खाते में धन वापसी में तेजी लाना।

(v) समग्र निष्पादन प्रणाली में सुधार करना।

(ग) और (घ) जी, हां। आरडीएस खोलने के लिए पंजीकरण फीस के रूप में 250/- रु. की राशि ली जाती है जिसे उपयोगकर्ता टिकट बुक करके भुना सकते हैं।

[हिन्दी]

पीएमजीएसवाई के अंतर्गत आवंटन की वृद्धि

51. श्री महेन्द्रसिंह पी. चौहाणः क्या **ग्रामीण विकास मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार को वर्ष 2012 के लिए प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना (पीएमजीएसवाई) के अंतर्गत निधियों के आवंटन की वृद्धि के लिए विभिन्न राज्य सरकारों से कोई अनुरोध प्राप्त हुआ है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) इस पर सरकार की प्रतिक्रिया क्या है?

ग्रामीण विकास मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री लालचन्द कटारिया): (क) से (ग) जी, नहीं। इस मंत्रालय को वर्ष 2012 के लिए प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना (पीएमजीएसवाई) के अंतर्गत निधियों के आवंटन की वृद्धि के लिए विभिन्न राज्य सरकारों से कोई अनुरोध प्राप्त नहीं हुआ है। यद्यपि, कार्यक्रम दिशानिर्देशों के अनुसार, जब कभी भी संबंधित राज्य सरकारों द्वारा निधियों की जरूरत के बारे में बताया जाता है तब स्वीकृत परियोजनाओं को कार्यान्वित करने में राज्य सरकारों की क्षमता तथा उनके स्तर पर उपल्बध खर्च न की गई शेष राशि के आधार पर उन्हें निधियां रिलीज की जाती हैं।

[अनुवाद]

पश्चिम बंगाल में पीएमजीएसवाई

52. कुमारी मौसम नूरः क्या **ग्रामीण विकास मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) विगत तीन वर्षों और चालू वर्ष के दौरान मालदा जिला सहित पश्चिम बंगाल में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना (पीएमजीएसवाई) की स्थिति क्या है;

(ख) उक्त अवधि के दौरान पश्चिम बंगाल में इस योजना के अंतर्गत स्वीकृत परियोजनाएं कौन-सी हैं;

(ग) क्या विगत तीन वर्षों और चालू वर्ष के दौरान पश्चिम बंगाल में विद्यमान सड़कों के उन्नयन हेतु कोई राशि जारी की गई है;

(घ) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं; और

(ङ) मंत्रालय द्वारा पश्चिम बंगाल में इस योजना के अंतर्गत विद्यमान सड़कों के उन्नयन और नई सड़कों के निर्माण हेतु प्रस्तावित उपाय क्या है?

ग्रामीण विकास मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री लालचंद कटारिया): (क) विगत तीन वर्षों और मौजूदा वर्ष के दौरान मालदा जिला सहित पश्चिम बंगाल राज्य में प्रधान मंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत 4,472 कि.मी. लंबाई की सड़कों का निर्माण किया गया है।

(ख) मंत्रालय ने तीन वर्षों और मौजूदा वर्ष के दौरान कार्यक्रम के अंतर्गत 1329 करोड़ रु. की कुल लागत से 2753 कि.मी. लंबाई की 603 सड़कों का निर्माण करने वाले परियोजना प्रस्तावों को मंजूरी दे दी है।

(ग) और (घ) यह राशि राज्य को रिलीज की जाती है जिसमें मंत्रालय द्वारा कार्यक्रम के अंतर्गत नई सड़कों तथा उन्नयन के लिए चरणवार मंजूर की गई परियोजनाओं के लिए राज्य को एक इकाई माना जाता है। विगत तीन वर्षों और मौजूदा वर्ष के दौरान इस कार्यक्रम के अंतर्गत राज्य को 2019 करोड़ रु. रिलीज किए गए हैं।

(ङ) पीएमजीएसवाई एकबारगी विशेष केन्द्रीय पहल है जिसमें कोर नेटवर्क में मैदानी क्षेत्रों में 500 व्यक्तियों (2001 की जनगणना के अनुसार) और इससे अधिक तथा पर्वतीय राज्यों, जनजातीय (अनुसूची-V) क्षेत्रों, मरूभूमि क्षेत्रों (मरूभूमि विकास कार्यक्रम में यथानिर्धारित) और गृह मंत्रालय तथा योजना आयोग द्वारा यथानिर्धारित समेकित कार्य योजना (आईएपी) के अंतर्गत 9 राज्यों के चुनिंदा 82 जनजातीय एवं पिछड़े जिलों में 250 व्यक्तियों और इससे अधिक की आबादी वाली सड़कों से न जुड़ी सभी पात्र बसावटों को बारहमासी सड़क (वर्ष भर चलने वाले आवश्यक पुलियों और आर-पार निकासी नालों) से जोड़ने की परिकल्पना की गई है। खेतों से लेकर बाजार तक पूरी तरह पहुंच मुहैया कराने के लिए चुनिंदा ग्रामीण सड़कों का उन्नयन भी इस योजना का एक उद्देश्य है, यद्यपि योजना में इसे प्रमुखता नहीं दी गई है और राज्य विशिष्ट लक्ष्यों के अनुसार इसे मंजूरी दी जाती है। उपर्युक्त कार्य के लिए केन्द्र सरकार द्वारा निधियां उपलब्ध कराई जाती हैं।

पूर्ण स्वच्छता अभियान

53. **श्री पी.टी. थॉमस:**
श्री एस. पक्कीरप्पा:
श्री महेन्द्रसिंह पी. चौहाण:
श्रीमती श्रुति चौधरी:

क्या **पेयजल और स्वच्छता मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) देश में स्वच्छता कवरेज का राज्यवार ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या सरकार ने देश के ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छता सुविधाएं सुनिश्चित करने के लिए पूर्ण स्वच्छता अभियान (टीएससी) की समीक्षा की है;

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा और परिणाम क्या हैं और पिछले तीन वर्षों तथा चालू वर्ष के दौरान राज्यवार कुल कितनी निधियां आवंटित तथा उपयोग की गईं;

(घ) इस समय कितने जिलों में टीएससी का कार्यान्वयन किया जा रहा है; और

(ङ) क्या सरकार की मंशा इस योजना के अंतर्गत अगले दो वर्षों के दौरान अधिक जिलों को कवर करने का है और यदि हां, तो राज्यवार तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

पेयजल और स्वच्छता मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री भरतसिंह सोलंकी): (क) देश में स्वच्छता सुविधाओं की कवरेज का राज्य/संघ राज्यक्षेत्रवार ब्यौरा संलग्न विवरण-I में दिया गया है।

(ख) और (ग) ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छता की प्रगति में तेजी लाने के लिए भारत सरकार ने संपूर्ण स्वच्छता अभियान में आमूल-चूल बदलाव किया है, जिसका नाम अब 12वीं पंचवर्षीय योजना में निर्मल भारत अभियान हो गया है। निर्मल भारत अभियान का उद्देश्य संपूर्ण समुदायों में चरणबद्ध रूप से और सैचुरेशन मोड में स्वच्छता सुविधाओं का प्रावधान करके व्यवहार में स्थायी बदलाव लाना है, जिसका परिणाम 'निर्मल ग्रामों' के रूप में सामने आएगा। नई कार्य नीति का उद्देश्य समुदाय सैचुरेशन एप्रोच अपनाकर ग्रामीण भारत को 'निर्मल भारत' बनाना है। गरीबी रेखा से नीचे जीवन-यापन करने वाले परिवारों के साथ-साथ गरीबी रेखा से ऊपर जीवन-यापन करने वाले अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति, छोटे और सीमान्त किसानों, भूमिहीन मजदूरों, शारीरिक रूप से विकलांगों और महिला प्रमुखों के सभी परिवारों को शामिल करने के लिए वैयक्तिक पारिवारिक शौचालयों के लिए प्रोत्साहन के प्रावधानों को व्यापक बनाया गया है। निर्मल भारत अभियान के तहत सभी पात्र लाभार्थियों हेतु शौचालयों के निर्माण के लिए वित्तीय प्रोत्साहन राशि को बढ़ाकर 4600 रुपए किया गया है। इसके अतिरिक्त शौचालय के निर्माण के लिए महात्मा गांधी नरेगा के अंतर्गत अधिकतम 4500 रुपये भी दिए जाने की अनुमति है और लाभार्थी के 900 रुपए के योगदान से अर्थात् अब 1 शौचालय की कुल लागत 10,000 रुपए हो गई है। तैयसार की गई स्वच्छता सुविधाओं को स्थायी बनाने के लिए ग्राम पंचायतों में पानी की उपलब्धता के मुद्दे का

समाधान करने के लिए राष्ट्रीय ग्रामीण पेयजल कार्यक्रम के साथ कन्जॉइन्ट एप्रोच अपनाई गई है। संशोधित कार्यनीति के तहत पंचायती राज संस्थाओं (पीआरआई) और क्षेत्रीय स्तर कार्यान्वयन-कर्ताओं सहित सभी स्टेकहोल्डरों की क्षमता के विकास के लिए निधियां निर्धारित की गई हैं। स्वास्थ्य, महिला एवं बाल विकास और पंचायती राज जैसे अन्य राज्य विभागों के साथ तालमेल पर ध्यान दिया जा रहा है। स्वच्छता को बढ़ावा देने के लिए 'आशा' (एएसएचए) कार्यकर्त्रियों और आंगनवाड़ी कार्यकर्त्रियों को प्रोत्साहित करने का प्रावधान भी किया गया है। राज्य स्वसहायता समूहों, महिला समूहों, प्रतिष्ठित गैर सरकारी संगठनों को भी स्वच्छता को बढ़ावा देने वाले कार्यकलापों में शामिल होने के लिए प्रोत्साहित करेंगे। अब ग्राम सभाओं के माध्यम से सामाजिक लेखा परीक्षा और एनबीए के कार्यान्वयन की प्रक्रिया मे लोगों की सक्रिय भागीदारी का प्रावधान भी है। विकल्पों का रोस्टर तैयार करके और संकेन्द्रित वित्तपोषण के जरिए ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन को प्राथमिकता दी गई है। पिछले तीन वर्षों और मौजूदा वर्ष के दौरान रिलीज की गई और उपयोग में लाई गई निधियों का राज्यवार ब्यौरा संलग्न विवरण-II में दिया गया है।

(घ) फिहाल निर्मल भारत अभियान देश के 607 ग्रामीण जिलों में चलाया जा रहा है।

(ङ) सरकार का लक्ष्य अगले 2 वर्षों में सभी शेष ग्रामीण जिलों को निर्मल भारत अभियान में शामिल करना है। निर्मल भारत अभियान की परियोजनाओं में शामिल न हो पाए जिलों की सूची संलग्न विवरण-III में दर्शाई गई है।

विवरण-I

देश में स्वच्छता सुविधाओं की कवरेज का ब्यौरा

क्र.सं.	राज्य/संघ राज्यक्षेत्र	2011 की जनगणना अनुसार ग्रामीण स्वच्छता की कवरेज (परिवारों का प्रतिशत)
1	2	3
1.	अंडमान और निकोबार द्वीपसमूह	61.08
2.	आंध्र प्रदेश	34.88
3.	अरुणाचल प्रदेश	55.75
4.	असम	61.54
5.	बिहार	18.61
6.	चंडीगढ़	94.31
7.	छत्तीसगढ़	14.85
8.	दादर और नगर हवेली	29.28
9.	दमन और दीव	65.80
10.	गोवा	72.60
11.	गुजरात	34.24
12.	हरियाणा	57.71
13.	हिमाचल प्रदेश	67.45
14.	जम्मू और कश्मीर	41.71
15.	झारखंड	8.33
16.	कर्नाटक	31.89
17.	केरल	94.41
18.	लक्षद्वीप	98.34
19.	मध्य प्रदेश	13.58
20.	महाराष्ट्र	44.20
21.	मणिपुर	87.73
22.	मेघालय	56.94
23.	मिजोरम	87.10
24.	नागालैंड	77.69
25.	राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली	86.50
26.	ओडिशा	15.32
27.	पुदुचेरी	40.41
28.	पंजाब	71.89

1	2	3
29.	राजस्थान	20.13
30.	सिक्किम	85.14
31.	तमिलनाडु	26.73
32.	त्रिपुरा	84.59
33.	उत्तर प्रदेश	22.87
34.	उत्तराखंड	54.96
35.	पश्चिम बंगाल	48.70
	ग्रामीण भारत	32.67

विवरण-II

पिछले तीन वर्षों और मौजूदा वर्ष के दौरान रिलीज और उपयोग की गई निधियों का राज्य-वार ब्यैरा

(लाख रुपये में)

क्र.सं.	राज्य	2009-10		2010-11		2011-12		2012-13 (अक्तूबर 2012 तक)	
		रिलीज	खर्च	रिलीज	खर्च	रिलीज	खर्च	रिलीज	खर्च
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10
1.	आंध्र प्रदेश	11078.44	3915.05	14218.46	7177.90	9657.28	9151.88	15022.60	3109.91
2.	अरुणाचल प्रदेश	404.97	659.28	119.26	610.28	204.88	511.09	227.15	67.75
3.	असम	6729.84	9436.95	9437.36	6712.08	12251.18	12227.67	2772.21	5449.07
4.	बिहार	9046.72	9014.63	11259.76	12421.48	17219.09	16761.4	29814.56	11361.35
5.	छत्तीसगढ़	5018.42	6437.99	5479.58	2530.57	2702.42	3286.35	0	771.21
6.	दादरा और नगर हवेली	0	0	0	0	0	0	0	0
7.	गोवा	0	0	0	0	0	0	0	0
8.	गुजरात	3036.9	5154.34	4692.36	3332.98	4308.28	3525.46	3949.42	1785.05
9.	हरियाणा	718.15	1220.09	2361.49	1410.41	335.27	1542.35	0	395.47
10.	हिमाचल प्रदेश	1017.7	1312.38	2939.78	2130.20	469.57	1274.65	1666.96	645.44
11.	जम्मू और कश्मीर	332.9	1383.15	2792.51	1101.93	967.95	2463.42	3511.01	508.45
12.	झारखंड	3941.66	3871.91	5466.98	3653.66	7264.92	2334.84	4193.31	605.44
13.	कर्नाटक	5571	4816.9	4458.66	6240.93	8709.28	4115.18	8352.77	1507.23
14.	केरल	975.45	1346.2	2286.34	808.52	158.89	987.89	0	614.38
15.	मध्य प्रदेश	9987.48	12732.1	14402.60	12826.57	15076.00	16700.46	12922.98	5231.48

1	2	3	4	5	6	7	8	9	10
16.	महाराष्ट्र	9894.05	11741.67	12911.7	7263.49	5799.94	8391.45	11872.8	1457.08
17.	मणिपुर	1177.54	409.58	80.30	861	1087.87	701.18	912.63	849.24
18.	मेघालय	1378.78	985.46	3105.23	1437.34	1115.72	3290.85	792	451.78
19.	मिजोरम	412.98	419.27	653.4	272.81	31.38	691.6	0	130.52
20.	नागालैंड	1059.27	971.60	1229.45	264.95	174.06	1371.36	396.37	241.92
21.	ओडिशा	5031.55	5258.97	6836.73	4928.22	11171.7	4652.38	0	2444.16
22.	पुदुचेरी	0	5.19	0	2.91	0	0	0	0
23.	पंजाब	116.02	326.41	1116.39	420.64	283.18	108.36	0	387.74
24.	राजस्थान	4352.6	3217.59	5670.74	3757.52	5424.41	3136.6	4877.2	5659.01
25.	सिक्किम	0	258.95	112.86	0	0	0	69.87	0
26.	तमिलनाडु	6166.18	5406.86	7794.35	5213.14	7662.06	10710.19	6239.19	1823.94
27.	त्रिपुरा	836.66	535.74	925.14	574.08	133.92	752.89	124.74	200.81
28.	उत्तर प्रदेश	11579.77	33657.29	22594	22738.91	16920.72	12056.46	12895.76	8253.65
29.	उत्तराखंड	773.98	1102.22	1707.61	1159.57	804.76	1312.67	1270.98	636.88
30.	पश्चिम बंगाल	3246.26	7809.32	8327.5	7654.57	14124.34	11514.02	15319.3	7767.07
	कुल	103885.36	133407.13	152980.54	117506.70	144059.07	133572.68	137203.95	62356.06

विवरण-III

निर्मल भारत अभियान (एनबीए) की परियोजनाओं में शामिल न हो पाए जिलों की सूची

क्र.सं.	राज्य	जिला
1	2	3
1.	अंडमान और निकोबार द्वीपसमूह	अंडमान
2.	अंडमान और निकोबार द्वीपसमूह	निकोबार
3.	चंडीगढ़	चंडीगढ़
4.	दमन व दीव	दमन
5.	दमन और दीव	दीव
6.	दिल्ली	पूर्वी (जिला)
7.	दिल्ली	उत्तरी (जिला)
8.	दिल्ली	उत्तर-पूर्व (जिला)
9.	दिल्ली	उत्तर-पश्चिम (जिला)
10.	दिल्ली	दक्षिणी (जिला)
11.	दिल्ली	दक्षिण-पश्चिम (जिला)
12.	दिल्ली	पश्चिमी (जिला)
13.	लक्षद्वीप	लक्षद्वीप

एनबीएस स्कीम का कार्यान्वयन

54. श्री दुष्यंत सिंह: क्या **रसायन और उर्वरक मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने विगत वर्षों के दौरान उर्वरकों पर सब्सिडी प्रदान करने के लिए पोषक आधारित सब्सिडी (एनबीएस) नीति का कार्यान्वयन किया है;

(ख) यदि हां, तो क्या उक्त नीति के कार्यान्वयन से पहले सभी संबंधित विभागों की सहमति ली गई थी;

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(घ) क्या सरकार का विचार इस प्रयोजन के लिए दूसरी योजना कार्यान्वित करने का है; और

(ङ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इसके क्या कारण हैं?

सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय के राज्य मंत्री तथा रसायन और उर्वरक मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री श्रीकांत जेना): (क) से (ग) फास्फेटयुक्त और पोटाशयुक्त उर्वरकों पर राजसहायता उपलब्ध कराने के लिए मंत्रिमंडल का अनुमोदन प्राप्त करने के बाद 1.4.2010 से पोषक तत्व आधारित राजसहायता (एनबीएस) नीति का कार्यान्वयन किया गया है। मंत्रिमंडल का अनुमोदन प्राप्त करने से पहले प्रस्ताव को अंतर-मंत्रालयी परामर्श हेतु कृषि एवं सहकारिता विभाग, व्यय विभाग और योजना आयोग को भेजा गया था और मंत्रियों के मसूह (जीओएम) की बैठक में भी इस पर चर्चा की गई थी।

(घ) जी नहीं।

(ङ) उपर्युक्त (घ) को देखते हुए प्रश्न नहीं उठता।

राष्ट्रीय सामाजिक सहायता कार्यक्रम (एनएसएपी) के तहत मानदंडों में छूट

55. **श्री अधलराव पाटील शिवाजी:**
श्री ए. गणेशमूर्ति:
श्री गजानन ध. बाबर:
श्री मधुगौड यास्खी:
श्री आनंदराव अडसुल:

क्या **ग्रामीण विकास मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या राष्ट्रीय सामाजिक सहायता कार्यक्रम (एनएसएपी) के तहत मानकों तथा पात्रता से छूट देने हेतु सरकार द्वारा गठित विशेषज्ञ समिति ने केन्द्र सरकार को रिपोर्ट सौंप दी है;

(ख) यदि हां, तो उक्त समिति द्वारा की गई सिफारिशों का ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार का विधवा पेंशन हेतु पात्रता आयु को 40 वर्ष से घटकर 18 वर्ष करने और अविवाहित तथा तलाकशुदा महिला को विधवा पेंशन हेतु पात्र मानने संबंधी कोई प्रस्ताव विचाराधीन है;

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है तथा इसके क्या कारण हैं; और

(ङ) इस बारे में सरकार द्वारा अंतिम निर्णय कब तक लिए जाने की संभावना है?

ग्रामीण विकास मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री लालचंद कटारिया): (क) जी हां। एनएसएपी की विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत लाभ प्रदान करने के मानदंडों पर सिफारिश करने के लिए अपर सचिव, ग्रामीण विकास विभाग, ग्रामीण विकास मंत्रालय की अध्यक्षता में एक समिति बनाई गई थी, जिसमें संबंधित केंद्रीय मंत्रालयों और चार राज्य सरकारों के प्रतिनिधि शामिल थे। समिति ने अक्तूबर, 2012 के अंतिम सप्ताह में अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत कर दी है।

(ख) समिति ने राष्ट्रीय सहायता कार्यक्रम (एनएसएपी) की योजनाओं के अंतर्गत लाभ से वंचित विभिन्न श्रेणियों के लोगों की पेंशन राशि को बढ़ाने और कतिपय पात्रता मानदंड में छूट देने का सुझाव दिया है।

(ग) और (घ) पति से अलग रह रहीं, तलाकशुदा और विधवा महिलाओं के लिए समिति ने विधवा पेंशन राशि की पात्रता आयु को 40 वर्ष से घटाकर 18 वर्ष करने का सुझाव दिया है क्योंकि महिलाओं के लिए विवाह की न्यूनतम आयु सीमा 18 वर्ष है। विधवा पेंशन योजना के तहत् 40 और उससे अधिक आयु की अकेली रहने वाली महिलाओं को शामिल करने का भी सुझाव दिया गया है क्योंकि हो सकता है कि इस आयु में कोई सहायता नहीं मिले और उसे इस सहायता की जरूरत हो।

(ङ) फिलहाल इस संबंध में कोई समय-सीमा निर्धारित नहीं की गई है।

ग्रामीण क्षेत्रों के लिए योजनाएं

56. **श्री नलिन कुमार कटील:**
श्री विश्व मोहन कुमार:
श्री प्रेमदास:

क्या **ग्रामीण विकास मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार का बारहवीं पंचवर्षीय योजना में देश में ग्रामीण क्षेत्रों के कल्याण हेतु विभिन्न उद्देश्यों वाली कोई नई योजनाएं लागू करने का विचार है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इसके क्या कारण हैं;

(ग) क्या सरकार ने इस प्रयोजनार्थ लागू मौजूदा योजनाओं की समीक्षा की है;

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण है; और

(ङ) सरकार द्वारा देश में ग्रामीण क्षेत्रों के कल्याणार्थ अन्य क्या कदम उठाए गए हैं/उठाए जा रहे हैं?

(क) से (घ) जी, नहीं।

(ङ) संपूर्ण आयोजना प्रक्रिया के हिस्से के रूप में, ग्रामीण विकास मंत्रालय राज्य सरकारों और संघ राज्यक्षेत्र प्रशासनों के जरिए अनेक ग्रामीण विकास कार्यक्रम यथा—महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा), स्वर्ण जयंती ग्राम स्वरोजगार योजना (एसजीएसवाई)/राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (एनआरएलएम), प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना (पीएमजीएसवाई), इंदिरा आवास योजना (आईएवाई), समेकित वाटरशेड प्रबंधन कार्यक्रम (आईडब्ल्यूएमपी) और राष्ट्रीय समाजिक सहायता कार्यक्रम (एनएसएपी) कार्यान्वित कर रहा है। इन कार्यक्रमों का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार, ग्रामीण संपर्क, बुनियादी सुविधाएं और सामाजिक सहायता उपलब्ध कराकर संपूर्ण विकास करना एवं सुधार लाना है।

झारखंड में सड़कों का निर्माण

57. श्री इन्दर सिंह नामधारी: क्या **ग्रामीण विकास मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार का विचार प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना (पीएमजीएसवाई) के तहत झारखंड में मनातु (पलामू जिला) से प्रतापपुर (चतरा जिला) वाया चक सड़क का निर्माण करने का है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

ग्रामीण विकास मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री लालचंद कटारिया): (क) से (ग) जैसाकि झारखंड राज्य द्वारा जानकारी दी गई है, झारखंड में मनातू (पलामू जिला) से प्रतापपुर (चतरा जिला) वाया चाक तक सड़क में तीन भाग शामिल हैं। सड़क के इन तीनों भागों की स्थिति निम्नानुसार है–

(i) मनातू से चाक (4.00 कि.मी. लगभग)

राज्य योजना के अंतर्गत आकलन तैयार किया गया है और स्वीकृति की प्रक्रिया चल रही है।

(ii) डूमरवार (चाक) से सिडकीमोड़ (13.30 कि.मी.)

वर्ष 2004-05 के दौरान पीएमजीएसवाई के चरण-IV के अंतर्गत सड़क स्वीकृत की गई। विकास की प्रगति शून्य है। ठेकेदार के कार्य निष्पादन न किए जाने के कारण कार्य को मई, 2010 में रद्द कर दिया गया है। राज्य द्वारा आकलन में संशोधन किया गया और निविदा के लिए रखा गया।

(iii) सिडकीमोड़ से प्रतापपुर (6.00 कि.मी.)

सड़क राज्य के आरसीडी (सड़क निर्माण विभाग) के तहत है।

यात्री और मालभाड़े पर सेवा शुल्क

58. श्री संजय भोई:
श्री आनंद प्रकाश परांजपे:
श्री एकनाथ महादेव गायकवाड:
श्री भास्करराव बापूराव पाटील खतगांवकर:

क्या **रेल मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) रेलवे ने प्रत्येक यात्री टिकट और मालभाड़े पर सेवा शुल्क लगा कर वातानुकूलित श्रेणी के किरायों में बढ़ोत्तरी कर दी है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इसके क्या कारण हैं;

(ग) क्या सेवा शुल्क से प्राप्त राशि को रेल की सुरक्षा और विकास हेतु उपयोग में लाया जाएगा; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

रेल मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अधीर चौधरी): (क) और (ख) हालांकि, वित्त मंत्रालय की 2012 की अधिसूचना के अनुपालन में मूल यात्री किराया एवं माल भाड़ा नहीं बढ़ाया गया था, 01.10.2012 से निम्नलिखित श्रेणियों में यात्री टिकटों पर 3.708% की दर से सेवा कर की उगाही की जा रही है:

(i) एसी प्रथम श्रेणी।

(ii) एक्जीक्यूटिव श्रेणी।

(iii) एसी-2 टियर श्रेणी।

(iv) एसी-3 टियर श्रेणी।

(v) एसी कुर्सी यान श्रेणी।

(vi) एसी इकोनामी श्रेणी।

(vii) प्रथम श्रेणी।

वित्त मंत्रालय की 2012 की अधिसूचना सं. 25 द्वारा विशेष रूप से छूट दी गई वस्तुओं को छोड़कर, रेल यातायात द्वारा ढुलाई किए जाने वाले सभी माल यातायात पर भी 01.10.2012 से 3.708% की दर से सेवा कर की उगाही की जा रही है।

(ग) और (घ) सेवा कर नियमों के अनुसार, एकत्रित किया गया कर केन्द्र सरकार के खाते में जमा किया जाएगा। सेवा कर की आमदनी का अंतिम उपयोग केन्द्र सरकार का विशेषाधिकार है।

विद्युत की उत्पादन और मांग

59. श्री एम.के. राघवन: क्या **विद्युत मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या केरल राज्य में विद्युत उत्पादन और इसकी मांग के बारे में कोई अध्ययन किया गया है;

(ख) यदि हां, तो राज्य में विभिन्न ऊर्जा स्रोतों तथा इनकी क्षमता का ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार का राज्य में विद्युत की मांग की पूर्ति हेतु जल विद्युत के अतिरिक्त वैकल्पिक ऊर्जा स्रोतों पर बल देने का विचार है; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इन परियोजनाओं पर कितनी लागत आएगी तथा इन्हें पूरा करने में कितना समय लगेगा?

विद्युत मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री ज्योतिरादित्य माधवराव सिंधिया): (क) से (घ) 18वें इलेक्ट्रिक पावर सर्वेक्षण के अनुसार 12वीं योजना अर्थात् 2016-17 के अंत तक केरल में ऊर्जा आवश्यकता एवं पीक मांग क्रमश: 26,584 मिलियन यूनिट एवं 4,669 मेगावाट आंकी गई है।

उत्पादन नियोजन अध्ययन अखिल भारतीय स्तर पर किए जाते हैं तथा कोई राज्य स्तर पर अध्ययन नहीं किए जाते हैं। प्रक्षेपित मांग को पूरा करने के लिए विद्युत उत्पादन नियोजन राज्य/राज्य एजेंसियों द्वारा की जाती है।

जल स्रोतों का प्रबंधन

60. श्री एम. श्रीनिवासुलु रेड्डी: क्या **जल संसाधन मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने पानी का भंडार, सिंचाई हेतु उपयेग में लाए जा रहे पानी की मात्रा और इनमें कितना और पानी भंडारित किया जा सकता है, के संदर्भ में जल निकायों के कुशल प्रबंधन के बारे में कोई कार्यक्रम लागू किया है; और

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

जल संसाधन मंत्री (श्री हरीश रावत): (क) और (ख) 11वीं पंचवर्षीय योजना अवधि के दौरान सरकार ने जल निकायों की मरम्मत, नवीकरण और पुनरुद्धार (आरआरआर) हेतु एक राज्य क्षेत्रीय स्कीम का अनुमोदन किया था जिसके दो घटक इस प्रकार हैं-(i) पहले में कार्यान्वयन हेतु 1500 करोड़ रुपए के परिव्यय की बाह्य सहायता (ii) दूसरे में 1250 करोड़ रुपए की घरेलू सहायता प्राप्त होना। घरेलू सहायता से जल निकायों की आरआरआर स्कीम के अंतर्गत 3341 जल निकायों का कार्य प्रारंभ किया गया है जिसमें से 1546 जल निकायों का कार्य पूर्ण हो चुका है। अभी दिनांक 20.11.2012 तक 852.289 करोड़ रुपए की राशि जारी की गई है। बाह्य सहायता से जल निकायों की आरआरआर स्कीम के अंतर्गत प्रारंभ किए गए 10887 जल निकायों के कार्य में से तमिलनाडु और आंध्र प्रदेश में 3093 जल निकायों का कार्य पूर्ण हो चुका है।

आरक्षित श्रेणियों के तहत रिक्तियां

61. श्री पी. करूणाकरन: क्या **रेल मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) रेल में आज की तारीख के अनुसार अ.ज./अ.ज.जा/अ.पि.व. श्रेणियों के तहत समूह और वर्ग-वार कुल कितने पद रिक्त हैं;

(ख) रेल द्वारा इन सभी रिक्त पदों को भरने के लिए क्या उपाय किए गए हैं/किए जा रहे हैं;

(ग) विगत तीन वर्षों और चालू वर्ष में उक्त श्रेणियों के तहत कुल कितने रिक्त पद भरे गए; और

(घ) रेल में विगत तीन वर्षों तथा चालू वर्ष में समूह 'घ' में अथवा इसके बदले की गई भर्ती का ब्यौरा क्या है?

रेल मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अधीर चौधरी): (क) रेलवे में अब तक अनुसूचित जातियों (अजा), अनुसूचित जनजातियों (अजजा) और अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के अधीन वर्ग 'ग' और 'घ' की कुल रिक्तियों का ब्यौरा निम्नानुसार है:-

ग्रुप	अजा	अजजा	अपिव
'ग'	527	1158	287
'घ'	321	1278	235

ग्रुप 'क' और 'ख' की कोई भी बैकलॉग रिक्तियां नहीं हैं।

(ख) मौजूदा अजा/अजजा/अपिव की आरक्षित रिक्तियों के बैकलॉग को भरने के लिए 01.11.2008 से एक विशेष भर्ती अभियान चलाया गया है।

(ग) पिछले तीन वर्षों और चालू वर्ष के दौरान भर्ती और पदोन्नति के माध्यम से भरी गयी रिक्तियों की संख्या का ब्यौरा निम्नानुसार है:-

वर्ष	अजा	अजजा	अपिव
2009	617	537	853
2010	1603	1211	2543
2011	2346	1822	3859
2012	3231	4479	2644

(घ) पिछले तीन वर्षों और चालू वर्ष के दौरान भर्ती के माध्यम से भरी गई वर्ग 'ग' (पूर्ववर्ती वर्ग 'घ') में डाईवर्टेड पदों सहित पदोन्नति श्रेणी की भर्ती का ब्यौरा निम्नानुसार है:-

वर्ष	अजा	अजजा	अपिव
2009	300	215	370
2010	301	254	1003
2011	448	274	554
2012	1274	1643	1881

सुवर्ण रेखा बराज परियोजना

62. श्री प्रबोध पांडा: क्या **जल संसाधन मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) पश्चिम बंगाल के पश्चिमी और पूर्वी मिदनापुर जिलों के काफी बड़े क्षेत्र में सिंचाई सुविधाएं मुहैया कराने और रोजगार सृजन हेतु भी काफी समय पहले सुबर्णरेखा बराज परियोजना पर विचार किया गया था;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार ने इस परियोजना को पूरा करने में अत्यधिक विलम्ब के, जिनके चलते किसानों को कठिनाई हो रही है, कारणों का पता लगाने का प्रयास किया है;

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ङ) उक्त परियोजना के काम में तेजी लाने और पूरा करने हेतु सरकार द्वारा किए गए उपायों का ब्यौरा क्या है?

जल संसाधन मंत्री (श्री हरीश रावत): (क) और (ख) सुबर्णरेखा बेसिन के जल संसाधनों की अपनी संबंधित हिस्सेदारी का उपयोग करने के क्रम में तीनों तटीय राज्य अर्थात् झारखंड (पहले बिहार), ओडिशा और पश्चिम बंगाल ने दिनांक 07.08. 1978 को एक त्रिपक्षीय सहमति (टीपीए) पर हस्ताक्षर किए। बांया तटीय नहर के माध्यम से मिदनापुर जिले में वार्षिक 114.198 हजार हेक्टेयर क्षेत्र के सिंचाई हेतु भोसरा घाट, पश्चिम मेदिनीपुर, पश्चिम बंगाल में एक बैराज का निर्माण प्रस्तावित है और टीपीए के तहत आबंटित जल के उपयोग हेतु इसकी वितरण प्रणाली 96.86 हजार हेक्टेयर क्षेत्र के कृष्य कमान क्षेत्र को शामिल करती है।

(ग) से (ङ) परियोजना राज्य योजना निधि से राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही है। विलम्ब के मुख्य कारण हैं–

(i) पश्चिम बंगाल भूमि अधिग्रहण अधिनियम के तहत भूमि अधिग्रहण में विलंब।

(ii) पर्यावरण एवं वन मंत्रालय से वन स्वीकृति की कमी।

रासायनिक उर्वरक संयंत्र की स्थापना

63. श्री हेमानंद बिसवाल: क्या **रसायन और उर्वरक मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार का झारखंड में प्राथमिकता के आधार पर रासायनिक उर्वरक फैक्टरी स्थापित करने का विचार है क्योंकि झारखंड चावल का सबसे बड़ा उत्पादक होने के कारण यहां उर्वरकों की खपत भी अधिक होती है; और

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय के राज्य मंत्री तथा रसायन और उर्वरक मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री श्रीकांत जेना): (क) और (ख) मैसर्स फर्टिलाजर कार्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (एफसीआईएल) की कोरबा इकाई छत्तीसगढ़ में स्थित है। सरकार ने कोरबा इकाई सहित एफसीआईएल की सभी इकाइयों को वर्ष 2002 में बंद करने का निर्णय लिया था, यद्यपि कोरबा इकाई कभी चालू ही नहीं हो पाई थी।

इसके अलावा, दिनांक 30.10.2008 के मंत्रिमंडल के निर्णय के अनुसरण में सचिव (उर्वरक) की अध्यक्षता में 7.11.2008 को सचिवों की अधिकार प्राप्त समिति (ईसीओएस) का गठन किया गया था जिसके व्यय विभाग, विनिवेश विभाग, योजना आयोग, लोक उद्यम विभाग और पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय के सचिव हैं जो प्रत्येक बंद इकाई के पुनरुद्धार हेतु सभी वित्तीय मॉडलों पर विचार करेंगे। ईसीओएस की सिफारशों के आधार पर आर्थिक मामलों सबंधी मंत्रिमंडल समिति (सीसीईए) को एक प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया था जिसने दिनांक 4.8.2011 को आयोजित अपनी बैठक में इसे इस शर्त के साथ अनुमोदन दिया था कि औद्योगिक और वित्तीय पुनर्गठन बोर्ड (बीआईएफआर) की कार्यवाहियों में शीघ्रता लाई जाए और तत्पश्चात् मामले में परिवर्तन, यदि कोई हो, जिसके लिए बोली मानदंड की आवश्यकता हो, को अंतिम निर्णय के लिए समिति के समक्ष प्रस्तुत किया जाए। कोरबा इकाई का पुनरुद्धार बोली प्रक्रिया के जरिए करने का प्रस्ताव है। तदनुसार, एफसीआईएल की पुनरुद्धार योजना का प्रारूप (डीआरएस) बीआईएफआर को उनके अनुमोदन के लिए प्रस्तुत किया गया है।

इस दौरान एफसीआईएल ने पूर्णतया प्रतिबद्ध डीआरएस प्रस्तुत करने के लिए प्रथम चरण की अनुमति हेतु बीआईएफआर के समक्ष एक विविध आवेदन प्रस्तुत किया है। बीआईएफआर ने दिनांक 13.7.2012 को हुई अपनी सुनवाई में विविध आवेदन पर विचार किया तथा विविध आवेदन में किए गए अनुरोध को अनुमति दी थी। कोरबा के संबंध में, बीआईएफआर की अनुमति के आधार पर तथा सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन के बाद एफसीआईएल प्रमुख समाचार-पत्रों में विज्ञापन देकर उन कंपनियों से रुचि की अभिव्यक्ति आमंत्रित करेगा जो कोरबा इकाई का पुनरुद्धार करने में रुचि दिखाएंगे।

सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों को विलंब से भुगतान

64. श्री एम.आई. शानवास: क्या **सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार को बड़ी कंपनियों द्वारा देश में सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों को भुगतान करने में विलंब संबंधी समस्या के बारे में पता चला है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या उक्त स्थिति से एमएसएमई सेक्टर में संकट उत्पन्न हुआ है;

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ङ) सरकार ने एमएसएमई सेक्टर के हितों की रक्षा हेतु इस बारे में क्या कदम उठाए हैं?

सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री के.एच. मुनियप्पा): (क) और (ख) जी हां। सूक्ष्म, लघु

एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय में सूक्ष्म और लघु उद्यमों को विलंब से भुगतान करने के बारे में रिपोर्ट प्राप्त हुई है।

(ग) और (घ) सूक्ष्म और लघु उद्यमों द्वारा की गई आपूर्ति के प्रति क्रेताओं द्वारा भुगतान में विलंब के परिणामस्वरूप रूग्णता आती है। इस प्रकार इसका देश में सूक्ष्म और लघु उद्यम के विकास पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है।

(ङ) उपर्युक्त समस्या और देश के सामाजिक आर्थिक परिवेश पर इसके प्रभाव को ध्यान में रखते हुए सरकार द्वारा "लघु एवं आनुषंगिक औद्योगिक उपक्रमों को विलंबित भुगतान पर ब्याज अधिनियम, 1993" (1998 में यथासंशोधित) लागू किया गया था। बाद में इसे "सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम विकास (एमएसएमईडी) अधिनियम, 2006' के अंतर्गत इन संशोधनों के साथ शामिल कर लिया गया:

- क्रेताओं द्वारा एमएसई को भुगतान की अवधि घटाकर पैंतालिस दिन कर दिया गया;
- मासिक शेष के साथ संयोजित बकाया राशि पर ब्याज दर को बढ़ाकर भारतीय रिजर्व बैंक की मौजूदा ब्याज दर का तीन गुणा कर दिया गया;
- फेसिलिटेशन काउंसिल में एमएसई संघों के एक या अधिक प्रतिनिधियों को शामिल करने का प्रावधान किया गया;
- एमएसई फेसिलिटेशन काउंसिल सुलह और वैकल्पिक विवाद समाधान सेवाओं के लिए किसी संस्था अथवा केंद्र की सेवाओं का उपयोग कर सकती है;
- काउंसिल को भेजे गए मामलों पर निर्णय मामले भेजने की तारीख से नब्बे दिनों के भीतर किया जाना चाहिए;
- क्रेताओं के लिए अपने वार्षिक लेखा विवरणों में एमएसई आपूर्तिकर्त्ताओं के भुगतान की घोषणा करना अनिवार्य बना दिया गया;
- आयकर के प्रयोजनों के लिए (आपूर्तिकर्त्ता को दिए गए अथवा देय) ब्याज की कटौती को अस्वीकार कर दिया गया।

महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना का विस्तार

65. **डॉ. एम. तम्बिदुरई:**
श्री प्रदीप मांझी:
श्री किसनभाई वी. पटेल:
श्री मुरारी लाल सिंह:
श्री अनंत वेंकटरामी रेड्डी:
श्रीमती श्रुति चौधरी:

क्या **ग्रामीण विकास मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (एमजीएनआरईजीएस) के तहत चलाए जा रहे कार्यकलापों का ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या सरकार का इसके तहत आंगनवाड़ी केन्द्रों का निर्माण और अन्य कृषि कार्यों सहित और कार्यकलापों को शामिल करने का विचार है;

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और चालू वर्ष में राज्य-वार कितने आंगनवाड़ी केन्द्रों का निर्माण करने का प्रस्ताव है और इस प्रयोजनार्थ कितनी राशि नियत/जारी की गई है;

(घ) क्या सरकार का विचार इस योजना के कार्यक्षेत्र को विस्तारित करने का और नक्सल प्रभावित क्षेत्रों सहित इसमें परिवर्तन/संशोधन करने का है;

(ङ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(च) इससे कितने कामगारों के लाभान्वित होने की संभावना है?

ग्रामीण विकास मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री प्रदीप जैन): (क) महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण गारंटी अधिनियम (एमजीएनआरईजीए) के प्रावधान इस अधिनियम की धारा 4(1) के अंतर्गत राज्यों द्वारा बनाई गई योजनाओं के जरिए लागू किए जाते हैं। राज्यों द्वारा बनाई गई योजनाओं में इस अधिनियम की अनुसूची-I में विनिर्दिष्ट न्यूनतम विशेषताओं का प्रावधान करना होता है जिसके लिए केन्द्र सरकार द्वारा दिशा-निर्देश जारी किए जाते हैं। समय-समय पर यथासंशोधित एमजीएनआरईजीए की अनुसूची-I में उन कार्यों की श्रेणी का उल्लेख होता है जिन पर एमजीएनआरईजीए अधिनियम की धारा 4(1) के अंतर्गत राज्य सरकार द्वारा बनाई गई योजनाओं के तहत ध्यान केन्द्रित किया जाएगा। इस अधिनियम की अनुसूची-I में इस समय शामिल क्रियाकलापों की सूची संलग्न विवरण में दी गई है।

(ख) जी हां। सरकार ने एमजीएनआरईजीए की अनुसूची-I में आंगनवाड़ी केन्द्र बनाने के कार्य को शामिल करने का निर्णय लिया है। विशेषकर छोटे एवं सीमांत किसानों के परिप्रेक्ष्य में एमजीएनआरईजीए एवं कृषि के बीच सकारात्मक समन्वय बढ़ाने

के उद्देश्य से मंत्रालय ने एमजीएनआरईजीए के अंतर्गत एनडीईपी कंपोस्ट, वर्मी कंपोस्ट एवं तरल-जैव-खाद बनाने, पशुधन से संबंधित कार्य, सिंचाई से संबंधित कार्य (माइनर, सब-माइनर एवं फिल्ड चैनल का पुनर्वास), आदि से संबंधित नये कार्यों की अनुमति दी है।

(ग) ग्राम सभा एवं वार्ड सभा की बैठकों में ग्राम पंचायतों को एमजीएनआरईजीए के अंतर्गत किए जाने वाले कार्यों का प्राथमिकता क्रम निर्धारित करना होता है। एनजीएनआरईजीए एक मांग आधारित कार्यक्रम है एवं निधियों का निर्धारण नहीं किया जाता है। इस प्रकार एमजीएनआरईजीए के अंतर्गत आंगनवाड़ी केन्द्र बनाने के लिए अलग से कोई निधियां रिलीज नहीं की जाती हैं। सभी राज्य मौजूद दिशा-निर्देशों के अंतर्गत इस अधिनियम की अनुसूची-I में उल्लिखित कार्य कर सकते हैं।

(घ) और (ङ) राज्य सरकार सहित विभिन्न स्टेक होल्डरों से प्राप्त सुझावों एवं जानकारी के आधार पर अनुसूची एवं दिशा-निर्देशों में बदलाव एवं संशोधन किए जाते हैं और यह एक सतत् प्रक्रिया है। दिनांक 4.5.2012 की अधिसूचना के माध्यम से अनेक अतिरिक्त क्रियाकलापों को शामिल करने के लिए अनुसूची-I में व्यापक विस्तार किया गया है। यह एमजीएनआरईजीए के परिचालन दिशा-निर्देशों में संशोधन के लिए डॉ. मिहिर शह, सदस्य, योजना आयोग की अध्यक्षता में गठित समिति की सिफारिश पर आधारित था। वामपंथी उग्रवाद से प्रभावित समेकित कार्य योजना वाले (आईएपी) जिलों में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (एमजीएनआरईजीए) के प्रभावी कार्यान्वयन के लिए निम्नलिखित पहले की गई हैं:

1. एमजीएनआरईजीए कामगारों को समय पर मजदूरी भुगतान सुनिश्चित करने के लिए उन क्षेत्रों में जहां बैंक/डाकघर की संख्या पर्याप्त नहीं है, नकद भुगतान करने की अनुमति दी गई है।

2. एमजीएनआरईजीए को कार्यान्वित करने के लिए जिला और उप-जिला स्तरों पर पर्याप्त मानवीय एवं तकनीकी सहायता देने के लिए मंत्रालय ने सुझाव दिया है कि राज्य वामपंथी उग्रवाद (एलडब्ल्यूई) से प्रभावित जिलों की प्रत्येक ग्राम पंचायत में प्रमुख पेशेवर स्टाफ यथा— पंचायत विकास अधिकारी और तकनीकी सहायक तैनात कर सकते हैं।

3. ग्रामीण विकास कार्यक्रमों के कार्यान्वयन में जिला प्रशासन को प्रबंधकीय सहायता उपलब्ध कराने के लिए आईएपी जिलों में प्रधान मंत्री ग्रामीण विकास फेलो नियुक्त किया गया है।

(च) महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (एमजीएनआरईजीए) का मुख्य उद्देश्य अकुशल शारीरिक कार्य करने की मांग किए जाने पर प्रत्येक परिवार को एक वर्ष में 100 दिनों तक का गारंटीयुक्त मजदूरी रोजगार उपलब्ध कराकर ग्रामीण परिवारों की आजीविका सुरक्षा का संवर्द्धन करना है। एमजीएनआरईजीए एक समय आधारित कार्यक्रम है इसलिए कोई लक्ष्य निर्धारित नहीं किया जाता है। एमजीएनआरईजीए के प्रावधानों को राज्य सरकार द्वारा बनाई गई एवं कार्यान्वित की जाने वाली मांग आधारित योजनाओं के रूप में लागू किया जाता है।

विवरण

(i) कंटूर ट्रेंच, कंटूर बांध, बोल्डर चेक, गेबियन स्ट्रक्चर, भूमिगत डाइक, मिट्टी के बांध, रोक बांध और स्प्रिंगशेड निर्माण सहित जल संरक्षण और जल संचयन;

(ii) सूखा-रोधन (वनरोपण एवं वृक्षारोपण सहित);

(iii) सूमक्ष्म एवं लघु सिंचाई कार्यों सहित सिंचाई नहरें;

(iv) सिंचाई सुविधा, खेतों में खोदे गए तालाब, बागवानी, पौधरोपण, मेड़बंधी तथा भूमि विकास का प्रावधान;

(v) तालाबों से गाद निकालने सहित परंपरागत जल निकायों का नवीकरण;

(vi) भूमि विकास;

(vii) बाढ़ नियंत्रण एवं संरक्षण कार्य, जिनके अंतर्गत फ्लड चैनलों को गहरा करने और उनकी मरम्मत करने, चौर का नवीकरण, तटीय क्षेत्रों की सुरक्षा के लिए स्टॉर्म वाटर ड्रेन का निर्माण सहित जल जमाव वाले क्षेत्रों में जल निकासी का कार्य भी शामिल है;

(viii) जरूरत के हिसाब से गांव में पुलिया और सड़कें सहित बारहमासी सड़क संपर्क उपलब्ध कराने के लिए ग्रामीण सड़क संपर्कता;

(ix) ब्लॉक स्तर पर सूचना संसाधन केंद्र के रूप में भारत निर्माण राजीव गांधी सेवा केंद्र और ग्राम पंचायत स्तर पर ग्राम पंचायत भवन का निर्माण;

(x) कृषि संबंधी कार्य, अर्थात् एनएडीईपी कम्पोस्टिंग, वर्मी कम्पोस्टिंग, तरल जैव खाद;

(xi) पशुधन संबंधी कार्य अर्थात् पोल्ट्रीय शेल्टर गोट शेल्टर, पक्का फर्श, यूरिन टैंक का निर्माण और मवेशियों के लिए फॉडर ट्रफ और पशु भोजन सप्लीमेंट के रूप में अजोला;

(xii) मत्स्यपालन संबंधी कार्य अर्थात् निजी भूमि पर मौसमी जल निकायों में मत्स्यपालन;

(xiii) तटीय क्षेत्रों में कार्य अर्थात् फिश ड्राईंग यार्ड, बेल्ट वेजीटेशन;

(xiv) ग्रामीण पेयजल संबंधी कार्य अर्थात् सोख्ता गड्ढे, रिचार्ज पिट;

(xv) ग्रामीण स्वच्छता संबंधी कार्य अर्थात् वैयक्तिक पारिवारिक शौचालय, विद्यालय शौचालय इकाई, आंगनवाड़ी शौचालय, ठोस और तरल अपशिष्ट प्रबंधन;

(xvi) राज्य सरकार के परामर्श से केन्द्र सरकार द्वारा अधिसूचित किया गया कोई अन्य कार्य।

अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के परिवारों या गरीबी रेखा से नीचे रहने वाले परिवारों या भूमि सुधार के लाभार्थियों या भारत सरकार की इंदिरा आवास योजना के लाभार्थियों या कृषि ऋण माफी और ऋण राहत योजना, 2008 में परिभाषित छोटे या सीमांत किसानों या अनुसूचित जाति या अन्य परंपरागत वनवासियों (वन्य अधिकारों को मान्यता) अधिनियम, 2006 (2007 का 2) की भूमि या वास भूमि पर मद सं. (iv), (x), (xi) और (xiii) से (xv) में उल्लिखित सभी क्रियाकलाप किए जाने की अनुमति दी गई है।

[हिन्दी]

भेल की सौर ऊर्जा उपस्कर परियोजना

66. श्री विलास मुत्तेमवार:
श्री जगदीश शर्मा:

क्या **भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार को इस बात की जानकारी है कि चीन से आयातित सस्ते उपस्कर भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लि. की सौर ऊर्जा उपस्कर परियोजना के लिए एक खतरा बन गए हैं; और

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और सरकार द्वारा भारतीय सौर-ऊर्जा उपस्कर निर्माण उद्योग को बचाने के लिए कौन से कदम उठाए गए हैं?

भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्री (श्री प्रफुल पटेल): (क) जी हां।

(ख) विश्व बाजार के विनिर्माणकारी क्षेत्र में चीनियों का वर्चस्व है और एक अनुमान के अनुसार क्रिस्टलाइन प्रौद्योगिकी का प्रयोग करते हुए बाजार में उनकी लगभग 57% की भागीदारी है। इससे विश्वभर के फोटो-वोल्टिक (पीवी) विनिर्माता प्रभावित हो रहे हैं। वर्तमान में यह अनुमान लगाया गया है कि सौर ऊर्जा मदों/उपस्करों का वैश्विक उत्पादन पूरे विश्व की मांग से अधिक है। चीन की यह अति उत्पादन क्षमता और उनके द्वारा विनिर्मित सेल और माड्यूलों की सस्ती दरें बीएचईल सहित भारतीय सौर ऊर्जा उपस्कर विनिर्माताओं के लिए खतरा बन गई है।

भारतीय सौर ऊर्जा उपस्कर विनिर्माण उद्योग को संरक्षित करने के लिए भारत सरकार ने जवाहर लाल राष्ट्रीय सौर मिशन (जेएनएनएसएम) के तहत निम्नलिखित कदम उठाए हैं:

(i) जेएनएनएसएम के प्रथम चरण के रूप में क्रिस्टलाइन सिलिकॉन प्रौद्योगिकी का उपयोग करने वाले सभी सौर ऊर्जा विनिर्माताओं को भारत में विनिर्मित सेल और माड्यूलों की अधिप्राप्ति करनी होगी।

(ii) भारत सरकार, वित्त मंत्रालय (राजस्व विभाग) की दिनांक 28 फरवरी, 1999 की अधिसूचना सं. 25/1999-कस्टम्स (जी.एस.आर 161(ई), दिनांक 28 फरवरी, 1999) के अनुसार सौर सेल और माड्यूलों के विनिर्माण के लिए आवश्यक वस्तुओं पर सीमा शुल्क में छूट दे दी गई है।

इसके अतिरिक्त, सौर ऊर्जा उत्पादन परियोजना अथवा सुविधा की प्रारंभिक स्थापना करने के लिए आवश्यक मशीनरी की सभी मदों को दिनांक 27.02.2010 की अधिसूचना सं. 15/2010-सीई में उल्लिखित कुछ शर्तों को पूरा करने पर उत्पाद शुल्क में पूर्ण रूप से छूट प्रदान की जाती है। इसके अतिरिक्त, ऐसी सामग्रियों पर सीमा शुल्क में 5% की रियायत दी गई है, देखें अधिसूचना सं. 1/2011-कस्टम्स, दिनांक 06.01.2011।

[अनुवाद]

दवा निर्माताओं द्वारा अधिक मूल्य वसूली

67. श्री जोस के. मणि: क्या **रसायन और उर्वरक मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या राष्ट्रीय औषध विनियामक राष्ट्रीय भेषज मूल्य निर्धारण प्राधिकरण को जनवरी-अक्तूबर, 2012 में प्रमुख दवा निर्माता कंपनियों द्वारा अधिक मूल्य वसूलने का पता चला था;

(ख) यदि हां, तो क्या दोषी दवा निर्माण कंपनियों पर 130. 00 करोड़ रुपए का जुर्माना लगाया गया था;

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(घ) क्या सरकार माननीय उच्चतम न्यायालय के एक नई दवा मूल्य निर्धारण नीति बनाने संबंधी निदेश पर कार्य कर रही है जिसके तहत 340 से ज्यादा दवा फारर्मूलेशन्स को मूल्य नियंत्रण के तहत लाया जाएगा; और

(ङ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय के राज्य मंत्री तथा रसायन और उर्वरक मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री श्रीकांत जेना): (क) से (ग) जी, हां। कई औषधि कंपनियों के बारे में यह पाया गया है कि वे राष्ट्रीय औषध मूल्य निर्धारण प्राधिकरण (एनपीपीए) द्वारा अधिसूचित अधिकतम मूल्य से अधिक मूल्य पर अपनी कुछ दवाइयां उपभोक्ताओं को बेच रही हैं। वर्ष 2012 के दौरान (अक्तूबर, 2012 तक) एनपीपीए ने 12971.42 लाख रुपए (लभग 130.00 करोड़ रुपए) की अधिप्रभार की रकम की वसूली के लिए नई मांग जारी की है जिसमें अन्य के साथ-साथ निम्नलिखित प्रमुख औषधि निर्माता कंपनियां शामिल हैं:-

क्र.सं.	कंपनी का नाम	फार्मूलेशन का नाम	ब्याज सहित मांगी गई अधिप्रभारित रकम (करोड़ रुपए)
1.	इन्टास फार्मास्युटिकल्स	कफरेस्ट सिरप	0.51
2.	इन्ड-स्विफ्ट लि.	प्रोविटा, न्यूरोविट	0.81
3.	अस्टालाइफ	डोक्सी-1 एलडीआर फोर्ट	7.83
4.	एवेंटिस फार्मा लि.	एविल 25 एमजी और 50 एमजी	5.19
5.	कॉम्ड केमिकल्स	ग्रिसोम्ड	0.51
6.	क्लेरिस लाइफ साइंस	आईवी फ्ल्युड	104.07
7.	एवेंटिस फर्मा लि.	कोम्बिफ्लाम	6.94
8.	नेक्स्ट वेव लि.	इबूकाइड प्लस टेब.	0.68
9.	आईपीसीए लेब	नॉरमेक्स टी जेड	0.55
10.	इंटरवेट इंडिया	एनलजिन वैट इंजेक्शन	1.27
	कुल		128.36

(घ) और (ङ) जी, हां। औषध विभाग ने स्वास्थ्य तथा परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा यथापरिकल्पित तात्विकता और आवश्यकता के मानदंडों के आधार पर प्रारूप राष्ट्रीय औषधि मूल्य निर्धारण नीति, 2011 (एनपीपीपी-2011) तैयार की थी जिसमें कैंसर रोधी औषधें भी शामिल थीं। प्रारूप राष्ट्रीय औषधि मूल्य निर्धारण नीति, 2011 (एनपीपीपी-2011) को संबंधित मंत्रालयों/संबंधित पक्षों के पास भेजा गया था। यह प्रारूप नीति 30.11.2011 तक विभाग की वेबसाइट www.pharmaceuticals.gov.in पर किसी भी अन्य इच्छुक व्यक्ति की टिप्पणियों के लिए भी उपलब्ध थी। प्रारूप राष्ट्रीय औषधि मूल्य निर्धारण नीति, 2011 (एनपीपीपी-2011) पर प्राप्त मतों/प्रतिक्रियाओं की जांच करके मामले को मंत्रियों के समूह (जीओएम) के समक्ष प्रस्तुत किया गया था जिसकी बैठक 25.4.2012 को हुई थी। मंत्रियों के समूह (जीओएम) ने दिनांक 27.09.2012 को हुई अपनी बैठक में राष्ट्रीय आवश्यक दवा सूची, 2011 के मूल्य निर्धारण के संबंध में अपनी अंतिम सिफारिशें दीं जिसके आधार पर राष्ट्रीय औषधि मूल्य निर्धारण नीति, 2012 तैयार करके मंत्रिमंडल को उसके अनुमोदन हेतु दिनांक 15.10.2012 को भेजी गई।

[हिन्दी]

सिंचाई योजनाओं के कारण विस्थापन

68. **श्री हरीश चौधरी:**
डॉ. संजय सिंह:

क्या **जल संसाधन मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सिंचाई योजनाओं के कारण विस्थापित हुए परिवारों के लिए पुनर्वास और राहत कार्य किए गए हैं;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) विस्थापित परिवारों को पुनर्वास और राहत संबंधी लाभ प्राप्ति समुचित रूप से सुनिश्चित करने हेतु मौजूदा तंत्र का ब्यौरा क्या है;

(घ) क्या सरकार ने उक्त तंत्र की समीक्षा की है; और

(ङ) यदि हां, तो उक्त समीक्षा का निष्कर्ष क्या रहा और इस बारे में सरकार की क्या प्रतिक्रिया है?

जल संसाधन मंत्री (श्री हरीश रावत): (क) से (ङ) सूचना एकत्र की जा रही है और सभापटल पर रख दी जाएगी।

[अनुवाद]

घटिया गुणवत्ता के मिश्रित उर्वरकों का आयात

69. **श्री एल. राजगोपाल:** क्या **रसायन और उर्वरक मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या कंपनियों द्वारा घटिया गुणवत्ता के मिश्रित उर्वरकों का आयात करने और उसे आंध्र प्रदेश के किसानों को बेचे जाने की घटना सरकार की जानकारी में आई है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इसके क्या कारण हैं;

(ग) क्या सरकार विभिनन कंपनियों द्वारा देश में आयात किए जा रहे उर्वरकों की गुणवत्ता पर कोई निगरानी रखती है;

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ङ) सरकार ने इस बारे में क्या कार्रवाई की है?

सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय के राज्य मंत्री तथा रसायन और उर्वरक मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री श्रीकांत जेना): (क) और (ख) कृषि एवं सहकारिता विभाग, भारत सरकार गुणवत्ता नियंत्रण प्रयोगशालाओं अर्थात् केन्द्रीय गुणवत्ता नियंत्रण एवं प्रशिक्षण संस्थान (सीएफक्यूसीएंडटीआई) फरीदाबाद और मुंबई, कल्याण तथा चेन्नई स्थित तीन क्षेत्रीय उर्वरक गुणवत्ता नियंत्रण प्रयोगशाला का नियंत्रण एवं स्वामित्व रखता है, ने वर्ष 2010-2011 के दौरान डीएपी एवं मिश्रित उर्वरकों के 234 पोतों का निरीक्षण किया जिसमें से एक डीएपी पोत को अवमानक घोषित किया गया। इसी तरह वर्ष 2011-12 के दौरान डीएपी एवं मिश्रित उर्वरकों के 317 पोतों में से डीएपी/ मिश्रित के 2 पोत अवमानक घोषित किये गए। संघ सरकार को आंध्र प्रदेश में अवमानक मिश्रित उर्वरकों के विक्रय के संबंध में राज्य सरकार से कोई शिकायत प्राप्त नहीं हुई है।

(ग) से (ङ) किसानों को उर्वरकों की अच्छी गुणवत्ता की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए सरकार ने उर्वरक (नियंत्रण) आदेश, 1985 प्रख्यापित किया है जिसके अंतर्गत विभिन्न उर्वरकों के विशिष्ट विवरण निर्दिष्ट किए गये हैं। आयातित उर्वरकों पर राजसहायता तभी दी जाती है यदि ये उर्वरक एफसीओ के अनुसार गुणवत्ता विशिष्ट विवरणों के अनुरूप होते हैं।

विद्युत का पारेषण और वितरण

70. **श्री डॉ. पी. वेणुगोपाल:** क्या **विद्युत मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या देश में पारेषण और वितरण सैक्टर को पंगु बना देने वाले साइबर हमले के आसान शिकार हैं जिसका राष्ट्रीय सुरक्षा और अर्थव्यवस्था पर घातक असर पड़ सकता है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) सरकार द्वारा इस बारे में क्या निवारात्मक उपाय किए जा रहे हैं अथवा प्रस्तावित हैं?

विद्युत मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री ज्योतिरादित्य माधवराव सिंधिया): (क) से (ग) विद्युत मंत्रालय द्वारा जुलाई, 2012 में ग्रिड गड़बड़ियों की जांच करने के लिए गठित की गई जांच समिति की रिपोर्ट के अनुसार, साइबर हमले बाहरी अथवा अपने ही लोगों द्वारा हो सकते हैं और जिनका विद्युत प्रणाली नियंत्रणों पर दूरगामी एवं गंभीर प्रभाव पड़ सकता है जिसके कारण ऊर्जा क्षेत्र की आपूर्ति क्षमताओं में अस्थिरता आ सकती है और राष्ट्रीय सुरक्षा/अर्थव्यवस्था पर क्रमाप्रपाती प्रभाव पड़ सकता है।

सीईआरटी-इन (भारतीय कम्प्यूटर आपातकालीन प्रतिक्रिया दल) सूचना तकनीकी विभाग, संचार एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय, भारत सरकार ने सरकार की सार्वजनिक और निजी क्षेत्र संसाधनों और सेवाओं की संवेदनशील सूचनाओं के कार्यान्वयन में बड़े पैमाने पर बाधित होने से रोकने के लिए साइबर हमलों और साइबर आतंकवाद का सामना करने के लिए संकटकालीन प्रबंधन योजना (सीएमपी) तैयार की है। विद्युत मंत्रालय ने क्रमशः एनटीपीसी, एनएचपीसी और पावरग्रिड जैसी नोडल एजेंसियों के साथ, यूटिलिटियों पर साइबर हमलों को रोकने के लिए उनके क्षेत्राधिकार के अंतर्गत आवश्यक कार्रवाई करने के लिए सीईआरटी-थर्मल, सीईआरटी-हाइड्रो, और सीईआरटी-पारेषण का गठन भी किया है।

बिजली का बंद हो जाना

71. **श्री सुशील कुमार सिंह:** क्या **विद्युत मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या जुलाई, 2012 में जब पूर्वी और पूर्वोत्तर ग्रिड बिजली की भारी कमी का सामना कर रहे थे तब भूटान ने अपने जलविद्युत प्लांटों से अतिरिक्त बिजली छोड़कर देश की सहायता की थी;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) मंत्रालय द्वारा अपने पड़ोसी देशों के साथ इस प्रकार के अंतर्राष्ट्रीय संबंधों को बढ़ावा देने के लिए, ताकि भविष्य में उनसे मदद ली जा सके, विदेश मंत्रालय की सहमति से क्या उपाय किए जा रहे हैं?

विद्युत मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री ज्योतिरादित्य माधवराव सिंधिया): (क) जुलाई, 2012 में ग्रिड की गड़बड़ी के दौरान भूटान द्वारा कोई अतिरिक्त विद्युत की आपूर्ति नहीं की गई थी क्योंकि केवल मौजूदा करार के अनुसार भूटान द्वारा विद्युत आपूर्ति की गई थी।

(ख) और (ग) प्रश्न नहीं उठता।

[हिन्दी]

नहरों से गाद निकालना

72. **श्री इज्यराज सिंह:**
डॉ. संजय सिंह:

क्या **जल संसाधन मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या नहरों से समय-समय पर गाद निकाली जाती है ताकि इसके अन्तिम छोर तक पानी जा सके और नहर में पानी सही बह पाए;

(ख) यदि हां, तो इस प्रयोजनार्थ मौजूद तंत्र क्या है; और

(ग) सरकार द्वारा नहरों में पानी का निर्बाध बहाव सुनिश्चित करने हेतु समय-समय पर उनसे गाद निकालने के लिए क्या कदम उठाए जा रहे हैं?

जल संसाधन मंत्री (श्री हरीश रावत): (क) से (ग) सिंचाई राज्य का विषय होने के कारण नहरों के अवसादन और अनुरक्षण सहित सिंचाई परियोजनाओं की आयोजना, निष्पादन और प्रचालन तथा अनुरक्षण राज्य सरकारों द्वारा अपनी आवश्यकताओं तथा कार्य की प्राथमिकता के अनुसार किया जाता है। सिंचाई परियोजनाओं के विस्तार, नवीकरण और आधुनिकीकरण (ईआरएम) के अंतर्गत नहरों के अवसादन पर विचार किया गया है। भारत सरकार राज्य सरकार के अनुरोध पर एआईबीपी दिशानिर्देशों में उल्लिखित पात्रता मानदडों के अनुसार वर्तमान सिंचाई नहर प्रणाली के पुनरुद्वार करने सहित सिंचाई परियोजनाओं के विस्तार, नवीकरण और आधुनिकीकरण (ईआरएम) के लिए त्वरित सिंचाई लाभ कार्यक्रम (एआईबीपी) के तहत राज्य सरकारों को केन्द्रीय सहायता (सीए) प्रदान करती है। परियोजनाओं की वास्तविक और वित्तीय प्रगति का आकलन करने के लिए केन्द्रीय जल आयोग (सीडब्ल्यूसी) के क्षेत्रीय कार्यालयों द्वारा एआईबीपी से सहायता प्राप्त परियोजनाओं की निगरानी भी की जाती है तथा राज्य सरकारों को परियोजनाओं को शीघ्र पूरा करने के लिए सुझाव दिए जाते हैं।

एनटीपीसी की विद्युत परियोजनाएं

73. **श्री अशोक कुमार रावत:**
श्री सुरेन्द्र सिंह नागर:

क्या **विद्युत मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) नेशनल थर्मल पावर कारपोरेशन लि. (एनटीपीसी) द्वारा देश में स्थापित किए जाने हेतु प्रस्तावित विद्युत परियोजनाओं का उत्तर प्रदेश सहित राज्य-वार ब्यौरा क्या है;

(ख) एनटीपीसी की निर्माणाधीन विद्युत परियोजनाओं की वर्तमान स्थिति क्या है और प्रस्तावित परियोजनाओं पर परियोजना-वार और राज्य-वार कितनी राशि व्यय होने की संभावना है;

(ग) उक्त प्रयोजनार्थ जिन किसानों की जमीन अधिग्रहित की गई थी उन्हें किस दर पर मुआवजा दिया गया है;

(घ) क्या एनटीपीसी का उन प्रभावित किसानों के परिवारों के सदस्यों को नौकरी देने का विचार है जिनकी जमीनें परियोजना हेतु अधिग्रहित की गई हैं; और

(ङ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

विद्युत मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री ज्योतिरादित्य माधवराव सिंधिया): (क) देश में उत्तर प्रदेश सहित एनटीपीसी द्वारा स्थापित की जाने वाली प्रस्तावित विद्युत परियोजनाएं जिनमें इसकी संयुक्त उद्यम/सहायक कम्पनियां शामिल हैं और जिनके लिए निविदा आमंत्रित करने की सूचना (एनआईटी) जारी की जा चुकी है, उनका राज्यवार ब्यौरा संलग्न विवरण-I में दिया गया है।

(ख) 16 नवंबर, 2012 तक की स्थिति के अनुसार, एनटीपीसी तथा उसके संयुक्त उद्यम/सहायक कंपनियों की कुल क्षमता 16,309 मेगावाट है जो कि निर्माणाधीन हैं। निर्माणाधीन विद्युत परियोजनाओं की वर्तमान स्थिति दर्शाने वाला ब्यौरा संलग्न विवरण-II में दिया गया है।

(ग) एनटीपीसी द्वारा स्थापित की जाने वाली परियोजनाओं के लिए भूमि, भूमि अधिग्रहण अधिनियम (एलए), 1894 राज्यों के विशेष अधिनियमों के प्रावधानों के अनुसार, संबंधित राज्य सरकारों द्वारा अधिग्रहित की जानी होती है। भूमि के मुआवजे की दर भूमि अधिग्रहण के लिए भाग-4 के अंतर्गत अधिसूचना के प्रकाशन की तारीख को भूमि के बाजार मूल्य के आधार पर अधिनियम के अनुसार, कलैक्टर द्वारा निर्धारित की जाती है। भूमि के बाजार मूल्य के अतिरिक्त, बाजार मूल्य पर 30 प्रतिशत की राशि सोलेटियम के रूप में अधिग्रहण की अनिवार्य प्रवृत्ति को ध्यान में रखते हुए उपलब्ध कराई जाती है और भूमि के बाजार मूल्य पर 12 प्रतिशत प्रतिवर्ष की दर पर गणना की गई राशि भाग-4 के अंतर्गत अधिसूचना के प्रकाशन की तारीख की ओर से शुरू होने वाली अवधि से अवार्ड की तारीख/कब्जे की तारीख (जो भी पहले हो) तक के लिए भी उपलब्ध करवाई जाती है।

(घ) और (ङ) भारत सरकार की पुनर्स्थापना एवं पुनर्वास संबंधी राष्ट्रीय नीति (एनआरआरपी), 2007 के प्रावधानों के अनुसार, एनटीपीसी परियोजना प्रभावित व्यक्तियों के सदस्यों को रिक्तियों की उपलब्धता तथा भर्ती के समय रोजगार के लिए उपयुक्तता के अधीन प्राथमिकता देती है।

एनटीपीसी परियोजनाएं पूंजी प्रधान होती हैं और इनमें अद्यतन तकनीक का इस्तेमाल किया जाता है जिसके कारण प्रत्यक्ष रोजगार के अवसरों में कमी होती है। तथापि, एनटीपीसी इस संबंध में कंपनी की नीति/पद्धतियों के अनुसार, अपनी परियोजनाओं के निर्माण एवं प्रचालन चरणों के दौरान परियोजना प्रभावित परिवारों को ठेका एजेंसियों, छोटे ठेकों तथा अन्य स्वरोजगार अवसरों के माध्यम से प्रभावित परिवारों को व्यापक लाभदायक अप्रत्यक्ष रोजगार के अवसर देती है।

विवरण-I

एनटीपीसी (उत्तर प्रदेश सहित) की विचाराधीन नयी विद्युत परियोजनाओं की सूची जिनके लिए एनआईटी जारी किया गया है

राज्य	परियोजना	ईंधन प्रकार	क्षमता (मेगावाट)
1	2	3	4
बिहार	नबीनगर जेवी बीएसईएस के साथ	कोयला	1980 (3 × 660)
ओडिशा	दार्लीपल्ली-I	कोयला	1600 (2 × 800)
	गजमारा-I	कोयला	1600 (2 × 800)
उत्तर प्रदेश	उंचाहार-IV	कोयला	500 (1 × 500)
	टांडा-II	कोयला	1320 (2 × 660)
छत्तीसगढ़	लारा-I	कोयला	1600 (2 × 800)

1	2	3	4
पश्चिम बंगाल	स्याम-III (एनटीपीसी हाइड्रो लि. एनएचएल (एनटीपीसी की सहायक)	हाइड्रो	120 (3 × 40)
राजस्थान	अंता	सोलर	15
आंध्र प्रदेश	रामागुंडम पीवी	सोलर	10
उत्तर प्रदेश	उंचाहार	सोलर	10
ओडिशा	तलचर कनिहा	सोलर	10
मध्य प्रदेश	राजगढ़	सोलर	50
	कुल		8815 मेगावाट*

*एनटीपीसी एवं सहायक परियोजना-6740 मेगावाट

एनटीपीसी के जेवी परियोजना 1980 मेगावाट

एनटीपीसी द्वारा सोलार परियोजना-95 मेगावाट

विवरण-II

16.11.2012 तक की रिपोर्ट के अनुसार, एनटीपीसी की निर्माणाधीन परियोजनाओं का ब्यौरा

	राज्य	परियोजनाएं	क्षमता (मेगावाट)	अनुमोदित लागत (करोड़ में) (आधार वर्ष)	वर्तमान स्थिति
	1	2	3	4	5
1.	अण्डमान एण्ड निकोबार	ए एण्ड एन सोलर पीवी प्रोजेक्ट	5	62.22 (III तिमाही 2011)	* निर्माण कार्य प्रगति में है।
2.	असम	बोनगैगांव	750 (3 x 250)	4375.35 (IV तिमाही 2007)	* यू-1, यू-2: बायलर लाइट रूप के लिए निर्माण एवं आरम्भिक कार्य प्रगति में है। * यू-3: ड्रम लिफ्टिंग के लिए बायलर निर्माण कार्य प्रगति में है।
3.	बिहार	बाढ़-I	1980 (3 x 660)	8692.97 (IV तिमाही 2004)	* यू-1: बायलर हाइड्रो जांच और टीजी निर्माण कार्य प्रगति में है। * यू-2: बायलर जल जांच के लिए निर्माण कार्य प्रगति में है। * यू-3: बायलर अवसंरचना निर्माण शुरू हो चुका है।
4.	बिहार	बाढ़-II	1320 (2 x 660)	7341.04 (IV तिमाही 2007)	* यू-4: बायलर लाइटअप के लिए निर्माण कार्य प्रगति में है। * यू-5: बायलर जल जांच के लिए निर्माण कार्य प्रगति में है।
5.	बिहार	नवीनगर थर्मल पावर प्रोजेक्ट (टीपीपी)-	1000 (4 x 250)	5352.51 (IV तिमाही 2006)	* यू-1: बायलर ड्रम लिफ्टिंग 20.10.12 को की गई। * यू-2: बायलर ड्रम लिफ्टिंग के लिए निर्माण कार्य प्रगति में है।

1		2	3	4	5
		जेवी साथ में रेलवे			* यू-3: बायलर निर्माण कार्य प्रगति में है। * यू-4: बायलर निर्माण कार्य पूरा किया जा चुका है।
6.	बिहार	मुजफ्फरपुर एक्सप्रेस-[कान्ती बिजली उत्पादन निगम लि. द्वारा (केबीयूएनएल). एक एनटीपीसी की सहायक]	390 (2 x 195)	3154.33 (I तिमाही 2010)	* यू-1: जल जांच के लिए निर्माण कार्य प्रगति में है। * यू-2: बायलर व ईंधन का निर्माण कार्य प्रगति में है।
7.	हिमाचल प्रदेश	कोल डाम हाइड्रो इलेक्ट्रिक प्रोजेक्ट (एचईपी)	800 (4 x 200)	4527.15 (IV तिमाही 2001)	* बॉल को भरने का कार्य चल रहा है। 648 मीटर तक की बॉल की कुल उंचाई से ईएल 632.50 मीटर तक बांध का स्तर (औसत) पहुंच गया था। * 5.368 एलएम में से 4.75 एलएम की स्पिलवे एण्ड पावर इण्टेक कण्क्रीटिंग * यू-1, 2, 3 व 4 टरबाइन बॉक्स पूरा किया जा चुका है। * जुड़ाव संगम हेतु इन्लेट गेट का आरंभ किया जा चुका है। * ड्राफ्ट ट्यूब गेट असेम्बली पूरी की जा चुकी है। स्पिलवे और पावर इण्टेक गेट निर्माण प्रगति में है।
8.	कर्नाटक	कुडदी-I	2400 (3 x 800 मेगावाट)	15166.19 (IV तिमाही 2011)	* मुख्य संयंत्र एसजी और टीजी अवॉर्ड 07.02.2012 को पूरे किए गये। * स्थल की समतलता तथा सिविल कार्य प्रगति में है।
9.	मध्य प्रदेश	विन्ध्याचल-IV	500 (1 x 500) (जनवरी, 2012 में दो यूनिटें पूरे लोड यू#11 पर प्राप्त हो गई हैं।)	5914.98 (IV तिमाही 2008)	* यू-12: जल जांच मार्च, 2012 में की गई। आरंभ मार्च, 2013 में सम्भावित है।
10.	मध्य प्रदेश	विन्ध्याचल-V	500 (1 x 500)	3180.40 (IV तिमाही 2011)	जल को सक्षम बनाने वाले कार्य चल रहे हैं।
11.	महाराष्ट्र	मोड-II	500 (1 x 500) (अप्रैल, 2012 में दो यूनिटें पूरे लोड यू#1 पर प्राप्त हो गई हैं।)	5459.28 (IV तिमाही 2007)	यू-2: बायलर लाइट अप और टीजी वाक्य अप के लिए निर्माण कार्य प्रगति में है।
12.	महाराष्ट्र	मोड-II	1320 (2 x 660)	7921.47 (I तिमाही 2012)	* मुख्य संयंत्र पैकेज अप्रैल, 2012 में सौंपा गया। * एमपीएच, एसजी और चिमनी के लिए, थल अवसंरचना तथा बाइलिंग कार्य प्रगति में है।

1	2	3	4	5
13.	महाराष्ट्र	सोलापुर सुपर टर्मिनल पावर प्रोजेक्ट (एसटीपीपी)	1320 (2 x 660)	9395.18 (I तिमाही 2012)	* मुख्य संयंत्र पैकेज अप्रैल, 2012 में सौंपा गया। * बायलर टीजी मुख्य पावर ईएमपी तथा चिमनी का न्यू का कार्य प्रगति में है।
14.	तमिलनाडु	वल्लूर-I जेवी के साथ तमिलनाडु इल्क्ट्रिसिटी बोर्ड (टीएनईबी)	500 (1 x 500) (मार्च, 2012 में दो यूनिटें पूरे लोड यू# 1 पर प्राप्त हो गई हैं।)	5552.78 (II तिमाही 2007)	* यू-2 टीजी ईंधन फ्लूसिंग प्रगति में है और स्टील ब्लोइंग के आरम्भ के लिए कार्य प्रगति में है।
15.	तमिलनाडु	वल्लूर-एसटी-I फेज-II जेवी के साथ टीएनईबी	500 (1 x 500)	3086.78 (I तिमाही 2009)	बायलर जल और 30.09.12 को की गई और बीएलयू के लिए अतिरिक्त निर्माण कार्य प्रगति में है। कंडेंसर और टीजी निर्माण प्रगति में है।
16.	उत्तराखण्ड	तपोवन विस्नुगढ हाइड्रो इलेक्ट्रो प्रोजेक्ट (एचईपी)	520 (4 x 130)	2978.48 IV तिमाही 2006)	कुल एचआरटी सुरंग 9035.15/1370.7 मीटर का कार्य पूरा किया जा चुका है।
17.	उत्तराखण्ड	लता तपोवन एचईपीपी (एनटीपीसी की सहायक एनएचएल द्वारा)	171 (3 x 57)	1527.08 (I तिमाही 2012)	मुख्य संयंत्र अवॉर्ड 17.08.2012 को दिया गया।
18.	उत्तर प्रदेश	रिहन्द-III	500 (1 x 500) (मई, 2012 में दो यूनिटें पूरे लोड यू#5 पर प्राप्त हो गई हैं।)	6230.81 (IV तिमाही 2008)	*यू-5 सीओडी की योजना नवंबर, 12 में बनाई गई। *यू-6 इरेक्शन और पंखों का निर्माण प्रगति में है। बीएलयू नवंबर, 12 में आयोजित है।
19.	उत्तर प्रदेश	सिंगरौली लघु हाइड्रो इलेक्ट्रिक प्रोजेक्ट	8 (2 x 4)	83.26 (I तिमाही 2011)	स्पिलवे और डाइवर्जन का कन्क्रिटिंग कार्य प्रगति पर है।
20.	उत्तर प्रदेश	दादरी सोलर पीवी प्रोजेक्ट	5	52.58 (IV तिमाही 2011)	* इरेक्शन कार्य प्रगति में है।
21.	उत्तर प्रदेश	मेजा ऊर्जा निगम लि. (एमयूएनएल) जेवी के साथ उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उत्पादन निगम लि. (यूपीआरवीएनएल)	1320 (2 x 660)	9750.89 (IV तिमाही 2010)	* यू-1 मुख्य संयंत्र सिविल कार्य प्रगति में है। * चिमनी राफ्ट के लिए विन्क्रटिंग प्रगति में है।
	कुल		16309*		

* एनटीपीसी और इसकी सहायक परियोजनाएं—12,989 मेगावाट

एनटीपीसी के जेवी परियोजनाएं—3,300

[अनुवाद]

रेल सेवाओं का विस्तार

74. श्री एस. सेम्मलई: क्या **रेल मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या रेल को इरोड (तमिलनाडु) से किसी एसोसिएशन, ट्रेड यूनियन से 11064/11063 दैनिक रेलगाड़ी को सलेम की बजाय इरोड तक बढ़ाने/वहां से शुरू करने के बारे में कोई अनुरोध प्राप्त हुआ है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) रेलवे ने इस बारे में क्या कदम उठाए हैं;

रेल मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अधीर चौधरी): (क) से (ग) रेलवे को विभिन्न स्तरों से गाड़ियां चलाने के संबंध में अनुरोध प्राप्त होते रहते हैं, जिनका संकलन नहीं रखा जाता है। 11063/11064 चेन्नै एगमोर-सेलम एक्सप्रेस का इरोड तक विस्तार करना फिलहाल परिचालनिक तंगियों के कारण व्यावहारिक नहीं है।

न्यायालयों में दायर याचिकाएं

75. श्री जे.एम. आरुन रशीद: क्या **विधि और न्याय मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) माननीय उच्चतम न्यायालय में 2009 से 31 मार्च, 2012 के दौरान श्रमिक कानूनों, वैवाहिक, किराया नियंत्रण, श्रम, सेवा, भू-अधिग्रहण इत्यादि से संबंधित कितनी विशेष अनुमति याचिकाएं सिविल और क्रिमिनल अपील दायर की गई;

(ख) केन्द्र और राज्य सरकारों, सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों और बड़े औद्योगिक घरानों ने उक्त अवधि में राज्य तथा केन्द्र सरकार दोनों से संबंधित लेवी वसूली, कर-कानूनों की व्याख्या इत्यादि से संबंधित कितने सिविल और क्रिमिनल मुकदमें उच्चतम न्यायालय में दायर किए; और

(ग) माननीय उच्चतम न्यायालय ने 2009 से 31 मार्च, 2012 के दौरान उपर्युक्त (क) और (ख) में उल्लिखित कितने मामले निपटाए?

विधि और न्याय मंत्री (श्री अश्विनी कुमार): (क) से (ग) जानकारी एकत्रित की जा रही है और सदन के पटल पर रख दी जाएगी।

[हिन्दी]

झारखंड में सिंचाई

76. श्री कामेश्वर बैठा: क्या **जल संसाधन मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या देश में झारखंड ही एक ऐसा राज्य है जहां कोई सिंचाई सुविधा नहीं है;

(ख) यदि हां, तो क्या सरकार का झारखंड को पांच हजार करोड़ रु. का विशेष पैकेज देने का विचार है; और

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

जल संसाधन मंत्री (श्री हरीश रावत): (क) मार्च 2012 तक त्वरित सिंचाई लाभ कार्यक्रम के तहत परियोजनाओं के माध्यम से झारखण्ड राज्य में 14.284 हजार हेक्टेयर क्षेत्र की कुल सिंचाई क्षमता सृजित की गई है।

(ख) और (ग) वर्तमान में, जल संसाधन मंत्रालय में ऐसा कोई भी प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है।

[अनुवाद]

बीपीएल परिवारों को मकानों के निर्माण के लिए सहायता

77. श्री निशिकांत दुबे: क्या **ग्रामीण विकास मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) देश में आवास इकाइयों के निर्माण के लिए ग्रामीण बीपीएल परिवारों को प्रदान की गई वित्तीय सहायता/आवास स्थल का ब्यौरा क्या है;

(ख) अब तक राज्य-वार विशेषरूप से 'झारखंड में' अभिज्ञात भूमिहीन ग्रामीण परिवारों की संख्या कितनी है;

(ग) आश्रयहीन और गरीबी रेखा के नीचे रहने वाले लोगों को अब तक कितने आवास स्थल आबंटित किये गये हैं और वित्तीय सहायता प्रदान की गई है; और

(घ) ग्रामीण लोगों को आवास उपलब्ध कराने के लिए सरकार द्वारा क्या कदम उठाए गए हैं/उठाए जाने का प्रस्ताव है?

ग्रामीण विकास मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री लालचंद कटारिया): (क) इंदिरा आवास योजना (आईएवाई), जो एक

केन्द्र प्रायोजित योजना है, झारखंड सहित देशभर में कार्यान्वित की जा रही है। इस योजना के अंतर्गत मकान बनाने के लिए ग्रामीण बीपीएल परिवारों को मैदानी क्षेत्रें में प्रति मकान 45,000 रु. और पर्वतीय/दुर्गम क्षेत्रों/आईएपी जिलों में 48,500 रु. की वित्तीय सहायता दी जाती हैं। इस क्रम में देखा गया है कि अनेक ग्रामीण बीपीएल परिवार जिनके पास वासभूमि उपलब्ध नहीं होने की वजह से आईएवाई के अंतर्गत लाभ प्राप्त करने के लिए न तो जमीन अथवा वासभूमि है। तद्नुसार, वर्ष 2009-10 के दौरान ऐसे ग्रामीण बीपीएल परिवारों को वासभूमि खंड उपलब्ध कराने के लिए आईएवाई के हिस्से के रूप में एक योजना शुरू की गई। इस योजना के अंतर्गत प्रति वासभूमि खंड 10,000 रु. दिए जा रहे हैं केन्द्र और राज्य इस योजना के वित्त पोषण में 50:50 के अनुपात में अंशदान करते हैं।

(ख) 58वें एवं 59वें चक्र की एनएसएसओ रिपोर्ट के आधार पर किए गए अनुमानों के अनुसार देश में 7.69 मिलियन और झारखंड में 0.62 लाख ऐसे ग्रामीण परिवार हैं जिनके पास वासभूमि नहीं है। राज्य-वार ब्यौरे संलग्न विवरण में दिए गए हैं।

(ग) इस योजना की शुरुआत से लेकर अब तक 90459.89 करोड़ रु. के व्यय से ग्रामीण बीपीएल परिवारों के लिए 297.13 लाख मकान बनाए/आबंटित किए गए हैं और 6.95 लाख वासभूमि की खरीद के लिए वासभूमि योजना के अंतर्गत 347.47 करोड़ रु. रिलीज किए गए।

(घ) आईएवाई के अंतर्गत लक्ष्य निधियों की उपलब्धता के अनुसार वर्ष दर वर्ष आधार पर निर्धारित किए जाते हैं। तथापि, देश के ग्रामीण क्षेत्रों में आवासहीनता को समाप्त करने के लिए सरकार द्वारा सभी प्रयास किए जा रहे हैं। ग्रामीण आवास के लिए बजट परिव्यय को वर्ष 2001-02 में 12.94 लाख मकान बनाने के वास्तविक लक्ष्य के साथ 1991 करोड़ रु. को बढ़ाकर वर्ष 2012-13 में 30.09 लाख मकान बनाने के लक्ष्य के साथ 11075 करोड़ रु. कर दिया गया है।

विवरण

ग्रामीण परिवार जिनके पास वासभूमि नहीं है

क्र.सं.	राज्य का नाम	58वें एवं 59वें चक्र की एनएसएसओ रिपोर्ट के आधार पर (लाख में)
1	2	3
1.	आंध्र प्रदेश	13.73
2.	अरुणाचल प्रदेश	0.35
3.	असम	2.14
4.	बिहार	0.66
5.	छत्तीसगढ़	1.50
6.	गुजरात	5.22
7.	हरियाणा	0.81
8.	हिमाचल प्रदेश	1.01
9.	जम्मू और कश्मीर	0.34
10.	झारखंड	0.62
11.	कर्नाटक	7.38
12.	केरल	3.51
13.	मध्य प्रदेश	1.86
14.	मणिपुर	0.06
15.	महाराष्ट्र	9.30
16.	मेघालय	0
17.	ओडिशा	2.38
18.	पंजाब	0.91
19.	राजस्थान	1.56
20.	तमिलनाडु	13.45
21.	त्रिपुरा	0.22
22.	उत्तर प्रदेश	3.71
23.	उत्तराखंड	0
24.	पश्चिम बंगाल	4.27
25.	पूवोत्तर राज्य	1
26.	संघ राज्यक्षेत्र	0.94
	कुल	76.93

औषधियों के मूल्यों में अंतर

78. श्री पी. लिंगम: क्या **रसायन और उर्वरक मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या जेनरिक औषधियों और समान ब्रांड-वाली औषधियों के मूल्यों में बड़ा अंतर है;

(ख) यदि हां, तो इन दोनों श्रेणियों में महत्त्वपूर्ण औषधियों के मूल्यों का ब्यौरा क्या है; और

(ग) आम जनता में नामी कंपनियों द्वारा निर्मित जेनरिक औषधियों की पर्याप्त आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए तथा चिकित्सकों द्वारा जेनरिक नामों में औषधियों का नुस्खा लिखने पर नजर रखने के लिए क्या उपाय किए जा रहे हैं?

सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय के राज्य मंत्री तथा रसायन और उर्वरक मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री श्रीकांत जेना): (क) और (ख) खुले बाजार में बेची जाने वाली जेनरिक दवाइयों के मूल्य आमतौर पर ब्रांडेड दवाइयों के मूल्यों के समतुल्य होते हैं। तथापि, जन औषधि बिक्री केंद्रों के जरिए बेची जाने जेनरिक दवाइयों के मूल्यों और ब्रांडेड दवाइयों के मूल्यों के बीच बहुत बड़ा अंतर होता है जैसाकि निम्नलिखित उदाहरण से पता चलेगा:–

लवण का नाम	खुराक	पैक	ब्रांडेड दवाइयों का औसत बाजार मूल्य (रुपये)	जन औषधि बिक्री केंद्रों में बेची जाने वाली जेनरिक दवाइयों का मूल्य (रुपये)
टेबलेट सिप्रोफ्लोक्सासिन	250 एमजी	10	55.00	11.10
टेबलेट सिप्रोफ्लोक्सासिन	500 एमजी	10	97.00	21.50
टेबलेट डिक्लोफेनक एसआर	100 एमजी	10	51.91	3.35
टेबलेट सिट्रिजिन	10 एमजी	10	37.50	2.75
टेबलेट पैरासीटामोल	500 एमजी	10	13.56	2.45
टेबलेट निमेसुलाइड	100 एमजी	10	38.66	2.70
कफ सिरप		110 एमएल बोतल	33.00	13.30

अत्यधिक महंगी ब्रांडेड दवाइयों की तुलना में जन औषधि बिक्री केंद्रों पर बेची जाने वाली जेनरिक औषधियां न केवल गुणवत्ता की दृष्टि से समान होती हैं बल्कि प्रभावकारिता और क्षमता में भी समान होती है। औषधि (कीमत नियंत्रण) आदेश, 1995 (डीपीसीओ, 1995) के अधीन सरकार को उक्त आदेश के प्रावधानों के अनुसार 74 बल्क औषधियों और उनके फार्मूलेशनों के मूल्यों पर नियंत्रण रखने का अधिदेश है। औषध विभाग के अंतर्गत राष्ट्रीय औषध मूल्य निर्धारण प्राधिकरण (एनपीपीए) गैर-अनुसूचित फार्मूलेशनों के मूल्यों में उतार-चढ़ाव की मॉनीटरिंग के साथ-साथ नियमित जांच भी करता है। आईएमएस-स्वास्थ्य की मासिक रिपोर्टों और अलग-अलग निर्माताओं द्वारा दी गई सूचना का उपयोग गैर-अनुसूचित फार्मूलेशनों के मूल्यों की मॉनीटरिंग करने के लिए किया जाता है। जहां कहीं 10% वार्षिक से अधिक मूल्य वृद्धि का पता चलता है वहां निर्माता से स्वेच्छा से मूल्य कम करने के लिए कहा जाता है, यदि वह ऐसा नहीं करता है तो निर्धारित शर्तों के अधीन रहते हुए जनहित में संबंधित फार्मूलेशन का मूल्य तय करने के लिए डीपीसीओ, 1995 के पैराग्राफ 10(ख) के अधीन कार्रवाई शुरू की जाती है जेनरिक दवाइयों और उसी प्रकार की ब्रांडेड दवाइयों के मूल्यों की सूची सरकार द्वारा नहीं रखी जाती है।

(ग) सभी को वहनीय मूल्यों पर जेनरिक दवाइयां उपलब्ध कराने के उद्देश्य से औषध विभाग द्वारा जन औषधि अभियान

चलाया गया था। जहां तक जेनरिक दवाइयों की आपूर्ति का संबंध है, इस समय सभी पांच केंद्रीय औषध सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रम (सीपीएसयू) अर्थात् आईडीपीएल, बीसीपीएल, आरडीपीएल, केएपीएल तथ एचएएल जन औषधि बिक्री केंद्रों पर बिक्री के लिए जेनरिक दवाइयों का निर्माण कर रहे हैं और उनकी आपूर्ति कर रहे हैं। जहां कहीं जन औषधि बिक्री केंद्र खोले गए हैं, वहां संबंधित राज्य सरकारें सरकारी अस्पतालों में कार्यरत अपने डॉक्टरों को जेनरिक औषधियां प्रेस्क्राइब करने के लिए अनुदेश/दिशा-निर्देश जारी कर रही हैं। स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय के संबंध में भी यह सूचना प्राप्त हुई है कि उन्होंने भी जेनरिक नामों से दवाइयां प्रेस्क्राइब करने की हिदायतें डॉक्टरों को जारी की हैं।

रेलवे स्टेशन

79. **श्री के.पी. धनपालनः**
श्री पी.टी. थामसः

क्या **रेल मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) केरल ने नेदुम्बासेरी रेलवे स्टेशन के निर्माण की वर्तमान स्थिति क्या है;

(ख) इस पर अब तक आवंटित/व्यय की गई धनराशि का ब्यौरा क्या है;

(ग) उक्त कार्य को निर्धारित समय-सीमा के भीतर पूरा करने के लिए रेलवे द्वारा क्या कदम उठाए जा रहे हैं; और

(घ) इसे कब तक पूरा किए जाने की संभावना है?

रेल मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अधीर चौधरी): (क) से (घ) नेदुमबासेरी पर एक हाल्ट स्टेशन के निर्माण का कार्य वर्ष 2010-11 के बजट में 93 लाख रुपए की लागत पर इस शर्त के साथ स्वीकृत किया गया है कि किमी 80/80-90 पर समपार सं. 64 को ऊपरी सड़क पुल के निर्माण के बिना बंद करने के लिए राज्य सरकार की सहमति होगी। इस संबंध में केरल सरकार से पहले ही अनुरोध किया गया है। बार-बार अनुरोध करने के बावजूद, कथित समपारों को बंद करने के लिए उनकी सहमति अभी तक प्राप्त नहीं हुई है और इस कारण हाल्ट स्टेशन का कार्य अभी तक रुका हुआ है।

पेटेंट औषधियों के मूल्य

80. **श्री खगेन दासः** क्या **रसायन और उर्वरक मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने देश में पेटेंट औषधियों के मूल्यों का अध्ययन करने के लिए कोई समिति गठित की है;

(ख) यदि हां, तो क्या समिति ने अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत कर दी है;

(ग) यदि हां, तो रिपोर्ट के निष्कर्ष क्या हैं;

(घ) क्या उन सिफारिशों पर कोई कार्रवाई शुरू की गई है;

(ङ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(च) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय के राज्य मंत्री तथा रसायन और उर्वरक मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री श्रीकांत जेना): (क) से (च) पेटेंटशुदा औषधियों के लिए मूल्यवार्ता तंत्र से संबंधित मामले की जांच करने के लिए औषध विभाग द्वारा गठित की गई समिति ने अपनी रिपोर्ट अब दिनांक 05.06.2012 को औषध विभाग को प्रस्तुत कर दी है। इस रिपोर्ट की जांच की जा रही है और इस पर अभी तक कोई अंतिम निर्णय नहीं लिया गया है।

रेल दुर्घटना में पीड़ितों के आश्रितों को नौकरी

81. **श्री जगदानंद सिंहः**
श्री ई.जी. सुगावनमः

क्या **रेल मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या पिछले कुछ वर्षों में रेल दुर्घटनाओं में अनेक लोगों की जान गई है;

(ख) यदि हां, तो पिछले तीन वर्षों में प्रत्येक वर्ष के दौरान तत्संबंधी जोन-वार ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या रेलवे ने रेल दुर्घटनाओं में मरने वालों के संबंधियों को रोजगार उपलब्ध कराया है;

(घ) यदि हां, तो कितने लोगों को रोजगार प्रदान किया गया है और कितने आवेदन विचार हेतु लंबित है; और

(ङ) लंबित आवेदनों के जल्द निपटान के लिए रेलवे ने क्या कार्रवाई की है?

रेल मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अधीर चौधरी): (क) और (ख) 2009-10, 2010-11, 2011-12 और चालू वर्ष में 1 अप्रैल से 15 नवंबर, 2012 के दौरान मानवरहित समपारों में अनाधिकार प्रवेश को छोड़कर परिणामी गाड़ी दुर्घटनाओं में मरने वाले व्यक्तियों का जोन-वार और वर्ष-वार ब्यौरा निम्नानुसार है:-

रेलवे	2009-10	2010-11	2011-12	1 अप्रैल से 15 नवम्बर, 2012
मध्य रेलवे	2		2	1
पूर्व		66	6	
पूर्व मध्य	4		9	
उत्तर				4
पूर्वोत्तर	16	1		
पूर्वोत्तर सीमा		1	3	
उत्तर पश्चिम	7			
दक्षिण	1		11	
दक्षिण मध्य			2	30
दक्षिण पूर्व	2	150*		1
पश्चिम				
पूर्व तट			10	
दक्षिण पश्चिम			1	26
पश्चिम मध्य		24	2	
उत्तर मध्य	39	1	71@	
दक्षिण पूर्व मध्य				1
मेट्रो रेलवे				
कोंकण रेलवे				
कुल	71	243	117	63

*खड़गपुर के नजदीक तोड़फोड़ के कारण 28.05.2010 को ज्ञानेश्वरी एक्सप्रेस के पटरी से उतरने और टकराने से 150 व्यक्तियों की मृत्यु सहित।

@उत्तर मध्य रेलवे के इलाहाबाद मंडल के मालवान स्टेशन पर 10.07.2011 को कालका एक्सप्रेस के पटरी से उतरने से 71 व्यक्तियों की मृत्यु सहित।

(ग) ट्रेन दुर्घटनाओं में मारे गए व्यक्तियों के आश्रितों को नौकरी प्रदान करने के लिए कोई सामान्य नीति नहीं है। बहरहाल, बड़ी परिणामी गाड़ी दुर्घटनाओं में जनहानि को ध्यान में रखकर, नियुक्ति देना विशुद्ध रूप से मानवीय आधार पर जहां कहीं भी माननीय रेल मंत्री द्वारा नियुक्ति प्रदान करने की घोषणा की जाती है।

(घ) और (ङ) 2009, 2010, 2011 और चालू वर्ष में जनवरी से जुलाई, 2012 में रेलों पर ट्रेन दुर्घटनाओं में पीड़ित के आश्रितों को प्रदान की गई नियुक्ति का ब्यौरा निम्नानुसार है:-

रेलवे	जनवरी से दिसंबर, 2009	जनवरी से दिसंबर, 2010	जनवरी से दिसंबर, 2011	जनवरी से जुलाई, 2012
मध्य रेलवे	0	0	0	0
पूर्व	0	13	22	6
पूर्व मध्य	8	0	1	0
उत्तर	0	0	0	0
पूर्वोत्तर	0	0	0	0
पूर्वोत्तर सीमा	0	0	0	0
उत्तर पश्चिम	0	0	0	0
दक्षिण	0	0	0	0
दक्षिण मध्य	0	0	0	0
दक्षिण पूर्व	0	5	9	11
पश्चिम	0	0	0	0
पूर्व तट	0	0	0	0
दक्षिण पश्चिम	0	0	0	0
पश्चिम मध्य	0	17	0	0
उत्तर मध्य	0	0	41	0
दक्षिण पूर्व मध्य	0	0	1	0
कुल	8	35	74	17

ट्रेन दुर्घटनाओं में मारे गए व्यक्ति के आश्रितों को नियुक्ति प्रदान करना जिसमें माननीय रेल मंत्री द्वारा घोषणा की गई हो, एक सतत् प्रक्रिया है और आश्रितों के दावों के सत्यापन में समय लगता है। इस प्रकार के मामलों में नजर रखने और उनके त्वरित निपटान के लिए क्षेत्रीय रेलों के पास एक समर्पित सेल है।

राज्य बिजली बोर्डों को घाटा

82. श्रीमती सुप्रिया सुले:
डॉ. संजीव गणेश नाईक:
श्री मारोतराव सैनुजी कोवासे:
श्री ए. साई प्रताप:

क्या **विद्युत मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) उन राज्यों के नाम क्या हैं जो किसानों को नि:शुल्क बिजली उपलब्ध कराते हैं तथा पिछले तीन वर्षों और चालू वर्ष के दौरान कृषि कार्यों के लिए प्रतिवर्ष खपत की गई बिजली का राज्य-वार ब्यौरा क्या है;

(ख) पिछले तीन वर्षों और चालू वर्ष के दौरान विभिन्न राज्य बिजली बोर्डों (एस.ई.बी.) को हुए वार्षिक घाटे का महाराष्ट्र सहित राज्य-वार ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या पुन:संरचित त्वरित विद्युत विकास और सुधार कार्यक्रम के लागू होने के बावजूद राज्य बिजली बोर्डों (एस.ई.बी.)/विद्युत वितरण कंपनियां लगातार घाटे में चल रही हैं;

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है तथा इसके क्या कारण हैं; और

(ङ) देश में विद्युत के उत्पादन, वितरण में सुधार लाने तथा राज्य बिजली बोर्डों/विद्युत वितरण कंपनियों के घाटों को कम करने के लिए सरकार द्वारा क्या कदम उठाए जा रहे हैं?

विद्युत मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री ज्योतिरादित्य माधवराव सिंधिया): (क) उपलब्ध सूचना के अनुसार निम्नलिखित राज्य कुछ शर्तों के साथ अपने कृषि उपभोक्ताओं को नि:शुल्क विद्युत उपलब्ध करवा रहे हैं–

राज्य	टिप्पणी
1	2
कर्नाटक	10 एचपी पम्पस रखने वाले उपभोक्ताओं को नि:शुल्क विद्युत
आंध्र प्रदेश	ऐसे किसानों के लिए यह नि:शुल्क उपलब्ध है जिन्होंने डिमांड साइड मैनेजमेंट (डीएसएम) में प्रतिभागी हैं और • जिनके पास 2.5 एकड़ तक वैटलैंड है अथवा • यदि ड्राइलैंड के साथ है तो केवल 03 कनेक्शन प्रति किसान इन उपभोक्ताओं से ग्राहक प्रभार के तौर पर 20 रुपए प्रतिमाह का प्रभार भी लिया जाता है।
पुदुचेरी	2.5 एकड़ से कम वैटलैंड अथवा 5 एकड़ ड्राइलैंड धारक छोटे किसानों को नि:शुल्क विद्युत किंतु उनसे 50 रुपए प्रति एचपी प्रतिवर्ष नियत/डिमांड प्रभार के तौर पर लिया जाता है।
मध्य प्रदेश	1.0 हेक्टेयर तथा 5 एचपी पम्प सेट रखने वाले केवल अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के किसानों को नि:शुल्क विद्युत।
तमिलनाडु	सभी कृषि उपभोक्ताओं को नि:शुल्क।
छत्तीसगढ़	3 एचपी लोड वाले किसानों 6000 यूनिट प्रतिवर्ष तक नि:शुल्क तथा 3 से 5 एचपी के बीच लोड वाले किसानों को 7500 यूनिट तक नि:शुल्क

वर्ष 2008-09 से 2010-11 के लिए कृषि क्षेत्र को विद्युत आपूर्ति का ब्यौरा संलग्न विवरण-I पर दिया गया है। वर्ष 2011-12 तथा वर्तमान समय वर्ष के लिए कृषि क्षेत्र को विद्युत आपूर्ति का राज्यवार विवरण उपलब्ध नहीं है।

(ख) से (घ) यूटिलिटीज द्वारा उपलब्ध कराए गए लेखों के विवरण के आधार "वर्ष 2008-09 से 2010-11 के लिए राज्य यूटिलिटीज का निष्पादन" विषय पर पीएफसी की रिपोर्ट के अनुसार सीधे उपभोक्ताओं को बेचने वाली अधिकांश यूटिलिटीज को वर्ष 2008-09 से 2010-11 को हानि हुई है। इसका ब्यौरा संलग्न विवरण-II पर दिया गया है।

वर्ष 2011-12 तथा वर्तमान वर्ष के लिए राज्यवार/डिस्कामवार विवरण उपलब्ध नहीं है।

(ङ) विद्युत का वितरण डिस्काम की जिम्मेदारी है। उपभोक्ताओं को राज्यों द्वारा उन्नत तरीके से विद्युत उपलब्ध कराने के प्रयासों के पूरक के रूप में केन्द्रीय सरकार सुविधा प्रदाता का कार्य करती है।

देश में विद्युत उत्पादन क्षेत्र में सुधार हेतु संघ सरकार द्वारा उठाये गये कदमों का ब्यौरा संलग्न विवरण-III पर दिया गया है।

राज्य विद्युत बोर्डों/विद्युत वितरण कंपनियों की हानियों को कम करने तथा वितरण क्षेत्र में सुधार हेतु संघ सरकार द्वारा उठाए गए कदमों का ब्यौरा संलग्न विवरण-IV पर दिया गया है।

विवरण-I

कृषि श्रेणी के उपभोक्ताओं को की गई आपूर्ति (यूटिलिटिज तथा नॉन-यूटिलिटिज)

(जीडब्ल्यूएच)

क्र.सं.	राज्य/यूटी	2008-09	2009-10	2010-11
1	2	3	4	5
1.	हरियाणा	7365.4	9190.03	8295.69
2.	हिमाचल प्रदेश	28.74	36.82	35.14
3.	जम्मू और कश्मीर	271.42	204.88	198.1
4.	पंजाब	9325.42	10469.31	9957.38
5.	राजस्थान	9790.86	12072.59	13235.89
6.	उत्तर प्रदेश	6860.36	7340.72	7689.82
7.	उत्तराखंड	300.2	298.1	295.88
8.	चंडीगढ़	1.35	1.02	1.1
9.	दिल्ली	52.77	39.67	35.49
10.	गुजरात	11729.71	12813.8	13338.33
11.	मध्य प्रदेश	6217.5	5985.65	6810.09
12.	छत्तीसगढ़	2049.93	1751.6	1940
13.	महाराष्ट्र	13066.12	13264.22	16713.87
14.	दादरा और नगर हवेली	9.2	3	2
15.	गोवा	40.18	110.76	20
16.	दमन और दीव	2.47	2.49	2.6
17.	आंध्र प्रदेश	16604.57	18825.02	18798.57
18.	कर्नाटक	11314.43	12384.77	13556.31
19.	केरल	234.98	266	240.56
20.	तमिलनाडु	10529	11951	12632.87
21.	लक्षद्वीप	0	0	0
22.	पुदुचेरी	73.48	73.8	74.17
23.	बिहार	798	794.01	388.6
24.	झारखंड	69.62	65.72	70

1	2	3	4	5
25.	ओडिशा	141.49	149.57	176.2
26.	सिक्किम	0	0	0
27.	पश्चिम बंगाल	843.28	1322.97	1803.85
28.	अंडमान और निकोबार द्वीपसमूह	0.7	0.74	0.83
29.	असम	20.86	32	25.57
30.	मणिपुर	0.12	0.71	0.49
31.	मेघालय	0.5	0.63	0.36
32.	नागालैंड	0.04	0	0
33.	त्रिपुरा	33.39	39.73	37.55
34.	अरुणाचल प्रदेश	0	0	0
35.	मिजोरम	0	0.5	0.12
	कुल	107776.1	119491.8	126377.43

नोट: $ झारखंड तथा पश्चिम बंगाल क्षेत्र के उपभोक्ताओं को डीवीसी की ब्रिक्री शामिल है

स्रोत: सीईए द्वारा विभिन्न वर्षों के लिए प्रकाशित सामान्य समीक्षा

विवरण-II

वर्ष 2008-09 से 2010-11 के लिए सीधे उपभोक्ताओं को बिक्री करने वाली यूटिलिटीज को हुए लाभ-हानि का विवरण

(करोड़ रुपये में)

क्षेत्र	राज्य	यूटिलिटी	2008-09		2009-10		2010-11	
			लाभ (हानि) बीमांकित आधार पर कर पश्चात्	लाभ (हानि) सब्सिडी प्राप्त के आधार पर	लाभ (हानि) बीमांकित आधार पर कर पश्चात्	लाभ (हानि) सब्सिडी प्राप्त के आधार पर	लाभ (हानि) बीमांकित आधार पर कर पश्चात्	लाभ (हानि) सब्सिडी प्राप्त के आधार पर
1	2	3	4	5	6	7	8	9
पूर्वी	बिहार	बीएसईबी	-1,005	-1,005	-1,412	-1,412	-1,332	-1,332
	झारखंड	जेएसईबी	-1,048	-1,048	-707	-707	-723	-723

1	2	3	4	5	6	7	8	9
	ओडिशा	सेसको	-125	-125	-146	-146	-150	-150
		नेसको	-0	-0	-28	-28	-72	-72
		सेसको	-36	-36	-40	-40	-19	-19
		वेसको	13	13	-27	-27	-38	-38
	सिक्किम	सिक्किम पीडी	10	10	-9	-9	-38	-38
	पश्चिम बंगाल	डब्ल्यूबीएसईडीसीएल	39	39	71	71	95	95
पूर्वोत्तर	अरुणाचल प्रदेश	अरुणाचल प्रदेश पीडी	-48	-48	-212	-212	-182	-182
	असम	सीएईडीसीएल	-13	-13				
		एलएईडीसीएल	-15	-15				
		यूएईडीसीएल	-19	-19				
		एपीडीसीएल			-319	-319	-446	-446
	मणिपुर	मणिपुर पीडी	-113	-113	-87	-87	-134	-134
	मेघालय	मेघालय एसईबी	10	10	-56	-56		
		मेघालय ईसीएल					-91	-91
	मिजोरम	मिजोरम पीडी	-72	-72	-139	-139	-158	-158
	नागालैंड	नागालैंड पीडी	-68	-68	-108	-108	-159	-159
	त्रिपुरा	टीएसईसीएल	49	38	2	-11	-126	-130
उत्तरी	दिल्ली	बीएसईएस राजधानी	-108	-108	187	187	388	388
		बीएसईएस यमुना	58	58	77	77	155	155
		एनडीपीएल	171	171	351	351	258	258
	हरियाणा	डीएचबीवीएनएल	-265	-265	-633	-680	-393	-556
		यूएचबीवीएनएल	-1,218	-1,218	-912	-912	-129	-129
	हिमाचल प्रदेश	एचपीएसईबी	32	32	-153	-153	-122	-122
		एचपीएसईबी लि.					-389	-389
	जम्मू और कश्मीर	जेएंडके पीडीडी	-1,316	-1,316	-2,106	-2,106	-2,167	-2,167
	पंजाब	पीएसईबी	-1,041	-1,041	-1,302	-1,302		
		पीएसपीसीएल					-1,482	-1,482

1	2	3	4	5	6	7	8	9
	राजस्थान	एवीवीएनएल	-0	-2,403	0	-3,924	0	-3,071
		जेडीवीवीएनएल	0	-2,185	0	-3,169	0	-3,069
		जेवीवीएनएल	0	-2,227	-0	-3,913	0	-3,389
	उत्तर प्रदेश	डीवीवीएन	-974	-974	-1,707	-1,707	-1,117	-1,117
		केएससीओ	-152	-152	-181	-181	-73	-73
		एमवीवीएन	-418	-418	-1,040	-1,040	-348	-348
		पश्चिमी वीवीएन	-612	-612	-1,188	-1,188	-304	-304
		पूर्वी वीवीएन	-1,346	-1,346	-1,170	-1,170	-969	-969
	उत्तराखंड	उत्तराखंड पीसीएल	-355	-355	-527	-527	-219	-219
दक्षिणी	आंध्र प्रदेश	एपीसीपीडीसीएल	13	-2,780	36	-1,198	3	-778
		एपीईपीडीसीएल	14	-531	18	-435	13	-572
		एपीएनपीडीसीएल	6	-1,191	7	-892	7	-409
		एपीएसपीडीसीएल	11	-1,485	4	-1,116	3	-418
	कर्नाटक	बेसको	-588	-588	12	112	0	0
		चेसकोम	-221	-230	-74	-318	11	11
		जेसकाम	-198	-198	-31	-31	61	61
		हेसकोम	-560	-560	-174	-174	-65	-65
		मेसकोम	-41	-41	9	-14	2	2
	केरल	केएसईबी	217	217	241	241	241	241
	पुदुचेरी	पुदुचेरी	-80	-80	-47	-47	-134	-134
	तमिलनाडु	टीएनईबी	-7,771	-8,021	-10,295	-10,295	-6,273	-6,273
		टैंज्डको					-6,202	-6,202
पश्चिमी	छतीसगढ़	सीएसईबी	764	764				
		सीएसपीडीसीएल	74	74	-314	-314	-468	-468
	गोवा	गोवा पीडी	158	158	16	16	-79	-79
	गुजरात	डीजीवीसीएल	3	3	22	22	63	63
		एमजीवीसीएल	5	5	17	17	25	25

1	2	3	4	5	6	7	8	9
		पीजीवीसीएल	1	1	4	4	3	3
		यूजीवीसीएल	6	6	6	6	13	13
	मध्य प्रदेश	एमपी मध्य क्षेत्र वीवीसीएल	-574	-574	-779	-779	-605	-605
		एमपी पश्चिम क्षेत्र वीवीसीएल	-833	-833	-1,433	-1,433	-578	-578
		एमपी पूर्व क्षेत्र वीवीसीएल	-1,077	-1,077	-1,131	-1,131	-974	-974
	मध्य प्रदेश	एमएसईडीसीएल	-902	-902	-1,085	-1,085	-1,505	-1,505

विवरण-III

देश में विद्युत उत्पादन में सुधार लाने के लिए केंद्र सरकार द्वारा उठाए गए कदमः

- निष्पादनाधीन परियोजनाओं की सख्त निगरानी—सभी अवरोधों को निपटाने और यह सुनिश्चित करने के लिए कि परियोजनाएं समय पर शुरू हों, सभी निष्पादनाधीन परियोजनाओं की निगरानी की जा रही है।
- क्षमता अभिवृद्धि में अवरोधों की पहचान करने और उन्हें निपटाने के लिए सीईए के संबंधित अधिकारियों, उपकरण उत्पादकों, राज्य युटिलिटियों/सीपीएसयू/ परियोजना विकासकर्ताओं आदि के साथ मंत्रालय द्वारा नियमित समीक्षा बैठकों का आयोजन किया जाता है।
- नई परियोजनाओं को पूरा करने के लिए संयंत्र उपस्कर की बढ़ती हुई मांग को पूरा करने के लिए विभिन्न संयुक्त उद्यमों की स्थापना संयंत्र उपकरण के निर्माण हेतु क्षमता को बढ़ा दिया गया है।
- विद्युत क्षेत्र के लिए कोयला और गैस उपलब्ध कराने के लिए प्रयास किये जा रहे हैं।

विवरण-IV

वितरण को सुधारने और देश के राज्य विद्युत बोर्डों/विद्युत वितरण कंपनियों की हानियों को कम करने के लिए सरकार द्वारा उठाए गए कदम

आरएपीडीआरपी

देश में सकल तकनीकी एवं वाणिज्यिक हानियों को कम करने और राज्य यूटिलिटियों के विद्युत वितरण क्षेत्र को सुधारने के लिए भारत सरकार ने 11वीं योजना अवधि के दौरान पुनर्गठित त्वरित विद्युत विकास एवं सुधार कार्यक्रम (आरएपीडीआरपी) की शुरुआत की है। आरएपीडीआरपी में क्षेत्रों में सतत एटी एंड सी हानि में कमी लाने में यूटिलिटियों द्वारा वास्तविक प्रदर्शनीय निष्पादन पर मुख्य बल दिया गया है। स्कीम के अंतर्गत परियोजनाएं 2001 की जनगणना के अनुसार 30000 (विशेष श्रेणी राज्यों के लिए 10000) से अधिक की जनसंख्या वाले शहरों में दो भागों में ली जाती हैं। स्कीम का भाग (क) बड़े शहरों (जनसंख्या 4 लाख और वार्षिक ऊर्जा निवेश 350 एमयू) के लिए ऊर्जा लेखा/लेखापरीक्षा तथा सुपरवाइजरी नियंत्रण तथा डाटा अधिग्रहण (स्काडा) हेतु आईटी युक्त प्रणाली की स्थापना के लिए है। जबकि भाग (ख) परियोजना शहरों में विद्युत अवसंरचना के उत्थान, वृद्धि तथा सुदृढ़ीकरण के लिए है। आरएपीडीआरपी के अंतर्गत अब तक 32323.70 करोड़ रुपए (भाग-क 1402 शहरों को शामिल करते हुए 6638.79 करोड़ रुपये तथा 63 शहरों में 63 स्काडा परियोजनाओं, भाग(ख) 1134 नगरों में 25684.91 करोड़ रुपये) के मूल्य की परियोजनाओं को पहले ही मंजूरी प्रदान की जा चुकी है।

विद्युत मंत्रियों का सम्मेलन

विद्युत मंत्रियों का पांचवा सम्मेलन 13 जुलाई, 2011 को नई दिल्ली में आयोजित किया गया था। यह संकल्प लिया गया था कि राज्य सरकारें यह सुनिश्चित करेंगी कि विद्युत यूटिलिटियों के लेखों की लेखापरीक्षा अगले वित्तीय वर्ष के सितंबर तक की जाए। यदि लेखों का कंप्यूटरीकरण नहीं किया गया है तो वह किया जाएगा। वितरण यूटिलिटियां राष्ट्रीय टैरिफ नीति में किए गए करार के अनुसार राज्य विनियामक को पूर्व वर्ष के दिसंबर जनवरी तक

वार्षिक टैरिफ याचिका दायर करेंगी। राज्य सरकारें यूटिलिटियों को सभी बकाया सब्सिडियां जारी करेगी तथा भविष्य में सब्सिडी का अग्रिम भुगतान सुनिश्चित करेगी। इसके अतिरिक्त, राज्य सरकारें एटीएंडसी हानियों को 15% से कम करने के लिए प्रभावी कदम उठाएगी और प्रतिस्पर्द्धी बोली के माध्यम से शहरी क्षेत्रों में वितरण फ्रेंचाइजियों को नियुक्त करने के लिए कदम भी उठाएंगी।

यूटिलिटियों की रेटिंग

राज्य वितरण यूटिलिटियों के वित्तपोषण हेतु वित्तीय संसाधनों (एफआई)/बैंकों द्वारा एकीकृत दृष्टिकोण को सूक्ष्म बनाने के लिए विद्युत मंत्रालय ने राज्य वितरण यूटिलिटियों के लिए एकीकृत रेटिंग प्रक्रिया विकसित की है। एकीकृत रेटिंग प्रक्रिया का समग्र उद्देश्य वितरण यूटिलिटियों को सुग्राही/सुग्राही बनाने के लिए तंत्र तैयार करना है ताकि स्वयं सतत प्रचालन के लिए वित्तपोषण समर्थन सहित सब्सिडी, इक्विटी समर्थन पर टिप्पणियां पूरी करने के लिए उनकी प्रचालनरत तथा वित्तीय निष्पादन, विनियामक अनुपालन को सक्षम बनाने तथा संबंधित राज्य सरकारों को प्रभावित किया जा सके।

विद्युत संबंधी अपीलीय ट्रिब्यूनल (एपीटीईएल) का आदेश

विद्युत मंत्रालय ने सामान्य रूप से विद्युत क्षेत्र तथा विशेष रूप से वितरण यूटिलिटियों की वित्तीय स्थिति तथा दीर्घावधि व्यवहार्यता को सुधारने के हित में उचित रूप से (यदि अपेक्षित हो तो स्वत: संज्ञान पर) टैरिफ को संशोधित करने के लिए राज्य विनियामक प्राधिकरणों को विद्युत अधिनियम की धारा 121 के अंतर्गत दिशानिर्देश जारी करने के लिए "विद्युत हेतु अपीलीय ट्रिब्यूनल" से अनुरोध किया है।

विद्युत संबंधी अपीलीय ट्रिब्यूनल (एपीटीईएल) ने दिनांक 11 नवंबर, 2011 के अपने आदेश में राज्य विद्युत बोर्डो/डिस्काम की वित्तीय स्थिति को सुधारने तथा वितरण यूटिलिटियों के लंबित बकाया के निपटारे के लिए मदद देने की दृष्टि से राज्य आयोगों को दिशानिर्देश जारी किए हैं जिसमें अन्य बातों के साथ-साथ स्वचालित ईंधन तथा विद्युत क्रय समायोजन लागत, टैरिफ का स्वत: निर्धारण, यदि यूटिलिटी द्वारा याचिका दाखिल नहीं की गई है, वार्षिक लेखे की तैयारी भी शामिल है और एसईआरसी द्वारा कोई पिछला अंतर नहीं छोड़ा जाना है। विनियामक परिसंपत्तियां असाधारण परिस्थितियों में ही सृजित की जानी हैं और अधिकतम 3 वर्षों में परिसमाप्त किया जाना है।

मॉडल टैरिफ दिशानिर्देश

राज्य विनियामक फोरम तथा केंद्रीय विद्युत विनियामक आयोग (सीईआरसी) ने मॉडल टैरिफ दिशानिर्देशों को कार्यान्वित करने के लिए संकल्प किया है, जिसमें टैरिफ के यौक्तिकीकरण के मामले का निपटारा किया गया है। एफओआर (विनियामक फोरम) ने एसईआरसी को उन्हें अपनाने के लिए मॉडल टैरिफ दिशानिर्देश परिचालित किए हैं। अब राज्य विद्युत विनियामक आयोगों से इन टैरिफ दिशानिर्देशों को अपनाने और विनियम बनाने की अपेक्षा की गई है। मॉडल टैरिफ दिशानिर्देशों का अपनाया जाना पावर फाइनेंस कॉर्पोरेशन तथा रूरल इलेक्ट्रिफिकेशन कॉर्पोरेशन द्वारा यूटिलिटियों को ऋण के वितरण की एक पूर्व शर्त है।

राज्य वितरण कंपनियों का वित्तीय पुनर्गठन

राज्य डिकाम के व्यवसाय को सक्षम बनाने तथा उनकी दीर्घावधि व्यवहार्यता को सुनिश्चित करने के लिए भारत सरकार द्वारा राज्य स्वामित्व प्राप्त डिस्काम के वित्तीय पुर्नगठन के लिए स्कीम अधिसूचित की गई है। स्कीम में केंद्र सरकार द्वारा परिवर्ती वित्तीय तंत्र के माध्यम से समर्थन के साथ उनके ऋण के पुनर्गठन द्वारा वित्तीय व्यवसाय की प्राप्ति हेतु राज्य डिस्काम तथा राज्य सरकार द्वारा उठाए गए कदम शामिल हैं।

[हिन्दी]

आई.ए.वाई. भ्रष्टाचार

83. **श्री राधा मोहन सिंह:** क्या **ग्रामीण विकास मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार इंदिरा आवास योजना (आई.ए.वाई.) में व्याप्त भ्रष्टाचार से अवगत है;

(ख) यदि हां, तो क्या घूसखोरी के माध्यम से मानकों की अवहेलना करके बिहार, उत्तर प्रदेश, पंजाब, जम्मू और कश्मीर आदि अनेक राज्यों में इस योजना के तहत अनेक लोगों को आवास इकाई आबंटित की गयी है जिनके पास पहले से ही मकान है तथा एक परिवार में प्रत्येक व्यक्ति को अलग आवास आबंटित किया गया है;

(ग) यदि हां, तो वर्ष 2010 से अब तक का ब्यौरा क्या है;

(घ) क्या सरकार ने इस संबंध में कोई जांच कराई है और यदि हां, तो राज्य-वार कितने लोग गड़बड़ी में लिप्त पाये गये हैं तथा उनके विरुद्ध की गई कार्रवाई का ब्यौरा क्या है; और

(ङ) भविष्य में ऐसी गतिविधियों पर काबू पाने के लिए किए जा रहे उपायों का ब्यौरा क्या है?

ग्रामीण विकास मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री लालचंद कटारिया): (क) से (ङ) कुल मिलाकर देश में आईएवाई

योजना का क्रियान्वयन संतोषप्रद ढंग से चल रहा है। राज्य/संघ राज्य-क्षेत्र दिशा-निर्देशों के अनुसार इस योजना का कार्यान्वयन कर रहे हैं। केन्द्र स्तर पर विभिन्न तंत्रों अर्थात मासिक एवं तिमाही समीक्षा बैठकों, क्षेत्र अधिकारियों के दौरों, समवर्ती मूल्यांकन रिपोर्टों और प्रभाव मूल्यांकन अनुसंधान अध्ययनों के जरिए योजना की कड़ी निगरानी की जाती है। योजना की निष्पक्ष जांच और निगरानी के लिए राष्ट्रस्तरीय निगरानीकर्ताओं (एनएलएम) की तैनाती एवं नियुक्ति की जाती है। जब कभी-भी योजना के कार्यान्वयन में अनियमितताओं से संबंधित कोई भी शिकायत मंत्रालय को मिलती है तब संबंधित राज्य सरकार/संघ राज्य क्षेत्र के साथ तत्काल इस मामले को उठाया जाता है। गणमान्य व्यक्तियों से प्राप्त शिकायतों के मामले में इस मंत्रालय के पैनल में शामिल राष्ट्रस्तरीय निगरानीकर्ताओं को शिकायतों की जांच पड़ताल के लिए तैनात किया जाता है। अनियमितताएं सिद्ध होने पर संबंधित राज्य सरकार से उपयुक्त कार्रवाई करने का आग्रह किया जाता है। योजना के कार्यान्वयन में अनियमितताओं के संबंध में राज्य-वार प्राप्त शिकायतों तथा उन पर की गई कार्रवाई के ब्यौरों को दर्शाने वाला विवरण संलग्न है।

विवरण

शिकायतों की सूची एवं उन पर की गई कार्रवाई

बिहार

(क) गैर-सरकारी संगठन (युवा जागृति स्वयं सेवा सहायता संस्थान), गांव-नेतवार, पोस्ट-बेलांव, थाना-दरौली, जिला-सिवान, बिहार से एसजीएसवाई और आईएवाई योजना के अंतर्गत निधियों के गबन के संबंध में दिनांक 14.02.2012 को एक शिकायत मिली थी। अधिकारियों को घूस देने के बाद आईएवाई के अंतर्गत ऐसे व्यक्तियों को लाभ मिल रहा है जिनके पास पक्का मकान है।

की गई कार्रवाई

मामले की छानबीन करने और आईएवाई दिशानिर्देशों के अनुसार उस पर आवश्यक कार्रवाई करने के लिए यह शिकायत 02.04.2012 को बिहार राज्य सरकार को भेज दी गई है।

(ख) श्री रामजी मांझी, संसद सदस्य (लोक सभा) से एक शिकायत मिली थी जो अपात्र व्यक्तियों को आईएवाई मकानों का आवंटन करने, एक ही परिवार को आईएवाई मकानों का आवंटन करने, लाभार्थियों से घूस लेने के आरोपों से संबंधित थी।

की गई कार्रवाई

मामले की छानबीन करने और आईएवाई दिशानिर्देशों के अनुसार उस पर आवश्यक कार्रवाई करने के लिए यह शिकायत 11.05.2012 को बिहार राज्य सरकार को भेज दी गई है।

(ग) बिहार के दरभंगा जिले में आईएवाई के कार्यान्वयन में अनियमितताओं के संबंध में श्री रामबाबू महतो कुशवाहा, सुपुत्र स्व. श्री शिवनंदन महतो, ग्राम पंचायत व पोस्ट-बनौली, थाना-सिमरी, ब्लॉक-सिंगवाड़ा, जिला-दरभंगा से 14.05.2012 को एक शिकायत मिली थी। ऐसे व्यक्तियों को लाभ दिया जा रहा है जिनके पास पक्का मकान है। और एक परिवार के कुछ सदस्यों को 3-4 बार लाभ मिला है।

की गई कार्रवाई

मामले की छानबीन करने और आईएवाई दिशानिर्देशों के अनुसार उस पर आवश्यक कार्रवाई करने के लिए यह शिकायत 13.06.2012 को बिहार राज्य सरकार को भेज दी गई है।

(घ) आईएवाई के अंतर्गत भ्रष्टाचार के संबंध में श्री देवेन्द्र प्रसाद यादव, निवासी—रघुबरपुर, वार्ड-5, पंचायत-बुलाकीपुर, थाना-दलसिंह सराय, जिला-समस्तीपुर से दिनांक 20.05.2012 को एक शिकायत मिली थी। यह आरोप लगाया गया है कि कुछ मामलों में मुखिया और बीडीओ ने एक ही व्यक्ति को 2-3 बार आईएवाई मकानों का आवंटन किया है और ग्रामवासियों को भयभीत करने के लिए कुछ गांववालों के खिलाफ आपराधिक मामले दायर किए गए हैं।

की गई कार्रवाई

मामले की छानबीन करने और आईएवाई दिशानिर्देशों के अनुसार उस पर आवश्यक कार्रवाई करने के लिए यह शिकायत 29.06.2012 को बिहार राज्य सरकार को भेज दी गई है।

उत्तर प्रदेश

(क) आईएवाई के कार्यान्वयन में अनियमितताओं के संबंध में श्री बोदाराम, सुपुत्र स्व. श्री रामनाथ, निवासी—ग्राम सभा घुस्खास, पोस्ट-कोरी, ब्लॉक-सकलडीहा, जिला-चंदौली (उत्तर प्रदेश), से दिनांक 25.04.2012 को एक शिकायत मिली थी। पात्र लाभार्थियों की बजाय एक ही परिवार के सदस्यों को आईएवाई मकानों का आवंटन किया गया है।

की गई कार्रवाई

मामले की छानबीन करने और आईएवाई दिशानिर्देशों के अनुसार उस पर आवश्यक कार्रवाई करने के लिए यह शिकायत 30.05.2012 को उत्तर प्रदेश राज्य सरकार को भेज दी गई है।

(ख) श्री पवन सिंह गुर्जर, पूर्व जिला पंचायत सदस्य, निवासी—ग्राम शाहपुरा, थाना-शीशगढ़, तहसील-जिला-बरेली (उत्तर

प्रदेश) से एक शिकायत मिली थी जो ग्राम प्रधान ढाकिया ठाकुरन बहोरन लाल, ग्राम-शाहपुरा, थाना शीशगढ़, जिला-बरेली द्वारा निधियों का दुर्विनियोजन किए जाने के संबंध में है। यह आरोप लगाया गया है कि ग्राम प्रधान के भाई ने दो आईएवाई मकान लिए हैं क्योंकि उसके पास दो वोटर कार्ड हैं। ग्राम प्रधान ने कमीशन लिया है।

की गई कार्रवाई

मामले की छानबीन करने और आईएवाई दिशानिर्देशों के अनुसार उस पर आवश्यक कार्रवाई करने के लिए यह शिकायत 15.06.2012 को उत्तर प्रदेश राज्य सरकार को भेज दी गई है।

(ग) आईएवाई के कार्यान्वयन में अनियमितताओं के संबंध में श्री रफतउल्ला अंसारी, सुपुत्र हयात मो. अंसारी, निवासी ग्राम पोस्ट-बेमिहा, ब्लॉक-पछपादेवा, जिला-बलरामपुर (उत्तर प्रदेश), से दिनांक 25.05.2012 को एक शिकायत मिली थी। यह आरोप लगाया है कि प्रधान ने एक ही परिवार के 3 या 4 सदस्यों को आईएवाई मकानों का आवंटन किया है।

की गई कार्रवाई

मामले की छानबीन करने और आईएवाई दिशानिर्देशों के अनुसार उस पर आवश्यक कार्रवाई करने के लिए यह शिकायत 28.06.2012 को उत्तर प्रदेश राज्य सरकार को भेज दी गई है।

(घ) ग्राम-मम्शीबुजुर्ग, ब्लॉक-पहाड़ी, जिला-चित्रकूट में अपात्र व्यक्तियों को आईएवाई के अंतर्गत मकानों का आवंटन किए जाने के संबंध में श्री राम कुमार और अन्य, निवासी-ग्राम मम्शीबुजुर्ग, ब्लॉक-पहाड़ी, जिला-चित्रकूट, उत्तर प्रदेश से दिनांक 25.07.2011 को एक शिकायत मिली थी।

की गई कार्रवाई

एनएलएम ने इस मामले की छानबीन की और उसे योजना के कार्यान्वयन में कतिपय अनियमितताएं मिलीं। आईएवाई दिशानिर्देशों के अनुसार आवश्यक कार्रवाई करने के लिए यह रिपोर्ट 14.11.2012 को उत्तर प्रदेश राज्य सरकार को भेज दी गई है।

(ङ) उत्तर प्रदेश के कानपुर जिले में आईएवाई के कार्यान्वयन में अनियमितताओं के संबंध में श्री अर्जुन द्विवेदी, पूर्व काउंसलर/सदस्य पीसीसी से दिनांक 09.09.2010 को एक शिकायत मिली जो श्री जयप्रकाश जायसवाल, माननीय कोयला मंत्री द्वारा अग्रेषित की गई थी।

की गई कार्रवाई

एनएलएम ने इस मामले की छानबीन की और उसे योजना के कार्यान्वयन में कतिपय अनियमितताएं मिलीं। आईएवाई दिशानिर्देशों के अनुसार आवश्यक कार्रवाई करने के लिए यह रिपोर्ट 25.10.2011 को उत्तर प्रदेश राज्य सरकार को भेज दी गई है।

पंजाब

डॉ. संदीप गुप्ता, निवासी 1778, सेक्टर-14, हिसार से दिनांक 30.09.2011 को एक शिकायत मिली थी जिसमें पंजाब के मनसा जिले में आईएवाई के अंतर्गत भ्रष्टाचार का आरोप लगाया गया था।

की गई कार्रवाई

एनएलएम ने इस मामले की छानबीन की और उसे योजना के कार्यान्वयन में कतिपय अनियमितताएं मिलीं। आईएवाई दिशानिर्देशों के अनुसार आवश्यक कार्रवाई करने के लिए एनएलएम की रिपोर्ट 26.03.2012 को पंजाब राज्य सरकार को भेज दी गई है।

जम्मू और कश्मीर

जम्मू व कश्मीर राज्य में मनरेगा योजना और आईएवाई के कार्यान्वयन में गंभीर अनियमितताओं के संबंध में राष्ट्रीय सलाहकार परिषद (एनएसी) के अध्यक्ष से प्राप्त शिकायत की जांच एनएलएम द्वारा कराई गई थी। एनएलएम को जम्मू कश्मीर के डोडा और बडगाम जिले में योजना के कार्यान्वयन में कतिपय अनियमितताएं मिलीं।

की गई कार्रवाई

आईएवाई दिशानिर्देशों के अनुसार आवश्यक कार्रवाई करने के लिए एनएलएम की रिपोर्ट 29.10.2012 को जम्मू व कश्मीर राज्य सरकार को भेज दी गई है।

ए.आई.बी.पी. के तहत सिंचाई

84. **श्री बलीराम जाधवः**
श्री मारोतराव सैनुजी कोवासेः
श्री गणेशराव नागोराव दूधगांवकरः
श्री नलिन कुमार कटीलः

क्या **जल संसाधन मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) देश में वर्तमान में त्वरित सिंचाई लाभ कार्यक्रम (ए.आई.बी.पी.) के अंतर्गत कार्यान्वित की जा रही रही सिंचाई परियोजनाओं का ब्यौरा क्या है तथा इनकी वर्तमान स्थिति क्या है;

(ख) इससे कितनी सिंचाई क्षमता बढ़ने की संभावना है;

(ग) विगत तीन वर्षों और चालू वर्ष के दौरान उक्त कार्यक्रम के तहत आंबटित तथा उपयोग की गई धनराशि का राज्य-वार तथा वर्ष-वार ब्यौरा क्या है;

(घ) शेष राशि कब तक जारी किए जाने की संभावना है;

(ङ) क्या केन्द्र सरकार को कर्नाटक में सिंचाई परियोजनाओं को पूरा करने के लिए ए.आई.बी.पी. योजना के तहत वित्तीय सहायता की मांग करने संबंधी कोई प्रस्ताव प्राप्त हुआ है;

(च) यदि हां, तो परियोजना-वार तथा जिला-वार जारी की गई धनराशि का ब्यौरा क्या है;

(छ) इन परियोजनाओं का वित्तपोषण करने के लिए सरकार के मानदंडों/दिशानिर्देशों का ब्यौरा क्या है; और

(ज) इन परियोजनाओं को पूरा करने के लिए सरकार द्वारा क्या प्रभावी उपाय किये जा रहे हैं?

जल संसाधन मंत्री (श्री हरीश रावत): (क) त्वरित सिंचाई लाभ कार्यक्रम (ए.आई.बी.पी.) के अंतर्गत, 293 वृहत/मध्यम परियोजनाओं/परियोजना घटकों को केन्द्रीय सहायता दी गई है जिसमें 138 परियोजनाओं के पूरा हो जाने की सूचना दी गई है। इसके अतिरिक्त, 14197 सतही लघु सिंचाई स्कीमों को भी ए.आई.बी.पी. के अंतर्गत केन्द्रीय सहायता दी गई है जिसमें से 10495 स्कीमें पूरी हो चुकी हैं।

(ख) एआईबीपी के अंतर्गत शामिल बृहत/मध्यम सिंचाई परियोजनाओं से सृजित की जाने वाली लक्षित सिंचाई क्षमता 19372.515 हजार हेक्टेयर और सतही लघु सिंचाई स्कीमों से 1998 हेक्टेयर है।

(ग) और (घ) पिछले तीन वर्षों और वर्तमान वर्ष में वृहत, मध्यम परियोजनाओं के लिए एआईबीपी के अंतर्गत राज्यों को जारी केन्द्रीय सहायता का ब्यौरा संलग्न विवरण-I में दिया गया है। प्रस्ताव प्राप्त होने पर, परियोजनाओं को पात्रता मानदंड पूरा करने पर केन्द्रीय सहायता जारी की जाती है जिसमें परियोजना को पहले जारी केन्द्रीय सहायता का उपयोग शामिल है।

(ङ) जी, हां।

(च) कर्नाटक राज्य की एआईबीपी के अंतर्गत बृहत, मध्यम परियोजनाओं को 31.03.2012 तक जारी केन्द्रीय सहायता का राज्यवार ब्यौरा तथा लाभान्वित जिलों का ब्यौरा संलग्न विवरण-II में दिया गया है। 31.03.2012 तक सतही लघु सिंचाई परियोजनाओं के लिए कुल 142.3128 करोड़ रुपए जारी किए गए हैं। बृहत, मध्यम सिंचाई परियोजनाओं को 2012-13 में कोई केन्द्रीय सहायता जारी नहीं की गई है तथापि, सतही लघु सिंचाई परियोजनाओं के लिए 2012-13 में 113.000 करोड़ जारी किए जा चुके हैं।

(छ) भारत सरकार राज्यों के अनुरोध पर उन निर्माणाधीन परियोजनाओं जो पूरी होने वाली होती हैं और एआईबीपी, 2006 के संशोधित दिशानिर्देशों में विहित मानदंडों को पूरा करती हैं, के लिए केन्द्रीय सहायता देती है। संशोधित दिशानिर्देशों के प्रमुख मानदंड संलग्न विवरण-III में दिए गए हैं।

(ज) एआईबीपी के अंतर्गत वित्तपोषित परियोजनाओं की सीडब्ल्यूसी नियमित रूप से निगरानी करता है जिसमें विभिन्न घटकों की उनके समय पर पूरा होने की लिए समीक्षा की जाती है। परियोजनाओं को समय पर पूरा करने की अनिवार्यता पर जोर देने के लिए जल संसाधन मंत्रालय राज्य सरकार के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठकें करता है।

विवरण-I

पिछले तीन वर्षों और वर्तमान वर्ष के दौरान वृहत, मध्यम सिंचाई परियोजनाओं के लिए एआईबीपी के अंतर्गत राज्यों को जारी केन्द्रीय सहायता का ब्यौरा

क्र.सं.	राज्य/परियोजना का नाम	जारी अनुदान (करोड़ रुपये में)			
		2009-10	2010-11	2011-12	2012-13
1	2	3	4	5	6
1.	आंध्र प्रदेश	1300.728	22.792	256.131	0.000
2.	असम	12.004	49.500	46.965	0.000

1	2	3	4	5	6
3.	बिहार	77.913	23.400	0.000	0.000
4.	छत्तीसगढ़	44.847	43.012	22.252	0.000
5.	गोवा	20.250	20.000	20.250	0.000
6.	गुजरात	6.080	361.420	0.000	0.000
7.	हरियाणा	0.000	0.000	0.000	0.000
8.	हिमाचल प्रदेश	52.860	11.121	82.590	0.000
9.	जम्मू और कश्मीर	13.674	38.297	61.650	0.000
10.	झारखंड	0.000	11.240	335.540	0.000
11.	कर्नाटक	773.471	533.121	452.236	0.000
12.	केरल	3.812	10.017	0.000	0.000
13.	मध्य प्रदेश	585.373	456.189	262.177	0.000
14.	महाराष्ट्र	1395.386	1812.912	1122.682	0.000
15.	मणिपुर	0.000	209.497	0.000	0.000
16.	मेघालय	0.000	0.000	0.000	0.000
17.	ओडिशा	826.243	563.827	614.947	0.000
18.	पंजाब	22.050	140.476	43.630	0.000
19.	राजस्थान	143.407	41.920	3.375	0.000
20.	त्रिपुरा	4.860	48.000	0.000	0.000
21.	तमिलनाडु	0.000	0.000	0.000	0.000
22.	उत्तर प्रदेश	238.081	432.738	279.844	0.000
23.	उत्तराखंड	0.000	0.000	0.000	0.000
24.	पश्चिम बंगाल	0.914	81.000	102.546	0.000

विवरण-II

कर्नाटक में एआईबीपी के अन्तर्गत बृहत, मध्यम सिंचाई परियोजनाओं के लिए जारी केन्द्रीय ऋण सहायता/अनुदान और लाभान्वित जिले

(करोड़ रुपये में)

क्र.सं.	राज्य/परियोजना का नाम	लाभान्वित जिले	जारी संचयी केन्द्रीय ऋण सहायता/अनुदान (31.03.2012 तक कुल)
	कर्नाटक		0.000
1.	ऊपरी कृष्णा चरण-I	गुलबर्गा एवं बीजापुर	1380.663
2.	मलप्रभा	बेलगाम एवं गडग	359.545
3.	हीरेहल्ला	कोप्पल	64.240
4.	घटप्रभा चरण-III	बेलगाम	447.283
5.	करंजा	बीदर	189.030
6.	ऊपरी कृष्णा चरण-II	गुलबर्गा एवं रायचुर	1517.309
7.	गंडोरी नाला	गुलबर्गा	113.911
8.	मसकी नाला	रायचुर	3.220
9.	वोटहोल	हासन	0.290
10.	वराही	उडुपी	68.535
11.	दुधगंगा	बेलगाम	7.507
12.	भद्र जलाशय नहर प्रणाली की नहर प्रणाली का आधुनिकीकरण (ईआरएम)	चिकमंगलुर, शिमोगा, देवेनगिरी	193.575
13.	हिप्पारगी लिफ्ट सिंचाई स्कीम	बेलगाम, बगलकोट	640.370
14.	भीमसमुद्र टैंक का पुनरुद्धार	गुलबर्गा	3.483
15.	भीमा लिफ्ट सिंचाई स्कीम	गुलबर्गा	156.600
16.	गुड्डा मलपुरा लिफ्ट	हवेरी	57.243

विवरण-III

दिसम्बर, 2006 से प्रभावी त्वरित सिंचाई लाभ कार्यक्रम के संशोधित दिशानिर्देशों के मुख्य मानक

1. इस कार्यक्रम में वृहद, मध्यम और विस्तार, नवीकरण एवं आधुनिकीकरण (ईआरएम) सिंचाई परियोजनाओं (क) जिन्हें योजना आयोग की निवेश स्वीकृति प्राप्त है; (ख) जो निर्माण की अंतिम अवस्था में हैं और जो अगले चार वित्तीय वर्ष में पूरी की जा सकती हों; (ग) जो किसी प्रकार की वित्तीय सहायता न पा रही हों, को शामिल करने पर विचार किया जा सकता है। इस कार्यक्रम में परियोजना के उन घटकों, जो किसी भी प्रकार की वित्तीय सहायता नहीं प्राप्त कर रहे हैं, को भी शामिल करने पर विचार किया जा सकता है। ईआरएम परियोजना के चयन के लिए मौजूदा दिशानिर्देशों के अनुसार पात्रता मानदंड जारी रहेंगे। इस कार्यक्रम में लाभ पहुंचाने वाली परियोजनाओं—(क) सूखा प्रवण क्षेत्रों; (ख) आदिवासी क्षेत्रों; (ग) राष्ट्रीय औसत की तुलना में कम सिंचाई विकास वाले राज्य; और (घ) कृषि संबंधी आपदा वाले जिलों के लिए प्रधानमंत्री पैकेज के लिए तहत पहचान किए गए जिलों को छोड़ करके एक दर एक आधार पर एआईबीपी के तहत निर्माणाधीन परियोजना के पूरा होने पर ही नई परियोजना को शामिल किया जा सकता है।

2. पूर्वोत्तर राज्यों, पर्वतीय राज्यों (हिमाचल प्रदेश, सिक्किम, जम्मू एवं कश्मीर तथा उत्तरांचल) तथा उड़ीसा के सूखा प्रवण केबीके जिले की सतही लघु सिंचाई (एमआई) स्कीमें (नई तथा निर्माणाधीन दोनों) जो राज्य टीएसी/योजना विभाग द्वारा अनुमोदित की गई है; इस कार्यक्रम के तहत सहायता के लिए पात्र होंगी बशर्ते कि (i) प्रत्येक स्कीमें कम से कम 20 हेक्टेयर की सिंचाई क्षमता को लाभान्वित कर रही हों तथा स्कीमों के समूह (5 कि. मी. के दायरे के भीतर) जिससे कम से कम 50 हेक्टेयर की कुल चरम सिंचाई क्षमता की जाती हो, (ii) प्रस्तावित लघु सिंचाई स्कीमों का लाभ-लागत अनुपात 1 से अधिक हो और (iii) इन स्कीमों की प्रति हेक्टेयर विकास लागत 1.00 लाख से कम हो।*

गैर विशेष श्रेणी राज्यों** के लिए, केवल वे लघु सिंचाई स्कीमें जिनकी क्षमता 50 हेक्टेयर से अधिक हो जो आदिवासी क्षेत्रों तथा सूखा प्रवण क्षेत्रों को लाभ पहुंचाती हों उन्हें एआईबीपी के तहत शामिल किया जा सकता है। योजना आयोग के परामर्श से स्कीमों को शुरू करना तय किया जाएगा।

3. दिसम्बर, 2005 के एआईबीपी दिशानिर्देशों के अनुसार, ईआरएम परियोजनाओं को शामिल करने के दिशानिर्देश इस प्रकार हैं:

ईआरएम परियोजनाओं को निम्नलिखित शर्तों के अधीन शामिल किया जा सकता है:

I. उन राज्यों में अनुमति दी जा सकती है जहां कोई वृहद अथवा मध्यम परियोजना एआईपीबी के तहत शामिल नहीं की जानी है और इस तरह एआईबीपी सहायता प्राप्त नहीं कर रहे हैं।

II. अनुमति दी जा सकती है—

(i) उन राज्यों में जो जल क्षेत्र सुधार अर्थात् पांच वर्षों में कुल संगठन एवं प्रबंधन लागत पूरी करने के लिए जल दरों को बढ़ाने के लिए सहमत हैं अथवा

(ii) उन राज्यों में जिन्होंने सहभागिता सिंचाई प्रबंधन विधान अधिनियमित कर लिया है अथवा

(iii) उन ईआरएम परियोजनाओं के लिए जिनमें जल बचत के साथ केवल खोई हुई क्षमता की पुनर्प्राप्ति ही नहीं बल्कि नई क्षमता सृजन की भी परिकल्पना है।

यह सुनिश्चित करने के लिए कि निधि केवल ईआरएम परियोजनाओं के लिए नहीं दी जाती है, ईआरएम के लिए एआईबीपी के अन्तर्गत कुल वार्षिक आवंटन के 10% से ज्यादा निधि जारी नहीं की जाएगी तथा 90% निधि वृहद एवं मध्यम परियोजनाओं को पूरा करने के लिए होगी।

4. केन्द्रीय सहायता केन्द्रीय अनुदान के रूप में होगी जोकि विशेष श्रेणी राज्यों के मामले में परियोजना लागत का 90% होगी, इन परियोजनाओं से सूखा प्रवण क्षेत्रों, आदिवासी क्षेत्र तथा बाढ़ प्रवण क्षेत्र को लाभ पहुंचेगा तथा गैर विशेष श्रेणी राज्यों के मामले में परियोजना लागत का 25% होगी। राज्यों के हिस्से के रूप में परियोजना की शेष लागत की व्यवस्था राज्य सरकार को अपने संसाधनों से करनी होगी।

*अक्टूबर, 2007 से निधियन की पात्रता बढ़ाकर 1.50 लाख रुपए कर दी गई है।

**विशेष श्रेणी राज्यों में पूर्वोत्तर राज्य, सिक्किम, हिमाचल प्रदेश, जम्मू कश्मीर एवं उत्तराखंड राज्य शामिल हैं।

उड़ीसा के अविभाजित कोरापुट, बोलंगीर और कालाहांडी (केबीके) जिलों को परियोजनाओं को भी विशेष श्रेणी राज्यों के समान माना जाएगा। विशेष श्रेणी में गैर शामिल अन्य सभी राज्य गैर विशेष श्रेणी राज्य होंगे।

[अनुवाद]

सी.सी.आई. और एचपीएफ का पुनरुद्धार

85. श्री ए. गणेशमूर्तिः क्या **भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार का विचार भारतीय सीमेंट निगम (सीसीआई) और हिंदुस्तान फोटो फिल्म्स (एचपीएफ) जैसे कतिपय उद्योगों के पुनरुद्धार करने का है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा सहित इस संबंध में प्रस्तावित विकास कार्य योजना का क्या प्रस्ताव है;

(ग) क्या सरकार का इन सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनियों को बढ़ावा देने के लिए पुरानी पूंजीगत मालों के आयात पर प्रतिबंध लगाने का विचार है;

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ङ) क्या सरकार को यह जानकारी है कि प्रयोक्ता उद्योगों ने पुराने पूंजीगत माल के आयात पर रोक लगाए जाने का विरोध किया है; और

(च) यदि हां, तो इस पर सरकार की क्या प्रतिक्रिया है?

भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्री (श्री प्रफुल पटेल): (क) जी, हां।

(ख) सरकार और औद्योगिक एवं वित्तीय पुनर्गठन बोर्ड (बीआईएफआर) द्वारा सीमेंट कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (सीसीआई) के पुनरुद्धार को पहले ही वर्ष 2006 में अनुमोदित किया जा चुका है और यह 2006-07 से लाभ अर्जित कर रही है। जहां तक हिन्दुस्तान फोटो फिल्म्स (एचपीएफ) का संबंध है, पुनरुद्धार योजना पर विचार किया जा रहा है परन्तु अभी तक कार्य योजना को अंतिम रूप नहीं दिया गया है।

(ग) चूंकि सीसीआई और एचपीएफ केपिटल गुड्स विनिर्माण संबंधी कार्यकलापों में नहीं लगे हुए हैं इसलिए सार्वजनिक क्षेत्र के इन उपक्रमों को बढ़ावा देने के लिए पुराने केपिटल गुड्स के आयात पर प्रतिबंध लगाने का प्रश्न ही नहीं उठता।

(घ) प्रश्न नहीं उठता।

(ङ) जी, हां।

(च) सरकार घरेलू केपिटल गुड्स उद्योग को पुरानी केपिटल गुड्स के बुरे प्रभाव से बचाने के लिए संबंधित विभाग (विभागों) उद्योग एसोसिएशनों, राष्ट्रीय विनिर्माण प्रतिस्पर्धात्मकता परिषद (एनएमसीसी) तथा औद्योगिक नीति और संवर्धन विभाग (डीआईपीपी) के परामर्श से सर्वसम्मति बनाने का प्रयास कर रही है।

[हिन्दी]

अल्पसंख्यक बहुल जिलों में विकास कार्य

86. श्री रामकिशुनः क्या **अल्पसंख्यक कार्य मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) देश में उन जिलों की संख्या कितनी है जहां अल्पसंख्यकों की जनसंख्या कुल जनसंख्या का 50 या 40 या 45 या 30 या 35 प्रतिशत आदि है;

(ख) इन जिलों में अल्पसंख्यकों के लिए चलाए जा रहे विकास कार्यों का ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या केन्द्र सरकार अल्पसंख्यक बहुल जिलों में पुरातत्व महत्व के स्थलों के साथ-साथ इतिहास और संस्कृति के संरक्षण के लिए कोई कार्य कर रही है;

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ङ) क्या आजकल अल्पसंख्यकों को शिक्षा सर्वोपरि कार्यक्रम है; और

(च) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है तथा केन्द्र सरकार इस संबंध में क्या कदम उठा रही है?

अल्पसंख्यक कार्य मंत्री (श्री के. रहमान खान): (क) 2001 की जनगणना के अनुसार, देश में 151 ऐसे जिले हैं, जहां अल्पसंख्यकों की आबादी 25 प्रतिशत और उससे ऊपर है। फिर भी, अल्पसंख्यक बहुल 90 जिले हैं, जहां बहु-क्षेत्रीय विकास कार्यक्रम कार्यान्वित किया जा रहा है। इन अल्पसंख्यक बहुल जिलों की पहचान अल्पसंख्यक बहुल आबादी एवं पिछड़ेपन पैरामीटरों के आधार पर की गयी है।

(ख) अल्पसंख्यक बहुल 90 जिलों में बहु-क्षेत्रीय विकास कार्यक्रम के अंतर्गत किए जाने वाले विकासपरक कार्य शिक्षा, स्वास्थ्य, साफ-सफाई, पक्का-मकान, पेयजल, बेहतर बुनियादी सुविधा से संबंधित होंगे, ये आय सृजक अवसरों के सृजन, सड़कों को जोड़ने, एकीकृत बाल विकास सेवा केंद्रों, कौशल विकास और

विपणन सुविधाओं के लिए लाभार्थी उन्मुख योजनाओं के अतिरिक्त होंगे। 11वीं पंचवर्षीय योजना के दौरान, 3733.90 करोड़ रु. की जिला योजनाओं एवं चालू वर्ष में (2012-13 अब तक) 658.12 करोड़ रु. की जिला योजनाओं को अनुमोदित किया गया है। 11वीं पंचवर्षीय योजना एवं 2012-13 के अंतर्गत संस्वीकृत यूनिटों के परियोजना-वार ब्यौरे विवरण के रूप में संलग्न है।

(ग) और (घ) भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण द्वारा देश में राष्ट्रीय महत्त्व वाले ऐतिहासिक स्मारकों के बचाव एवं संरक्षण के लिए ध्यान दिया जाता है, जिसमें अल्पसंख्यक बहुल जिले भी शामिल हैं। इन स्मारकों के संरक्षण कार्य को नियमित रूप से किए जाता है और ये परिरक्षण की अच्छी स्थिति में हैं।

(ङ) जी, हां।

(च) 11वीं पंचवर्षीय योजना के दौरान इस मंत्रालय की चार योजनाओं के अंतर्गत, अल्पसंख्यकों को छात्रवृत्तियां/अध्येतावृत्तियां दी गई हैं। मैट्रिक-पूर्व छात्रवृत्ति योजना के अंतर्गत, 1,21,91,861 छात्रवृत्तियां, मैट्रिकोत्तर छात्रवृत्ति योजना के अंतर्गत 17,87,122 छात्रवृत्तियां, मेरिट-सह-साधन आधारित छात्रवृत्ति योजना के अंतर्गत कुल 1,62,967 छात्रवृत्तियां तथा मौलाना आजाद राष्ट्रीय अध्येतावृत्ति के अंतर्गत कुल 4534 अध्येतावृत्तियां संस्वीकृत की गई हैं।

इसके अलावा, मौलाना आजाद शिक्षा प्रतिष्ठान (एमएईएफ) मेधावी बालिकाओं के लिए छात्रवृत्ति योजना चला रहा है तथा अल्पसंख्यकों की शिक्षा के लिए कार्यरत संस्थानों को अनुदान भी दे रहा है। बहु-क्षेत्रीय विकास कार्यक्रम के अंतर्गत शैक्षिक संस्थानों के लिए अवसंरचनात्मक सहायता के रूप में अतिरिक्त कक्षा-कक्ष, स्कूल-भवन, छात्रावास, शिक्षण उपकरण, प्रयोगशालाएं भी उपलब्ध कराता है।

विवरण

(क) 11वीं पंचवर्षीय योजना के दौरान वास्तविक उपलब्धियां

क्र.सं.	परियोजनाओं के नाम	अनुमोदित यूनिट
1.	इंदिरा आवास योजना का निर्माण	3301556
2.	स्वास्थ्य केंद्र	2624
3.	आंगनवाड़ी केंद्र	27797
4.	स्कूल भवनों का निर्माण	696
5.	स्कूलों/मदरसों में अतिरिक्त कक्षा-कक्ष	13825
6.	बालक एवं बालिकाओं के लिए छात्रावास	332
7.	आईटीआई	71
8.	पोलीटेक्नीक	31
9.	पेयजल आपूर्ति कार्य	34553
10.	सोलर लालटेन	30314
11.	शिक्षण सहायता	81
12.	प्रयोगशाला उपकरण	144
13.	उच्चतर स्कूलों में पेयजल एवं शौचालय	817
14.	सड़क एवं संचार	1
15.	शिक्षा एवं प्रशिक्षण के जिला संस्थान	1
16.	समेकित वाटर-शेड विकास परियोजना	1

(ख) 2012-13 से 31.10.2012 तक के दौरान वास्तविक उपलब्धियां

क्र.सं.	परियोजनाओं के नाम	अनुमोदित यूनिट
1.	इंदिरा आवास योजना का निर्माण	3870
2.	स्वास्थ्य केंद्र	82
3.	आंगनवाड़ी केंद्र	1037
4.	स्कूल भवनों का निर्माण	17
5.	स्कूलों/मदरसों में अतिरिक्त कक्षा-कक्ष	543
6.	बालक एवं बालिकाओं के लिए छात्रावास	69
7.	आईटीआई	24
8.	पोलीटेक्नीक	10
9.	पेयजल आपूर्ति कार्य	13218
10.	शिक्षण सहायता	272
11.	प्रयोगशाला उपकरण	14
12.	उच्चतर स्कूलों में पेयजल एवं शौचालय	30
13.	कम्प्यूटर साथ समान	1758
14.	पुस्तकालय भवन	2
15.	सड़क एवं संचार	4

[अनुवाद]

तीव्र/सुरक्षित रेल यात्रा हेतु रणनीति

87. **श्री किसनभाई वी. पटेल:**
श्री प्रदीप माझी:

क्या **रेल मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या रेलवे का विचार देश में तीव्र और सुरक्षित रेल यात्रा प्रदान करने के लिए एक बहु-आयामी रणनीति अपनाने का है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है तथा इसकी प्रमुख विशेषताएं क्या हैं;

(ग) इस उद्देश्य हेतु मार्गों तथा रेलगाड़ियों के चयन के लिए अपनाए गए मापदंडों तथा इसके लिए चिह्नित मार्गों/रेलगाड़ियों का ब्यौरा क्या है;

(घ) इस प्रयोजनार्थ हेतु विकासार्थ प्रस्तावित अवसंरचना का ब्यौरा क्या है; और

(ङ) देश में उक्त रणनीति के कार्यान्वयन के लिए क्या समय-सीमा तय की गई है?

रेल मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अधीर चौधरी): (क) से (ङ) रेल मंत्रालय का तीव्रतर गाड़ी तथा सुरक्षित यात्रा को सुनिश्चित करने का प्रयास रहता है तथा इस दिशा में समर्थ अवसंरचना की व्यवस्था सहित रेल पथों तथा रोलिंग स्टॉक का

अपग्रेडेशन, सिगनलिंग प्रणाली में सुधार, लोको पायलटों की ट्रेनिंग तथा उन पर निगरानी, आधुनिक टेक्नोलॉजी को शामिल करने जैसे आवश्यक उपाय किए जा रहे हैं।

पी.यू.आर.ए. का कार्यान्वयन

88. **श्री प्रदीप माझी:**
श्री किसनभाई वी. पटेल:

क्या **ग्रामीण विकास मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) बारहवीं पंचवर्षीय योजना के दौरान ग्रामीण क्षेत्रों में शहरी सुविधाओं का प्रावधान (पी.यू.आर.ए.) के कार्यान्वयन हेतु सरकार द्वारा बनाए गए प्रावधान का ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या बारहवीं पंचवर्षीय योजना के दौरान पी.यू.आर.ए. के कार्यान्वयन के लिए आबंटन को योजना आयोग द्वारा अंतिम रूप दे दिया गया है;

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(घ) विभिन्न राज्यों में पी.यू.आर.ए. 1.0 तथा 2.0 के तहत अवसंरचना के विकास के लिए अब तक आबंटित व उपयोग की गई धनराशि का राज्य-वार ब्यौरा क्या है?

ग्रामीण विकास मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री प्रदीप जैन): (क) सरकार ने ग्रामीण क्षेत्रों में शहरी सुविधाओं का प्रावधान (पुरा) योजना को 12वीं पंचवर्षीय योजना में और अधिक क्षेत्रों में लागू करने का प्रावधान किया है।

(ख) और (ग) 12वीं योजना अवधि के दौरान पुरा के लिए आबंटन को योजना आयोग ने अंतिम रूप नहीं दिया है।

(घ) पुरा योजना प्रायोगिक चरण में है। पुनर्गठित पुरा की प्रायोगिक परियोजनाओं के लिए आबंटन निम्नानुसार है:

(करोड़ रुपये में)

वर्ष	आबंटन
2009-10	30.00
2010-11	74.00
2011-12	90.00
2012-13	150.00

राज्य-वार रिलीजें संलग्न विवरण में दी गई है।

विवरण

ग्रामीण क्षेत्रों में शहरी सुविधाओं का प्रावधान (पुरा)

*16.11.2012 तक स्थिति के अनुसार निधियों की रिलीज की स्थिति**

(लाख रुपये में)

क्र.सं.	राज्य	डीआरडीए का नाम	2010-11	2011-12	कुल
1.	राजस्थान	जयपुर	1071	1456	2527
		राजसमंद	912	1240	2152
2.	उत्तराखंड	देहरादून	509	692	1201
3.	केरल	त्रिसूर	848	1153	2001
		मलप्पुरम	1004	1365	2369
4.	पुदुचेरी	कराईकाल	624	848	1472
5.	आंध्र प्रदेश	कृष्णा	598	813	1411
		वारंगल	1054	1433	2487
	कुल		6620	9000	15620

*संबंधित डीआरडीए को रिलीज की गई निधियां

पेयजल योजनाओं के तहत धनराशि का दुरुपयोग

89. श्री भक्त चरण दासः क्या **पेयजल और स्वच्छता मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार को देश में नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में पेयजल उपलब्ध कराने के लिए आबंटित धनराशि के दुरुपयोग के संबंध में ओडिशा सहित विभिन्न राज्यों से कोई शिकायत प्राप्त हुई है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी राज्य-वार ब्यौरा क्या है; और

(ग) सरकार ने इस बारे में क्या कार्रवाई की है?

पेयजल और स्वच्छता मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री भरतसिंह सोलंकी): (क) जी, नहीं।

(ख) और (ग) उपरोक्त को ध्यान में रखते हुए प्रश्न नहीं उठता।

[हिन्दी]

ई.सी.आर हाजीपुर के तहत रेल लाइन

90. श्री महाबली सिंहः क्या **रेल मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) पूर्व-मध्य रेलवे (ई.सी.आर.), हाजीपुर के तहत रेल लाइनों की आमान-वार कुल लंबाई कितनी है;

(ख) ई.सी.आर. के तहत विगत तीन वर्षों और चालू वर्ष के दौरान वर्ष-वार पूरे किए गए आमान-परिवर्तन की कुल लंबाई कितनी है;

(ग) ई.सी.आर. के तहत चालू आमान परिवर्तन कार्यों का ब्यौरा तथा वर्तमान स्थिति क्या है; और

(घ) इन परियोजनाओं को पूरा करने के लिए क्या समय-सीमा नियत की गई है?

रेल मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अधीर चौधरी): (क) पूर्व मध्य रेलवे पर रेलवे लाइनों की लंबाई, मार्ग किलोमीटर के रूप में बड़ी लाइन और मीटर लाइन क्रमशः 3,217.91 और 438.31 है। पूर्व मध्य रेलवे पर छोटी लाइन नहीं है।

(ख) पिछले तीन वर्षों अर्थात् 2009-10 से 2011-12 के दौरान पूर्व मध्य रेलवे पर 110 किलोमीटर लाइन बड़ी लाइन में तब्दील हो गई है।

(ग) पूर्व मध्य रेलवे पर चालू आमान परिवर्तन परियोजनाओं का ब्यौरा नीचे दिए अनुसार हैः

क्र.सं.	परियोजना का नाम	लंबाई किलोमीटर में	नवीनतम प्रत्याशित लागत	मार्च, 12 तक किया गया व्यय	वर्तमान स्थिति/लक्ष्य जहां भी निर्धारित है।
1	2	3	4	5	6
1.	बीजलपुरा-बरडीबास (नेपाल) (69.08 किमी) सहित जयनगर-बीजलपुरा	69	470	0.32	कार्य निष्पादन के लिए इरकॉन को हस्तांतरित कर दिया गया।
2.	जयनगर-दरभंगा-नरकटियागंज (268 किमी)	268	1,043.56	627.55	जयनगर-दरभंगा-सीतामढ़ी-बरगानिया (164 किमी) चालू हो गया है। बैरगानिया-चौरादानो (30.4 किमी) तथा चौरादानो-रक्सौल भाग (5 किमी) 2011-12 में पूरा हो गया। चौरादानो-रक्सौल (भाग) (18.6 किमी) का लक्ष्य 2012-13 है।
3.	सहरसा-दौराम मधेपुरा-पुनिया (143 किमी) सहित मनसी-सहरसा	143	477.89	377.74	मनसी-सहरसा-दौराम मधेपुरा (64 किमी) चालू हो गया है। मधेपुरा-मुरलीगंज (22 किमी.) तथा मुरलीगंज-बनमंखी (3

1	2	3	4	5	6
					किमी) 2011-12 में पूरा हो गया। मुरलीगंज-बनमंखी (भाग)(15 किमी) तथा बनमंखी पूर्णिया (32 किमी) का लक्ष्य 2012-13 है।
4.	सकरी-लौकाहा बाजार-निर्मली तथा सहरसा-फोरबिसगंज (206.06 किमी)	206.06	355.81	196.39	मिट्टी संबंधी कार्य और पुलों का कार्य प्रगति में है। सहरसा-सरायगढ़ (52 किमी) का लक्ष्य 2012-13 है।

(घ) सभी परियोजनाओं को पूरा करने की कोई समय-सीमा निर्धारित नहीं की गई है। लक्ष्य प्रतिवर्ष निर्धारित किया जाता है जो संसाधनों की उपलब्धता और परियोजना विशेष की प्रगति पर निर्भर करता है।

[अनुवाद]

कांताबांजी में अनुप्रयुक्त भूमि

91. श्री कालीकेश नारायण सिंह देव: क्या **रेल मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या रेलवे को ओडिशा के बोलंगीर जिले में कांताबांजी में रेलवे की 700 एकड़ बेकार पड़ी भूमि की जानकारी है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या रेलवे का कांताबांजी में रेल फैक्टरी बनाने का विचार है;

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं; और

(ङ) उक्त भूमि को उपयोग में लाने के लिए रेलवे ने क्या अन्य कदम उठाए हैं/उठा रही है?

रेल मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अधीर चौधरी): (क) से (ङ) जी नहीं। कांताबांजी में रेलवे के पास कुल 540.56 एकड़ भूमि है। इसमें से लगभग 76.74 एकड़ भूमि खाली है और उन्हें विभिन्न कार्यों जैसे, गिट्टी/सामग्री का भंडारण और आपातकाल आदि में सड़क यातायात चालन के लिए उपयोग किया जा रहा है। इस समय कांताबांजी में कोई रेल फैक्टरी स्वीकृत नहीं है।

शौचालयों का निर्माण

92. श्री अजय कुमार: क्या **पेयजल और स्वच्छता मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या पूर्वी सिंहभूम, जमशेदपुर क्षेत्र में शौचालयों का निर्माण करने के लिए कोई परियोजना शुरू की गई है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) उक्त क्षेत्र में शुरू की गई परियोजनाओं की सूची तथा उनकी वर्तमान स्थिति क्या है?

पेयजल और स्वच्छता मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री भरतसिंह सोलंकी): (क) जी हां।

(ख) और (ग) पूर्वी सिंहभूम, जमशेदपुर में निर्मल भारत अभियान परियोजना स्वीकृत कर दी गई है और इस परियोजना के उद्देश्य एवं अनुमोदित लागत और कुल वास्तविक और वित्तीय उपलब्धियों की मौजूदा स्थिति इस प्रकार है:

(i) कुल वास्तविक उपलब्धि

घटक	परियोजना का उद्देश्य	परियोजना का निष्पादन	उपलब्धि का प्रतिशत
1	2	3	4
आईएचएचएल*बीपीएल	97196	126967	130.63
आईएचएचएल*एपीएल	119789	19810	16.54

1	2	3	4
आईएचएचएल*कुल	216985	146777	67.64
स्कूलों में शौचालय	2248	2202	97.95
स्वच्छता परिसर	52	3	5.77
आंगनवाड़ियों में शौचालय	337	337	100.00

*आईएचएचएल : वैयक्तिम पारिवारिक शौचालय

(ii) कुल वित्तीय उपलब्धि

(लाख रुपये में)

अंश	परियोजना की अनुमोदित लागत	रिलीज की गई राशि	उपयोग में लाई गई राशि
भारत सरकार	1746.17	1553.26	961.63
राज्य सरकार	582.12	546.29	364.91
लाभार्थी	290.1	198.87	189.91
कुल	2618.39	2298.42	1516.45

[हिन्दी]

औषध विनिर्माण उद्योग में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश

93. **श्री अनंत कुमार हेगड़े:**
श्री राजीव रंजन सिंह *उर्फ* **ललन सिंह:**

क्या **रसायन और उर्वरक मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या देश में विगत औषध विनिर्माण उद्योग में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश को बढ़ावा देने तथा इसकी अनुमति देने संबंधी प्रस्ताव कई महीनों से विचाराधीन है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या प्रधानमंत्री ने इस समस्या का समाधान करने के लिए हाल में इस मामले में हस्तक्षेप करके पहल की है; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है तथा अंतिम निर्णय लिए जाने में विलंब होने के क्या कारण हैं?

सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय के राज्य मंत्री तथा रसायन और उर्वरक मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री श्रीकांत जेना): (क) से (घ) संबंधित मुद्दों की अपेक्षाकृत व्यापक परिप्रेक्ष्य में जांच करने के उद्देश्य से योजना आयोग ने सभी संगत पहलुओं पर विचार करने के लिए माननीय प्रधानमंत्री के अनुमोदन से योजना आयोग के सदस्य (उद्योग) श्री अरूण मेयरा की अध्यक्षता में एक उच्चस्तरीय समिति (एचएलसी) गठित की है।

माननीय प्रधानमंत्री ने औषधीय तथा भेषजीय क्षेत्र में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश नीति पर चर्चा करने के लिए दिनांक 10.10.2011 को आयोजित बैठक की अध्यक्षता की। इस बैठक में श्री अरूण मेयरा, सदस्य (उद्योग), योजना आयोग द्वारा प्रस्तुत रिपोर्ट पर विचार-विमर्श किया गया और उसके बाद मंत्रिमंडल की आर्थिक मामलों की समिति (सीसीईए) ने यह निर्णय लिया कि बृहत जन स्वास्थ्य मामलों और स्वदेशी निर्माण क्षमताओं को मजबूत बनाने के बीच संतुलन कायम करते हुए औषध क्षेत्र में विलयन और अधिग्रहणों से संबंधित विदेशी प्रत्यक्ष निवेश नीति के मुद्दे पर अपेक्षाकृत अधिक स्पष्टता होनी चाहिए। बैठक में निम्नलिखित सुविचारित निर्णय लिए गए:

(i) भारत औषध क्षेत्र में ग्रीनफील्ड निवेशों के लिए ऑटोमैटिक रूट के अधीन बिना किसी सीमा के (100%) प्रत्यक्ष विदेशी निवेश की अनुमति देना

जारी रखेगा। इससे निमार्ण क्षमताएं बढ़ेंगी, प्रौद्योगिकी प्राप्त होगी और विकास होगा;

(ii) औषध क्षेत्र में ब्राउनफील्ड निवेशों के मामले में विदेशी प्रत्यक्ष निवेश की अनुमति 06 मास तक की अवधि के लिए एफआईपीबी अनुमोदित रूट के माध्यम से दी जाएगी। इस अवधि के दौरान विलयन और अधिग्रहणों पर कारगर निगरानी के लिए सीसीआई द्वारा आवश्यक समर्थकारी विनियम लागू किए जाएंगे ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि औषध क्षेत्र में जन स्वास्थ्य मामलों और विदेशी प्रत्यक्ष निवेश आकृष्ट करने के बीच संतुलन बना रहे। इसके बाद देश के प्रतिस्पर्द्धा कानून के अनुसार सीसीआई द्वारा पूर्णतः आवश्यक निगरानी रखी जाएगी। इसके पश्चात् सीसीआई द्वारा पूरी तरह से देश के प्रतिस्पर्द्धा कानूनों के अनुसार अपेक्षित निगरानी की जाएगी।

तत्पश्चात्, औद्योगिक नीति एवं संवर्धन विभाग ने मौजूदा विदेशी प्रत्यक्ष निवेश नीति में संशोधन करते हुए दिनांक 08.11.2011 का प्रेस नोट संख्या 3(2011 शृंखला) जारी किया जिसके द्वारा ऑटोमैटिक रूट के माध्यम से 100% विदेशी प्रत्यक्ष निवेश की अनुमति दी गई। औद्योगिक नीति एवं संवर्धन विभाग द्वारा दिनांक 08.11.2011 को जारी प्रेस नोट संख्या 3(2011 शृंखला) के अनुसार:

(i) भेषजीय क्षेत्र में ग्रीनफील्ड निवेशों के लिए ऑटोमैटिक रूट के अधीन 100% तक के विदेशी प्रत्यक्ष निवेश (एफडीआई) को अनुमति दी जाती रहेगी।

(ii) भेषजीय क्षेत्र में ब्राउनफील्ड निवेश (अर्थात् मौजूदा कंपनियों में निवेश) के लिए सरकार द्वारा अनुमोदित रूट के अधीन 100% तक के विदेशी प्रत्यक्ष निवेश (एफडीआई) को अनुमति दी जाएगी।

औद्योगिक नीति और संवर्धन विभाग, जो विदेशी प्रत्यक्ष निवेश का नोडल विभाग है, ने यह सूचित किया है कि सरकार द्वारा अनुमोदित रूट के अधीन औषधि क्षेत्र के अंतर्गत मौजूदा कंपनियों में 100% तक के विदेशी प्रत्यक्ष निवेश की अनुमति देने संबंधी नीति को दिनांक 8-11-2011 के प्रेस नोट संख्या 3/2011 के तहत लागू किया गया था। इस प्रावधान को अब 10.4.2012 से प्रभावी "2011 के परिपत्र 2—समेकित विदेशी प्रत्यक्ष निवेश नीति" के अंतर्गत शामिल कर लिया गया है।

[अनुवाद]

विद्युत पारेषण संपर्क परियोजना

94. श्री ताराचंद भगोरा: क्या **विद्युत मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकारी स्वामित्व वाली चीन की फर्म ने देश में विद्युत पारेषण संपर्क परियोजना हेतु कोई प्रारंभिक अध्ययन किया है और दूसरे कॉरीडोर के लिए प्रतिस्पर्धी बोली के माध्यम से पहले ही बोली लगाई है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) महत्त्वपूर्ण पारेषण क्षेत्र में विदेशी फार्मों की निर्बाध पहुंच के लिए वर्तमान नियम क्या हैं;

(घ) क्या सरकार ने इस संबंध में राष्ट्रीय हितों के लिए कोई पूर्वोधाम उपाय किये हैं; और

(ङ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है तथा यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

विद्युत मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री ज्योतिरादित्य माधवराव सिंधिया): (क) और (ख) जी, हां। चीन की राज स्वामित्व की स्टेट ग्रिड कॉर्पोरेशन ऑफ चाइना की सहायक कंपनी, मैसर्स स्टेट ग्रिड इंटरनेशनल डेवलपमेंट लिमिटेड ने "वेमागिरी क्षेत्र : पैकेज क" के आईपीपी से सम्बद्ध पारेषण प्रणाली" की स्थापना के लिए पारेषण सेवा उपलब्धकर्ता के रूप में विकासकर्ता के चयन के लिए पात्रता हेतु अनुमोदन (आरएफक्यू) के उत्तर में अपनी बोली प्रस्तुत की थी। विस्तृत मूल्यांकन के पश्चात् एसजीआईडीएल द्वारा प्रस्तुत आरएफक्यू का उत्तर पात्रता हेतु अनुरोध दस्तावेज के प्रावधानों का अनुपालन न करने वाला पाया गया और इसलिए, एसजीआईडीएल के उत्तर को अस्वीकृत कर दिया गया था और बोलीदाता को अपात्र घोषित कर दिया गया था।

(ग) से (ङ) पारेषण सेवा हेतु टैरिफ आधारित प्रतिस्पर्द्धा बोली के लिए सरकार के दिशा-निर्देशों में बिना किसी प्रतिबंध के पारेषण सेवा प्राप्ति के लिए अंतर्राष्ट्रीय प्रतिस्पर्द्धा बोली (आईसीबी) निर्धारित की गई है। विस्तार नीति के अनुसार, विद्युत क्षेत्र (परमाणु ऊर्जा के सिवाय) में स्वचालित मार्ग के अंतर्गत 100% तक के विदेशी प्रत्यक्ष निवेश (एफडीआई) की अनुमति दी गई है। इसमें विद्युत अधिनियम, 2003 के प्रावधानों के अधीन विद्युत के उत्पादन, पारेषण एवं वितरण के साथ-साथ विद्युत का व्यवसाय भी शामिल है।

[हिन्दी]

अल्पसंख्यकों के लिए आरक्षण

95. श्री प्रतापराव गणपतराव जाधव:
श्रीमती रमा देवी:

क्या **अल्पसंख्यक कार्य मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या न्यायालय ने अल्पसंख्यकों के लिए 4.5 प्रतिशत आरक्षण को गैर-कानूनी तथा असंवैधानिक माना है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) इस पर सरकार की क्या प्रतिक्रिया है और सरकार ने इस संबंध में क्या सुधारात्मक उपाय किए हैं?

अल्पसंख्यक कार्य मंत्री (श्री के. रहमान खान): (क) से (ग) आंध्र प्रदेश के माननीय उच्च न्यायालय ने दिनांक 28.05.2012 के अपने निर्णय में अन्य पिछड़े वर्गों (ओबीसी) के लिए 27% आरक्षण में से अल्पसंख्यकों के लिए निर्धारित 4.5% उप-कोटा को अपास्त कर दिया है। उपर्युक्त निर्णय के खिलाफ विशेष अनुमति याचिका दायर की गयी थी और भारत के माननीय उच्चतम न्यायालय ने अपने निर्णय में उच्च न्यायालय के निर्णय पर स्थगन प्रदान करने से मना कर दिया तथा अभियोजन हेतु आवेदन की अनुमति दी गयी। इसके अलावा, माननीय उच्चतम न्यायालय ने टिप्पणी की कि चूंकि इस प्रकार के मामले संविधान न्यायपीठ के समक्ष विचारार्थ लंबित थे, अत: अल्पसंख्यकों के लिए 4.5% से संबंधित मामले को उन मामलों के साथ मिला दिया जाना जाए। यह मामला इस समय न्यायाधीन है।

[अनुवाद]

कावेरी मुद्दा

96. श्री अब्दुल रहमान:
श्री रायापति सांबासिवा राव:
श्री सुरेश कुमार शेटकर:
श्री राजय्या सिरिसिल्ला:
श्री पोन्नम प्रभाकर:

क्या **जल संसाधन मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या कर्नाटक सरकार ने कावेरी नदी जल के बंटवारे संबंधी निर्णय के अनुसार तमिलनाडु सरकार को जल छोड़ा है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या कनार्टक सरकार इस संबंध में तमिलनाडु सरकार के अनुरोधों तथा माननीय उच्चतम न्यायालय तथा केन्द्र सरकार के निर्देशों की अवहेलना कर रही है;

(घ) यदि हां, तो केन्द्र सरकार ने अपनी संवैधानिक बाध्यताएं को पूरा करने के लिए क्या कदम उठाया है;

(ङ) क्या राज्यों के मध्य संकट का समाधान करने के लिए किसी दल ने कावेरी डेल्टा का दौरा किया था; और

(च) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और अब तक क्या रिपोर्ट तैयार की गई है?

जल संसाधन मंत्री (श्री हरीश रावत): (क) और (ख) कावेरी जल विवाद अधिकरण (सीडब्ल्यूडीटी) के दिनांक 25.06.1991 के अंतरिम आदेश के अनुसार कर्नाटक सरकार को प्रत्येक जल वर्ष (जून से मई) के लिए तमिलनाडु के मैत्तूर जलाशय में 2005 टीएमसी जल सुनिश्चित करने के लिए कर्नाटक में इसके जलाशयों से जल छोड़ना है। तमिलनाडु में मैत्तूर जलाशय में प्राप्त होने वाले जल की मात्रा अंतरिम पंचाट के अनुसार है या नहीं, यह जल वर्ष के अंत में निर्धारित किया जाएगा।

(ग) और (घ) कावेरी नदी प्राधिकरण (सीआरए) और भारत के उच्चतम न्यायालय के निर्देशों की अनुपालना की गई है।

(ङ) और (च) केन्द्रीय जल आयोग और कृषि मंत्रालय, भारत सरकार के अधिकारियों वाले केंद्रीय दल ने 4 से 8 अक्तूबर, 2012 तक कावेरी डेल्टा क्षेत्र का दौरा किया गया था। केन्द्रीय दल का अधिदेश कर्नाटक और तमिलनाडु में वर्तमान फसल के अंतर्गत बोए गए क्षेत्र और इस फसल के लिए 15 अक्तूबर के बाद जल की आवश्यकता का आकलन करना था। केन्द्रीय दल ने इन ब्यौरों के साथ अपनी रिपोर्ट 11.10.2012 को सचिव, जल संसाधन मंत्रालय, भारत सरकार को प्रस्तुत की थी।

[हिन्दी]

उर्वरकों के खुदरा मूल्यों का विनियंत्रण

97. श्री हरीशचन्द्र चव्हाण: क्या **रसायन और उर्वरक मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार का विचार देश में उर्वरकों के खुदरा मूल्यों को विनियंत्रित करने का है; और

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इसके क्या कारण हैं?

सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय के राज्य मंत्री तथा रसायन और उर्वरक मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री श्रीकांत जेना): (क) और (ख) नई मूल्य निर्धारण स्कीम (एनपीएस) के चरण-III के बाद विद्यमान यूरिया इकाइयों के लिए नीति का निर्माण भारत सरकार के विचाराधीन है। तथापि फास्फेटयुक्त तथा पोटाशयुक्त उर्वरकों के खुदरा मूल्य पहले ही नियंत्रणमुक्त हैं और 01.04.2010 से लागू पोषक तत्व आधारित राजसहायता (एन बी एस) नीति के अंतर्गत उर्वरक कंपनियों को इसे उपयुक्त स्तर पर नियत करने की अनुमति दी जाती है।

सिंचाई के लिए धनराशि

98. **श्री दत्ता मेघे:**
श्री चंद्रकांत खैरे:

क्या **जल संसाधन मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) देश भर में विशेषकर महाराष्ट्र में चालू सिंचाई परियोजनाओं की संख्या कितनी है;

(ख) इन सिंचाई परियोजनाओं के लिए केन्द्र सरकार द्वारा दी गई वित्तीय सहायता का राज्य-वार ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या महाराष्ट्र में अधिकांश सिंचाई परियोजनाएं विलंबित हैं;

(घ) यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं; और

(ङ) केन्द्र सरकार ने इस संबंध में क्या उपाय किए हैं?

जल संसाधन मंत्री (श्री हरीश रावत): (क) 12वीं योजना तैयार करने हेतु वृहद मध्यम सिंचाई एवं कमान क्षेत्र विकास संबंधी कार्य बल को 11वीं योजना के अंत तक कुल 287 वृहद/मध्यम सिंचाई परियोजनाओं के निर्माणाधीन होने की रिपोर्ट दी गई है जिनमें से 119 परियोजनाएं महाराष्ट्र राज्य से संबंधित हैं।

(ख) दिशानिर्देशों के अनुसार पात्र परियोजनाओं के लिए त्वरित सिंचाई लाभ कार्यक्रम के तहत राज्य सरकारों को जारी की गई केन्द्रीय सहायता का ब्यौरा संलग्न विवरण में दिया गया है।

(ग) से (ङ) वृहद परियोजनाओं के पूरा करने की सामान्य निर्धारित अवधि से 10 से 15 वर्ष होने तथा मध्यम परियोजना के लिए 5-8 वर्ष की इसी अवधि को ध्यान में रखते हुए महाराष्ट्र की 91 वृहद/मध्यम परियोजनाओं को विलंबित माना जा सकता है।

राज्य सरकारों द्वारा परियोजनाओं को पूरा करने में होने वाले विलंब के कारणों की सूचना में अन्य बातों के साथ-साथ निधियों की कमी, अंतर्राज्यीय समस्याएं, भूमि अधिग्रहण में होने वाली देरी, पर्यावरण एवं वन स्वीकृति की प्रक्रिया में होने वाली देरी, नक्सलवाद की समस्या, डिजाइन में परिवर्तन होना, पुनर्वास एवं पुनर्स्थापन मुद्दे, संविदात्मक मुकदमें, स्थानीय झगड़े, अंतर्विभागीय स्वीकृतियां अर्थात् रेलवे, सड़क, राजमार्ग एवं विद्युत विभाग इत्यादि शामिल हैं।

त्वरित सिंचाई लाभ कार्यक्रम के तहत केन्द्र सरकार राज्यों को मांग करने पर एआईबीपी के दिशानिर्देशों को पूरा करने वाली अनुमोदित परियोजनाओं को केन्द्रीय सहायता प्रदान करती है।

विवरण

वर्ष 2012-13 तक एआईबीपी के अंतर्गत जारी की गई केन्द्रीय सहायता

(राशि करोड़ रु. में)

क्र.सं.	राज्य	वर्ष 1996-97 से 2001-02 तक जारी किया गया (ऋण)	2002-03	2003-04	2004-05	2005-06	2006-07	2007-08	2008-09	2009-10	2010-11	2011-12	2012-13	कुल जोड़
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12	13	14	15
1.	आंध्र प्रदेश	630.6150	33.1860	205.5300	87.5470	311.3815	843.4220	987.7692	855.1800	1300.7280	22.7920	397.8810	0.0000	5676.0317
2.	अरुणाचल प्रदेश	30.0000	1.5000	20.0000	10.0000	18.0000	27.0000	47.1800	33.9580	30.7800	48.6346	33.7880	11.1600	312.0006

1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12	13	14	15
3.	असम	84.7180	16.2738	19.2015	16.9300	34.9332	30.2685	77.3380	405.9540	589.9760	406.4030	424.7100	109.4750	2216.1810
4.	बिहार	339.7250	14.4805	74.6440	37.2150	16.2380	3.2300	62.2400	109.7029	77.9130	55.7535	15.5300	9.7200	816.3919
5.	छत्तीसगढ़	86.6500	104.0000	74.6300	2.9250	7.6645	10.7050	96.9640	193.0402	60.8853	174.8106	201.4660		1013.7406
6.	गोवा	128.4000	0.0000	2.0000	0.6500	0.0000	1.9100	32.4800	39.2300	20.2500	20.0000	20.2500		265.1700
7.	गुजरात	1971.7330	1000.3300	650.3590	530.5000	339.6000	121.8885	585.7200	258.6100	6.0797	361.4200	0.0000		5826.2402
8.	हरियाणा	44.5000	18.0000	7.7350	11.1350	6.0000	3.1700	0.0000	0.0000	0.0000	0.0000	0.0000		90.5400
9.	हिमाचल प्रदेश	43.8060	8.1500	14.6920	3.6900	30.0785	3.9300	114.0500	119.3178	90.6797	43.5213	129.7050		601.6203
10.	जम्मू और कश्मीर	27.5100	34.9990	21.5450	12.7445	36.6878	37.7716	199.2251	393.0661	171.7276	156.0341	225.1180		1316.4288
11.	झारखंड	51.4100	9.6700	1.8330	21.2850	5.0370	1.2900	9.2244	3.7200	0.0000	242.8874	559.9560		906.3128
12.	कर्नाटक	1066.8900	620.8500	266.4780	396.2952	140.7759	160.3729	349.9000	442.4190	823.8280	567.7593	511.4040	113.0000	5459.9723
13.	केरल	52.4250	5.6650	31.0000	494400	9.3591	16.6468	0.0000	0.9045	3.8120	10.0172	0.0000		179.2696
14.	मध्य प्रदेश	716.5630	220.0000	568.6440	516.7010	168.0966	48.3100	500.3450	473.7824	758.7458	658.6918	473.4640	351.0990	5454.4426
15.	महाराष्ट्र	305.8550	133.1341	164.3950	529.2860	167.3822	465.5213	972.2500	2257.8318	1395.3946	2069.0559	1199.8920	178.8420	9838.8399
16.	मणिपुर	73.7500	19.5000	15.5000	13.0000	75.7035	156.3040	103.9870	221.6733	42.5403	249.9965	44.5500		1016.5048
17.	मेघालय	12.6758	1.5000	1.0880	1.7438	1.5750	0.7500	1.1600	24.8009	22.5018	110.1947	81.3002	28.4000	287.6902
18.	मिजोरम	4.8660	0.7500	9.3000	5.0000	9.3150	14.2354	34.3434	50.7176	36.4500	51.0923	42.1100		258.1797
19.	नागालैंड	12.7300	2.6590	8.0000	4.0000	7.9987	10.5995	40.5100	48.5979	57.2860	70.0000	72.6470	31.0000	366.0281
20.	ओडिशा	563.9950	179.5700	154.6850	24.2230	151.3742	133.8846	624.3590	724.4387	871.5717	591.6811	614.9420		4634.7243
21.	पंजाब	378.8100	36.6600	0.0000	0.0000	26.3166	0.0000	13.5000	9.5400	22.0500	140.4760	43.6300		670.9826
22.	राजस्थान	4661720	174.3850	499.8370	352.9040	90.2952	11.6000	156.5300	178.6200	157.5770	41.9200	3.3750		2133.2152
23.	सिक्किम	3.7600	0.7500	0.7500	0.7500	0.9113	3.3236	3.2400	0.0000	2.6049	14.3639	33.7144		64.1681
24.	त्रिपुरा	82.4470	13.3947	13.3769	11.0000	31.9950	22.5131	8.1000	43.1750	36.2088	47.9999	34.8751	17.7500	362.8355
25.	तमिलनाडु	20.0000	0.0000	0.0000	0.0000	0.0000	0.0000	0.0000	0.0000	0.0000	0.0000	0.0000		20.0000
26.	उत्तर प्रदेश	1154.5900	359.0000	274.7850	175.9200	133.1280	81.8954	150.6900	315.4732	238.0820	432.5382	279.8440		3595.9458
27.	उत्तराखंड	0.0000	25.1625	25.5525	38.9917	80.4387	84.7298	265.6500	371.6580	127.0063	160.0600	232.7513		1412.0008
28.	पश्चिम बंगाल	125.4330	28.1330	3.1440	13.4610	0.0287	6.7000	8.9500	22.8100	0.9144	89.1000	107.0020		405.6761
	कुल	8480.02880	3061.7026	3128.7049	2867.3372	1900.3142	2301.9722	5445.7051	7598.2213	6945.5929	6837.2033	5783.9050	850.4460	55201.1335

बाढ़ नियंत्रण

99. **श्री के.डी. देशमुखः** क्या **जल संसाधन मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार को इस बात की जानकारी है कि देश के अनेक राज्यों में विनाशकारी बाढ़ के कारण प्रति वर्ष कई सौ करोड़ रुपये का नुकसान होता है/हो रहा है;

(ख) यदि हां, तो क्या सरकार ने देश में बाढ़ समस्या के स्थाई समाधान हेतु कोई उपाय किए हैं; और

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

जल संसाधन मंत्री (श्री हरीश रावत): (क) जी, हां।

(ख) और (ग) बाढ़ प्रबंधन का विषय राज्य सरकार के कार्य क्षेत्र में आता है। तदनुसार बाढ़ नियंत्रण संबंधी स्कीमों की आयोजना, अन्वेषण, निर्माण और निष्पादन संबंधित राज्य सरकारों द्वारा उनकी स्वयं की प्राथमिकताओं के अनुसार किया जाता है। केन्द्र सरकार की भूमिका तकनीकी, सलाहकार, उत्प्रेरक एवं प्रोत्साहक प्रकृति की होती हैं।

बाढ़ एक प्राकृतिक घटना है और बाढ़ से स्थायी अथवा पूर्ण बचाव न तो संभव है और न ही व्यावहारिक है। तथापि बाढ़ के प्रभाव कुछ हद तक कम किए जा सकते हैं। राज्य सरकारों द्वारा समय-समय पर किए गए उपायों के अतिरिक्त केन्द्र सरकार ने भी देश में बाढ़ के बेहतर प्रबंधन में राज्य सरकारों को सहयोग करने के लिए निम्न उपाय किए हैं:

(i) केन्द्रीय जल आयोग (सीडब्ल्यूसी) की स्थापना 1945 में पूरे देश में जल संरक्षण एवं उपयोग के अतिरिक्त बाढ़ प्रबंधन के उपायों में वृद्धि करने एवं उन्हें प्रोत्साहित करने के लिए की गई थी। वर्तमान में केन्द्रीय जल आयोग के पास एक समर्पित बाढ़ प्रबंधन संगठन है जो देश में बड़ी नदियों एवं उनकी वितरिकाओं पर बाढ़ पूर्वानुमान के विशिष्ट क्रियाकलाप करता है और राज्यों को प्रभावी बाढ़ प्रबंधन के उपायों के संबंध में सलाह देता है।

(ii) गंगा बाढ़ नियंत्रण आयोग (जीएफसीसी) की स्थापना 1972 में विशिष्ट बाढ़ प्रबंधन उपायों के संबंध में गंगा बेसिन राज्यों को सलाह देने के लिए की गई थी। जीएफसीसी ने गंगा बेसिन में बाढ़ समस्याओं के समाधान के लिए संबंधित राज्यों द्वारा कार्यान्वयन हेतु 23 मास्टर योजनाएं तैयार की हैं।

(iii) राष्ट्रीय बाढ़ आयोग (आरबीए) की स्थापना 1976 में की गई थी जिसने देश में समग्र रूप से बाढ़ का अध्ययन किया, देश में बाढ़ संभावित क्षेत्र का आकलन 40 एमएचए किया और बाढ़ प्रबंधन के लिए उपायों की सिफारिश की।

(iv) ब्रह्मपुत्र बोर्ड की स्थापना 1980 में संसद के अधिनियम द्वारा ब्रह्मपुत्र घाटी में बाढ़ नियंत्रण, तट कटाव एवं जलविकास में सुधार हेतु सर्वेक्षण एवं अन्वेषण करने और मास्टर योजनाएं तैयार करने के लिए की गई थी। तदनुसार ब्रह्मपुत्र बोर्ड ने पूर्वोत्तर क्षेत्र में बाढ़ प्रबंधन/कटाव नियंत्रण सहित जल संसाधन प्रबंधन के लिए 57 मास्टर योजनाएं तैयार की हैं।

(v) 2002 में एक राष्ट्रीय जल नीति तैयार की गई थी जिसमें एकीकृत बाढ़ प्रबंधन पर जोर दिया गया था।

(vi) 2004 में बाढ़ प्रबंधन/कटाव नियंत्रण संबंधी एक कार्य बल की स्थापना की गई थी जिसने पूर्वोत्तर क्षेत्र एवं गंगा बेसिन राज्यों में बाढ़ प्रबंधन/कटाव नियंत्रण के अविलंब, अल्पकालिक एवं दीर्घावधि उपायों की सिफारिश की थी।

(vii) 2005 के डीएम अधिनियम के अंतर्गत राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एनडीएमए) की स्थापना की गई है जो बाढ़ आपदा सहित आपदाओं के प्रबंधन संबंधी नीतिगत मामलों का पर्यवेक्षण, सलाह देने एवं निगरानी का कार्य करता है।

(viii) भारत सरकार, भारत में प्रभावी बाढ़ प्रबंधन में सहयोग हेतु पड़ोसी देशों के साथ लगातार बातचीत भी कर रही है।

एसजीएसवाई के विरुद्ध शिकायतें

100. **डॉ. संजय सिंह:**
श्रीमती रमा देवी:

क्या **ग्रामीण विकास मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) विगत तीन वर्षों के दौरान राज्य-वार स्वर्णजयंती ग्राम स्वरोजगार योजना के कार्यकरण के विरुद्ध कितनी शिकायतें प्राप्त हुई हैं;

(ख) उक्त शिकायतों के आधार पर पहचान किए गए दोषी व्यक्तियों की संख्या कितनी है;

(ग) राज्य-वार दोषी व्यक्तियों को दी गई सजा का ब्यौरा क्या है;

(घ) उक्त योजना के कार्यान्वयन में क्या कमियां पाई गई हैं और इन्हें समाप्त करने के लिए क्या प्रयास किए गए हैं; और

(ङ) सरकार द्वारा अब तक इन प्रयासों में कितनी सफलता प्राप्त की गई है?

ग्रामीण विकास मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री प्रदीप जैन): (क) से (ग) स्वर्णजयंती ग्राम स्वरोजगार योजना (एसजीएसवाई)/राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (एनआरएलएम) के अंतर्गत प्राप्त शिकायतों की सूची संलग्न विवरण में दी गई है। चूंकि एसजीएसवाई का कार्यान्वयन एवं निगरानी राज्य सरकारों की जिम्मेदारी है, इसलिए शिकायतें आवश्यक कार्रवाई के लिए संबंधित राज्य सरकारों को अग्रेषित कर दी गई हैं।

(घ) समवर्ती मूल्यांकन के जरिए एसजीएसवाई के निष्पादन का मूल्यांकन, अन्य विभिन्न मूल्यांकन अध्ययन, 11वीं योजना के लिए योजना आयोग द्वारा गठित संचालन समिति की रिपोर्ट और ग्रामीण विकास मंत्रालय द्वारा गठित प्रो. राधाकृष्ण समिति ने एसजीएसवाई में अनेक कमियों अर्थात् गरीबों को एकजुट करने में व्यापक क्षेत्रीय विभिन्नताएं, लाभार्थियों का अपर्याप्त क्षमता निर्माण, सामुदायिक संस्थाओं के निर्माण में अपर्याप्त निवेश और बैंकों के साथ कमजोर संपर्क के कारण कम मात्रा में ऋण जुटाया जाना और बार-बार वित्तपोषित किया जाना और पहले से ही अति व्यस्त जिला ग्रामीण विकास एजेंसियों के जरिए एसजीएसवाई के कार्यान्वित किए जाने की वजह से निधियों के कम उपयोग को उजागर किया।

एसजीएसवाई को राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (एनआरएलएम) के रूप में पुनर्गठित किया गया है ताकि इसे परिणामों को लक्षित एवं समयबद्ध ढंग से हासिल करने के लिए चरणबद्ध रूप में मिशन मोड में कार्यान्वित किया जा सके। एसजीएसवाई की तुलना में एनआरएलएम के अंतर्गत दो प्रमुख कार्यनीतिगत बदलाव हैं: (i) एनआरएलएम एक मांग आधारित कार्यक्रम है और राज्यों को अपने विगत अनुभव, संसाधन और कौशल के आधार पर गरीबी उपशमन संबंधी कार्य योजनाएं बनानी होती हैं और (ii) एनआरएलएम विभिन्न चरणों में राष्ट्रीय से उप जिला स्तर तक सभी स्तरों पर कार्यक्रम के कार्यान्वयन के लिए पेशागत सहायक संरचना उपलब्ध कराता है।

(ङ) राज्यों और संघ राज्यक्षेत्रों में एनआरएलएम शुरू करने के लिए निम्नलिखित तीन मानदंड पूरे करने होते हैं:

1. राज्य को एक सोसायटी स्थापित करनी चाहिए अथवा राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन (एसआरएलएम) के रूप में मौजूदा सोसायटी को पुन: पदनामित करना चाहिए और इसकी अध्यक्षता करने के लिए पूर्णकालिक मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) नियुक्त करना चाहिए।

2. राज्य की सोसायटी में और जिलों एवं ब्लॉकों में प्रथम चरण में विभिन्न स्तरों पर भी बहुविषयक पेशेवर दल नियुक्त करना चाहिए।

3. एनआरएलएम के अंतर्गत 7 वर्षीय राज्य संदर्श कार्यान्वयन योजना (एसपीआईपी) और वार्षिक कार्य योजना तैयार करनी चाहिए।

अब तक 12 राज्यों ने उपर्युक्त मानदंड को पूरा किया है और उन्हें निधियां मंजूर/रिलीज की गई हैं।

विवरण

स्वर्णजयंती ग्राम स्वरोजगार योजना (एसजीएसवाई)—प्राप्त शिकायतों की सूची

क्र.सं.	विषय	शिकायतकर्त्ता का नाम व पता	स्थिति
1	2	3	4
1.	एसजीएसवाई निधियों संबंधी कार्य देख रहे अधिकारियों द्वारा गलत कार्य	शीतल अनुसंधान और ग्रामीण विकास संस्थान सरगुजा, छत्तीसगढ़ से प्रधानमंत्री कार्यालय के माध्यम से प्राप्त शिकायत	शिकायत पर कार्रवाई करने के लिए सचिव-ग्रामीण विकास और पंचायती राज, छत्तीसगढ़ से अनुरोध किया गया।

1	2	3	4
2.	डीआरडीए के लिए सलेम जिला परियोजना अधिकारी के विरुद्ध शिकायत	स्टेट प्रेसीडेंट टीएनआरडीटी एससी ब्लॉक को-ऑर्डिनेटर्स वैलफेयर एसोसिएशन	चूंकि मामला सम्पूर्ण स्वच्छता अभियान (टीएससी) से संबंधित है, अतः इसे जल संसाधन विभाग (डीडब्ल्यूएस) को भेजा गया।
3.	स्थानीय प्रशासन की सहायता से कुछ स्थानीय अराजक तत्वों द्वारा मशीनरी की लूट करना तथा नष्ट करना	युवा विकास स्व-सहायता समूह, इलाहाबाद, उत्तर प्रदेश के सदस्य	मामले की जांच करने और आवश्यक कार्रवाई करने, जैसा भी उचित हो, के लिए प्रधान सचिव, ग्रामीण विकास, उत्तर प्रदेश को प्रेषित।
4.	पम्प सैट और बोरिंग सैट की आपूर्ति में घोटाला	श्री हुकमदेव नारायण यादव, संसद सदस्य लोकसभा	माननीय सांसद को उत्तर भेज दिया गया है।
5.	श्री नेमा राम और श्री राम दयाल, ग्राम-हिम्मत सर (नौखा), बीकानेर, राजस्थान से प्राप्त अभ्यावेदन	श्री नेमा राम और श्री रामदयाल, ग्राम हिम्मत सर (नौखा), बीकानेर, राजस्थान	इस मामले की जांच करने और आवश्यक कार्रवाई करने (जैसा भी उचित हो) के लिए सचिव, ग्रामीण विकास, राजस्थान से अनुरोध किया गया।
6.	जिला परिषद गोंडा, उ.प्र. में एसजीएसवाई कार्यक्रम के अंतर्गत निधियों का दुरुपयोग	श्री बृजेश पांडे, प्रदेश संयोजक, उत्तर प्रदेश नरेगा निगरानी समिति, 132, पटेल नगर गोंडा मेडिकल सेंटर के निकट, जिला गोंडा, उत्तर प्रदेश	इस मामले की जांच करने और आवश्यक कार्रवाई करने, जैसा भी उचित हो, के लिए सचिव ग्रामीण विकास विभाग उत्तर प्रदेश, लखनऊ से अनुरोध किया गया है।
7.	स्वर्ण जयंती ग्राम स्वरोजगार योजना (एसजीएसवाई) के कार्यान्वयन में अनियमितताओं के बारे में श्री जोरावर राम पूर्व सांसद पलामू, झारखंड से प्राप्त पत्र	श्री जोरावर राम, पूर्व-सांसद शिवाला रोड, डाल्टनगंज पलामू, झारखण्ड	मामले को आवश्यक कार्रवाई जैसा भी उचित हो, सरकार को भेजा गया है।
8.	डीआरडीए में घोटाले और बकाया भुगतान की प्राप्ति न होने के बारे में श्रीमती टी. कल्याण से प्राप्त पत्र	श्रीमती टी. कल्याणी पांडिचेरी	इस मामले की जांच करने और आवश्यक कार्रवाई करने, जैसा भी उचित हो, के लिए ग्रामीण विकास विभाग, पांडिचेरी से अनुरोध किया गया है।
9.	पानीपत में नकली स्व-सहायता समूहों का गठन करने के लिए लगी धनराशि के बारे में राष्ट्रपति सचिवालय से प्राप्त पत्र	श्री संजय पाल, पानीपत	मामले की जांच करने और आवश्यक कार्रवाई करने, जैसा भी उचित हो, के लिए, डीआरडीए, पानीपत से प्राप्त पत्र।

1	2	3	4
10.	पानीपत में नकली स्व-सहायता समूहों का गठन करने के लिए लगी धनराशि के बारे में राष्ट्रपति सचिवालय से प्राप्त पत्र	श्रीमती अंग्रेजो देवी, पानीपत, हरियाणा	मामले की जांच करने और आवश्यक कार्रवाई करने, जैसा भी उचित हो, के लिए, डीआरडीए, पानीपत से प्राप्त पत्र।
11.	सरकारी राजसहायता का दुरूपयोग करने के बारे में श्री गुरदयाल शर्मा, फिरोजपुर से प्राप्त पत्र	श्री गुरदयाल शर्मा, पंजाब	मामले की जांच करने हेतु सचिव, ग्रामीण विकास, पंजाब और निदेशक वित्त सेवा विभाग, दिल्ली को पत्र भेजा गया।
12.	एसजीएसवाई और आईएवाई योजनाओं के अन्तर्गत निधियों का दुरुपयोग	युवा जागृति स्वयं सेवा संस्थान, सीवान, बिहार	आवश्यक कार्रवाई हेतु, जैसा भी उचित हो, सचिव, ग्रामीण विकास, हरियाणा को शिकायत भेजी गयी।
13.	एसजीएसवाई योजना के अंतर्गत निधियों का दुरुपयोग	श्री मनदीप गुप्ता, असम	मामले की आवश्यक कार्रवाई, जैसा भी उचित हो, के लिए सचिव, ग्रामीण विकास, हरियाणा को भेजा गया।
14.	एसजीएसवाई के अंतर्गत सुविधा दाताओं से जबरन वसूली करने और परेशान करने के बारे में शिकायत	श्री विशाल श्रीवास्तव, पुत्र श्री लालता प्रसाद, मोहन लाल गंज, लखनऊ	मामले की आवश्यक कार्रवाई जैसा भी उचित हो के लिए ग्रामीण विकास विभाग, उत्तर प्रदेश सरकार को भेजा गया

[अनुवाद]

सीमावर्ती बसी बसावटों को जोड़ना

101\. **श्री नित्यानंद प्रधान:** क्या **ग्रामीण विकास मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने देश के जनजातीय/सीमावर्ती क्षेत्रों में सभी सीमावर्ती बसावटों को जोड़ने के लिए कोई कार्ययोजना तैयार की है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इसके साथ-साथ ऐसे सड़क खंडों का ब्यौरा दीजिए जिन्हें ओडिशा क्षेत्र विशेषकर देश के जनजातीय क्षेत्रों में निर्माण हेतु निर्धारित किया गया है;

(ग) क्या इन सभी सड़क खंडों को केन्द्रीय निधि प्रदान की जाएगी;

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ङ) ओडिशा क्षेत्र में सभी सीमावर्ती/जनजातीय बसावटों को कब तक जोड़े जाने की संभावना है?

ग्रामीण विकास मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री लालचंद कटारिया): (क) से (घ) ग्रामीण सड़कें राज्य का विषय हैं और प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना (पीएमजीएसवाई) के तहत सड़क निर्माण कार्यों का निष्पादन राज्य सरकार की जिम्मेदारी है। तथापि, पीएमजीएसवाई एकबारगी विशेष केन्द्रीय सहायता वाला कार्यक्रम है, जिसमें मैदानी क्षेत्रों में 500 व्यक्तियों और इससे अधिक आबादी (2001 की जनगणना के अनुसार) वाली तथा पर्वतीय राज्यों, जनजातीय (अनुसूची-V) क्षेत्रों और मरूभूमि क्षेत्रों (मरूभूमि विकास कार्यक्रम में यथानिर्धारित) और गृह मंत्रालय तथा योजना आयोग द्वारा यथानिर्धारित समेकित कार्य-योजना (आईएपी) के तहत 9 राज्यों के 82 चुनिंदा जनजातीय और पिछड़े जिलों में 250 व्यक्तियों और इससे अधिक आबादी वाली सड़कों से ने जुड़ी सभी

पात्र बसावटों को कोर नेटवर्क के अनुसार बारहमासी सड़क (आवश्यक पुलियाओं और पूरे वर्ष चालू रखने वाली आर-पार जल निकासी संरचनाओं सहित) से जोड़ने की परिकल्पना की गई है। आईएपी के अंतर्गत 82 चुनिंदा जनजातीय और पिछड़े जिलों में अन्य राज्यों की सीमा से सटे जिलों सहित ओडिशा के 18 जिले शामिल हैं। खेतों से बाजार तक सड़क संपर्क उपलब्ध कराने के लिए चुनिंदा ग्रामीण सड़कों का उन्नयन भी इस योजना का एक उद्देश्य है, हालांकि यह योजना का मुख्य उद्देश्य नहीं है। उपर्युक्त के लिए निधियां केन्द्र सरकार प्रदान करती है।

(ङ) ग्रामीण सड़क राज्य का विषय है और इस कार्यक्रम के दिशा-निर्देशों के अनुसार पीएमजीएसवाई के तहत ग्रामीण सड़कों का निर्माण कार्य राज्य सरकारों को सौंपा गया है। गुणवत्ता पर अपेक्षित ध्यान देते हुए पीएमजीएसवाई कार्यों को कुशलतापूर्वक निष्पादित करने की राज्य की संस्थागत क्षमता के आधार पर उन्हें परियोजनाएं स्वीकृत की जाती हैं। ओडिशा राज्य को पीएमजीएसवाई योजनाओं के निष्पादन में संविदा देने की सीमित क्षमता, पर्याप्त अर्हता प्राप्त तकनीकी कार्मिकों की अनुपलब्धता, काम-काज के लिए अनुकूल मौसम की सीमित अवधि और प्रतिकूल मौसम, भूमि की अनुपलब्धता और वन-क्षेत्र में पड़ने वाली भूमि के उपयोग की मंजूरी, विधि-व्यवस्था से जुड़ी समस्याओं इत्यादि जैसी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।

रंगनाथ मिश्रा आयोग की सिफारिशें

102. शेख सैदुल हक:

क्या **अल्पसंख्यक कार्य मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार का विचार न्यायाधीश रंगनाथ मिश्रा आयोग द्वारा की गई सिफारिशों के आधार पर की गई कार्यवाही प्रतिवेदन रखने का है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

अल्पसंख्यक मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री निनोंग ईरींग): (क) धार्मिक और भाषायी अल्पसंख्यक आयोग की रिपोर्ट में न्यायाधीश रंगनाथ मिश्रा द्वारा की गई सिफारिशों पर सरकार द्वारा अंतर-मंत्रालयीय परामर्श शुरू किये गए हैं।

(ख) और (ग) उपर्युक्त (क) को देखते हुए प्रश्न नहीं उठता।

[हिन्दी]

पानी संबंधी कर

103. श्री प्रेम दास राय:
श्री जगदीश ठाकोर:

क्या **विद्युत मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या कुछ राज्य विद्युत उत्पादन हेतु विद्युत के उपयोग पर कर की उगाही कर रहे हैं;

(ख) यदि हां, तो विगत तीन वर्षों के दौरान तत्संबंधी राज्य-वार ब्यौरा क्या है; और

(ग) इस संबंध में संघ सरकार और उद्योग क्षेत्र की क्या प्रतिक्रिया है?

विद्युत मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री ज्योतिरादित्य माधवराव सिंधिया): (क) से (ग) जम्मू एवं कश्मीर सरकार ही केवल ऐसा राज्य है जिसने नवंबर, 2010 से विद्युत उत्पादन पर जल उपयोग प्रभार लगाया है। एनएचपीसी लि. ने जम्मू एवं कश्मीर जल संसाधन (विनियम और प्रबंधन; अधिनियम, 2010 की विधिक शक्तियों को चुनौती देने के लिए माननीय उच्च न्यायालय जम्मू एवं कश्मीर में रिट याचिका दायर की है। यह मामला न्यायाधीन है।

[अनुवाद]

सूचना पैनल

104. डॉ. प्रसन्न कुमार पाटसाणी:
श्री रूद्रमाधव राय:

क्या **विधि और न्याय मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार की योजना उच्चतम न्यायालय द्वारा खेले गए सूचना पैनलों के अध्यक्ष के पदों पर केवल पूर्व उच्चतम न्यायालय और उच्च न्यायालय के न्यायाधीशों को नियुक्त करने की है;

(ख) यदि हां, तो इस पर सरकार की क्या प्रतिक्रिया है; और

(ग) इसके क्या कारण हैं?

विधि और न्याय मंत्री (श्री अश्विनी कुमार): (क) से (ग) माननीय उच्चतम न्यायालय ने रिट याचिका (सिविल) सं. 210/2012 नमित शर्मा बनाम भारत संघ में अपने तारीख 13.09.2012 के निर्णय में यह सुनाया है कि अपने-अपने स्तरों पर सूचना आयोग, अब से आगे प्रत्येक दो सदस्यीय न्यायपीठ में कार्य करेंगे। जिनमें से एक 'न्यायिक सदस्य' होगा, जबकि अन्य 'विशेषज्ञ सदस्य' होगा। न्यायिक सदस्य ऐसा व्यक्ति होना चाहिए जो विधि

में डिग्री रखता हो, और न्यायिक रूप से प्रशिक्षित चित्त और न्यायिक कृत्यों का पालन करने में अनुभव रखता हो। कोई विधि अधिकारी या वकील भी पात्र हो सकेगा यदि वह ऐसा व्यक्ति है जिसने विज्ञापन की तारीख तक कम से कम 20 वर्ष की अवधि तक विधि व्यवसाय किया हो। ऐसे वकील के पास सामाजिक कार्य में अनुभव भी होना चाहिए। उच्चतम न्यायालय ने यह और अभिनिर्धारित किया है कि उनका यह सुविचारित अभिमत है कि सक्षम प्राधिकारी को सूचना आयुक्तों के रूप में नियुक्ति के लिए ऐसे व्यक्ति को अधिमानतः देनी चाहिए, जो उच्च न्यायालय का न्यायाधीश है या रहा है। इसके अतिरिक्त, मुख्य सूचना आयुक्त, केंद्र या राज्य स्तर पर केवल ऐसा व्यक्ति होगा, जो उच्च न्यायालय का मुख्य न्यायमूर्ति या भारत के उच्चतम न्यायालय का न्यायाधीश है या रहा है।

इस निर्णय के विरुद्ध उच्चतम न्यायालय में पुनर्विलोकन याचिका फाइल की गई है। मामला परिचालन द्वारा 20.11.2012 को उपचारी और पुनर्विलोकन के लिए सूचीबद्ध किया गया है। माननीय न्यायालय से मौखिक सुनवाई के लिए भी अनुरोध किया गया है।

[हिन्दी]

पीएसईएस हेतु स्वतंत्र निदेशक

105. श्री भीष्म शंकर *ऊर्फ* **कुशल तिवारी:** क्या **भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) ने केन्द्रीय सरकारी क्षेत्र उद्यमों (पीएसईएस) हेतु स्वतंत्र निदेशकों की आवश्यक संख्या के संबंध में कुछ शर्तें निर्धारित की हैं;

(ख) यदि हां, तो तत्सम्बन्धी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार को इस बात की जानकारी है कि अनेक पीएसईएस में स्वतंत्र निदेशकों की अपेक्षित संख्या नहीं है;

(घ) यदि हां, तो तत्सम्बन्धी ब्यौरा क्या है और इसके क्या कारण हैं; और

(ङ) इस संबंध में सरकार द्वारा क्या कदम उठाए गए?

भारी उद्योग और लोग उद्यम मंत्री (श्री प्रफुल पटेल): (क) और (ख) इक्विटी लिस्टिंग एग्रीमेंट के खण्ड 49 के अनुसार सभी सूचीबद्ध निकायों तथा सूचीबद्ध केन्द्रीय सरकारी उद्यमों से अपेक्षित होता है कि वे अपने निदेशक मण्डल में अपेक्षित संख्या में स्वतंत्र निदेशक नियुक्त करें। जहां निदेशक मण्डल का अध्यक्ष गैर-कार्यपालक निदेशक होता है, वहां निदेशक मण्डल में कम से कम एक तिहाई की संख्या में स्वतंत्र निदेशक शामिल होने चाहिएं तथा यदि वह कार्यपालक निदेशक हो तो उस स्थिति में निदेशक मण्डल में कम से कम आधी संख्या में स्वतंत्र निदेशक शामिल होने चाहिए। इसके अलावा जहां गैर-कार्यपालक अध्यक्ष कम्पनी का प्रवर्तक होता है या किसी प्रवर्तक या व्यक्ति से सम्बद्ध होता है जो निदेशक मण्डल स्तर पर या निदेशक मण्डल से एक स्तर नीचे प्रबंधन पद पर होता है तो कम्पनी के बोर्ड में कम से कम आधी की संख्या में स्वतंत्र निदेशक शामिल होने चाहिए।

(ग) और (घ) उपलब्ध सूचना (दिनांक 30.09.2012 को समाप्त तिमाही के लिए) के अनुसार 25 सूचीबद्ध केन्द्रीय सरकारी उद्यमों ने इक्विटी लिस्टिंग एग्रीमेंट जिसमें सूचीबद्ध कम्पनियों के लिए निदेशक मण्डल के संघटन संबंधी विवरण दिया गया है, के खण्ड 49(1) (क) का अनुपालन नहीं किया है। इन 25 केन्द्रीय सरकारी उद्यमों की सूची विवरण के रूप में संलग्न है। इन 25 केन्द्रीय सरकारी उद्यमों के निदेशक मण्डल में अपेक्षित संख्या में स्वतंत्र निदेशकों की नियुक्ति में विलम्ब का मुख्य कारण संबंधित प्रशासनिक मंत्रालयों/विभागों द्वारा स्वतंत्र निदेशकों की नियुक्ति के लिए प्रस्तावों पर समय से कार्रवाई न किया जाना है।

(ङ) सभी प्रशासनिक मंत्रालयों/विभागों को पहले ही सलाह दी गई है कि वे रिक्तियां उत्पन होने की तिथि से 6 महीने पहले ही स्वतंत्र निदेशकों की नियुक्ति के लिए प्रस्ताव प्रस्तुत करें। सरकार ने केन्द्रीय सरकारी उद्यमों के लिए नैगम अभिशासन पर दिशा-निर्देश जारी किए हैं जिसमें केन्द्रीय सरकारी उद्यमों के निदेशक मण्डल में अपेक्षित संख्या में स्वतंत्र निदेशकों की नियुक्ति करने को अनिवार्य बताया गया है। इसके अलावा केन्द्रीय सरकारी उद्यमों के निदेशक मण्डल में स्वतंत्र निदेशकों के चयन एवं नियुक्ति में अपनाई जाने वाली प्रक्रियाओं के लिए निर्धारित समय-सीमा का प्रावधान करने के लिए सरकार द्वारा अनुमोदन प्रदान किया गया है। लोक उद्यम विभाग ने सभी प्रशासनिक मंत्रालयों के वरिष्ठ अधिकारियों से विचार-विमर्श किया है जिसमें उनसे अनुरोध किया गया है कि वे अपने संबंधित प्रशासनिक नियंत्रण के अन्तर्गत केन्द्रीय सरकारी उद्यमों के निदेशक मण्डल में गैर-सरकारी निदेशकों के रिक्त पदों को भरने के लिए तत्काल कार्रवाई करें।

विवरण

उन सूचीबद्ध केन्द्रीय सरकारी उद्यमों की सूची जिनके निदेशक मण्डलों में सेबी (एसईबीआई) के अनुसार स्वतंत्र निदेशकों की अपेक्षित संख्या नहीं है।

(सितंबर, 2012 तिमाही के अंत तक)

क्र.सं.	केन्द्रीय सरकारी उद्यमों के नाम
1	2
1.	बामर लारी एंड कंपनी लिमिटेड
2.	बामर लारी इन्वेस्टमेंट्स लिमिटेड

1	2
3.	भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड
4.	भारत इलैक्ट्रोनिक्स लिमिटेड
5.	भारत हैवी इलैक्ट्रिकल्स लिमिटेड
सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय के राज्य मंत्री तथा रसायन और उर्वरक मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री श्रीकांत जेना): (क) से (ग) पीएंडके तथा यूरिया दोनों उर्वरकों के आयात के लिए राजसहायता का कुल आवंटन 30592.11 करोड़ रुपए है। यूरिया आयात के लिए आवंटित 18016 करोड़ रुपए में से अभी तक 12188.70 करोड़ रुपए उपयोग हुआ है। उपलब्ध बकाया राशि यूरिया आवश्यकताओं की चालू वर्ष के आयात के लिए काफी है। आयातित पीएंडके उर्वरकों के मामले में 12576.11 करोड़ रुपए के आवंटन में से 12477.97 करोड़ रुपए की राशि का उपयोग आयातित उर्वरक राजसहायता के लिए किया गया। अतिरिक्त राशि संशोधित अनुमान 2012-13 में मांगी गई है। आयातित पीएंडके राजसहायता के भुगतान में अस्थायी देरी को प्राप्त अतिरिक्त निधि से पूरा किया जाएगा।

(घ) उर्वरकों की कोई कमी नहीं है और इसलिए खाद्य पदार्थों के मूल्य में तेजी से वृद्धि होने तथा शीतकालीन फसल कार्य में कोई जोखिम नहीं है।

(ङ) प्रश्न नहीं उठता।

(च) शीतकालीन फसल रबी 2012-13 (अक्तूबर-2012) के दौरान उर्वरक की उपलब्धता संलग्न विवरण में दी गई है। जैसा कि देखा जा सकता है कि सभी उर्वरकों की उपलब्धता कृषि एवं सहकारिता विभाग (डीएसी) के जरिए राज्य सरकार द्वारा अनुमानित आवश्यकता से अधिक है। इसके अतिरिक्त उर्वरक विभाग, कृषि एवं सहकारिता विभाग (डीएसी) और रेल मंत्रालय के साथ संयुक्त रूप से साप्ताहिक वीडियो कान्फ्रेंस के जरिए विभिन्न राज्य सरकारों के साथ उर्वरक की उपलब्धता की समीक्षा करता है। देश में उर्वरक की कमी को रोकने के लिए उपचारी कार्रवाई की जा रही है।

विवरण

रबी 2012-13 (अक्तूबर' 12) के दौरान उर्वरकों की उपलब्धता

(आंकड़े 000'मी. टन में)

रबी 2012-13 (अक्तूबर 2012)

राज्य	यूरिया					डीएपी					एनपीके					एमओपी				
	आवश्यकता	प्रारंभिक स्टॉक	प्राप्ति	उपलब्धता	बिक्री	आवश्यकता	प्रारंभिक स्टॉक	प्राप्ति	उपलब्धता	बिक्री	आवश्यकता	प्रारंभिक स्टॉक	प्राप्ति	उपलब्धता	बिक्री	आवश्यकता	प्रारंभिक स्टॉक	प्राप्ति	उपलब्धता	बिक्री
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12	13	14	15	16	17	18	19	20	21
आंध्र प्रदेश	300.00	13.49	328.24	341.73	296.96	100.00	86.03	25.32	111.36	22.43	150.00	96.70	188.52	285.22	122.60	75.00	44.40	22.40	66.80	21.60
कर्नाटक	140.00	8.09	224.57	232.66	210.91	60.00	72.49	8.27	80.76	12.04	125.00	70.00	71.92	141.92	42.61	60.00	40.39	24.04	64.43	13.58
केरल	26.00	0.69	8.93	9.62	8.90	7.00	4.83	1.74	6.57	2.02	40.00	15.29	13.55	28.83	17.43	25.00	7.58	12.18	19.76	8.69
तमिलनाडु	173.00	1.46	133.83	135.29	133.43	70.00	13.30	49.34	62.64	39.32	90.76	18.45	57.31	75.77	53.72	84.00	12.97	32.16	45.12	36.43
गुजरात	220.00	15.40	125.39	140.79	99.47	110.00	23.61	8.03	31.64	9.47	73.70	46.17	22.48	68.65	26.51	18.00	3.74	9.65	13.39	6.87
मध्य प्रदेश	240.99	15.93	231.64	247.57	219.93	223.79	123.78	173.67	297.45	111.75	89.46	26.26	35.25	61.51	32.10	21.52	15.02	8.45	23.46	3.62
छत्तीसगढ़	20.00	5.48	19.84	25.32	17.55	10.00	27.49	16.39	43.88	7.49	5.00	5.48	0.19	5.65	0.19	4.00	7.57	10.43	18.00	1.93
महाराष्ट्र	195.00	12.47	192.35	204.82	168.81	86.00	77.66	19.75	97.41	12.55	205.00	82.08	69.50	151.58	36.52	48.00	85.61	16.36	101.98	9.45
राजस्थान	177.10	0.99	192.47	193.45	192.79	112.36	15.47	173.88	189.35	146.49	34.49	1.48	18.19	19.67	16.46	4.97	4.40	3.39	7.79	2.45
हरियाणा	250.00	11.64	176.50	188.13	170.79	225.00	33.17	162.98	196.14	133.10	15.00	6.19	0.56	6.76	1.75	10.00	2.59	0.51	3.09	0.00
पंजाब	300.00	1.38	321.69	323.02	319.15	230.00	32.53	228.66	261.19	183.53	35.00	1.57	1.76	3.33	2.09	15.00	9.59	0.34	9.92	0.36
हिमाचल प्रदेश	5.00	0.06	1.73	1.79	1.75	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	7.50	0.10	5.27	5.37	5.21	0.00	0.00	3.93	3.93	1.81
जम्मू और कश्मीर	13.70	0.68	8.48	9.16	6.07	7.79	0.98	13.55	14.53	8.78	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	4.38	0.56	1.61	2.17	0.28
उत्तर प्रदेश	500.00	42.92	499.39	542.30	469.66	400.00	177.96	441.17	619.13	381.88	175.00	41.44	108.60	150.04	76.08	65.00	6.57	13.87	20.44	11.32
उत्तराखंड	5.00	2.69	9.46	12.15	8.71	1.00	3.25	4.93	8.18	7.15	6.00	1.36	9.27	10.63	8.46	0.00	0.00	0.32	0.32	0.32
बिहार	180.00	11.33	194.34	205.68	187.04	80.00	86.75	110.05	196.80	102.25	40.00	23.99	50.11	74.10	46.81	40.00	9.14	6.68	15.82	13.37
झारखंड	21.25	1.19	20.33	21.51	14.65	11.50	11.83	3.91	15.74	3.09	20.00	2.35	6.33	8.67	5.01	2.50	0.00	0.26	0.26	0.09
ओडिशा	40.00	6.01	41.09	47.10	26.42	10.00	11.67	1.37	13.04	4.44	8.50	21.95	9.16	31.11	3.84	15.00	14.02	1.28	15.29	4.02
पश्चिम बंगाल	78.00	14.19	89.66	103.85	83.29	24.53	52.13	29.17	81.30	43.87	56.74	38.81	108.79	147.60	104.96	24.84	35.17	9.20	44.37	35.19
असम	13.00	0.27	18.72	18.99	17.27	3.60	3.22	4.49	7.71	3.91	1.80	0.99	1.26	2.25	0.25	8.10	9.80	8.66	18.46	3.95
अखिल भारत	2913.31	166.34	2841.60	3007.94	2656.51	1776.64	858.15	1477.70	2335.85	1236.60	1182.01	501.58	780.51	1282.09	604.50	532.56	309.10	186.23	495.32	175.84

[हिन्दी]

समुद्री अपरदन

148. श्री मनसुखभाई डी. वसावा: क्या **जल संसाधन मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने गुजरात में समुद्र द्वारा मृदा अपरदन से हुए नुकसान को रोकने के लिए किसी योजना का क्रियान्वयन किया है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार ने इस संबंध में कोई सर्वेक्षण किया है; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

जल संसाधन मंत्री (श्री हरीश रावत): (क) और (ख) समुद्र कटाव प्रबंधन का विषय राज्यों के कार्य क्षेत्र में आता है तथा तदनुसार कटाव नियंत्रण की स्कीमों की आयोजना, अन्वेषण, निरूपण और कार्यान्वयन संबंधित राज्य सरकारों द्वारा उनकी अपनी प्राथमिकताओं के अनुरूप किया जाता है। केन्द्र सरकार की भूमिका तकनीकी परामर्शदाता, उत्प्रेरक और प्रोत्साहन देने की है। तथापि, गुजरात समेत राज्यों को गम्भीर क्षेत्रों में समुद्र कटाव के प्रबंधन में सक्षम बनाने के लिए केन्द्र सरकार ने XI योजना के दौरान बाढ़ प्रबंधन कार्यक्रम के तहत केन्द्रीय सहायता दी थी। उपर्युक्त कार्यक्रम के तहत, "जामनगर जिले के द्वारका तालुका में संगम नारायण मंदिर से गायत्री मंदिर तक कटाव से निपटने हेतु तटीय सुरक्षा/समुद्री दीवार की व्यवस्था (अनुमानित लागत 794.31 लाख रुपये)" और "सूरत जिले के गांव डबहारी नेस-करंज, दांडी में समुद्र कटाव रोधी कार्य (अनुमानित लागत 1185.00 लाख रुपए)" नामक दो स्कीमें XI योजना अवधि के दौरान अनुमोदित की गई थीं तथा गुजरात राज्य सरकार को 200.00 लाख रुपए की राशि जारी की गई थी।

(ग) और (घ) समुद्री कटाव नियंत्रण की स्कीमें राज्य सरकारों द्वारा निरूपित की जाती हैं तथा परियोजना रिपोर्टों को तैयार करने में सर्वेक्षण-कार्य शामिल होता है। भारत सरकार द्वारा बाढ़ प्रबंधन कार्यक्रम के अन्तर्गत स्कीमों के लिए दी गई निधि उपर्युक्त अनुसार है।

भूमि सुधार अधिनियम का कार्यान्वयन

149. श्री बद्रीराम जाखड़: क्या **ग्रामीण विकास मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने भूमि सुधार अधिनियम के प्रभावी कार्यान्वयन और गरीबों विशेषकर अनुसूचित जातियों (एससी) और पिछड़े वर्गों में अतिरेक भूमि बांटने तथा भूमिहीन श्रमिकों के हितों की रक्षार्थ स्व-सहायता समूहों के गठन में सहायता के लिए कोई कदम उठाया है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी राज्य-वार ब्यौरा क्या है;

(ग) यदि नहीं, तो इसके कारण क्या हैं;

(घ) क्या राजस्थान के गरसिया जनजाति के भूमिहीन गरीबों को भूमि आबंटित की गई है; और

(ङ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

ग्रामीण विकास मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री लाल चन्द कटारिया): (क) से (ग) संविधान की सातवीं अनुसूची की सूची-II (राज्य सूची) की प्रविष्टि संख्या 18 के अंतर्गत की गई व्यवस्था के अनुसार, भूमि तथा इसका प्रबंधन एकान्तिक रूप से संबंधित राज्यों के विधायी तथा प्रशासनिक क्षेत्राधिकार के अंतर्गत आता है। भूमि सुधारों के क्षेत्र में केन्द्रीय सरकार की भूमिका केवल परामर्शदायी एवं समन्वयकारी स्वरूप की ही होती है। तथापि, भूमि सुधारों संबंधी कार्यक्रमों के कार्यान्वयन की ग्रामीण विकास मंत्रालय द्वारा आयोजित किए गए राज्यों/संघ-राज्यक्षेत्रों के राजस्व मंत्रियों तथा राजस्व सचिवों के सम्मेलनों सहित विभिन्न मंचों पर समय-समय पर पुनरीक्षा की जाती है। राज्य सरकारों को, अन्य बातों के साथ-साथ, समय-समय पर अधिकतम सीमा से अधिक भूमि का पात्र गरीब ग्रामीण लोगों में वितरण करने का अनुरोध किया गया है। भूमि हदबंदी कानून के कार्यान्वयन पर राज्यों/संघ राज्यक्षेत्रों से प्राप्त सूचना के अनुसार 30.6.2012 तक की स्थिति के अनुसार, 69.20 लाख एकड़ क्षेत्र भूमि को अतिरेक क्षेत्र घोषित किया गया है जिसमें से 61.79 लाख एकड़ भू क्षेत्र का कब्जा ले लिया गया है तथा 51.40 लाख एकड़ भूक्षेत्र को 56.81 लाख लाभार्थियों में वितरित कर दिया गया है। वितरित किए गए कुल 51.40 लाख एकड़ क्षेत्र में से अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति तथा अन्य लाभार्थियों को क्रमशः 19.26 लाख एकड़ क्षेत्र, 7.97 लाख एकड़ क्षेत्र तथा 24.16 लाख एकड़ भू क्षेत्र का वितरण किया गया है। गरीबों विशेषकर, अनुसूचित जाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के बीच राज्य-वार वितरित अधिशेष भूमि को दर्शाने वाला ब्यौरा संलग्न विवरण में दिया गया है।

(घ) और (ङ) राजस्थान में 6.14 लाख हैक्टेयर क्षेत्रफल को अतिरेक घोषित किया गया है जिसमें से 5.73 लाख एकड़ क्षेत्रफल का कब्जा ले लिया गया है तथा 4.69 लाख एकड़ क्षेत्रफल का 0.84 लाख लाभार्थियों में वितरण कर दिया गया है। वितरित किए गए कुल 4.69 लाख एकड़ क्षेत्रफल में से, अनुसूचित जातियों,

अनुसूचित जनजातियों तथा अन्य पिछड़ा वर्ग के लोगों को क्रमशः 1.46 लाख एकड़, 0.51 लाख एकड़ तथा 2.73 लाख एकड़ भूमि वितरित की गयी है। अतिरेक भूमि अनुसूचित जातियों/अनुसूचित जनजातियों तथा अन्य पिछड़ा वर्ग के लोगों को आबंटित की गयी है। 'गरसिया' जाति एक अनुसूचित जनजाति है। 'गरसियों' के आबंटन हेतु अलग से लेखे नहीं रखे जाते हैं।

विवरण

(क्षेत्रफल एकड़ में)

क्र.सं.	राज्य/संघ-शासित प्रदेश	अतिरेक रूप में घोषित क्षेत्र	कब्जे में लिया गया क्षेत्र	अलग-अलग लाभार्थियों को वितरित किया गया	लाभार्थियों की कुल संख्या	अनु.जाति/अनु.जनजाति के लाभार्थी					
						अनु.जाति के लाभार्थी		अनु.जनजाति के लाभार्थी		अन्य लाभार्थी	
						सं	क्षे.	सं	क्षे.	सं	क्षे.
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12
1.	आंध्र प्रदेश	838869	665768	593184	531512	225507	237170	84009	117859	221996	238155
2.	असम	613405	575337	545875	445862	43723	86069	42365	58986	359774	400820
3.	बिहार	523504	431310	353358	461136	271437	202892	41973	34156	147726	116310
4.	छत्तीसगढ़	75081	72183	60681	27452	6057	10367	9608	29047	11787	21267
5.	गुजरात	238246	179257	162683	37398	17163	101268	15878	35462	4357	25953
6.	हरियाणा	105783	101932	101166	29351	12687	43672	0	0	16664	57494
7.	हिमाचल प्रदेश	316556	304895	6167	6259	3912	2727	329	245	2018	3195
8.	जम्मू और कश्मीर	8836	0	0	0	0	0	0	0	0	0
9.	झारखंड	0	0	860	1316	487	310	328	277	501	273
10.	कर्नाटक	174087	166793	235458	57667	33518	130735	4084	16642	20065	88081
11.	केरल	138677	103344	73792	113001	61241	24957	10312	9418	41448	39417
12.	मध्य प्रदेश	223264	190449	134202	47061	16046	38911	18385	51315	12630	43976
13.	महाराष्ट्र	725078	670815	634158	139755	41039	158810	29998	100436	68718	374912
14.	मणिपुर	1830	1685	1682	1258	82	128	70	97	1106	1457
15.	ओडिशा	184675	175066	160597	143423	49080	51315	53175	66441	41168	42841
16.	पंजाब	146113	104311	98691	28334	11621	42247	0	0	16713	56444
17.	राजस्थान	614403	573238	469176	83876	30352	145570	12081	50515	41443	273091

1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12
18.	तमिलनाडु	208423	200379	190062	150468	66425	71287	236	320	83807	118455
19.	त्रिपुरा	1995	1994	1599	1424	256	218	359	448	809	933
20.	उत्तर प्रदेश	371323	343047	267248	305394	209225	185419	525	998	95644	80831
21.	पश्चिम बंगाल	1406023	1315310	1047539	3066684	1126620	391438	544593	224057	1395471	432044
22.	दादर और नगर हवेली	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0
23.	दिल्ली	1132	394	394	654	495	277	0	0	159	117
24.	पुदुचेरी	2326	1286	1070	1464	858	640	0	0	606	430
	कुल भूमि एकड़ में	6919629	6178793	5139642	5680749	2227831	1926427	868308	796719	2584610	2416496

[अनुवाद]

राष्ट्रीय विद्युत प्रशिक्षण संस्थान

150. **श्री एस.एस. रामासुब्बू:** क्या **विद्युत मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या राष्ट्रीय विद्युत प्रशिक्षण संस्थान (एनपीटीआई) अपनी स्थापना से ही केंद्रीय लोक उपक्रमों और राज्य के विद्युत उपक्रमों के पेशेवरों को बड़ी संख्या में प्रशिक्षण दे रहा है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या इसका विचार विदेशों में प्रशिक्षण सहित आगामी वर्षों में अपनी क्षमता को बढ़ाने का है;

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ङ) यदि नहीं, तो इसके कारण क्या हैं?

विद्युत मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री ज्योतिरादित्य माधवराव सिंधिया): (क) से (ङ) जी, हां, राष्ट्रीय विद्युत प्रशिक्षण संस्थान (एनपीटीआई) ने पिछले चार दशकों से अधिक समय से केन्द्रीय सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रमों जैसे कि पावरग्रिड, एनटीपीसी, एनएचपीसी, भेल, डीवीसी, टीएचडीसी, एसजेवीएनएल, नीपको इत्यादि और राज्य विद्युत यूटिलिटियों के 1.86 लाख से अधिक विद्युत पेशेवरों को नियमित कार्यक्रमों में प्रशिक्षण दिया है। एनपीटीआई पेशेवरों को अनिवार्यता के अनुसार प्रशिक्षण देने के लिए प्रतिबद्ध है। एनपीटीआई द्वारा विदेशों में प्रशिक्षण दिए जाने का कोई प्रस्ताव नहीं है।

सिंचाई परियोजनाओं में भ्रष्टाचार

151. **श्री रूद्रमाधव राय:** क्या **जल संसाधन मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार को विदर्भ क्षेत्र में सिंचाई परियोजनाओं के लिए आवंटित 70,000 करोड़ रुपये को अन्य कार्यों में लगाने की जानकारी है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) विभिन्न राज्यों में शुरू की गई सिंचाई परियोजनाओं का राज्य-वार ब्यौरा क्या है जहां पानी औद्योगिक घरानों को दे दिया गया है जिससे किसान अपने अधिकारों से वंचित हो गए; और

(घ) बांध के निर्माण के लिए अधिगृहीत अतिरिक्त भूमि को किसानों को लौटाना सुनिश्चित करने के लिए क्या कड़े कदम उठाए जाने की संभावना है?

जल संसाधन मंत्री (श्री हरीश रावत): (क) और (ख) भारत के नियंत्रक एवं महापरीक्षक ने एआईबीपी के अंतर्गत सिंचाई परियोजनाओं के विषय में 2010-11 की कार्य-निष्पादन लेखापरीक्षा रिपोर्ट संख्या 4 प्रस्तुत की है जिसमें विदर्भ क्षेत्र में एआईबीपी वे तहत सिंचाई परियोजनाओं की निधि के डायवर्जन का कोई उल्लेख नहीं किया गया है।

(ग) और (घ) सिंचाई राज्य का विषय होने के नाते, सिंचाई परियोजनाओं की आयोजना, निष्पादन, प्रचालन एवं अनुरक्षण, राज्य सरकारों द्वारा स्वयं उनकी प्राथमिकताओं के अनुरूप किया जाता है। जल संसाधन मंत्रालय विभिन्न सिंचाई परियोजनाओं से जल

औद्योगिक घरानों को डाइवर्ट करने अथवा अधिक भूमि को वापस करने के मुद्दों से संबंधित ब्यौरा नहीं रखता है।

[हिन्दी]

रोजगार प्रदान करने के लिए प्रशिक्षण

152. श्री जय प्रकाश अग्रवाल: क्या **ग्रामीण विकास मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार गांव स्तर पर बेरोजगार युवकों को रोजगार प्रदान करने के लिए कोई प्रशिक्षण दे रही है;

(ख) यदि हां, तो किन व्यवसायों में प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है;

(ग) राज्य-वार कितने लोगों को प्रशिक्षण दिया गया है और उनमें से कितने लोगों को रोजगार के अवसर दिए गए हैं और इस संबंध में कितनी राशि व्यय की गई है; और

(घ) प्रशिक्षण के बाद गांव स्तर पर बेरोजगारों को रोजगार प्रदान करने के लिए चलाए जा रहे कार्यक्रमों का ब्यौरा क्या है?

ग्रामीण विकास मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री प्रदीप जैन): (क) युवाओं को प्रशिक्षण दिलाने के लिए सरकार ने बैंकों और राज्य सरकार के साथ मिलकर देश के प्रत्येक जिले में ग्रामीण बीपीएल रोजगार प्रशिक्षण संस्थान (आरएसईटीआई) स्थापित करने का निर्णय लिया है ताकि वे अपने ही स्थान पर स्वरोजगार प्राप्त करने में सक्षम हो सकें। आरएसईटीआई की प्रमुख विशेषता दीर्घकालिक हैंडहोल्डिंग सहायतायुक्त अल्पावधि आवासीय प्रशिक्षण है। कुछ मामलों में आरएसईटीआई ग्राम/ब्लॉक स्तरों पर ऑफ-साइट प्रशिक्षण भी दिलाते हैं।

इसके अलावा, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के नियोजन से जुड़े कौशल विकास घटक के तहत सरकार ग्रामीण बीपीएल युवाओं को नियोजन से जुड़े कौशल विकास प्रशिक्षण प्रदान कर रही है।

(ख) आरएसईटीआई कृषि, प्रक्रिया, उत्पाद और सामान्य उद्यमशीलता विकास कार्यक्रम के तहत वर्गीकृत 65 से ज्यादा व्यवसायों में प्रशिक्षण प्रदान कर रहे हैं।

नियोजन से जुड़े कौशल विकास कार्यक्रम के तहत अर्थव्यवस्था के विभिन्न क्षेत्रों जैसे वस्त्र, संगठित खुदरा, निर्माण सूचना प्रौद्योगिकी और हार्डवेयर उद्योग इत्यादि में कार्यों की मांग के आधार पर प्रशिक्षण और रोजगार प्रदान किया जाता है।

(ग) और (घ) आरएसईटीआई द्वारा प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले व्यक्तियों और उनमें से स्वरोजगार प्राप्त करने वाले व्यक्तियों के प्रशिक्षण पर हुए खर्च सहित राज्य-वार सूची संलग्न विवरण-I में दी गई है। इसी प्रकार नियोजन से जुड़े कौशल विकास कार्यक्रम के तहत प्रशिक्षित और रोजगार प्राप्त बीपीएल युवाओं का राज्य-वार ब्यौरा संलग्न विवरण-II में दिया गया है।

प्रशिक्षित सदस्यों को काम पर लगाने के लिए आरएसईटीआई प्रशिक्षण के बाद दो वर्ष के लिए हैंडहोल्डिंग, बैंकों के साथ क्रेडिट लिंकेज, मेलों/प्रर्दशनियों/जत्थों इत्यादि के माध्यम से विपणन सहायता, एएसएआरई (एसोसिएशन ऑफ सक्शेसफुल एल्युमिनि ऑफ आरएसईटीआई ट्रेड इन्टेरप्रेन्योर्स) जैसी सेवाएं प्रदान करती है ताकि आरएसईटीआई प्रशिक्षित सदस्यों को सेवाकालीन प्रशिक्षण प्राप्त हो सके। नियोजन से जुड़े कौशल विकास कार्यक्रम के तहत कार्यक्रम कार्यान्वयन एजेंसियों को प्रशिक्षण के सफलतापूर्वक पूरा होने के बाद कम से कम 75% प्रशिक्षुओं को नियोजन प्रदान करना सुनिश्चित करना होता है।

विवरण-I

आरएसईटीआई द्वारा वर्ष 2012-13 के लिए (30.09.2012 तक) प्रशिक्षित बेरोजगार युवाओं, काम पर लगे युवाओं और खर्च हुई राशि का राज्य-वार ब्यौरा

राज्य का नाम	ग्रामीण प्रशिक्षित युवाओं की संख्या	काम पाने वाले युवाओं की संख्या	खर्च हुई राशि (करोड़ रु. में)
1	2	3	4
अण्डमान और निकोबार द्वीपसमूह	59	45	177000
आंध्र प्रदेश	9578	5705	28734000

1	2	3	4
अरुणाचल प्रदेश	0	0	0
असम	2308	2033	6924000
बिहार	8956	4912	26868000
छत्तीसगढ़	1709	1325	5127000
गोवा	20	98	60000
गुजरात	12241	7748	36723000
हरियाणा	3141	2727	9423000
हिमाचल प्रदेश	2657	754	7971000
जम्मू और कश्मीर	1627	665	4881000
झारखंड	3045	1631	9135000
कर्नाटक	19250	16972	57750000
केरल	4580	1974	13740000
मध्य प्रदेश	7432	3394.2	22296000
महाराष्ट्र	5241	3030	15723000
मेघालय	260	24	780000
मिजोरम	58	8	174000
नागालैंड	150	59	450000
ओडिशा	7518	4345	22554000
पुदुचेरी	166	129	498000
पंजाब	3515	3067	10545000
राजस्थान	11713	6291	35139000
सिक्किम	96	0	288000
तमिलनाडु	6921	2829	20763000
त्रिपुरा	963	635	2889000
उत्तर प्रदेश	13852	12395	41556000
उत्तराखंड	2552	1076	7656000
पश्चिम बंगाल	7189	7815	21567000
दादरा और नगर हवेली	191	0	573000
लक्षद्वीप	0	0	0
कुल	136988	91686	410964000

विवरण-II

2012-13 के दौरान नियोजन से जुड़े कौशल विकास के तहत प्रशिक्षित और रोजगार प्राप्त प्रशिक्षुओं की संख्या

क्र.सं.	राज्य	2012-13 (अप्रैल से अक्टूबर 2012)	
		प्रशिक्षित व्यक्तियों की संख्या	रोजगार पाने वाले व्यक्तियों की संख्या
1	2	3	4
1.	आंध्र प्रदेश	8694	8955
2.	अरुणाचल प्रदेश	0	0
3.	असम	4895	5396
4.	बिहार	4884	6075
5.	चण्डीगढ़	62	29
6.	छत्तीसगढ़	7758	6387
7.	दादरा और नगर हवेली	0	0
8.	दिल्ली	0	0
9.	गोवा	0	0
10.	गुजरात	5502	4303
11.	हरियाणा	2497	2624
12.	हिमाचल प्रदेश	2108	1644
13.	जम्मू और कश्मीर	0	42
14.	झारखण्ड	5,955	4131
15.	कर्नाटक	5704	6067
16.	केरल	763	816
17.	मध्य प्रदेश	18,523	13679
18.	महाराष्ट्र	6,320	4641
19.	मणिपुर	19	16
20.	मेघालय	1110	761
21.	मिजोरम	810	697
22.	नागालैण्ड	585	319
23.	ओडिशा	10,283	6918
24.	पुदुचेरी	545	209
25.	पंजाब	838	1033
26.	राजस्थान	4650	4261
27.	तमिलनाडु	11864	10050
28.	त्रिपुरा	97	148
29.	उत्तर प्रदेश	16,082	12990
30.	उत्तराखंड	3011	3107
31.	पश्चिम बंगाल	3759	3640
	कुल	127318	108938

रिक्त पद

153. श्रीमती सुशील सरोजः
श्रीमती ऊषा वर्माः
श्रीमती सीमा उपाध्यायः

क्या **रेल मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या रेलवे में बड़ी संख्या में पद रिक्त हैं और इसके परिणामतः वर्तमान अधिकारियों को अतिरिक्त कार्य करना पड़ता है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) आज की तारीख तक रेलवे में चल टिकट निरीक्षकों (टीटीई) के कुल कितने पद रिक्त हैं;

(घ) क्या बड़ी संख्या में टीटीई के रिक्त पदों के कारण यात्रियों के टिकट जांच करने की प्रक्रिया देश में बुरी तरह प्रभावित हुई है; और

(ङ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है तथा उक्त रिक्तियों को भरने के लिए रेलवे द्वारा क्या कदम उठाए गए हैं?

रेल मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अधीर चौधरी): (क) और (ख) रेलवे जैसे किसी भी विशाल संगठन में किसी भी समय पर कुछ रिक्तियां होंगी और उससे कर्मचारियों पर कोई अतिरिक्त भार नहीं पड़ता।

(ग) से (ङ) 01.04.2012 की स्थिति के अनुसार, क्षेत्रीय रेलों में गाड़ी टिकट परीक्षकों के लगभग 1500 पद रिक्त हैं। आरक्षित कोचों में टिकट चेकिंग और ऑन बोर्ड सेवाओं को सुनिश्चित करने के लिए गाड़ी टिकट परीक्षकों की पर्याप्त संख्या अनिवार्य है। रेलों को सीधी भर्ती के लिए मांगपत्र प्रस्तुत करने और मौजूदा प्रक्रियाओं के अनुसार पदोन्नति के माध्यम से भी पदों को भरने के लिए समय-समय पर सुझाव दिए गए हैं। रेल भर्ती बोर्डों को 2314 टिकट जांच कर्मचारियों की भर्ती के लिए क्षेत्रीय रेलों से मांगपत्र प्राप्त हुआ है।

[अनुवाद]

ईंधन आपूर्ति समझौता

154. श्री आर. थामराईसेलवन: क्या **विद्युत मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या कई विद्युत उत्पादकों ने कोयले की आपूर्ति के लिए नए ईंधन समझौते (एफएसए) पर हस्ताक्षर किए हैं;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या विद्युत उत्पादक इन एफएसए के परिणामत: ईंधन की अपनी आवश्यकता को पूरा कर पाएंगे; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

विद्युत मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री ज्योतिरादित्य माधवराव सिंधिया): (क) और (ख) कोल इंडिया लिमिटेड के द्वारा उपलब्ध सूचना के अनुसार अप्रैल, 2012 मॉडल के आधार पर 30.9.2012 तक, ईंधन आपूर्ति करार (एफएसए) पर 30 कोयला आधारित विद्युत संयंत्रों (इकाइयों) के लिए हस्ताक्षर किए जा चुके हैं। इन संयंत्रों का ब्यौरा संलग्न विवरण में दिया गया है।

(ग) और (घ) ऊपर उल्लिखित एफएसए हतोत्साहन के 80% ट्रिगर वैल्यू के साथ है अर्थात् का आश्वासन पत्र (एलओए) को प्रतिबद्ध मात्रा का 80%। 80% ट्रिगर वैल्यू पर कोयले की उपलब्धता पर विद्युत यूटीलिटी में इकाइयों को लगभग 68% संयंत्र भार कारक (पीएलएफ) पर प्रचालन में सक्षम हो सकेंगी।

विवरण

30.9.2012 तक नई एफएसए के कार्यान्वयन की स्थिति

(मिलियन टन)

कंपनी	इकाई	क्षमता (मेगावाट)	कार्यान्वयन की तिथि	एफएसए मात्रा
1	2	3	4	5
सीसीएल				
इकाई				
1.	बजाज इनर्जी प्रा.लि. (खांबरखेड़ा यूनिट-I)	45	20/4/2012	0.3899
2.	बजाज इनर्जी प्रा.लि. (खांबरखेड़ा यूनिट-II)	45	20/4/2012	
3.	बजाज इनर्जी प्रा.लि. (मकसूदपुर यूनिट-I)	45	20/4/2012	0.19495
4.	बजाज इनर्जी प्रा.लि. (मकसूदपुर यूनिट-II)	45	13/6/2012	0.19495
5.	बजाज इनर्जी प्रा.लि. (बरखेड़ा यूनिट-I)	45	20/4/2012	0.19495
6.	रोजा पावर सप्लाई कं.लि. फेज-I (यूनिट-I)	300	3/5/2012	2.468
7.	रोजा पावर सप्लाई कं.लि. फेज-I (यूनिट-II)	300	3/5/2012	

1	2	3	4	5
8.	रोजा पावर सप्लाई कं.लि. फेज-I (यूनिट-III)	300	3/5/2012	1.111
9.	झज्जर पावर लि. (यूनिट-I)	660	7/6/2012	5.21
11.	झज्जर पावर लि. (यूनिट-II)	660	7/6/2012	
10.	रोजा टीपीपी-II (यूनिट-4)	300	13/6/2012	1.11
12.	बजाज इनर्जी प्रा.लि. (बरखेड़ा यूनिट-II)	45	13/6/2012	0.19495
13.	बजाज इनर्जी प्रा.लि. (कुंडारकी यूनिट-I)	45	13/6/2012	0.19495
14.	बजाज इनर्जी प्रा.लि. (कुंडारकी यूनिट-II)	45	13/6/2012	0.19495
15.	बजाज इनर्जी प्रा.लि. (उतरउला यूनिट-I)	45	13/6/2012	0.19495
16.	बजाज इनर्जी प्रा.लि. (उतरउला यूनिट-II)	45	13/6/2012	0.19495
17.	बीना टीपीपी यू (1-2)/जेपी पावर वेंचर लि.	500	10/7/2012	0.6482
18.	मैथन पार लि. मैथन राइट बैंक टीपीएस यू-II	525	18/9/2012	1.975
	कुल	3995		14.472
एसईसीएल				
1.	सुरतगढ़ यूनिट-6	250	24/4/2012	0.963
2.	कोटा यूनिट-7	195	24/4/2012	0.766
3.	छाबरा यूनिट-I	250	24/4/2012	1.849
4.	छाबरा यूनिट-II	250	24/4/2012	
	कुल	945		3.578
एनसीएल				
1.	अनपारा सी यूनिट-I	600	24/4/2012	3.833
2.	अनपारा सी यूनिट-II	600	24/4/2012	
	कुल	1200		3.833
बीसीसीएल				
1.	बज बज II यूनिट-3	250	10/5/2012	0.41
2.	मैथन राइट बैंक टीपीएस	525	21/6/2012	1.6594
	कुल	775		2.0694

1	2	3	4	5
एमसीएल				
1.	मुंद्रा अदानी फेज III यूनिट-1	462	9/6/2012	2.135
2.	मुंद्रा अदानी फेज III यूनिट-2	462		2.135
3.	मुंद्रा अदानी फेज III यूनिट-3	462		2.135
4.	स्टर्लाइट एनर्जी यूनिट-2	600	9/6/2012	2.45
	कुल	1986		8.855
	सकल योग	8901		32.807

सिंचाई और पेयजल परियोजनाएं

155. **श्री मनोहर तिरकी:**
श्री नरहरि महतो:
श्री नृपेन्द्र नाथ राय:

क्या **जल संसाधन मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) पिछले तीन वर्षों के दौरान पश्चिम बंगाल और पूर्वोत्तर राज्यों में सिंचाई और पेयजल की कितनी परियोजनाएं स्वीकृत हुई;

(ख) इनमें केन्द्र और राज्य सरकारों की कितनी-कितनी हिस्सेदारी है तथा केन्द्र सरकार ने प्रति वर्ष कितनी निधि जारी की है; और

(ग) पूरी हो गई परियोजनाओं, निर्माणाधीन परियोजनाओं का ब्यौरा क्या है तठा इनके कब तक पूरा होने की संभावना है?

जल संसाधन मंत्री (श्री हरीश रावत): (क) गत तीन वर्षों (अप्रैल 2009 से) के दौरान पश्चिम बंगाल की किसी सिंचाई परियोजना को जल संसाधन मंत्रालय की सलाहकार समिति द्वारा स्वीकृत नहीं किया गया है। तथापि, उक्त अवधि के दौरान पूर्वोत्तर राज्यों की 8 सिंचाई परियोजनाओं (संशोधित अनुमान सहित) को जल संसाधन मंत्रालय की सलाहकार समिति द्वारा स्वीकृत किया गया है।

गत तीन वर्षों और मौजूदा वर्ष के दौरान पश्चिम बंगाल तथा पूर्वोत्तर राज्यों में राष्ट्रीय ग्रामीण पेयजल कार्यक्रम (एनआरडीडब्ल्यूपी) के तहत कार्यान्वित स्कीमों का ब्यौरा संलग्न विवरण-I में दिया गया है।

(ख) त्वरित सिंचाई लाभ कार्यक्रम (एआईबीपी) के तहत राज्य सरकारों को केन्द्रीय सहायता प्रदान की जाती है जिसमें विशेष श्रेणी राज्यों, सूखा प्रवण क्षेत्रों, जनजातीय क्षेत्र और बाढ़ प्रवण क्षेत्र को लाभान्वित करने वाली परियोजनाओं के मामले में परियोजना लागत का 90 प्रतिशत तथा गैर विशेष श्रेणी राज्यों के मामले में परियोजना लागत का 25 प्रतिशत प्रदान किया जाता है। परियोजना की शेष लागत की व्यवस्था राज्य सरकार द्वारा अपने संसाधनों द्वारा राज्य के हिस्से के रूप में की जाती है। पूर्वोत्तर राज्यों को विशेष श्रेणी राज्यों तथा पश्चिम बंगाल राज्य को गैर विशेष श्रेणी राज्यों में शामिल किया गया है। गत तीन वर्षों तथा मौजूदा वर्ष के दौरान एआईबीपी के तहत पूर्वोत्तर राज्यों तथा पश्चिम बंगाल को जारी की गई केन्द्रीय सहायता का ब्यौरा संलग्न विवरण-II में दिया गया है।

पश्चिम बंगाल के मामले में स्कीमों में एनआरडीडब्ल्यूपी के अंतर्गत केन्द्र और राज्य सरकारों का हिस्सा 50:50 (केन्द्र : राज्य) है जबकि पूर्वोत्तर राज्यों के मामले में यह अनुपात 100:0 है। गत तीन वर्षों तथा मौजूदा वर्ष के दौरान एनआरडीडब्ल्यूपी के अंतर्गत पश्चिम बंगाल तथा पूर्वोत्तर राज्यों को जारी की गई राशि का ब्यौरा संलग्न विवरण-III में दिया गया है।

(ग) एआईबीपी के अंतर्गत पूर्वोत्तर राज्यों की सात वृहद/मध्यम सिंचाई (एमएमआई) परियोजनाओं तथा पश्चिम बंगाल की 3 एमएमआई परियोजनाओं को पूरा किया गया है, जबकि पूर्वोत्तर राज्यों को 10 एमएमआई परियोजनाएं और पश्चिम बंगाल की 4 एमएमआई परियोजनाएं निर्माणाधीन हैं। समझौता ज्ञापन (एमओयू) के अनुसार पूर्वोत्तर राज्यों और पश्चिम बंगाल की निर्माणाधीन एमएमआई परियोजनाओं के संभावित वर्ष का ब्यौरा संलग्न विवरण-IV में दिया गया है।

पूर्वोत्तर राज्यों तथा पश्चिम बंगाल के लिए एआईबीपी के तहत शामिल की गई तथा पूरी की गई सतही लघु सिंचाई स्कीमों का ब्यौरा संलग्न विवरण-V में दिया गया है। एआईबीपी के दिशानिर्देशों के अनुसार एमएमआई परियोजनाओं को पूरा करने का समय चार वित्तीय वर्ष तथा सतही लघु सिंचाई स्कीमों के लिए दो वित्तीय वर्ष निर्धारित किया गया है।

पूर्वोत्तर राज्यों तथा पश्चिम बंगाल हेतु एनआरडीडब्ल्यूपी के अंतर्गत पूरी की गई परियोजनाओं तथा निर्माणाधीन परियोजनाओं का ब्यौरा संलग्न विवरण-I में दिया गया है।

विवरण-I

गत तीन वर्षों तथा मौजूदा वर्ष के लिए एनआरडीडब्ल्यूपी के अंतर्गत पश्चिम बंगाल और पूर्वोत्तर राज्यों में कार्यान्वित ग्रामीण जल आपूर्ति स्कीमों का विवरण (स्कीमों की संख्या)

क्र.सं.	राज्य का नाम	2009-10			2010-11			2011-12			2012-13		
		चालू	नई	पूर्ण	चालू	नई	पूर्ण	चालू	नई	पूर्ण	चालू	नई	पूर्ण
1.	पश्चिम बंगाल	812	5373	5459	738	3795	3490	1039	2003	2032	1015	977	548
	पूर्वोत्तर राज्य												
2..	अरुणालच प्रदेश	1091	280	1056	542	577	1127	860	226	601	649	11	22
3.	असम	3292	13621	13787	3151	10163	9059	4457	9877	9439	6046	4714	3564
4.	मणिपुर	724	341	327	732	361	287	806	288	541	554	28	195
5.	मेघालय	1969	862	577	2257	1389	1120	2545	2226	1705	3078	1085	256
6.	मिजोरम	144	35	149	30	110	131	9	3	47	91	52	68
7.	नागालैंड	45	84	63	137	104	223	30	261	219	73	22	86
8.	सिक्किम	168	463	273	359	86	260	185	209	75	318	198	221
9.	त्रिपुरा	940	1031	705	1268	1924	1316	1892	4355	3501	2995	2857	1888

विवरण-II

पूर्वोत्तर राज्यों और पश्चिम बंगाल को गत तीन वर्षों तथा मौजूदा वर्ष (सितम्बर, 2012) के दौरान एआईबीपी के तहत जारी की गई केन्द्रीय सहायता

क्र.सं.	राज्य	2009-10	2010-11	2011-12	2012-13
1	2	3	4	5	6
1.	अरुणालच प्रदेश	30.7800	48.6346	33.7880	11.1600
2.	असम	589.9760	406.4030	424.7100	109.4750

1	2	3	4	5	6
3.	मणिपुर	42.5403	249.9965	44.5500	0.0000
4.	मेघालय	22.5018	110.1947	81.3002	28.4000
5.	मिजोरम	36.4500	51.0923	42.1100	0.0000
6.	नागालैंड	57.2860	70.0000	72.6470	31.0000
7.	सिक्किम	2.6049	14.3639	33.7144	0.0000
8.	त्रिपुरा	36.2088	47.9999	34.8751	17.7500
9.	पश्चिम बंगाल	0.9144	89.1000	107.0020	0.0000

विवरण-III

गत तीन वर्षों तथा मौजूदा वर्ष के दौरान पश्चिम बंगाल और पूर्वोत्तर राज्यों को एनआरडीडब्ल्यूपी के अंतर्गत प्रारंभिक शेष, आवंटन, जारी की गई राशि और व्यय राशि

क्र.सं.	राज्य/संघ राज्यक्षेत्र	2009-10				2010-11				2011-12				2012-13			
		प्रारंभिक शेष	आवंटन	जारी राशि	व्यय	प्रारंभिक शेष	आवंटन	जारी राशि	व्यय	प्रारंभिक	आवंटन शेष	जारी राशि	व्यय	प्रारंभिक शेष	आवंटन	जारी राशि	व्यय
	पूर्वोत्तर राज्य																
1.	अरुणालच प्रदेश	27.47	180.00	178.20	193.80	12.02	123.35	199.99	176.46	36.79	120.56	184.83	214.31	10.09	143.51	66.18	34.31
2.	असम	4.85	301.60	323.50	269.34	59.32	449.64	487.48	480.55	69.94	435.58	522.44	468.61	127.51	510.96	266.72	267.74
3.	मणिपुर	16.70	61.60	38.57	30.17	25.22	54.61	52.77	69.27	8.72	53.39	47.60	47.03	9.29	63.72	27.33	1.03
4.	मेघालय	0.62	70.40	79.40	68.57	11.56	63.48	84.88	70.47	26.11	61.67	95.89	85.44	36.83	73.35	33.61	28.03
5.	मिजोरम	17.43	50.40	55.26	51.11	21.38	46.00	61.58	58.02	24.94	39.67	38.83	54.03	9.74	41.66	19.26	17.95
6.	नागालैंड	29.61	52.00	47.06	71.58	5.10	79.51	77.52	80.63	1.99	81.68	80.91	81.82	1.10	60.42	28.35	23.44
7.	सिक्किम	9.92	21.60	20.60	28.94	0.59	26.24	23.20	19.27	4.78	28.10	69.19	24.49	49.71	18.03	8.38	8.34
8.	त्रिपुरा	18.92	62.40	77.40	77.35	19.18	57.17	74.66	67.20	27.53	56.20	83.86	108.39	4.01	64.28	28.90	28.29
9.	पश्चिम बंगाल	69.20	372.29	394.30	87.76	375.75	418.03	499.19	363.31	444.85	343.60	342.51	521.41	265.96	462.27	143.9 6	179.64

विवरण-IV

पूर्वोत्तर राज्यों और पश्चिम बंगाल में एमएमआई परियोजनाओं का इनके पूरा होने की संभावित तिथि सहित ब्यौरा

क्र.सं.	राज्य का नाम	परियोजना का नाम	बृहत/मध्यम/ ईआरएम	एमओयू के अनुसार पूरा करने की तिथि
1.	असम	धनसिरी	बृहत	मार्च, 2013
2.	असम	चंपामती	बृहत	2012-13
3.	असम	बोरोलिया	मध्यम	2012-13
4.	असम	बूढी दिहिंग	मध्यम	2011-12#
5.	मणिपुर	खुगा	बृहत	मार्च, 2013
6.	मणिपुर	थोबल	बृहत	मार्च, 2015
7.	मणिपुर	दोलाईथाबी	मध्यम	मार्च, 2014
8	त्रिपुरा	मनु	मध्यम	2011-12#
9	त्रिपुरा	गुमती	मध्यम	2010-11#
10	त्रिपुरा	खोवई	मध्यम	2010-11#
11.	पश्चिम बंगाल	तीस्ता बैराज	बृहत	मार्च, 2015
12.	पश्चिम बंगाल	तटको	मध्यम	मार्च, 2013
13.	पश्चिम बंगाल	पतलोई	मध्यम	मार्च, 2013
14.	पश्चिम बंगाल	सुवर्णरेखा बैराज	बृहत	मार्च, 2016#

: पूरी करने की संभावित तिथि संशोधित की जानी है।

विवरण-V

एआईबीपी के तहत शामिल की गई और पूरी की गई सतही लघु सिंचाई स्कीमों का ब्यौरा

क्र.सं.	राज्य	शामिल की गई स्कीमों की कुल संख्या	31.10.2012 तक पूर्ण की गई स्कीमों की संख्या
1	2	3	4
क.	**विशेष श्रेणी राज्य**		
1.	अरुणालच प्रदेश	2052	1960
2.	असम	1376	546
3.	मणिपुर	843	828
4.	मेघालय	263	169
5.	मिजोरम	317	317
6.	नागालैंड	1524	1404
7.	सिक्किम	658	437
8.	त्रिपुरा	1221	1169
ख.	**गैर-विशेष श्रेणी राज्य**		
1.	पश्चिम बंगाल	57	56

प्रति व्यक्ति आय

156. **श्री सैयद शाहनवाज हुसैन:** क्या **सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या पिछले तीन वर्षों के दौरान देश में प्रति व्यक्ति आय में वृद्धि हुई है;

(ख) यदि हां, तो पिछले तीन वर्षों और चालू वर्ष के दौरान मुद्रास्फीति के कारण सहित प्रति व्यक्ति आय में प्रतिशत वृद्धि का राज्य-वार/ संघ राज्यक्षेत्र-वार और वर्ष-वार ब्यौरा क्या है; और

(ग) यदि नहीं, तो सरकार द्वारा इस संबंध में क्या कार्रवाई की गई?

सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय के राज्य मंत्री तथा रसायन और उर्वरक मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री श्रीकांत जेना): (क) जी हां। राष्ट्रीय स्तर पर प्रति व्यक्ति आय जो वर्ष 2009-10 में 46,117 रुपये थी, वह वर्ष 2010-11 में 53,331 रुपए तथा वर्ष 2011-12 में 60,603 रुपए रही।

(ख) राज्यों के आर्थिक तथा सांख्यिकी निदेशालयों द्वारा संकलित एवं उपलब्ध कराए गए वर्ष 2009-10 से 2011-12 के संबंध में वर्तमान कीमतों पर राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार प्रति व्यक्ति आय (कारक लागत पर निवल राज्य घरेलू उत्पाद) का ब्यौरा संलग्न विवरण में दिया गया है।

(ग) लागू नहीं होता।

विवरण

वर्तमान मूल्यों पर प्रति व्यक्ति निवल राज्य घरेलू उत्पाद

दिनांक 14.8.2012 की स्थिति के अनुसार (रुपए) (विगत वर्षों में % वृद्धि)

क्र.सं.	राज्य/संघ राज्यक्षेत्र	2008-09	2009-10	2010-11	2011-12	2009-10	2010-11	2011-12
1	2	3	4	5	6	7	8	9
1.	आंध्र प्रदेश	46345	52814	62912	71480	13.96	19.12	13.62
2.	अरुणालच प्रदेश	39656	48662	55789	62213	22.71	14.65	11.51
3.	असम	24099	27464	30569	33633	13.96	11.30	10.02
4.	बिहार	13728	15548	18928	23435	13.26	21.74	23.81
5.	झारखंड	25046	28223	31993	35652	12.69	13.36	11.44
6.	गोवा	135966	149164	159244	192652	9.71	6.76	20.98
7.	गुजरात	55068	63549	75115	उ.न.	15.40	18.20	उ.न.
8.	हरियाणा	67388	82024	94464	108859	21.72	15.17	15.24
9.	हिमाचल प्रदेश	49903	58798	68020	74899	17.83	15.68	10.11
10.	जम्मू और कश्मीर	30212	33648	37593	42220	11.37	11.72	12.31
11.	कर्नाटक	48084	51386	59975	68374	6.87	16.71	14.00
12.	केरल	53046	60264	71434	83725	13.61	18.54	17.21

1	2	3	4	5	6	7	8	9
13.	मध्य प्रदेश	25278	28712	32253	38669	13.58	12.33	19.89
14.	छत्तीसगढ़	34360	35121	41167	46573	2.21	17.22	13.13
15.	महाराष्ट्र	62234	71300	87686	101314	14.57	22.98	15.54
16.	मणिपुर	24773	27332	29684	32284	10.33	8.61	8.76
17.	मेघालय	40583	43142	47164	52971	6.31	9.32	12.31
18.	मिजोरम	38582	42715	48591	उ.न.	10.71	13.76	उ.न.
19.	नागालैंड	46207	50209	52966	56638	8.66	5.49	6.93
20.	ओडिशा	31416	34361	40412	46150	9.37	17.61	14.20
21.	पंजाब	55315	61894	68998	74606	11.89	11.48	8.13
22.	राजस्थान	31279	34982	42434	47506	11.84	21.30	11.95
23.	सिक्किम	46983	90749	104506	121440	93.15	15.16	16.20
24.	तमिलनाडु	54137	64336	75449	84496	18.84	17.27	11.99
25.	त्रिपुरा	35587	39949	44965	50750	12.26	12.56	12.87
26.	उत्तर प्रदेश	20422	23661	26903	30052	15.86	13.70	11.71
27.	उत्तराखंड	50657	62885	72093	82193	24.14	14.64	14.01
28.	पश्चिम बंगाल	35487	41045	47738	54830	15.66	16.31	14.86
29.	अंडमान और निकोबार द्वीपसमूह	69177	79396	85741	93075	14.77	7.99	8.55
30.	चंडीगढ़	108486	117371	130461	140073	8.19	11.15	7.37
31.	दिल्ली	111756	129746	150653	175812	16.10	16.11	16.70
32.	पुदुचरी	79306	88158	98719	95759	11.16	11.98	-3.00
अखिल भारतीय प्रति व्यक्ति निवल राष्ट्रीय आय (2004-05)		40775	46117	53331	60603	13.10	15.64	13.64

उ.न.-उपलब्ध नहीं

स्रोत: क्र.सं.-132 के लिए—राज्य सरकारों के संबंध में अर्थ एवं सांख्यिकी निदेशालय तथा अखिल भारत के लिए—केंद्रीय सांख्यिकी कार्यालय

[हिन्दी]

पेनगंगा सिंचाई परियोजना

157. **श्री हंसराज गं. अहीर:** क्या **जल संसाधन मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या महाराष्ट्र की निचली पेनगंगा सिंचाई परियोजना से संबंधित कार्य लंबित है;

(ख) यदि हां, तो क्या राज्य सरकार ने उक्त लंबित सिंचाई परियोजना को पूरा करने के लिए केन्द्र सरकार से सहायता मांगी है; और

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है तथा केन्द्र सरकार की इस पर क्या प्रतिक्रिया है?

जल संसाधन मंत्री (श्री हरीश रावत): (क) महाराष्ट्र सरकार से प्राप्त सूचना के अनुसार महाराष्ट्र की निचली पेनगंगा सिंचाई परियोजना का कार्य प्रगति पर है।

(ख) और (ग) जी नहीं।

[अनुवाद]

इफको द्वारा उर्वरकों की बिक्री

158. **श्री सुरेश कुमार शेटकर:** क्या **रसायन और उर्वरक मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या भारतीय कृषक उर्वरक सहकारी लिमिटेड (इफको) मांग और हाल की गिरावट के कारण पड़ोसी देशों में उर्वरकों की बिक्री के विकल्प तलाश रही है; और

(ख) यदि हां, तो अभी तक बनाई गई कार्य-योजना का ब्यौरा क्या है तथा इसकी वर्तमान स्थिति क्या है?

सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय के राज्य मंत्री तथा रसायन और उर्वरक मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री श्रीकांत जेना): (क) और (ख) भारत सभी प्रकार के उर्वरकों के लिए आयात पर निर्भर है। नाइट्रोजनयुक्त क्षेत्र में देश अपनी कुल आवश्यकता के लगभग 25% तक आयात पर निर्भर है। यदि कच्ची सामग्री को भी शामिल कर लिया जाए तो फास्फेट क्षेत्र में आयात पर निर्भरता 90% है। देश के पास पोटाश का कोई ज्ञात भंडार नहीं है और इसलिए देश पोटाश क्षेत्र में पूरी तरह आयात पर निर्भर है।

सरकार की अनुमति के बिना किसी उर्वरक का निर्यात नहीं किया जा सकता। चूंकि देश उर्वरकों के लिए आयात पर निर्भर है, इसलिए सरकार उर्वरकों के निर्यात को प्रोत्साहन नहीं देती है। तथापि, मामला-दर-मामला आधार पर सीमित निर्यात की अनुमति यह सुनिश्चित करने के बाद दी जाती है कि इससे उर्वरकों की घरेलू उपलब्धता प्रभावित न हो। इस समय, पडो़सी देशों को उर्वरकों के नियमित निर्यात की अनुमति हेतु इफको से कोई प्रस्ताव प्राप्त नहीं हुआ है। तथापि, कंपनी के विशेष अनुरोध पर हाल ही में सरकार ने नेपाल को 15,154 मी. टन डीएपी और ओमान को 5000 मी. टन डीएपी व 1000 मी. टन मिश्रित उर्वरक व 1000 मी. टन एमओपी का निर्यात करने की अनुमति दी है।

[हिन्दी]

एसजीएसवाई के अंतर्गत कार्य

159. **श्री भूपेन्द्र सिंह:** क्या **ग्रामीण विकास मंत्री** दिनांक 6 सितंबर, 2012 के अतारांकित प्रश्न संख्या 4328 के उत्तर के संबंध में यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या मंत्रालय ने पिछले तीन वर्ष और चालू वर्ष में स्वर्ण जयंती ग्राम स्वरोजगार योजना (एससीएसवाई) और इसके द्वारा योजना के कार्य सहित मध्य प्रदेश के सागर और विदिशा जिलों में किसी एनजीओ को कोई कार्य सौंपा है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) मध्य प्रदेश में ग्रामीण बीपीएल युवाओं को कौशल विकास प्रशिक्षण प्रदान करने तथा उन्हें रोजगार देने के लिए एआईएसईसीटी को सौंपे गए कार्यों का ब्यौरा क्या है; और

(घ) अभी तक एआईएसईसीटी से प्रशिक्षण और रोजगार पाए युवकों की संख्या क्या है?

ग्रामीण विकास मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री प्रदीप जैन): (क) जी हां। ग्रामीण विकास मंत्रालय ने पिछले तीन वर्षों के दौरान विभिन्न राज्यों में चलाई जाने वाली 45 परियोजनाएं स्वीकृत की हैं, जिनमें अन्य राज्यों के साथ-साथ मध्य प्रदेश भी शामिल है। इसके अतिरिक्त, मंत्रालय ने उक्त अवधि के दौरान एक ही राज्य में चलाई जाने वाली तीन परियोजनाएं भी मध्य प्रदेश में स्वीकृत की हैं। मौजूदा वर्ष 2012-13 में ऐसी कोई परियोजना स्वीकृत नहीं की गई, जिसमें मध्य प्रदेश शामिल हो।

(ख) ब्यौरा संलग्न विवरण में दिया गया है।

(ग) मध्य प्रदेश के चुनिंदा जिलों में 13000 ग्रामीण बीपीएल युवाओं को रोजगार से जुड़े कौशल विकास प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए एआईएसईसीटी को वर्ष 2008-09 में एसजीएसवाई के तहत रोजगार से जुड़े कौशल विकास की विशेष परियोजना स्वीकृत की गई थी।

(घ) अब तक एआईएससीईटी ने कुल 13000 युवाओं को प्रशिक्षित किया है। अब तक इनमें से 10363 युवाओं को रोजगार मिल गया है।

विवरण

पिछले तीन वर्षों के दौरान स्वीकृत की गई रोजगार से जुड़े कौशल विकास की विशेष परियोजनाएं, जिनमें मध्य प्रदेश शामिल है

क्र.सं.	परियोजना का नाम	राज्य	क्रियान्वयन एजेंसी
1	2	3	4
1.	मध्य प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों में ग्रामीण युवाओं के लिए सीईडीएमपी द्वारा कम्प्यूटर जागरूकता कार्यक्रम	मध्य प्रदेश	सीईडी-एमपी
2.	मध्य प्रदेश के 8 जिलों में एमपी विमेन पोल्ट्री प्रोड्यूसर्स कंपनी लिमिटेड (एमपीडब्ल्यूपीपीसीएल)/प्रदान द्वारा आधुनिक मुर्गी पालन कारोबार संवर्द्धन और स्थायी रोजगार के सृजन में महिला किसान	मध्य प्रदेश	एमपी विमेन पोल्ट्री प्रोड्यूसर्स कंपनी लिमिटेड
3.	मध्य प्रदेश 12 निर्धारित पिछड़े जिलों में सेंटर फॉर रिसर्च एंड इंडस्ट्रियल स्टाफ परफॉर्मेंस (सीआरआईएसपी) द्वारा बीपीएल युवाओं को मांग आधारित रोजगारोन्मुख प्रशिक्षण	मध्य प्रदेश	सीआरआईएसपी
4.	मध्य प्रदेश, राजस्थान और ओडिशा के बीपीएल परिवारों के लिए मांग आधारित रोजगारोन्मुख क्षेत्र में एफआईडब्ल्यूई द्वारा महिलाओं सहित ग्रामीण युवाओं को प्रशिक्षण और कौशल विकास के जरिये रोजगार सृजन	विविध राज्य	एफआईडब्ल्यूई
5.	भास्कर फाउंडेशन द्वारा मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में कौशल विकास	विविध राज्य	भास्कर फाडंडेशन
6.	10 राज्यों (पंजाब, बिहार, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश, मध्य प्रदेश, झारखंड, छत्तीसगढ़, ओडिशा, पश्चिम बंगाल, असम और त्रिपुरा) में एसईएएम/आईएल एंड एफएस (मौजूदा केंद्रों) द्वारा कौशल विकास	विविध राज्य	आईएल एंड एफएस
7.	10 राज्यों (आंध्र प्रदेश, बिहार, गुजरात, कर्नाटक, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, राजस्थान, तमिलनाडु, उत्तर प्रदेश, और पश्चिम बंगाल) में एसईएएम/आईएल एंड एफएस (क्वालिटी एंड फिनिशिंग) द्वारा कौशल विकास	विविध राज्य	आईएल एंड एफएस
8.	बॉस्को ऑर्गनाइजेशन फॉर सोशल कन्सर्न एंड ऑपरेशन (बॉस्को), नई दिल्ली द्वारा उत्तरी और मध्य भारत (पंजाब, उत्तर प्रदेश, झारखंड, बिहार, ओडिशा, मध्य प्रदेश, जम्मू और कश्मीर तथा छत्तीसगढ़) में रोजगारोन्मुख कौशल विकास प्रशिक्षण	विविध राज्य	बॉस्को

1	2	3	4
9.	मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में मंथन ग्रामीण एवं समाजसेवा समिति (एमजीईएसएसएस) द्वारा गहन प्रशिक्षण द्वारा कौशल विकास	विविध राज्य	एमजीईएसएस
10.	एसईएसएस/आईएल एंड एफएफ द्वारा 8 राज्यों (केरल, तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश, मध्य प्रदेश, ओडिशा, छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र और गुजरात) में कौशल विकास	विविध राज्य	आईएल एंड एफएस
11.	एनआईआईटी/एनएबीसीओएनएस (3) द्वारा उत्तरी भारत (हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, पंजाब, जम्मू और कश्मीर, मध्य प्रदेश, उत्तराखंड और उत्तर प्रदेश) में कौशल विकास	विविध राज्य	एनआईआईटी
12.	आईएल एंड एफएस द्वारा ओडिशा, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, झारखंड और छत्तीसगढ़ में इंजीनियरी क्षेत्र में कौशल विकास कार्यक्रम	विविध राज्य	आईएल एंड एफएस
13.	भास्कर फाउंडेशन (2) द्वारा मध्य प्रदेश, राजस्थान, पंजाब, हरियाणा और गुजरात में नलसाजी में कौशल विकास	विविध राज्य	भास्कर फाउंडेशन
14.	बॉम्बे इंटेलीजेंस सिक्युरिटी (इंडिया) लिमिटेड (बीआईएसएल) द्वारा 6 राज्यों (बिहार, झारखंड, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र और छत्तीसगढ़) में कौशल विकास	विविध राज्य	बॉम्बे इंटेलीजेंस सिक्युरिटी (इंडिया) लिमिटेड
15.	टेली सॉल्यूशन्स (1) द्वारा भारत के पश्चिमी राज्यों (गुजरात, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और गोवा) में कौशल विकास	विविध राज्य	टेली इंडिया प्रा. लिमिटेड
16.	छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, पश्चिम बंगाल और ओडिशा में एडुकॉम्प द्वारा ग्रोथ सेक्टर में रोजगार सृजन	विविध राज्य	एडुकॉम्प सॉल्यूशंस लिमिटेड
17.	टेक्नोपाक (1) द्वारा उत्तरी, मध्य और पूर्वी भारत (पंजाब हरियाणा, उत्तर प्रदेश, राजस्थान, मध्य प्रदेश, ओडिशा, बिहार और पश्चिम बंगाल) में परिधान उद्योग में कौशल विकास के माध्यम से लाभदायक रोजगार	विविध राज्य	टेक्नोपाक
18.	सीतापुर शिक्षा संस्थान ट्रस्ट (एसएसएसटी) द्वारा उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड और मध्य प्रदेश में कौशल विकास कार्यक्रम	विविध राज्य	सीतापुर शिक्षा संस्थान ट्रस्ट (एसएसएसटी)
19.	आईएपी कंपनी लिमिटेड द्वारा हरियाणा, राजस्थान, उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश में कौशल विकास और नियोजन	विविध राज्य	आईएपी कंपनी लिमिटेड

1	2	3	4
20.	परंपरागत रूप से गरीब राज्यों (झारखंड, ओडिशा, बुंदेलखंड सहित मध्य प्रदेश, पश्चिम बंगाल, छत्तीसगढ़ बिहार और राजस्थान) में प्रदान द्वारा ग्रामीण उत्पादन प्रणालियों में स्थायी रोजगार सृजन	विविध राज्य	प्रदान
21.	टैपियो-वजीर कान्सॉर्टियम (टीडब्ल्यूसी) द्वारा 8 राज्यों (हरियाणा, पंजाब, आंध्र प्रदेश, तमिलनाडु, महाराष्ट्र, गुजरात, कर्नाटक और मध्य प्रदेश) में परिधान निर्माण कौशल	विविध राज्य	टॉपियो-वजीर कन्सॉर्टियम (टीडब्ल्यूसी)
22.	आईएसीएम द्वारा उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, राजस्थान महाराष्ट्र और हरियाणा में ग्रामीण युवाओं का कौशल विकास	विविध राज्य	आईएसीएम स्मार्ट लर्न लिमिटेड
23.	टॉप्सग्रुप इंटरनेशनल सेक्योरिटी एकेडमी (टीसा) द्वारा ग्रामीण बीपीएल युवाओं का 7 राज्यों (उ.प्र., हिमाचल प्रदेश पंजाब, हरियाणा, जम्मू व कश्मीर, मध्य प्रदेश और उत्तराखंड) में प्रशिक्षण व नियोजन	विविध राज्य	टॉप्सग्रुप इंटरनेशनल सेक्योरिटी एकेडमी (टीआईएसए)
24.	पीसी ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट लि. (पीसीटीआईएल) द्वारा 4 राज्यों (मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, राजस्थान और उ.प्र.) में ग्रामीण बीपीएल युवाओं के लिए कौशल विकास कार्यक्रम	विविध राज्य	पीसी ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट लि. (पीसीटीआईएल)
25.	ऑल सर्विसेज अंडर वन रूफ प्रा.लि. (एएलएलएसपीएल) द्वारा ग्रामीण बीपीएल युवाओं का 9 राज्यों (उ.प्र., बिहार, ओडिशा, महाराष्ट्र, राजस्थान, छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, गुजरात और पश्चिम बंगाल) में प्रशिक्षण व नियोजन	विविध राज्य	ऑल सर्विसेज अंडर वन रूफ प्रा. लि. (एएलएलएसपीएल)
26.	इंस्टीट्यूट ऑफ कंम्प्यूटर एकाउंटेंट (आईसीए) द्वारा ग्रामीण बीपीएल युवाओं का 6 राज्यों (आंध्र प्रदेश, कर्नाटक, तमिलनाडु, गुजरात, महाराष्ट्र और मध्य प्रदेश) में प्रशिक्षण व नियोजन	विविध राज्य	इंस्टीट्यूट ऑफ कंप्यूटर एकाउंटेंट (आईसीए)
27.	आईएल एंड एफएस कलस्टर डेवलपमेंट इनिसिएटिव लि. द्वारा परिधान निर्माण के लिए 7 राज्यों (मध्य प्रदेश, बिहार, झारखंड, छत्तीसगढ़, पश्चिम बंगाल मणिपुर और त्रिपुरा) में कपड़ा उद्योग कौशल में लाभदायक रोजगार का निर्माण	विविध राज्य	आईएल एंड एफएस
28.	सेक्योरिटी सर्विसेज लि. (सीआईएसएसएल) (1) द्वारा 6 राज्यों (महाराष्ट्र, गुजरात, तमिलनाडु, कर्नाटक, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़) में सुरक्षा क्षेत्र में नियोजन से जुड़ा कौशल विकास	विविध राज्य	सीआईएसएसएल

1	2	3	4
29.	टैली (चरण 2) द्वारा उत्तराखंड, मध्य प्रदेश और उ.प्र. में बीपीएल युवाओं का रोजगारोन्मुख कौशल आधारित प्रशिक्षण	विविध राज्य	टैली इंडिया प्रा. लि.
30.	आईएल व एफएस द्वारा आंध्र प्रदेश, गुजरात, कर्नाटक, केरल, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र व राजस्थान में निर्माण उद्योग में कौशल प्रशिक्षण	विविध राज्य	आईएल एंड एफएस
31.	सेन्टम लर्निंग लि. (सीएलएल) (1) द्वारा मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में नियोजन से जुड़ा कौशल विकास	विविध राज्य	सेन्टम लर्निंग लि.
32.	जागृति फाउंडेशन (2) द्वारा बिहार और मध्य प्रदेश में हॉस्पिटैलिटी क्षेत्र में नियोजन से जुड़ा कौशल विकास	विविध राज्य	जागृति फाउंडेशन
33.	सोसायटी फॉर इन्फार्मेशन टेक्नोलॉजी डेवलपमेंट (एसआईटीडी) द्वारा 7 राज्यों (जम्मू व कश्मीर, राजस्थान, त्रिपुरा, मिजोरम, ओडिशा, मध्य प्रदेश और आंध्र प्रदेश) में सूचना तकनीक विकास	विविध राज्य	सोसायटी फॉर इन्फार्मेशन टेक्नोलॉजी डेवलपमेंट (एसआईटीडी)
34.	राष्ट्रीय साक्षरता मिशन-आईटी (आरएसएमआईटी) द्वारा तीन राज्यों (झारखंड, मध्य प्रदेश और महाराष्ट्र) में कौशल विकास	विविध राज्य	राष्ट्रीय साक्षरता मिशन-आईटी (आरएसएमआईटी)
35.	फ्यूचर कॉर्पोरेट रिसोर्स लिमिटेड (एफसीआरएल) (3) द्वारा 5 राज्यों (उत्तर प्रदेश, पंजाब, राजस्थान, महाराष्ट्र और मध्य प्रदेश) में संगठित खुदरा क्षेत्र में ग्रामीण गरीबों के लिए नियोजन से जुड़ा प्रशिक्षण	विविध राज्य	फ्यूचर कॉर्पोरेट रिसोर्स लिमिटेड (एफसीआरएल)
36.	इक्या ह्यूमन कैमिटल सॉल्यूशन प्रा. लिमिटेड द्वारा कर्नाटक, आंध्र प्रदेश, ओडिशा, बिहार, हरियाणा, राजस्थान, मध्य प्रदेश, उत्तराखंड, गुजरात और महाराष्ट्र में नियोजन से जुड़ी कौशल विकास परियोजना	विविध राज्य	इक्वा ह्यूमन कैपिटल सॉल्यूशन प्रा. लिमिटेड
37.	बीवीजी इंडिया लिमिटेड (बीवीजीआईएल) द्वारा उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड, ओडिशा, महाराष्ट्र, गुजरात, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में स्वास्थ्य देख-रेख के क्षेत्र में प्रशिक्षण और रोजगार (3)	विविध राज्य	बीवीजी इंडिया लिमिटेड (बीवीजीआईएल)
38.	प्रीमियर शील्ड स्किल डेवलपमेंट इनिशियेटिव (पीएसडीआई) द्वारा मध्य प्रदेश और झारखंड में नियोजन से जुड़ा व्यावसायिक प्रशिक्षण कार्यक्रम	विविध राज्य	प्रीमियर शील्ड स्किल डेवलपमेंट इनिशियेटिव (पीएफडीआई)
39.	आईएल एंड एफएस (दक्षिणी क्षेत्र) द्वारा बिहार, मध्य प्रदेश, त्रिपुरा, गुजरात, पश्चिम बंगाल और कर्नाटक में एपरेल सेक्टर सीम-एक्स में नियोजन	विविध राज्य	आईएल एंड एफएस

1	2	3	4
40.	एवॉन फैसिलिटी मैनेजमेंट सर्विसेज प्रा. लिमिटेड (एएफएमएसपीएल) द्वारा मध्य प्रदेश, कर्नाटक, आंध्र प्रदेश और ओडिशा के ग्रामीण बीपीएल युवाओं के लिए कौशल विकास	विविध राज्य	एवॉन फैसिलिटी मैनेजमेंट सर्विसेज प्रा. लिमिटेड (एएफएमएसपीएल)
41.	केवीआर इन्फोसिस प्रा. लिमिटेड (केवीआरआईपीएल) द्वारा मध्य प्रदेश के बुंदेलखंड क्षेत्र में कौशल विकास	विविध राज्य	केवीआर इन्फोसिस प्रा. लिमिटेड (केवीआरआईपीएल)
42.	आईएलएंडएफएस द्वारा उत्तर-II (मध्य प्रदेश और हिमाचल प्रदेश) में परिधान क्षेत्र में एसईएसएस परियोजना	विविध राज्य	आईएलएंडएफएस
43.	मंथन ग्रामीण एवं समाजसेवा समिति (एमजीईएसएसएस) द्वारा मध्य प्रदेश में कौशल विकास	विविध राज्य	मंथन ग्रामीण एवं समाजसेवा समिति (एमजीईएसएसएस)
44.	आरोह फाउंडेशन द्वारा मध्य प्रदेश में कौशल विकास	विविध राज्य	आरोह फाउंडेशन
45.	चेकमेट सर्विसेज प्रा. लिमिटेड (सीएसपीएल) द्वारा मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश में ग्रामीण बीपीएल युवाओं का प्रशिक्षण और नियोजन	विविध राज्य	चेकमेट सर्विसेज प्रा. लिमिटेड (सीएसपीएल)
46.	ईगर हंटर एसोसिएशन लिमिटेड (ईएचएसएल) के सहयोग से हमलोग द्वारा तीन राज्यों (मध्य प्रदेश और असम) में सुरक्षा क्षेत्र में कौशल प्रशिक्षण	विविध राज्य	ईगल हंटर एसोसिएशन लिमिटेड (ईएचएसएल)
47.	लक्ष्मी देवी सेनानी चैरिटेबल ट्रस्ट (एलडीएससीटी) द्वारा दो राज्यों (छत्तीसगढ़ और मध्य प्रदेश) में भवन निर्माण उद्योग में कौशल विकास और नियोजन	विविध राज्य	लक्ष्मी देवी सेनानी चैरिटेबल ट्रस्ट (एलडीएससीटी)
48.	कैरियर लांचर द्वारा झारखंड, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ के बीपीएल युवाओं का कौशल विकास और नियोजन	विविध राज्य	कैरियर लांचर

[अनुवाद]

डिब्बों का अनुसंधान और विकास

160. श्री रामसिंह राठवा: क्या **रेल मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या भारतीय रेलवे को गुजरात सरकार से डिब्बों की डिजाइन, मानकीकरण में सुधार करने और उनकी क्षमता/दक्षता/प्रभाविता बढ़ाने के लिए अनुसंधान और विकास कार्य हेतु कोई प्रस्ताव प्राप्त हुआ है; और

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा और उसकी वर्तमान स्थिति क्या है; और

(ग) रेलवे द्वारा इस संबंध में क्या अन्य कदम उठाए जा रहे हैं?

रेल मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अधीर चौधरी): (क) जी हां। फरवरी, 2010 में गुजरात के माननीय मुख्य मंत्री से एक अभ्यावेदन प्राप्त हुआ था और तत्पश्चात् अप्रैल, 2011 में गुजरात सरकार के प्रधान सचिव से एक अभ्यावेदन प्राप्त हुआ था जिसमें

रेलवे को नमक और अन्य सामग्रियों के लिए उच्च वहन क्षमता वाले हल्के वैगनों को विकसित करने का सुझाव दिया गया था।

(ख) और (ग) रेलवे टेयर भार को कम करके वैगनों की वहन क्षमता में सुधार लाने का निरंतर प्रयत्न करती हैं। हाल के वर्षों में रेलवे द्वारा स्टेनलेस इस्पात के बने नए बीसीएनएचएल प्रकार के कवर्ड वैगनों की शुरुआत की गई है जिनका टेयर भार पिछले बीसीएन डिजाइन के 27.20 टन टेयर भार वाले वैगनों की तुलना में 20.80 टन है जिससे विभिन्न पण्यों की अनुमेय वहन क्षमता में 5 से 7 टन वृद्धि हो गई है। वैगनों की लदान क्षमता में सुधार लाने के लिए डिजाइन एवं विकास संबंधी प्रयास निरंतर जारी है।

[हिन्दी]

खादी और ग्रामोद्योग

161. **श्रीमती कमला देवी पटले:** क्या **सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) पिछले तीन वर्षों के दौरान प्रत्येक वर्ष और चालू वर्ष में खादी और ग्रामोद्योग के कार्यनिष्पादन का ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या छत्तीसगढ़ सहित विभिन्न राज्यों में खादी और ग्रामोद्योगों की प्रगति संतोषजनक नहीं है;

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है तथा राज्य-वार इसके क्या कारण हैं; और

(घ) सरकार द्वारा इस संबंध में क्या सुधारात्मक उपाय किए गए?

सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री के. एच. मुनियप्पा): (क) खादी व ग्रामोद्योग आयोग (केवीआईसी) द्वारा संकलित सूचना के अनुसार, पिछले तीन वर्षों में प्रत्येक वर्ष और वर्तमान वर्ष के दौरान खादी व ग्रामोद्योग में उत्पादन, बिक्री और रोजगार के आंकड़े निम्नलिखित हैं:

वर्ष	खादी व ग्रामोद्योग आयोग का कार्य निष्पादन		
	उत्पादन (करोड़ रु. में)	बिक्री (करोड़ रु. में)	रोजगार (लाख व्यक्तियों में)
2009-10	18136.98	24121.54	108.53
2010-11	19871.86	25792.99	113.80
2011-12	21852.04	26797.13	119.10
2012-13 (अक्टूबर 2012 तक)	14066.18	16319.07	120.10

(ख) छत्तीसगढ़ सहित विभिन्न राज्यों में खादी व ग्रामोद्योगों की प्रगति संतोषजनक है।

(ग) और (घ) प्रश्न नहीं उठता।

विद्युत उत्पादन क्षमता

162. **श्री अर्जुन राम मेघवाल:** क्या **विद्युत मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या देश में स्थापित विभिन्न विद्युत संयंत्र अपने प्रतिष्ठापित विद्युत उत्पादन क्षमता से कम विद्युत उत्पादन कर रहे हैं;

(ख) यदि हां, तो संयंत्र-वार और राज्य-वार तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) ऐसे विद्युत संयंत्रों में विद्युत उत्पादन क्षमता में सुधार के लिए सरकार द्वारा अभी तक क्या कदम उठाए गए;

(घ) क्या सरकार ने ऐसे विद्युत संयंत्रों में विद्युत उत्पादन क्षमता के संबंध में कोई मूल्यांकन किया है;

(ङ) यदि हां, तो मूल्यांकन रिपोर्ट का ब्यौरा क्या है; और

(च) यदि नहीं, तो इसके कारण क्या हैं?

विद्युत मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री ज्योतिरादित्य माधवराव सिंधिया): (क) और (ख) विद्युत संयंत्रों का निष्पादन, संयंत्रों के प्रकार/श्रेणी (जल एवं ताप), इकाइयों के डिजाइन एवं उम्र मरम्मत के लिए बंदी (जबरन) तथा योजनाबद्ध रखरखाव, जल

की उपलब्धता, ईंधन की मात्रा एवं गुणवत्ता इत्यादि जैसे अनेक कारकों पर निर्भर करता है।

5.	मणिपुर	लक्ष्य	5940	152	75	679	0	375	0	0	1	0	0	0	42	1
		उपलब्धि	5842	70	0	416	0	113	0	0	0	0	0	0	2	0
		कार्य प्रगति पर	0	78	75	215	0	258	0	0	1	0	0	0	0	0
6.	हरियाणा	लक्ष्य	2000	6	142	0	183	8	0	0	1	0	0	0	0	0
		उपलब्धि	1911	0	71	0	63	6	0	0	0	0	0	0	0	0
		कार्य प्रगति पर	0	6	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0
7.	झारखंड	लक्ष्य	9215	237	1335	1	32	0	0	1	8	2	0	1124	8	0
		उपलब्धि	7007	32	878	0	0	0	0	0	0	0	0	732	0	0
		कार्य प्रगति पर	2325	96	336	0	3	0	0	0	1	0	0	392	1	0
8.	उत्तराखंड	लक्ष्य	0	24	455	914	69	2	0	0	1	2	17	0	0	0
		उपलब्धि	0	0	100	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0
		कार्य प्रगति पर	0	0	124	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0
9.	महाराष्ट्र	लक्ष्य	11670	0	626	0	0	0	0	0	0	0	0	0	6	0
		उपलब्धि	3267	0	22	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0
		कार्य प्रगति पर	3482	0	374	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0
10.	कर्नाटक	लक्ष्य	4400	28	366	0	50	0	0	0	0	0	0	0	26	0
		उपलब्धि	2039	20	181	0	38	0	0	0	0	0	0	0	6	0
		कार्य प्रगति पर	1536	1	153	0	10	0	0	0	0	0	0	0	20	0
11.	अंडमान और निकोबार द्वीपसमूह	लक्ष्य	0	0	35	0	0	0	25	0	0	0	0	0	0	0
		उपलब्धि	0	0	4	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0
		कार्य प्रगति पर	0	0	3	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0
12.	ओडिशा	लक्ष्य	5740	15	151	0	11	0	0	0	2	0	64	0	0	0
		उपलब्धि	4392	1	133	0	11	0	0	0	0	0	12	0	0	0
		कार्य प्रगति पर	1348	14	18	0	0	0	0	0	0	0	52	0	0	0
13.	मेघालय	लक्ष्य	5000	0	81	1301	54	1	0	0	0	0	0	0	5	0
		उपलब्धि	2250	0	48	998	18	0	0	0	0	0	0	0	3	0
		कार्य प्रगति पर	585	0	33	105	6	1	0	0	0	0	0	0	2	0

1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12	13	14	15	16	17
14.	केरल	लक्ष्य	0	10	0	3	38	0	0	0	0	1	0	0	0	0
		उपलब्धि	0	8	0	0	26	0	0	0	0	0	0	0	0	0
		कार्य प्रगति पर	0	2	0	3	12	0	0	0	0	1	0	0	0	0
15.	मिजोरम	लक्ष्य	2758	35	224	24	54	17	0	0	2	0	0	0	9	0
		उपलब्धि	1302	9	71	0	14	13	0	0	0	0	0	0	0	0
		कार्य प्रगति पर	152	5	75	0	12	4	0	0	0	0	0	0	5	0
16.	जम्मू और कश्मीर	लक्ष्य	0	0	40	82	15	0	0	0	1	1	0	0	0	0
		उपलब्धि	0	0	2	21	10	0	0	0	0	0	0	0	0	0
		कार्य प्रगति पर	0	0	35	61	5	0	0	0	0	0	0	0	0	0
17.	दिल्ली	लक्ष्य	0	5	0	1	80	2	0	0	1	0	17	0	0	0
		उपलब्धि	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	10	0	0	0
		कार्य प्रगति पर	0	0	0	1	80	0	0	0	0	0	0	0	0	0
18.	मध्य प्रदेश	लक्ष्य	1000	0	200	0	0	0	0	0	0	0	0	0	4	0
		उपलब्धि	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0
		कार्य प्रगति पर	750	0	95	0	0	0	0	0	0	0	0	0	1	0
19.	सिक्किम	लक्ष्य	250	1	56	4	22	9	0	0	0	0	0	0	0	0
		उपलब्धि	0	0	28	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0
		कार्य प्रगति पर	250	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0
20.	अरुणाचल प्रदेश	लक्ष्य	5828	33	557	0	240	51	4	0	0	0	2	0	105	0
		उपलब्धि	2139	5	67	0	60	36	4	0	0	0	0	0	6	0
		कार्य प्रगति पर	1134	2	47	0	74	0	0	0	0	0	0	0	6	0
	योग	**लक्ष्य**	**301306**	**2541**	**27598**	**35976**	**13883**	**705**	**85**	**166**	**73**	**31**	**2317**	**30314**	**336**	4
		उपलब्धि	**149424**	**1158**	**12363**	**16892**	**5200**	**228**	**41**	**49**			**215**	**4724**	**22**	
		कार्य प्रगति पर	**51455**	**704**	**6082**	**1775**	**2968**	**338**		**41**	**14**	**12**	**120**	**3577**	**93**	

विवरण-III

अल्पसंख्यक बहुल जिलों के लिए बहु-क्षेत्रीय विकास कार्यक्रम-11वीं योजना के लिए अनुमोदन (2012-2013) (30.09.2012) वास्तविक प्रगति रिपोर्ट

क्र.सं	राज्य		सभी जिला योजनाओं के अंतर्गत स्वीकृत यूनिटों की संख्या													
			इंदिरा आवास योजना	कुल स्वास्थ्य	आंगनवाड़ी केन्द्र	हैंड पंप/पेयजल आपूर्ति	अतिरिक्त कक्षा-कक्ष	स्कूल भवन	शिक्षण सहायता	प्रयोगशाला उपकरण	आईटीआई भवन	पोली-टेक्नीक	उच्च स्कूल में शौचालय और पेयजल	सौर लालटेन/सौर प्रकाश	छात्रावास	विविध
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12	13	14	15	16	17
1.	उत्तर प्रदेश	लक्ष्य														
		उपलब्धि														
		कार्य प्रगति पर														
2.	पश्चिम बंगाल	लक्ष्य			106	3909	206				6	6	30		50	
		उपलब्धि														
		कार्य प्रगति पर														
3.	असम	लक्ष्य				901	9								2	
		उपलब्धि														
		कार्य प्रगति पर														
4.	बिहार	लक्ष्य														
		उपलब्धि														
		कार्य प्रगति पर														
5.	मणिपुर	लक्ष्य														
		उपलब्धि														
		कार्य प्रगति पर														
6.	हरियाणा	लक्ष्य														
		उपलब्धि														
		कार्य प्रगति पर														
7.	झारखंड	लक्ष्य														
		उपलब्धि														
		कार्य प्रगति पर														

1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12	13	14	15	16	17
8.	उत्तराखंड	लक्ष्य														
		उपलब्धि														
		कार्य प्रगति पर														
9.	महाराष्ट्र	लक्ष्य														
		उपलब्धि														
		कार्य प्रगति पर														
10.	कर्नाटक	लक्ष्य														
		उपलब्धि														
		कार्य प्रगति पर														
11.	अंडमान और निकोबार द्वीपसमूह	लक्ष्य														
		उपलब्धि														
		कार्य प्रगति पर														
12.	ओडिशा	लक्ष्य	3000				30									
		उपलब्धि														
		कार्य प्रगति पर														
13.	मेघालय	लक्ष्य														
		उपलब्धि														
		कार्य प्रगति पर														
14.	केरल	लक्ष्य		1												
		उपलब्धि														
		कार्य प्रगति पर														
15.	मिजोरम	लक्ष्य														
		उपलब्धि														
		कार्य प्रगति पर														
16.	जम्मू और कश्मीर	लक्ष्य														
		उपलब्धि														
		कार्य प्रगति पर														

1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12	13	14	15	16	17
17.	दिल्ली	लक्ष्य														
		उपलब्धि														
		कार्य प्रगति पर														
18.	मध्य प्रदेश	लक्ष्य														
		उपलब्धि														
		कार्य प्रगति पर														
19.	सिक्किम	लक्ष्य														
		उपलब्धि														
		कार्य प्रगति पर														
20.	अरुणाचल प्रदेश	लक्ष्य														
		उपलब्धि														
		कार्य प्रगति पर														
	योग	**लक्ष्य**	3000	1	106	4810	245	0	0	0	6	6	30	0	52	0
		उपलब्धि														
		कार्य प्रगति पर														

[हिन्दी]

एनटीपीसी द्वारा राज्यों को रॉयल्टी

220. **श्री बलीराम जाधवः** क्या **विद्युत मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या राष्ट्रीय ताप विद्युत निगम (एनटीपीसी) लिमिटेड उन राज्यों को रॉयल्टी प्रदान करती है जहां विद्युत परियोजनाएं पहले से ही स्थापित हैं; और

(ख) यदि हां, तो उत्तर प्रदेश सहित एनटीपीसी द्वारा पिछले तीन वर्षों और चालू वर्ष के दौरान राज्यों को प्रदान की गई रॉयल्टी का राज्य-वार ब्यौरा क्या है?

विद्युत मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री ज्योतिरादित्य माधवराव सिंधिया): (क) एनटीपीसी लिमिटेड उन राज्यों को रॉयल्टी का भुगतान नहीं करती है जहां पर इसकी विद्युत परियोजनाएं स्थित होती हैं।

(ख) उपर्युक्त (क) के उत्तर को देखते हुए प्रश्न नहीं उठता।

[अनुवाद]

ग्रामीण विकास कार्यक्रमों के लिए फ्लेक्सी फंड

221. **श्री ए. गणेशमूर्तिः** क्या **ग्रामीण विकास मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार का विचार राज्यों द्वारा अपनी आवश्यकताओं के अनुसार डिजाइन किए गए ग्रामीण विकास कार्यक्रमों हेतु फ्लेक्सी फंड रखने का है;

(ख) यदि हां, तो उक्त प्रयोजनार्थ कितनी धनराशि आबंटित की गई है;

(ग) इस कोष का सृजन किस प्रयोजन के लिए किया गया है;

(घ) क्या इस कोष में केन्द्र सरकार तथा राज्यों के मध्य 70:30 प्रतिशत का अंश होगा; और

(ङ) यदि हां, तो इसका संचालन कब तक शुरू होगा?

ग्रामीण विकास मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री प्रदीप जैन): (क) से (ङ) राष्ट्रीय विकास परिषद (एनडीसी) ने ग्रामीण विकास

कार्यक्रमों के लिए फ्लेक्सी फंड हेतु आबंटन की मात्रा तथा ब्यौरे सहित 12वीं पंचवर्षीय योजना को अंतिम रूप नहीं दिया है।

[हिन्दी]

रेलगाड़ियों तथा स्टेशनों में खानपान

222. **श्री राम किशुन:**
श्री एस. सेम्मलई:
श्रीमती प्रिया दत्त:
श्री पन्ना लाल पुनिया:
श्री एस. पक्कीरप्पा:

क्या **रेल मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) पिछले एक वर्ष के दौरान बासी/खराब भोजन परोसने तथा खान-पान सेवा में अन्य कमियों के बारे में जोन-वार कुल कितनी शिकायतें प्राप्त हुईं;

(ख) क्या नई खान-पान नीति के कार्यान्वयन के बावजूद रेलगाड़ियों तथा स्टेशनों में खाद्य तथा सेवाओं की गुणवत्ता में मामूली सुधार ही हुआ है;

(ग) यदि हां, तो उन ठेकेदारों के नाम सहित, जिनके ठेके इसके परिणामस्वरूप समाप्त कर दिए, रेलवे द्वारा की-गई-कार्रवाई का ब्यौरा क्या है; और

(घ) रेलवे द्वारा सभी रेलगाड़ियों तथा रेलवे स्टेशनों पर खाद्य-पदार्थों/भोजन मदों तथा अन्य सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार लाने के लिए क्या अन्य कदम उठाए गए या उठाए जा रहे हैं?

रेल मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अधीर चौधरी): (क) और (ग) पिछले एक वर्ष के दौरान बासी/घटिया गुणवत्ता वाले भोजन परोसने तथा खान-पान सेवाओं में अन्य कमियों के संबंध में प्राप्त शिकायतों और उन पर की-गई-कार्रवाई का जोन-वार ब्यौरा संलग्न विवरण में दिया गया है।

(ख) जी नहीं। खान-पान सुविधाओं में सुधार लाना एक सतत् प्रक्रिया है। नई खान-पान नीति, 2010 के लागू होने के बाद शिकायतों की संख्या में कमी आई है।

(घ) एक नई खान-पान नीति 2010, शुरू की गई है, जिसमें सभी समावेशी दृष्टिकोण हैं ताकि सामाजिक उत्तरदायित्व आधार पर निचले तबकों के यात्रियों से अपेक्षाकृत धनाढ्य यात्रियों के लिए खान-पान सुविधाएं मुहैया कराई जाती हैं। इस नीति में किफायती मूल्य पर अच्छी गुणवत्ता वाले और स्वास्थ्यकर भोजन की व्यवस्था पर जोर दिया गया है। स्टैंडर्ड भोजन, नाश्ता, चाय/कॉफी आदि जैसी भोजन की मदों के लिए रेल मंत्रालय द्वारा एकसमान दर-सूची अधिसूचित की गई है। जनता मील और कम लागत वाले किफायती क्षेत्रीय भोजन की बिक्री के लिए जन-आहार आऊटलेट खोले गए हैं। समिति द्वारा सुझाई गई एकसमान मेन्यू और व्यंजन सूची की दर को लागू करने के लिए ज़ोनल रेलों को सलाह दी गई है। बहुत वरिष्ठ अधिकारियों सहित रेलवे कर्मियों की तैनाती करके जोनल रेलों द्वारा संस्थागत तंत्र के जरिए पर्यवेक्षण एवं निगरानी को सुदृढ़ बनाया गया है जो खाने की गुणवत्ता और स्वास्थ्यप्रदता की जांच करते हैं तथा नियमित, औचक एवं आवधिक निरीक्षणों के जरिए समयबद्ध आधार पर निवारक कार्रवाई करते हैं।

विवरण

(क) और (ग) नवंबर 2011 से अक्तूबर 2012 के दौरान की-गई-कार्रवाई सहित खान-पान सेवाओं से संबंधित शिकायतों का ज़ोनल रेलवे-वार ब्यौरा

ज़ोनल रेलवे	खान-पान सेवाओं से संबंधित शिकायतें	नवंबर 2011 से अक्तूबर 2012 के दौरान शिकायतों की संख्या	जुर्माना लगाया गया	चेतावनी दी गई	टर्मिनेशन	उपयुक्त सलाह दे दी गई	सिद्ध नहीं हुए	डी एंड एआर कार्रवाई	अन्य कोई	लंबित	कुल
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12
मध्य	बासी/घटिया गुणवत्ता वाला भोजन	39	5	8	0	16	1	0	0	9	39
	अन्य	177	22	26	0	84	9	0	0	36	177

1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12
पूर्व मध्य	बासी/घटिया गुणवत्ता वाला भोजन	49	4	0	0	41	0	0	0	4	49
	अन्य	42	15	2	3*	13	0	0	2	7	42
पूर्व तट	बासी/घटिया गुणवत्ता वाला भोजन	31	21	7	0	1	0	0	2	0	31
	अन्य	60	33	14	0	6	0	0	7	0	60
पूर्व	बासी/घटिया गुणवत्ता वाला भोजन	33	11	3	0	19	0	0	0	0	33
	अन्य	27	12	6	0	9	0	0	0	0	27
उत्तर मध्य	बासी/घटिया गुणवत्ता वाला भोजन	6	4	0	0	0	1	0	1	0	6
	अन्य	20	11	0	0	0	1	1	7	0	20
पूर्वोत्तर	बासी/घटिया गुणवत्ता वाला भोजन	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0
	अन्य	15	7	2	0	0	2	0	4	0	15
पूर्वोत्तर सीमा	बासी/घटिया गुणवत्ता वाला भोजन	6	2	0	0	0	0	0	3	1	6
	अन्य	26	12	8	0	0	0	0	3	3	26
उत्तर	बासी/घटिया गुणवत्ता वाला भोजन	432	133	223	0	49	3	0	3	21	432
	अन्य	267	97	102	0	39	11	1	3	14	267
उत्तर पश्चिम	बासी/घटिया गुणवत्ता वाला भोजन	2	0	0	0	0	1	0	1	0	2
	अन्य	26	11	0	0	0	5	0	9	1	26

1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12
दक्षिण मध्य	बासी/घटिया गुणवत्ता वाला भोजन	10	6	1	0	0	0	1	0	2	10
	अन्य	34	22	2	0	3	2	0	5	0	34
दक्षिण पूर्व मध्य	बासी/घटिया गुणवत्ता वाला भोजन	4	3	0	0	1	0	0	0	0	4
	अन्य	17	1	3	0	2	0	0	11	0	17
दक्षिण पूर्व	बासी/घटिया गुणवत्ता वाला भोजन	89	39	15	0	10	4	7	8	6	89
	अन्य	106	24	24	0	7	25	0	22	4	106
दक्षिण	बासी/घटिया गुणवत्ता वाला भोजन	56	21	12	0	13	0	0	3	7	56
	अन्य	56	15	4	0	18	2	0	1	16	56
दक्षिण पश्चिम	बासी/घटिया गुणवत्ता वाला भोजन	21	3	15	0	3	0	0	0	0	21
	अन्य	36	15	13	0	8	0	0	0	0	36
पश्चिम मध्य	बासी/घटिया गुणवत्ता वाला भोजन	13	3	2	0	8	0	0	0	0	13
	अन्य	45	19	11	0	10	5	0	0	0	45
पश्चिम	बासी/घटिया गुणवत्ता वाला भोजन	68	11	24	0	16	2	0	15	0	68
	अन्य	80	20	20	0	12	2	0	26	0	80
भारतीय रेल खान-पान एवं पर्यटन लिमिटेड (आईआरसीटीसी)	बासी/घटिया गुणवत्ता वाला भोजन	792	228	220	0	172	51	41	76	4	792
	अन्य	768	79	204	0	154	157	45	121	8	768

1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12
कुल जोड़	बासी/घटिया गुणवत्ता वाला भोजन	1651	494	530	0	349	63	49	112	54	1651
	अन्य	1802	415	441	3	365	221	47	221	89	1802
	कुल	3453	909	971	3	714	284	96	333	143	3453

*पूर्व मध्य रेलवे के मुगलसराय मंडल के अधीन गया रेलवे स्टेशन पर मैसर्स पी.आर. कुमार के दो खान-पान/वेंडिंग स्टॉल और मैसर्स बी. नेचुरल फूड (प्रा.) लिमिटेड की एक ऑटोमेटिक वेंडिंग मशीन को टर्मिनेट कर दिया गया है।

[अनुवाद]

उर्वरक राजसहायता जारी करने में संशोधन

223. **श्री किसनभाई वी. पटेल:**
श्री प्रदीप माझी:
श्रीमती श्रुति चौधरी:

क्या **रसायन और उर्वरक मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार का विचार उर्वरक राजसहायता जारी करने की प्रक्रिया में संशोधन करने और देश में उर्वरकों और सचल उर्वरक निगरानी प्रणाली शुरू करने का है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) इसकी प्रमुख विशेषताएं क्या हैं;

(घ) क्या सरकार ने नए उपबंधों को अंतिम रूप देने से पहले विभिन्न पणधारकों के साथ परामर्श किया है;

(ङ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(च) देश में नई प्रक्रिया तथा प्रणाली से किसानों के किस सीमा तक लाभान्वित होने की संभावना है?

सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय के राज्य मंत्री तथा रसायन और उर्वरक मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री श्रीकांत जेना): (क) से (ग) जी हां। सरकार ने उर्वरक राजसहायता जारी करने की प्रक्रिया में संशोधन किया है और एम-उर्वरक निगरानी प्रणाली (एम-एफएमएस) शुरू की है। राजसहायता के चरणबद्ध प्रत्यक्ष अंतरण की यह आईसीटी युक्त परियोजना इस समय एम-एफएमएस चरण-I समेकन स्तर पर है जहां सभी खुदरा विक्रेता उर्वरकों की प्राप्ति की सूचना दे रहे हैं। लगभग 1.93 लाख डीलर एम-एफएमएस में पंजीकृत हैं। दिनांक 1 नवंबर, 2012 से उर्वरक राजसहायता का एक भाग (5-15%) कंपनियों को उर्वरक की प्राप्ति की खुदरा रसीद के आधार पर ही जारी किया जा रहा है। इससे किसानों को अंतिम बिक्री बिन्दु पर उर्वरकों की उपलब्धता की सूचना सुनिश्चित होगी।

विभाग परियोजना के अगले चरण (चरण-IIIक) पर भी कार्य कर रहा है, जिसमें उर्वरक खरीददार की पहचान आधार संख्या और किसान क्रेडिट कार्ड अथवा कोर बैंकिंग खाता के जरिये की जाएगी। खुदरा विक्रेता से अलग-अलग किसानों को उर्वरक की ब्रिक्री के बारे में एम-एफएमएस प्रणाली में सूचना देने की अपेक्षा है और वे इसका ब्यौरा एकत्र करेंगे जिसके लिए प्रणाली में रिपोर्ट करने हेतु एक ब्रिक्री बिन्दु (पीओएस) यंत्र अथवा इंटरनेट का प्रयोग किया जाएगा।

इसके अलावा, एम-एफएमएस प्रणाली में उर्वरकों की प्राप्ति की रसीद हेतु खुदरा विक्रेता को प्रोत्साहित करने के लिए उर्वरकों के डीलर मार्जिन में 50 रुपये प्रति मी. टन (2.50 रुपए प्रति 50 कि.ग्रा. बैग) वृद्धि करने का निर्णय लिया गया है। इसे उर्वरकों के सभी ग्रेडों की एमआरपी 50 रुपए प्रति मी. टन (2.50 रुपए प्रति 50 कि.ग्रा. बैग) की वृद्धि करके फलीभूत किया जा रहा है। इसका भुगतान केवल उन खुदरा विक्रेताओं को किया जाएगा जो एम-एफएमएस में उर्वरकों की प्राप्ति की रसीद देंगे।

विभाग ने किसानों को की गयी बिक्री की सूचना उपलब्धता के अगले चरण के लिए प्रारम्भिक योजना के कार्यान्वयन हेतु

10 राज्यों के 11 जिलों की पहचान भी की है जिनमें (I) नवांशहर, पंजाब (II) पूर्वी गोदावरी, आंध्र प्रदेश (III) तुमकुर, कर्नाटक (IV) मैसूर, कर्नाटक (V) सोनीपत, हरियाणा (VI) विलासपुर, हिमाचल प्रदेश (VII) वर्धा, महाराष्ट्र (VIII) ढलाई, त्रिपुरा (IX) होशंगाबाद, मध्य प्रदेश (X) अजमेर, राजस्थान, और (XI) मदुरै, तमिलनाडु शामिल हैं।

(घ) और (ङ) जी हां, नए प्रावधान तैयार करने से पहले अंतर-मंत्रालयी परामर्श किए गए थे और उर्वरक उद्योग तथा राज्य सरकारों से भी परामर्श किया गया था।

(च) ऊपर उल्लिखित प्रक्रिया से किसानों को अंतिम बिक्री बिन्दु पर उर्वरकों की उपलब्धता सुनिश्चित होगी। किसानों द्वारा mfms.nic.in पर नजदीकी खुदरा विक्रेताओं द्वारा प्राप्त स्टाक को देखा जा सकता है।

एमएसएमई में निवेशक

224. **श्री गजानन ध. बाबर:** क्या **सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) बारहवीं पंचवर्षीय योजना हेतु सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम (एमएसएमई) के लिए लक्षित विकास दर क्या है;

(ख) क्या सरकार का विचार लक्षित विकास दर अर्जित करने के लिए निवेशकों को छूट प्रोत्साहन प्रदान करने का है;

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(घ) इसके लिए क्या योजना बनाई गई तथा सरकार द्वारा इस दिशा में क्या कदम उठाए गए हैं?

सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री के.एच. मुनियप्पा): (क) सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्यम (एमएमएमई) के कार्यकलाप की प्रकृति में काफी विविधता है और ये अर्थव्यवस्था के गैर-कृषि क्षेत्र में कार्य करते हैं। 12वीं पंचवर्षीय योजना के दौरान एमएसएमई के लिए लक्षित विकास दर राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था की विकास दर के बराबर होने की संभावना है क्योंकि ये उद्यम देश की अर्थव्यवस्था और उद्योग को प्रभावित करने वाले बड़े आर्थिक कारकों पर निर्भर हैं। राष्ट्रीय विनिर्माण नीति में देश में विनिर्माण का हिस्सा वर्ष 2022 तक सकल घरेलू उत्पाद के वर्तमान 16 प्रतिशत से बढ़ाकर 25 प्रतिशत करने की कल्पना की गई है।

(ख) से (घ) सरकार ने देश में एमएसएमई क्षेत्र के विकास और संवर्धन को सुकर बनाने के लिए अनेक नीतियां, कार्यक्रम और योजनाएं तैयार की हैं। केंद्रीय बजट 2012-13 में आवासीय संपत्ति की बिक्री पर पूंजीगत लाभ कर से छूट दी गई है, यदि बिक्री से प्राप्त राशि का उपयोग नए प्लांट और मशीनरी की खरीद के लिए किया जाता है। केवल 9 विनिर्दिष्ट क्षेत्र में वेंचर कैपिटल फंड के निवेश पर सीमा समाप्त कर दी गई है। सार्वजनिक खादी नीति के कार्यान्वयन के जरिए एक और महत्वपूर्ण प्रोत्साहन सूक्ष्मय और लघु उद्यम आदेश, 2012 है। अन्य प्रमुख योजनाओं में क्रेडिट गारंटी स्कीम, क्रेडिट लिंक्ड कैपिटल सब्सिडी स्कीम, कलस्टर विकास कार्यक्रम, राष्ट्रीय विनिर्माण प्रतिस्पर्धात्मकता कार्यक्रम, प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम, उद्यमिता एवं कौशल विकास कार्यक्रम तथा कार्य निष्पादन एवं क्रेडिट रेटिंग स्कीम शामिल हैं जिनसे इस क्षेत्र के विकास में मदद मिलती है।

विद्युत क्षेत्र में अनुसंधान तथा विकास

225. **श्री प्रदीप मांझी:**
श्री किसनभाई वी. पटेल:
श्री रायापति सांबासिवा राव:

क्या **विद्युत मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या ग्यारहवीं पंचवर्षीय योजना तथा बारहवीं पंचवर्षीय योजना के दौरान विद्युत क्षेत्र में अनुसंधान तथा विकास (आरएंडडी) तथा नवोन्मेषी कार्य की प्रगति अभी तक बहुत धीमी है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इसके क्या कारण हैं;

(ग) क्या सरकार का विचार देश में विद्युत संबंधी अनुसंधान योजना तथा आरएंडडी के लिए राष्ट्रीय संदर्शी योजना के माध्यम से आरएंडडी को प्रोत्साहित करने का है;

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और पिछले तीन वर्षों में से प्रत्येक वर्ष के दौरान तथा वर्तमान वर्ष में इन योजनाओं के अंतर्गत नई प्रौद्योगिकियों को अंगीकार करने के लिए कितनी सहायता प्रदान की गई;

(ङ) क्या केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण तथा केंद्रीय विद्युत अनुसंधान संस्थान ने हाल ही में आरएंडडी सम्मेलन, 2012 का आयोजन किया था; और

(च) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और उक्त सम्मेलन के क्या परिणाम निकले और उक्त सम्मेलन द्वारा विद्युत क्षेत्र किस सीमा तक लाभान्वित हुआ?

विद्युत मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री ज्योतिरादित्य माधवराव सिंधिया): (क) 11वीं पंचवर्षीय योजना के दौरान आरएसओपी और एनपीपी के अंतर्ग अनुसंधान परियोजनाओं की प्रगति संतोषजनक रही है। 12वीं योजना के अंतर्गत आरएंडडी प्रस्ताव आमंत्रित करते समय प्रेस विज्ञापन के लिए काफी अच्छी प्रतिक्रिया प्राप्त की गई है। प्रस्तावों के स्क्रीनिंग की प्रारंभिक प्रक्रिया चल रही है।

(ख) 11वीं योजना में आरएसओपी मंजूर परियोजनाओं में से, 28 परियोजनाएं पूरी की जा चुकी हैं और 28 परियोजनाएं प्रगति पर हैं। आरएसओपी के अंतर्गत परियोजनाओं का कार्यान्वयन परिषद सदस्यों के फैकल्टी सदस्यों द्वारा किया जा रहा है और इन्हं इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, मुम्बई, चेन्नई, कानपुर, गुवाहाटी आदि से वरिष्ठ फैकल्टियों द्वारा पर्याप्त रूप से समर्थन दिया जाता है। इंडियन इस्टीट्यूट ऑफ साइंस, बैंगलोर तथा नैशनल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी के वरिष्ठ वैज्ञानिकों तथा फैक्ल्टी सदस्यों ने आरएसओपी स्कीम के अंतर्गत सीपीआरआई के साथ कार्य करने में काफी रूचि दर्शायी है। इस स्कीम से भारत में कई इंजीनियरिंग कॉलेजों को भी लाभ पहुंचा है। यूटिलिटियों की ओर से तमिलनाडु विद्युत बोर्ड (टीएनईबी), पंजाब राज्य विद्युत बोर्ड (पीएसईबी) कर्नाटक पावर ट्रांसमिशन कॉरपोरेशन लिमिटेड (केपीटीसीएल), केरल विद्युत बोर्ड (केईबी) तथा अन्य की ओर से भागीदारी है। इसके अतिरिक्त, आरएसओपी स्कीम ने आईआईटी, दिल्ली द्वारा मूल्यांकित किए जा रहे नए उत्पाद को प्राप्त करने के लिए उत्तर प्रदेश के नवप्रवर्तकों को मदद दी है। आईआईटीडी से तकनीकी रिपोर्ट ने उपस्कर का व्यापक अध्ययन किया है और विद्युत के उत्पादन हेतु दक्षता को सुधारने के लिए उपाय भी सुझाए हैं। इसी प्रकार टीएनईबी ने वितरण के क्षेत्र में महत्वपूर्ण प्रयास किए हैं और वितरण ट्रांसफार्मरों में कुछ धारणाओं की व्यवहार्यता के लिए अध्ययन किया गया था। उन्होंने ऑनलाइन की स्थिति निगरानी, ट्रांसफार्मर ऑयल के अध्ययन तथा सब-स्टेशन बैटरी पर अध्ययन में महत्वपूर्ण कार्य किया है। स्कीम ने नवीकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में कई नई परियोजनाओं को समर्थन भी दिया है और एनआईटी सूरतकल; कर्नाटक ने स्थानीय ग्रिड में सौर/पवन एकीकरण में महत्वपूर्ण कार्य किया है।

आरएंडडी, एनपीपी के अंतर्गत 11 परियोजनाएं शुरू की गई थीं। इन 11 परियोजनाओं में से, 4 परियोजनाएं सफलतापूर्वक पूरी की जा चुकी हैं। स्टेटिक मुआवजे (एसटीएटीसीओएम) पर दो परियोजनाएं, भिलाई स्टील संयंत्र पर एक और आईटी पार्क, तिरूवनंतपुरम पर एक क्षेत्रीय विचार चल रहा है। उच्च तापमान सुपर कंडक्टीविटी (एचटीएस) आधारित ट्रांसफार्मर पर परियोजना पहली बार शुरू की गई थी और देसी डिजाइन, विकास एवं प्रदर्शन के आधार पर सफलतापूर्वक पूरी की गई थी। क्षेत्रीय विचारण की योजना बनाई जा रही है।

इस प्रकार से तीन देसी तकनीकें विकसित की गई हैं और उन्होंने भारतीय उद्योग को लाभ पहुंचाया है।

(ग) और (घ) काफी अधिक विख्यात आरएसओपी और एनपीपी स्कीमों के माध्यम से विद्युत क्षेत्र में आरएंडडी को प्रोत्साहित करने की आवश्यकता है। इसे जारी रखने के लिए एमएफसी प्रस्ताव तैयार किए गए हैं। एनपीपी परियोजनाओं को दी गई सहायता का ब्यौरा संलग्न विवरण-I में दिया गया है। पूर किए गए आरएसओपी और चालू आरएंडडी परियोजनाओं का ब्यौरा क्रमशः संलग्न विवरण-II और संलग्न विवरण-III में सूचीबद्ध है। ये तालिकाएं इन संस्थानों/संगठनों को दिए गए वितरण का ब्यौरा दर्शाती हैं।

(ङ) और (च) आरएंडडी सम्मेलन (कनक्लेव), 2012 का आयोजन आरएसओपी और एनपीपी स्कीमों के अंतर्गत विद्युत मंत्रालय के आरएंडडी प्रयासों को दर्शाने के लिए 19 और 20 अक्तूबर को किया गया था। इसमें विशेषज्ञों, पीसएसयू के अधिकारियों, उत्पादकों, यूटिलिटियों और बेसिक वर्ग द्वारा उचित रूप से भाग लिया गया था। आरएंडडी वित्तपोषण, जनशक्ति मांगों, प्रशिक्षण, सफल आरएंडडी के लिए नेटवर्किंग तथा सहयोग सहित बहुत से मामलों पर चर्चा की गई थी। सामान्य जागरुकता प्राप्त की गई थी और भारतीय विद्युत क्षेत्र के आरएंडडी में अवसरों और चुनौतियों के बारे में संदेश दिया गया था। विशेषज्ञों द्वारा एक सुदृढ़ उद्योग यूटिलिटि-शैक्षिक वर्ग-अनुसंधान संस्थान के सहयोग की आवश्यकता पर भी प्रकाश डाला गया था। विद्युत क्षेत्र आरएंडडी के प्रत्येक क्षेत्र अर्थात्-उत्पादन, पारेषण, वितरण, वितरित उत्पादन, पर्यावरण एवं अन्य प्रयोग के लिए अपेक्षित आरएंडडी की व्यापक समीक्षा प्रस्तुत की गई थी तथा इस पर चर्चा की गई थी। बेहतर आरएंडडी निवेश प्राप्त करने और इन मुख्य क्षेत्रों में नवीनता को प्रोत्साहित करने के लिए स्वतंत्र रूप से ब्रेनस्टॉर्म करने और सड़क मानचित्र तैयार करने के लिए व्यक्तिगत ''सेमीनार'' आयोजित करने की योजना बनाई गई थी।

विवरण-I

एनपीपी के अंतर्गत आरएंडडी परियोजनाओं की सूची-तालिका-1

मुख्य क्षेत्र	क्र.सं.	परियोजना का शीर्षक तथा कार्यान्वयन करने वाला संगठन	परियोजना कुल परिव्यय (लाख रुपये में)
1	2	3	4
हाइड्रो	1.	हाइड्रो टरबाइन घटकों के लिए फिजिकल वेयर डिपोजिशन द्वारा सिल्ट क्षरण प्रतिरोधी नैनो-कम्पोसिट कोस्टिंग का विकास आईआईटी-रूड़की	कुल परिव्यय: 163.013 लाख रुपए विद्युत मंत्रालय के द्वारा
	2.	उच्च हाइड्रोस्टेटिक दबाव के अंतर्गत जल अधिभारित जोन में सुरंग खोदना एनएचपीसी, फरीदाबाद	कुल परिव्यय: 109.03 लाख रुपये
	3.	हाइड्रो जेनरेटरों के टरबाइनों के लिए गाद इरोजन विरोधी सामग्री का विकास, डॉ. एन. परीदा एनएमएल, जमशेदपुर-0657-23455289	एनएचपीसी 100.00 रुपये एसजेवीएनएल 50.00 रुपये विद्युत मंत्रालय 149.79 रुपये कुल 299.79
वितरण	4.	प्रक्रिया उद्योग के लिए डीबीआर आधारित वोल्टेज स्रोत स्टेबिलाइजर का विकास-सीडीएसी वरिष्ठ निदेशक, सी-डेक श्री ए.के. उन्नी कृष्णन एसोसिएट निदेशक 0471-2723333	कुल परिव्यय: 81.90 लाख रुपए (विद्युत मंत्रालय के द्वारा पूर्ण रूप से सहयोग
	5.	एचटीएस फाल्ट करंट लिमिटर क्राम्टन ग्रीव्स, मुंबई का प्रारूप एवं विकास, मुंबई डॉ. जे.जे. पटेल, उपाध्यक्ष श्री संदीप कुलकर्णी, तकनीक प्रबंधक	कुल परिव्यय: 306.39 लाख रुपए (विद्युत मंत्रालय का 50 प्रतिशत सहयोग यानि 153 लाख रुपये)
	6.	कस्टम पावर डिवाइसेस (स्टेटकाम) के लिए तकनीक विकसित करने का राष्ट्रीय प्रयास श्री ए.के. उन्नी कृष्णन 0471-2723333	सीडीएसी: 125.0 लाख रुपये विद्युत मंत्रालय: 125.0 लाख रुपये
	7.	सुपर कंडक्टिंग ट्रांसफार्मर का विकास श्री ए.के. कुमथेकर, ईएमसीओ, मुंबई	विद्युत मंत्रालय 100.0 रुपये ईएमसीओ 100.0 रुपये
	8.	कस्टम पावर डिवाइसेस (स्टेटकाम) के लिए तकनीक विकसित करने का राष्ट्रीय प्रयास डॉ. उमाकांत चौधरी, महाप्रबंधक (आरएंडडी); भेल, हैदराबाद	भेल 192.5 रुपये विद्युत मंत्रालय 192.5 रुपये
पारेषण	9.	ट्रांसफार्मर ईंधन की गुणवत्ता में सुधारों के माध्यम से पावर और कंवर्टर ट्रांसफार्मरों की विश्वनीयता, सुरक्षा तथा दीर्घावधि निष्पादन में सुधार-सीपीआरआई	कुल परिव्यय: 90.0 लाख (विद्युत मंत्रालय द्वारा पूर्ण रूप से सहयोग)

1	2	3	4
	10.	132 केवी प्रणाली में उपयोग के लिए 132 केवी ऑपटिकल वर्तमान ट्रांसफार्मर के प्रोटोटाइप का विकास करना परियोजना कार्यान्वयन संगठन-ईआरडीए	पावरग्रिड 19 लाख
	11.	पवन विद्युत के व्यापक प्रवेश वाली विद्युत प्रणाली के स्थायित्व एवं विश्वसनीयता पर अध्ययन-सीपीआरआई परियोजना लीडर: श्रीमती के.एस. मीरा जेडी (पीएसडी) 080-23604465 (तीन वर्ष)	कुल परिव्यय: 174.484 लाख (विद्युत मंत्रालय के द्वारा 102.0 लाख रुपये का सहयोग)

विवरण-II

आरएसओपी परियोजना पूर्ण

1.	पीसीबी स्टेक पर प्रदत इलेक्ट्रॉनिक पैकेजों की कन्वेक्टिव कूलिंग का सीएफडी और व्यवहारिक अध्ययन	आईआईएससी, बंगलौर	11.52
2.	क्षेत्रीय (ढांचागत एवं थर्मल) विश्लेषण हेतु विशेषज्ञ प्रणाली और तीव्रगति वाले स्टीम टरबाइन रोटर शिंक किट असेम्बली का ईष्टतम प्रारूप का विकास	बीआईटी, बंगलौर	7.58
3.	ट्रांसफार्मर बुशिंग की आनलाइन स्थिति निगरानी पर अध्ययन	टीएनईबी	10.00
4.	ट्रांसफार्मर ईंधन में फरानिक मिश्रण पर अध्ययन	टीएनईबी	27.00
5.	एस/एस बैटरी की असफलता के कारण और विकसित होती स्थिति निगरानी तकनीक पर अध्ययन	टीएनईबी	6.00
6.	एन्टोडोट तकनीक/इनहीबिटरों आदि के प्रयोग द्वारा भूमिगत मैट के प्रभावी जीवन को निर्धारित करना	पीएसईबी	10.95
7.	परंपरागत ब्रुशलोज के समान संस्थापित की जाने वाली प्रोटोटाइप इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस की व्यवहार्यता एवं निष्पादन को निर्धारित करना ताकि ट्रांसफार्मरों की सुरक्षा प्रणाली को अधिक प्रभावी और विश्वसनीय बनाया जा सके।	पीएसईबी	10.00
8.	तापीय रूप से पुराने ट्रांसफार्मर ईंधन के प्रयोग के लिए फ्लोरेसेंट तकनीक का प्रयोग करते हुए ट्रांसफार्मर सिगनेचर यूएचएफ सेंसर तथा कुछ नए विचारों की स्थिति निगरानी	आईआईटी, मद्रास	25.00
9.	विद्युत क्षेत्र विशेषज्ञों के अखिल भारतीय कंप्यूटरीकृत डाटाबेस का सृजन	सीपीआरआई	19.37
10.	वैद्युतिक रूप से घूमने वाली मशीनों में प्रयोग के लिए शाफ्टिंग स्टील रोटेटिंग बेन्डिंग फैटींग जीवन विशेषताएं	इरेडा	20.00
11.	एसी डालेक्ट्रिक तथा क्षमता जांच द्वारा आफलाइन द्वारा कर्नाटक ग्रिड में विद्युत ट्रांसफार्मर की स्थिति निगरानी	केपीटीसीएल	25.00

12.	5 केवीए, उचरण, 4वी इंवर्टर रेल के डिब्बों के लिए प्रारूप एवं विकार	एमवीआईटी, बंगलौर	8.00
13.	सक्रिय/ऊर्जा सक्रिय फिल्टरों का प्रयोग करते हुए विद्युत गुणवत्ता सुधार	बीएचयू, बनारस	29.33
14.	वितरण ट्रांसफार्मर ईंधन में पुन:दावा ईंधन तथा विद्युत ट्रांसफार्मर में पुन:दावा ईंधन के निष्पादन पर अध्ययन।	टीएनईबी	3.00
15.	ट्रांसफार्मर ईंधन में फूगनिक मिश्रण पर अध्ययन।	टीएनईबी	27.00
16.	11केवी/433 केवी नेटवर्क-1 चरण में मिजट ट्रांसफार्मरों पर व्यवहार्य अध्ययन।	टीएनईबी	2.50
17.	ऊर्जा नियंत्रण केन्द्रों के प्रबंधन हेतु उपयुक्त एगलीरिंग का विकास।	दयानंद सागर कॉलेज ऑफ इंजीनीरिंग, बंगलोर	9.50
18.	विद्युत उत्पादन हेतु नए उपस्कर का निष्पादन मूल्यांकन।	आईआईटी, दिल्ली	0.85
19.	पीसीवी स्टेक पर बढ़ाए गए इलेक्ट्रॉनिक पैकेजों की कन्वेक्टिव कूलिंग का सीएफडी और व्यवहारिक अध्ययन।	आईआईएससी, बंगलौर	11.52
20.	सक्रिय/अर्ध-सक्रिय फिल्टरों का प्रयोग करते हुए विद्युत गुणवत्ता सुधार।	बीएचयू, बनारस	29.33
21.	वितरण ट्रांसफार्मर ईंधन में पुनर्दवा ईंधन तथा विद्युत ट्रांसफार्मर में पुनर्दवा ईंधन के निष्पादन पर अध्ययन।	टीएनईबी	3.00
22.	कुल मीटरिंग समाधान।	मै. सेंचूरी कंट्रोल्स	35.00
23.	क्षेत्रीय (ढ़ांचागत एवं थर्मल) विश्लेषण के लिए विशेषज्ञ प्रणाली तथा उच्च गति वाले स्टीम टरबाइन रोटर शिल्ट फिट असेम्बली का विकास।	आईआईटी, बंगलौर	7.58
24.	ट्रांसफार्मर बुशिंग की आनलाइन स्थिति निगरानी पर अध्ययन।	टीएनईबी	10.00
25.	ट्रांसफार्मर ईंधन में फूरानिक मिश्रण पर अध्ययन।	टीएनईबी	27.00
26.	एस/एस बैटरी की असफलता तथा स्थिति निगरानी तकनीक के विकसित होने के कारण पर अध्ययन	टीएनईबी	6.00
27.	परंपरागत बुशन रिले क अनुरूप संस्थापित की जाने वाली प्रोटोटाइप इलेक्ट्रानिक उपस्कर की व्यवहार्यता एवं निष्पादन को निर्धारित करना ताकि ट्रांसफार्मरों की सुरक्षा प्रणाली को और अधिक प्रभावी एवं विश्वसनीय बनाया जा सके।	पीएसईबी	10.00
28.	सिल्ट क्षरण के कारण जल विद्युत पावर स्टेशनों के पानी में रहने वाले पुर्जो की आयु बढ़ाना। (***परियोजना अवधि बढ़ाई गई थी)	एसजेवीएनएल, शिमला	36.40
29.	ट्रांसफार्मर सिगनेचर यूएचएफ सेंसर्स की स्थिति की मानीटरिंग तथा थर्मली एण्ड ट्रांसफार्मर ऑयल की विशेषता निर्धारित करने के लिए फ्लारेसेंट टेकनिक प्रयोग करने हेतु नोवल आइडियाज।	आईआईटी, मद्रास	25.00

विवरण-III

11वीं योजना के दौरान आरएसओपी के अधीन चालू एवं पूर्ण की गई परियोजनाओं की सूची

क्र.सं.	परियोजना का शीर्षक	संगठन	परिव्यय (लाख रुपये में)
1	2	3	4
1.	निष्पादन विश्लेषण तथा उत्पन्न होती हुई विद्युत प्रणाली में पवन विद्युत उत्पादन का व्यवसाय।	आईआईटी, कानपुर	21.60
2.	एकीकृत विद्युत प्रवाह नियंत्रक वाले एसी/डीसी नेटवर्क का स्थायीकरण	बनारस हिंदु विश्वविद्यालय-आईटी, बनारस	19.53
3.	विद्युत वितरण प्रणाली में सेवा विश्वसनीयता को सुधारने के लिए स्विचों के सैक्शनीकरण का ईष्टतम स्थापन तथा वितरित उत्पादन संसाधनों का ईष्टतम संस्थापन।	आईआईटी, रूड़की	32.10
4.	आनलाइन आंशिक निर्वहन माप तथा ऑफलाइन टन डेल्टा माप का प्रयोग करते हुए विद्युत स्टेशनों में उत्पादकों की स्थिति निगरानी।	टीएनईबी	38.00
5.	उप समकालिक रिसोनेंस का विश्लेषण तथा रामागुंडम के लिए नियंत्रकों का प्रारूप-कदया टीसी/एससी	एसआरएससीएम, चेन्नई	12.50
6.	अधथ्क मिट्टी वाले विरोध क्षेत्रों में पृथ्वी प्रणाली में नकद के रूप में केरल के स्थानीय रूप से उपलब्ध क्ले के निष्पादन का मूल्यांकन	केएसईबी	20.00
7.	लचीले एसी-पारेषण प्रणालियों के लिए एफपीजीए आधारित एजेपॉटिव डिस्टेंस रिले का प्रारूप एवं विकास।	इंस्टीट्यूट आफ टेक एडुकेशन एंड रेस. एसओए विश्वविद्यालय, भुवनेश्वर	20.00
8.	विद्युत प्रणालियों की निरंतरता तथा स्थायित्व के सुधार हेतु व्यापक क्षेत्र माप एवं नियंत्रण।	आईआईटी, कानुपर	25.00
9.	एएमआर के साथ जोन ऊर्जा उपभोग के अनुमान के लिए दूर, दराज की ऊर्जा मीटरिंग प्रणाली का विकास	एप्लाइड फिजिक्स विभाग कलकत्ता विश्वविद्यालय	23.30
10.	गेटको ग्रिड के चयनित स्थलों में प्रदूषण मूल्यांकन।	ईआरडीए	15.80
11.	विद्युंत स्टेशनों में मेटलिक एवं प्रवर्तित कंक्रीट ढ़ांचों का सर्वेक्षण।	ईआरडीए	25.00
12.	विद्युत इलेक्ट्रानिक उपस्करों का उपयोग करते हुए वर्तमान विद्युत प्रणालियों में विद्युत गुणवत्ता समस्याओं तथा प्रति उपायों का अध्ययन।	एनआईटी, राऊकेला	20.20

1	2	3	4
13.	लघु जल और वायु विद्युत जेनरेटर के लिए डीएसपी आधारित नियंत्रक का प्रारूप एवं विकास।	इलैक्ट्रिकल इंजीनियरिंग विभाग, आईआईटी रूड़की-247667	25.00
14.	हाइब्रिड वायु, डीजल, सौर विद्युत प्रणाली के प्रभावी नियंत्रण का आवेदन।	एनआईटी, हजरतबल, श्रीनगर-190006, कश्मीर	25.00
15.	माइक्रोग्रिड (चरण-I और II) में बहु-वितरित उत्पादन स्रोतों के प्रचालन एवं नियंत्रण संबंधी जांच।	इलैक्ट्रिकल एंड इलैक्ट्रानिक्स इंजीनियरिंग विभाग, एनआईटीके सुरतकल, मंगलौर-575025	25.00
16	बहु-सेंसर प्रणाली द्वारा क्राइओजेनिक ईस्यूलेशन अवसंरचना में आंशिक निर्वहन कार्य पर डायगनोस्टिक अध्ययन।	इलैक्ट्रिकल इंजीनियरिंग विभाग, आईआईटी मद्रास, चेन्नई-600036	46.00
17.	स्मार्ट पावरग्रिड में ऊर्जा भंडारण और फ्रीक्वेंसी विनियमन के लिए ग्राफीन आधारित सुपर कपेसिटरों का विकास।	सेंटर फार मेटेरियल्स फोर इलैक्ट्रोनिक्स टेक्नोलॉजी, त्रिसूर-680771, केरल	25.00
18.	ईएमआई शील्डिंग आवेदन के लिए उच्च निष्पादन वाले पालीकार्बोने/ एवीएस नैनो मिश्रण का विकास।	टेरी, बंगलौर	28.00
19.	उच्च वोल्टेज इंस्यूलेटरों के लिए ग्लास फाइबर पुर्नप्रवर्तित पालीमर नैनो मिश्रण राड का विकास।	डॉ. एन.एम. रेनूकप्पा, जेसी कॉलेज आफ इंजीनियरिंग, मैसूर	45.00
20.	अगले उत्पादन और सैल के लिए नैनो अवसंरचनात्मक सामग्री मिश्रण का विकास।	डॉ. मिताली साहा, डॉ. एस.के. दास, एनआईटी, अगरतला	25.00
21.	वितरित उत्पादन प्रणाली (फ्लाई व्हील ऊर्जा भंडारण प्रणाली) में उपयोग हेतु उच्च तापमान वाली सुपर कंडक्टिंग ऊर्जा भंडारण तकनीक।	सिदागंगा इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, तूमकूर	9.50
22.	वितरित उतपादन के लिए द्वीपसमूह सुरक्षा रिले विरोधी का प्रारूप एवं विकास।	प्रो. एम.आर. समंतारे, आईआईटी, भुवनेश्वर	22.70
23.	भार माडल को शामिल करते हुए वितरण नेटवर्क का संशोधित प्रचालन।	प्रो. एस.पी. सिंह, डॉ. डी. सिंह, बीएचयू आईटी, बनारस	30.60

1	2	3	4
24.	25 केडब्ल्यूई प्रेशरीकृत परिचालित जलीय बेड यूनिट का प्रारूप	प्रो. पी. महंता, मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग, आईआईटीजी	35.00
25.	सीबीआईपी द्वारा 1961 से शुरू किए गए आरएसओपी प्रायोजित विद्युत मंत्रालय के अंतर्गत किए गए परिणामों तथा लाभों, अनुसंधानों का दस्तावेजीकरण।	सीबीआईपी, नई दिल्ली	5.00
26.	देश में विद्युत क्षेत्र विशेषज्ञों के डाटा बैंक का सृजन और आसान पहुंच तथा खोज के लिए नया साफ्टवेयर पैकेज तैयार करना।	सीबीआईपी, नई दिल्ली	6.00
27.	भूमिगत जल के आंशिक प्रयोग के लिए नाइट्रॉनिक स्टील के मेटालाजिकल पहलुओं का अध्ययन।	डॉ. अशोक शर्मा, मैटालूर्ज मैट इंजीनियरिंग विभाग, एमएनआईटी, जयपुर	28.80

विजन 2020

226. श्री कालीकेश नारायण सिंह देव: क्या **रेल मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) विजन 2020 दस्तावेज के संबंध में अभी तक अर्जित प्रगति की वर्तमान स्थिति क्या है;

(ख) क्या उक्त विजन के अंतर्गत परियोजनाएं निर्धारित समय-सीमा से पीछे चल रही हैं;

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इसके क्या कारण हैं;

(घ) इस हेतु आबंटित/अभी तक व्यय की गई धनराशि का ब्यौरा क्या है; और

(ङ) उक्त विजन में शामिल परियोजनाओं तथा रेलवे स्टेशनों की संख्या कितनी है?

रेल मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अधीर चौधरी): (क) से (घ) दिसंबर, 2009 में संसद में प्रस्तुत किए गए भारतीय रेलवे के लिए विजन-2020 में उच्चतर विकास रणनीति की परिकल्पना की गई थी जिसमें आगामी 10 वर्षों में क्षमता निर्माण/संवर्धन में, नेटवर्क विस्तारण या अपग्रेड करने में लगभग 14,00,000 करोड़ रुपए के सकल निवेश के भारी निवेष की आवश्यकता होगी। पिछले तीन वर्षों में नई लाइन, आमान परिवर्तन, दोहरीकरण और विद्युतीकरण के निष्पादन के लिए आबंटित धनराशि नीचे दिए अनुसार है:–

		2009-10	2010-11	2011-12
1	2	3	4	5
नई लाइनें	कि.मी.	258	709	727
	आबंटित धन (करोड़ रुपये में)	2921	3757	7118

1	2	3	4	5
दोहरीकरण	कि.मी.	448	769	752
	आबंटित धन (करोड़ रुपये में)	1906	1817	5408
आमान परिवर्तन	कि.मी.	1516	837	856
	आबंटित धन (करोड़ रुपये में)	2054	1625	2723
विद्युतीकरण	कि.मी.	1117	975	1165
	आबंटित धन (करोड़ रुपये में)	744	601	978

विजन-2020 में रेलवे की क्षमता निर्माण/वृद्धि और आधुनिकीरण में सरकार द्वारा उच्च स्तर के अग्रिम निवेश की आवश्यकता को स्पष्ट दर्शाया गया है। प्रगति का मूल्यांकन संसाधनों की समग्र उपलब्धता/कमी में किया जाएगा।

(ङ) विजन प्रलेख में नई लाइन, आमान परिवर्तन तथा दोहरीकरण की 286 चालू परियोजनाओं के अलावा 50 स्टेशनों को विश्व-स्तरीय स्टेशन के रूप में विकसित करना शामिल है।

[हिन्दी]

कंपनी लॉ का उल्लंघन

227. श्री कपिल मुनि करवारिया:
श्री राम सुन्दर दास:
श्री आर. थामराईसेलवन:

क्या **कॉर्पोरेट कार्य मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने उन कंपनियों का संज्ञान लिया है जिन्होंने कंपनी लॉ के उपबंधों का उल्लंघन किया है;

(ख) यदि हां, तो पिछले तीन वर्षो और चालू वर्ष के दौरान तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इसके क्या कारण हैं; और

(ग) कितने मामलों में जांच की गई और कितने मामलों में कंपनी के विरुद्ध कार्यवाही की गई?

कॉर्पोरेट कार्य मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री सचिन पायलट) (क) से (ग) कंपनी अधिनियम, 1956 एक विस्तृत विधान है जिसके अधीन कंपनियों को बड़ी मात्रा में प्रकटीकरण करना पड़ता है और अधिनियम में उपलब्ध बहुत-सी प्रक्रियात्मक आवश्यकताओं को पूरा करना पड़ता है। ऐसे मामलों में अधिनियम के तकनीकी उल्लंघनों का पता लगाने के लिए देश भर में कंपनियों की फाइलिंग की संवीक्षा कंपनी रजिस्ट्रारों द्वारा नियमित रूप से की जाती है और गैर-अनुपालन के लिए कार्रवाई मुख्य रूप से बड़े पैमाने पर अतिरिक्त शुल्क एवं समझौता शुल्क एकत्र करके की जाती है। अधिक गंभीर मामलों में पूछताछ/निरीक्षण/जांच की जाती है और उल्लंघनों के मामलों में अभियोग चलाया जाता है। पिछले तीन वर्षों (2009-2012) के दौरान इस प्रकार के अभियोगों के परिणामस्वरूप 8186 दोषसिद्धियां हुई हैं।

[अनुवाद]

बंद/रुग्ण उर्वरक इकाइयों का पुनरुद्धार

228. श्री अबदुल रहमान:: क्या **रसायन और उर्वरक मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार का विचार बंद/रुग्ण उर्वरक इकाइयों का पुनरुद्धार करने के लिए विदेशी कंपनियों को निवेश के लिए आमंत्रित करने का है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) बंद/रुग्ण उर्वरक इकाइयों का पुनरुद्धार करने में रुचि दर्शाने वाली विदेशी कंपनियों को ब्यौरा क्या है;

(घ) प्रत्येक बंद/रुग्ण उर्वरक इकाई की जमीन का अनुमानित वर्तमान मूल्य सहित प्रत्येक बंद/रुग्ण उर्वरक इकाई में पड़ी मशीनों और उपकरणों के अनुमानित स्क्रैप मूल्य क्या है;

(ङ) क्या सरकार कई वर्षों से खाली पड़ी उक्त भूमि और मशीनों को लाभकारी उपयोग करने का विचार कर रही है;

(च) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(छ) इन इकाइयों में मजदूरों/कर्मचारियों का उपयोग करने के लिए प्रारंभ की गई योजनाओं का ब्यौरा क्या है; और

(ज) इन इकाइयों द्वारा उन्हें वार्षिक रूप से कितनी धनराशि का भुगतान किया जा रहा है?

सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय के राज्य मंत्री तथा रसायन और उर्वरक मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री श्रीकांत जेना): (क) फर्टिलाइजर कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (एफसीआईएल) तथा हिंदुस्तान फर्टिलाइजर कॉर्पोरेशन लिमिटेड (एचएफसीएल) की सभी आठ बंद यूरिया इकाइयों का पुनरुद्धार करने का प्रस्ताव है, जिसमें से तीन इकाइयों का पुनरुद्धार नामांकन आधार पर किया जाना है। शेष पांच इकाइयों का पुनरुद्धार बोली प्रक्रिया से किया जाएगा जिसमें अंतर्राष्ट्रीय फर्में भी भाग ले सकती हैं।

(ख) और (ग) प्रश्न नहीं उठता।

(घ) एफसीआईएल और एचएफसीएल की बंद इकाइयों में पड़ी मशीनों और उपकरणों के कबाड़ का मूल्यांकन तथा भूमि का मूल्यांकन मैसर्स प्रोजेक्ट एंड डेवलपमेंट इंडिया लिमिटेड (पीडीआईएल), जो उर्वरक विभाग के प्रशासनिक नियंत्रणाधीन एक केन्द्रीय सार्वजनिक क्षेत्र ण्द्यम है, द्वारा किया गया है, तथा मूल्यांकन को सरकारी पंजीकृत मूल्यांकनकर्ता द्वारा प्रमाणित किया गया है। ब्यौरा संलग्न विवण में दिया गया है।

ब्रह्मपुत्र वैली फर्टिलाइजर कॉर्पोरेशन लिमिटेड (बीवीएफसीएल) के नामरूप-I संयंत्र का अनुमानित मूल्य, जो बंद पड़ी है, का अनुमान 20.75 करोड़ रुपए लगाया गया है। इस रिक्त भूमि में एक नया ब्राउनफील्ड अमोनिया यूरिया संयंत्र लगाने का प्रस्ताव किया है। इस अमोनिया-I संयंत्र का अनुमानित मूल्य, जो प्रचालन में नहीं है, को अनुमोदित मूल्यांकनकर्ता मैसर्स कोहली एसोसिएटस, नई दिल्ली द्वारा 11.70 करोड़ रुपये निर्धारित किया गया है।

फर्टिलाइजर एंड केमिकल्स कॉर्पोरेशन लिमिटेड (फैक्ट) कोचीन प्रभाग में बंद अमोनिया-यूरिया संयंत्र की मशीनों और उपकरणों के कबाड़ का मैसर्स इंजीनियर्स इंडिया लिमिटेड द्वारा 26.29 करोड़ रुपए मूल्यांकन किया गया है, तथापि बोर्ड ने यह महसूस किया था कि ईआइएल द्वारा मूल्यांकित मूल्य कम था और इसलिए मूल्यांकन को स्वीकार नहीं किया गया था।

(ङ) और (च) जी हां, सरकार द्वारा किसी अन्य अनुमेय औद्योगिक गतिविधि से अलग एचएफसीएल और एफसीआईएल की प्रत्येक बंद इकाई में न्यूनतम 1.27 मिलियन टन प्रति वर्ष यूरिया संयंत्र की स्थापना करके बेकार पड़ी भूमि और परिसंपत्तियों का लाभप्रद उपयोग करने पर विचार करती है।

(छ) और (ज) वर्ष 2002 में सरकार के निर्णय के अनुसार एचएफसीएल और एफसीआईएल की सभी उर्वरक इकाइयों को बंद किया गया था तथा बहुसंख्यक कर्मचारियों को स्वैच्छिक पृथक्करण योजना के अंतर्गत सेवानिवृत्त किया गया था तथा शेष बचे बहुत कम कर्मचारियों को नियमित वेतन दिया जा रहा है।

विवरण

एफसीआईएल और एचएफसीएल की बंद इकाइयों के संबंध में भूमि के मूल्य के साथ प्रयुक्त और अप्रयुक्त मदों का अनुमानित मूल्य

(करोड़ रुपए में)

इकाई का नाम	भूमि का मूल्य	प्रयुक्त और अनुप्रयुक्त वस्तुओं का मूल्य	योग
1	2	3	4
सिंदरी, एफसीआईएल	1534.14	261.95	1796.09
रामागुंडम, एफसीआईएल	278.23	133.13	411.36

1	2	3	4
तलचर, एफसीआईएल	143.21	130.52	273.73
गोरखपुर, एफसीआईएल	1018.64	83.27	1101.91
कोरबा, एफसीआईएल	456.09	41.28	497.37
बरौनी, एचएफसीएल	180.15	67.24	247.39
दुर्गापुर, एचएफसीएल	629.65	76.62	706.27
हल्दिया, एचएफसीएल	455.68	92.39	548.07

पानी की कमी

229. **श्री ए.के.एस. विजयन:** क्या **जल संसाधन मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने प्रमुख महानगरों में पानी की अत्यधिक कमी का कोई आकलन किया है;

(ख) यदि हां, तो इस बारे में क्या कदम उठाए गए हैं; और

(ग) अंतर-राज्यीय नदियों पर विवादों के समाधान तथा उनके संदूषण पर क्या कार्यवाही की गई है?

जल संसाधन मंत्री (श्री हरीश रावत): (क) शहरी विकास मंत्रालय ने सूचित किया है कि जल की अत्यधिक कमी के संबंध में किसी बड़े महानगर से कोई सूचना प्राप्त नहीं हुई है।

(ख) शहरी विकास मंत्रालय, जवाहर लाल नेहरू राष्ट्रीय शहरी नवीकरण मिशन, पूर्वोत्तर क्षेत्र शहरी विकास कार्यक्रम, संसाधनों के लैप्स न होने वाले केन्द्रीय पूल और सैटेलाइट शहरों में शहरी अवसरंचना विकास स्कीम जैसी स्कीमों/कार्यक्रमों के अंतर्गत शहरी क्षेत्रों/महानगरों में जल आपूर्ति करने में राज्य सरकारों/शहरी स्थानीय निकायों के प्रयासों में सहयोग कर रहा है।

(ग) केन्द्र सरकार, राज्य सरकारों के बीच जल की हिस्सेदारी संबंधित मतभेदों का बातचीत से सौहार्दपूर्वक समाधान का प्रयास करती है। जिन जल विवादों का समाधान नहीं हो पाता, उन्हें न्यायनिर्णयन हेतु अंतर्राज्यीय जल विवाद अधिकरणों को भेज दिया जाता है। नदी जल में संदूषण में कमी लाने हेतु राज्य सरकारें उपयुक्त उपाय करती हैं।

सरकारी क्षेत्र के उद्यमों के कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व

230. **श्री गोरख प्रसाद जायसवाल:**
श्री एस. अलागिरी:
श्री ए.के.एस. विजयन:

क्या **भारी उद्योग ओर लोक उद्यम मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) पर सरकारी उद्यम (पीएसई) विभाग द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का ब्यौरा क्या है;

(ख) मंत्रालय के अंतर्गत उन पीएसई तथा प्रशासनिक एजेंसियों का ब्यौरा क्या है जिन्होंने पिछले तीन वर्षों के दौरान और वर्तमान वर्ष में सीएसआर के अंतर्गत किसी भी धनराशि का उपयोग नहीं किया है और इसके क्या कारण हैं;

(ग) सरकार द्वारा पीएसई द्वारा उक्त धनराशि के उपयोग हेतु क्या कदम उठाए गए/उठाए जा रहे हैं;

(घ) क्या ये दिशा-निर्देश पीएसई के साथ-साथ निजी कॉर्पोरेट क्षेत्र पर भी लागू होंगे; और

(ङ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्री (श्री प्रफुल पटेल): (क) केन्द्रीय सरकारी उद्यमों के लिए नैगम सामाजिक उत्तरदायित्व पर लोक उद्यम विभाग द्वारा अप्रैल, 2010 में दिशा-निर्देश जारी किए गए थे। इन दिशा-निर्देशों के अनुसार, केन्द्रीय सरकारी उद्यमों द्वारा परियोजनाएं/ गतिविधियां यथासंभव उसी क्षेत्र में चलाई जाएं

जहां कम्पनी अपना वाणिज्यिक कार्य करती है। जहां यह संभव अथवा प्रयोज्य न हो, कंपनी नैगम सामाजिक उत्तरदायित्व परियोजनाओं हेतु देश में किसी भी स्थान का चुनाव कर सकती है। नैगम सामाजिक उत्तरदायित्व हेतु बजट को निदेशक मंडल संकल्प के माध्यम से अनिवार्य रूप से निवल लाभ (पूर्व वर्ष) के प्रतिशत के रूप में निम्न पद्धति से आबंटित किया जाना चाहिए:

	केन्द्रीय सरकारी उद्यम का प्रकार निवल लाभ (गत वर्ष)	वित्त वर्ष में नैगम सामाजिक उत्तरदायित्व हेतु व्यय सीमा (लाभ का %)
(i)	रुपये 100 करोड़ से कम	3%-5%
(ii)	रुपये 100 करोड़ से 500 करोड़ तक	2%-3% (न्यूनतम रुपये 3 करोड़ के अध्यधीन)
(iii)	रुपये 500 करोड़ और ऊपर	0.5%-2%

घाटा उठाने वाली कंपनियों के लिए यह अनिवार्य नहीं है कि वे सीएसआर गतिविधियों के लिए विशेष फंडिंग निर्धारित करे। लोक उद्यम विभाग द्वारा केन्द्रीय सरकारी उद्यमों को जारी सीएसआर दिशा-निर्देशों में गतिविधियों के संभव क्षेत्रों की एक निर्देशात्मक सूची दी गई है। इस विषय पर विस्तृत निदशा-निर्देश सार्वजनिक रूप से लोग उद्यम विभाग की वेबसाईट पर उपलब्ध है।

(ख) और (ग) केन्द्रीय सरकारी उद्यमों द्वारा सीएसआर के अंतर्गत प्रयुक्त न की गई निधियों के संबंध में सूचना केन्द्रीयकृत रूप में नहीं रखी जाती है। यह सूचना केन्द्रीय सरकारी उद्यमों द्वारा रखी जाती है। संबंधित मंत्रालय/विभाग अपने प्रशासनिक नियंत्रणाधीन केन्द्रीय सरकारी उद्यमों द्वारा सीएसआर दिशा-निर्देशों के कार्यान्वयन को मॉनीटर करते हैं। सीएसआर बजट प्रत्येक वित्तीय वर्ष के लिए निर्धारित किया जाना होता है और इसके प्रयोग न किए जाने के मामले में यह फंड समाप्त नहीं होता है और सीएसआर फंड में स्थानांतरित कर दिया जाता है, जो कि फिर एकत्र हो जाएगा। तथापि, केन्द्रीय सरकारी उद्यमों को ऊपर दर्शाए गए अनुसार निर्धारित स्लैबों के भीतर अपनी सीएसआर गतिविधियों के लिए निधियों का अधिक से अधिक आबंटन और उपयोग करने की सलाह दी गई है। सीएसआर के अंतर्गत केन्द्रीय सरकारी उद्यमों के कार्य-निष्पादन को पहले से निर्धारित समझौता ज्ञापन प्रणाली के जरिए मॉनीटर किया जाता है। इस विभाग द्वारा जारी समझौता ज्ञापन दिशा-निर्देशों में, गैर-वित्तीय पैरामीटरों में से 5 अंक सीएसआर गतिविधियों के लिए निर्धारित किए गए हैं।

(घ) और (ङ) लोक उद्यम विभाग द्वारा जारी दिशा-निर्देश केवल केन्द्रीय सरकारी उद्यमों पर ही लागू होते हैं। कॉर्पोरेट कार्य मंत्रालय ने निजी कॉर्पोरेट सैक्टर के लिए सीएसआर पर अलग से दिशा-निर्देश जारी किए हैं।

अध्यक्ष महोदया: अब सभा मध्याह्न 12.00 बजे तक के लिये स्थगित होती है।

पूर्वाह्न 11.25 बजे

तत्पश्चात्, लोक सभा मध्याह्न 12.00 बजे तक के लिये स्थगित हुई।

मध्याह्न 12.00 बजे

लोक सभा मध्याह्न 12.00 बजे पुन: समवेत हुई।

[**अध्यक्ष महोदया** *पीठासीन हुईं*]

...*(व्यवधान)*

[अनुवाद]

अध्यक्ष महोदया: अब सभा पटल पर प्रतिवेदन रखा जाएगा, श्रीमती संतोष चौधरी।

अपराह्न 12.0$^1/_2$ बजे

गृह कार्य संबंधी स्थायी समिति

164वां प्रतिवेदन

[अनुवाद]

श्रीमती संतोष चौधरी (होशियारपुर): मैं संविधान (एक सौ अठारहवां संशोधन) विधेयक, 2012 पर गृहकार्य संबंधी स्थायी समिति का 164वां प्रतिवेदन (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) सभा पटल पर रखती हूं।

...*(व्यवधान)*

अपराह्न 12.01 बजे

इस समय डॉ. बलीराम और कुछ अन्य माननीय सदस्य आगे आकर सभा पटल के निकट खड़े हो गए।

अपराह्न 12.02 बजे

नियम 377 के अधीन मामले*

[अनुवाद]

अध्यक्ष महोदया: माननीय सदस्यगण, अब नियम 377 के अधीन मामले सभा पटल पर रखे जाएंगे। सदस्य जिन्हें आज नियम 377 के अधीन मामले उठाने की अनुमति दी गई है वे यदि इन मामलों को सभा पटल पर नियम रखने के इच्छुक हैं तो वे स्वयं 20 मिनट के अंदर सभा पटल पर पर्ची रख दें।

केवल वही मामले सभा पटल पर रखे माने जाएंगे जिनकी पर्चियां निर्धारित समय के भीतर सभा पटल पर रख दी गई हो। शेष व्यपगत माने जाएंगे।

(एक) कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय के शिक्षकों का पारिश्रमिक बढ़ाये जाने और उनकी नियुक्ति को भी नियमित किए जाने की आवश्यकता।

[हिन्दी]

श्री हर्ष वर्धन (महाराजगंज, उ.प्र.) : देश में वर्ष 2004 से संचालित कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय पिछड़े क्षेत्रों की महिलाओं की साक्षात्कार को ऊपर लाने के लिए चलाई गई है। यह विद्यालय जिन क्षेत्रों में चल रहा है उन क्षेत्रों के लोग इसका भरपूर लाभ ले रहे हैं। जिस लक्ष्य पर कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्याालय को प्रारंभ किया गया था, उसमें सफलता भी मिल रही है, पर शिक्षण कार्य में लगे अध्यापकों की सुध कोई नहीं ले रहा है। कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय के योजनाकारों ने शिक्षकों को मानदेय पर रखने की व्यवस्था बनाई थी जो चल भी रही है पर मानदेय स्वरूप जो वेतन वर्तमान में कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालयों के शिक्षकों को दिया जा रहा है, वह मंहगाई के इस दौर में पर्याप्त नहीं है।

वर्ष 2007 में मानदेय में मामूली वृद्धि की गई थी, पर आज के इस महंगाई के दौर में कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय के शिक्षकों की आर्थिक स्थिति दयनीय है। कम मानदेय के कारण भरण-पोषण की समस्या के चलते कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय के शिक्षकों द्वारा अपने मानदेय को बढ़ाने की मांग विभिन्न माध्यमों के जरिए होती रही है।

मेरी मांग है कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय के अध्यापकों का मानदेय बढ़ाया जाए या फिर देश में अध्यापकों की भारी कमी को देखते हुए उनकी नियमित नियुक्ति की जाए क्योंकि वर्षों से अध्ययन कार्य में लगे ऐसे अध्यापक शिक्षण कार्य में अच्छे पारंगत हो चुके हैं। इससे उनकी आर्थिक हालत सुधरेगी और अध्यापकों की कमी दूर होगी।

[अनुवाद]

(दो) महाराष्ट्र के विदर्भ क्षेत्र में विभिन्न स्थानों के लिये यथाप्रस्तावित विभिन्न संयंत्रों की बजाय एक बड़ा ताप विद्युत संयंत्र स्थापित किए जाने की आवश्यकता

श्री विलास मुत्तेमवार (नागपुर): सरकार विदर्भ क्षेत्र में लगभग 86,470 मेगावाट क्षमता के 132 ताप विद्युत संयंत्र स्थापित करने के लिए स्वतंत्र विद्युत उत्पादन कंपनियों द्वारा प्रस्तुत प्रस्तावों को मंजूरी देने के लिए कार्रवाई कर रही है। इससे पहले से मौजूद पानी की अत्यंत कमी की समस्या और गंभीर हो जाएगी क्योंकि इस क्षेत्र में केवल 30% सिंचाई क्षमता का ही विकास हो पाया है। इस क्षेत्र के किसान सिंचाई सुविधाओं की कमी के कारण पहले से ही रेशान हैं, ऐसे समय में राज्य सरकार इन विद्युत संयंत्रों के लिए जल आपूर्ति का आबंटन कर रही है।

कोयला आधारित 132 विद्युत संयंत्र स्थापित करने से विदर्भ देश का सर्वाधिक प्रदूषित क्षेत्र हो जाएगा। कोयला आधारित विद्युत संयंत्र वायु प्रदूषण और स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं के सबसे बड़े स्रोत माने जाते हैं और उनसे बड़ी मात्रा में राख, जहरीली धातुएं जैसे पारा, रेडियो-एक्टिविटी, सल्फर डाईऑक्साइड और कार्बन-डाईऑक्साइड निकलते हैं। पंजाब के भटिंडा जिले में स्थित ताप विद्युत संयंत्रों से निकलने वाले खतरनाक मैले के कारण इस क्षेत्र के विभिन्न गांवों के पेयजल में यूरेनियम की मात्रा के कारण कैंसर होने की जानकारी मिली है, पर्यावरण एवं वन मंत्रालय द्वारा जिसकी पहले से ही जांच की जा रही है।

ऊर्जा और संसाधन संस्थान (टीईआरआई) ने कोयले की राख के निपटारे के लिए प्रति मेगावाट अधिष्ठापित ताप क्षमता के लिए लगभग 1 एकड़ भूमि की आवश्यकता निर्धारित की है। 86,470 मेगावाट क्षमता के 132 ताप विद्युत संयंत्रों के लिए कुल मिलाकर लगभग 90,000 एकड़ उपजाऊ जमीन, प्रतिदिन 3600 मिलियन घन लीटर पानी की जरूरत होगी और प्रतिदिन 18,00,000 टन कोयला जलेगा और प्रतिदिन 7,20,000 टन रात्रि निकलेगी। इन संयंत्रों का प्राकृतिक संसाधनों, पर्यावरण और इस क्षेत्र के लोगों के स्वास्थ्य पर भयंकर संचयी प्रभाव पड़ेगा।

मेरा सरकार से अनुरोध है कि वह किसी परियोजना को पर्यावरण संबंधी स्वीकृति देने से पहले एक ही क्षेत्र में बड़ी संख्या में ताप विद्युत संयंत्र स्थापित करने से पर्यावरण और प्राकृतिक संसाधनों पर पड़ने वाले संचयी प्रभाव का आकलन कराये।

मेरा सरकार से यह अनुरोध है कि वह एक विशेष क्षेत्र में बड़े ताप विद्युत संयंत्र स्थापित करने संबंधी संपूर्ण नीति की समीक्षा कर विदर्भ क्षेत्र में पर्यावरण की दृष्टि से अव्यवहार्य अनेक तापीय विद्युत संयंत्र लगाने की इस गंभीर समस्या के प्रति यथार्थवादी दृष्टिकोण रखे।

(तीन) केरल में फर्टिलाइजर्स केमिकल्स त्रावणकोर लिमिटेड (फैक्ट) से संबंधित मुद्दों का निपटान किए जाने की आवश्यकता

श्री के.पी. धनपालन (चान्नाकुड़ी): दि फर्टिलाइजर्स एंड केमिकल्स त्रावणकोर लिमिटेड (फैक्ट) केरल में सबसे बड़ी केंद्रीय सरकारी क्षेत्र की इकाई है तथा यह मेरे संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में पड़ती है।

फैक्ट नापथा आधारित उर्वरक उत्पादन इकाई है जिसकी उत्पादन लागत बहुत अधिक है और इसके बिक्री मूल्य पर सरकारी नियंत्रण है तथा कार्यशील पूंजी हेतु इस इकाई के सामने बड़ी कठिनाइयां आ रही हैं। इस संकट को दूर करने तथा इसके अध्ययन हेतु सरकार को एक अभिकरण (मै. डिनोलाइट) की नियुक्ति करनी पड़ी थी। उसने अपनी रिपोर्ट सौंप दी है। इस अभिकरण ने सरकार को वर्ष 2012 में, एलएनजी आपूर्ति तक एक बारगी वित्तीय सहायता के रूप में 450 करोड़ रुपये का ब्याज मुक्त ऋण देने का सुझाव दिया था, फैक्ट को एलएनजी मिलने तक नापथा को उसके मूल्य के अनुपात में मुआवजा दिया जाना चाहिए जैसाकि अन्य उर्वरक कंपनियों के मामले में होता है। फैक्ट को इस वर्ष 200 से 300 करोड़ रुपये का घाटा हो सकता है। फैक्ट हेतु एलएमजी का मूल्य निर्धारित है और वह अन्य क्षेत्रों के सरकारी क्षेत्रों में एलएनजी के मूल्य से चार गुणा अधिक है। इसकी समीक्षा की जानी चाहिए ताकि समान रूप से मूल्य निर्धारण किया जा सके।

भारी उद्योग मंत्रालय द्वारा प्रस्तुत प्रस्ताव के अनुसार रुग्ण इकाइयों और घाटे में चल रही केंद्रीय सरकारी क्षेत्र की इकाइयों के कर्मचारियों की सेवानिवृत्ति की आयु 58 से बढ़ाकर 60 वर्ष की जानी है जिसमें फैक्ट भी सम्मिलित है।

कृपया, फैक्ट की निम्नलिखित परियोजनाओं का अनुमोदन करें:

(क) फैक्ट में 150 टीपीडी यूरिया संयंत्र—उद्योग मंडल प्रभाग

(ख) फैक्ट में 2000 टीपीडी सलफ्यूरिक एसिड संयंत्र—कोचीन प्रभाग

(ग) फैक्ट में 3500 टीपीडी अमोनिया और यूरिया संयंत्र—कोचीन प्रभाग

(घ) उद्योग मंडलम प्रभाग में एक कंटेनर फ्रीट स्टेशन

मैं सरकार से फैक्ट में, स्थायी अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक की नियुक्ति के लिए, तत्काल कदम उठाने का अनुरोध करता हूं ताकि वहां इस आवश्यकता का सुचारू रूप से कार्य हो सके।

मैं सरकार से इस मामले की जांच करने तथा केरल में फैक्ट को बचाने का आग्रह करता हूं।

(चार) कर्नाटक में बांदीपुर जंगल, गुंडलूपेट टाउन लिमिट और नंजनगुड से मैसूर तक होकर जाने वाले राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 212 के खंड के उन्नयन हेतु वित्तीय सहायता दिए जाने की आवश्यकता

श्री आर. ध्रुवनारायण (चामराजनगर): मैं यह कहना चाहता हूं कि राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-212 कोजीकोड से आरंभ होता है और उत्तनकबली जन्शन (कोलेगल) ता. चामराजनगर जिला, कर्नाटक में समाप्त होता है। कर्नाटक में राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 212 की कुल लंबाई 150 कि.मी. है। इस राजमार्ग को पीपीपी के माध्यम से उन्नयनित किए जाने की अनुमानित लागत 443.87 करोड़ रुपये का मामला केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय के पास लंबित है। अधिसूचना के अनुसार 125.52 कि.मी. का राजमार्ग जो बांदीपुर के वन, गुडलूपेट शहर की सीमा (चामराजनगर जिला) से होकर नंजनगुड (मैसूर जिले) तक जाता है, दो लेनों का होगा और जिसकी चौड़ाई 7 मीटर से 10 मीटर तक होगी। मैसूर और नंजनगुड को जोड़ने वाला राजमार्ग जोकि खराब स्थिति में है उसे 15 मीटर की चौड़ाईयुक्त चार लेनों वाले राजमार्ग में विकसित किया जाए। काबिनी नदी पर नंजनगुड में परियोजना के उन्नमन के भाग के रूप में एक पुल का निर्माण किया जाए। इस संबंध में वित्तीय अनुमोदन हेतु एक अनुमान सौंपा गया था और पुन: 2011 में एक संशोधित अनुमोदन सौंपा गया था।

एनएच 212 के इस भाग में वाहनों की भारी आवाजाही से रोजाना होने वाली दुर्घटनाओं और जनता की सड़क सुधारने की मांग के मद्देनजर, मैं माननीय केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री से अध्यक्षपीठ के माध्यम से एनएच 212 पर अत्यधिक

परिवहन और जनपरिवहन वाहनों की सुचारू आवाजाही को सुकर करने के लिए वित्तीय सहायता देकर उक्त परियोजना का उन्नयन करने के लिए तत्काल कदम उठाने काअनुरोध करता हूं।

(पांच) महाराष्ट्र के विदर्भ क्षेत्र के किसानों को वित्तीय और तकनीकी सहायता प्रदान कर इस क्षेत्र में संतरों का उत्पादन बढ़ाए जाने की आवश्यकता

[हिन्दी]

श्री दत्ता मेघे (वर्धा): मैं सरकार का ध्यान इस बात की ओर दिलाना चाहता हूं कि विदर्भ जिसे संतरे की भूमि कहा जाता है, लेकिन पिछले कुछ वर्षो से महाराष्ट्र में संतरा उत्पादन में लगातार कमी आ रही है जबकि देश के अन्य राज्यों में संतरा उत्पादन लगातार बढ़ रहा है। पिछले सीजन में देश का संतरा उत्पादन 10 मैट्रिक टन प्रति हैक्टेयर था जबकि महाराष्ट्र में यह 3.9 मैट्रिक टन था। महाराष्ट्र में 1 लाख 28 हजार हैक्टेयर पर संतरों का उत्पादन होता है। मुख्यत: यह अमरावती, नागपुर और वर्धा जिले में है । लेकिन दुर्भाग्य से मुझे कहना पड़ रहा है कि अभी नेशनल हॉर्टिकल्चर बोर्ड ने जो आंकड़े प्रकाशित किए हैं जिसमें संतरा उत्पादन में पंजाब प्रथम स्थान पर है जिसने प्रति हेक्टेयर 21 मैट्रिक टन संतरे का उत्पादन किया। महाराष्ट्र को चौथा स्थान मिला जहां संतरे का उत्पादन 3.9 मैट्रिक टन प्रति हैक्टेयर था।

महाराष्ट्र में संतरा उत्पादन दोगुना करने का लक्ष्य रखा गया था, किंतु यह लक्ष्य साध्य नहीं हो सका, इसके कई कारण हैं जिसमें सिंचाई की कमी, अच्छे पौधों की कमी, फूड प्रोसेसिंग उद्योग का न होना और पुराने बागों को लेकर किसानों की उदासीनता। मेरा सरकार से निवेदन है कि विदर्भ के संतरा खेती को बचाने के लिए जल्द से जल्द कदम उठाने की जरूरत है जिसमें किसनों को आर्थिक और तकनीकी मदद, पुराने बागों के सुधार के लिए किसानों को प्रोत्साहन देना और फूड प्रोसेसिंग उद्योग को स्थापित करना प्रमुख बातें हैं।

(छह) राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग को संवैधानिक दर्जा दिए जाने, पिछड़े वर्गों के लिए विद्यमान सुरक्षा को सुदृढ़ करने तथा उनके कल्याण को बढ़ावा देने के लिये अतिरिक्त उपाय किए जाने की आवश्यकता

[अनुवाद]

श्री पोन्नम प्रभाकर (करीमनगर): राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग को संवैधानिक दर्जा दिए जाने की आवश्यकता है। जैसा कि सदन को भली-भांति ज्ञात है कि अन्य पिछड़ा वर्ग हमारी जनसंख्या का 50 प्रतिशत से ज्यादा है दूसरी तरफ, यह भी स्पष्ट है, कि अन्य पिछड़ा वर्ग सरकारी नौकरियां प्राप्त करने में और दूसरे अवसरों, खासकर सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों में 27% आरक्षण नीति के कार्यान्वयन में अभी भी पीछे है। हाल ही में, अगस्त 2012 में, एक संसदीय समिति ने यह समझते हुए कि अन्य पिछड़ा वर्ग समाज के दूसरे तबकों से अभी भी पीछे है, राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग (रा.पि.व.आ.) को शक्तियां प्रदान करने के लिए संविधान में संशोधन की सिफारिश की है। पिछड़ा वर्ग कल्याण संबंधी संसदीय समिति ने राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग को सांविधिक दर्जा देने और उसके सशक्तिकरण के उपायों के संबंध में अपने प्रतिवेदन में यह नोट किया है कि वर्तमान परिस्थितियों में राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग (रा.अ.जा.आ.) अ.पि.व. के लिए अपने दायित्व का निर्वहन नहीं कर पा रहा है। संसदीय समिति यह भी सिफारिश है कि अनुच्छेद 338(10) को विलोप कर दिया जाना चाहिए और इस कार्य के लिए एक नए अनुच्छेद 338 (ख) को अंत:स्थापित करना चाहिए। संवैधानिक संशोधन में मौजूदा रा.पि.व.आ. अधिनियम के अंतर्गत रा.पि.वा.आ. को वर्तमान शक्तियों की शामिल किया जाना चाहिए। सभी स्तर पर अ.वि.व. को न्याय प्रदान करने और रा.पि. व.आ. को सांविधिक दर्जा देने एवं रा.अ.जा.आ. तथा रा.अ.जजा.आ. की तरह उसे समान शक्तियां प्रदान करने और रा.पि.व.आ. को अपने दायित्वों का प्रभावी रूप से निर्वहन करने के लिए भारतीय संविधान और रा.पि.व.आ. अधिनियम में संशोधन की सख्त आवश्यकता है। जैसा कि अ.पि.व. आजादी के समय से शिक्षा प्राप्त करने में पीछे हैं, उनका सरकारी नौकरियों में और सामान्यत: दफ़्तर वाले कार्यों में काफी कम प्रतिनिधित्व है। समाज में दूसरे समुदायों के साथ आने के लिए नये उपायों को अपनाकर अपने कल्याण को बढ़ावा देने के लिए मौजूदा उपायों को सुदृढ़ करने के लिए त्वरित ध्यान देने की आवश्यकता है।

इसलिए मैं माननीय अध्यक्ष के माध्यम से माननीय प्रधानमंत्री से अनुरोध करता हूं की वे अ.पि.व. को शिक्षा स्तर से रोजगार स्तर तक न्याय दिलाने के लिए राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग को संवैधानिक मान्यता दें ताकि वे अपने कर्त्तव्यों का प्रभावी रूप से निर्वहन कर सके और पूरे देश में इसका फल अ.पि.व. को प्राप्त हो सके।

(सात) महाराष्ट्र के दादर से अमृतसर तक चलने वाली रेलगाड़ी संख्या 11057/11058 के उद्गम और समाप्त होने वाले स्टेशन को फिर से चालू किए जाने की आवश्यकता

श्री ए.टी. नाना पाटील (जलगांव): रेल संख्या 1105/11058 दादर स्टेशन से अमृतसर जा रही थी। हाल ही में, इस रेलगाड़ी

को दादर के स्थान पर कुरला, मुंबई एलटीटी मोड़ दिया गया है। इस रेलगाड़ी के लगभग सभी यात्री महाराष्ट्र और मध्य प्रदेश के वीवीआईपी मंत्री, सरकारी अधिकारी, व्यवसायी और दैनिक विक्रेता हैं। दिन का कार्य पूरा करने के बाद सभी लोगों को रेल पकड़ने के लिए दादर स्टेशन अत्यंत सुविधाजनक है। इस समय दादर या मुंबई सीएसटी पर इस स्टेशन पर रुकने वाली और कोई अन्य रेलगाड़ी नहीं है।

अत:, जनता, मजदूरों, विक्रेताओं और वीवीआईपी द्वारा भारी मांग है कि इस रेल को दादर से या मुंबई सीएसटी से चलाया जाना चाहिए ताकि यह सभी लोगों के लिए सुविधाजनक हो। जैसा कि यह अत्यंत महत्वपूर्ण रेल है। इस क्षेत्र के लोग/यात्री काफी गुस्से में हैं और यदि उनकी मांगों पर विचार नहीं किया गया तो वे धरने पर बैठने की मांग कर रहे हैं।

इसलिए, मैं रेलवे से अनुरोध करता हूं कि वे जनता के हित में इस रेल को दादर अथवा मुंबई सीएसटी से पुन: आरंभ करें।

(आठ) राजस्थान के जालौर जिले में सांचोर के लोगों को पेयजल उपलब्ध कराए जाने की आवश्यकता

श्री देवजी एम. पटेल (जालौर): जालौर जिले में नर्मदा नहर का मीठा पानी देने की एफ.आर. प्रोजेक्ट योजना ने प्रशासन की उदासीनता के चलते दम तोड़ दिया है।

राज्य सरकार और जिला प्रशासन की लापरवाही के कारण प्रोजेक्ट को शुरू करते समय सांचोर के रणोदर तैतरोल जहां पर प्रोजेक्ट का निर्माण होना था, उस जमीन का सैम्पल नहीं लिया गया और पाइपलाइन बिछाने सहित अन्य कार्यों में 262 करोड़ रूपये खर्च कर दिए लेकिन अब प्रोजेक्ट की जमीन पर कुछ मीटर की खुदाई में लवण पानी निकलने से कई महीनों से प्रोजेक्ट का निर्माण बंद है। पहले किसान की जमीन न देने के कारण और अब जमीन से लवणीय पानी निकलने से निर्माण कार्य बंद हो गया है।

नर्मदा नहर के एफ.आर. प्रोजेक्ट का निर्माण 310 करोड़ की लागत से होना था जिससे जिला मुख्यालय सहित 281 गांव व तीन ढाणियो को पानी देने की योजना थी, लेकिन अधिकारियों की लापरवाही के कारण प्रोजेक्ट में देरी हो रही है। अधिकारियों की मिलीभगत के चलते कंपनी पर पैनल्टी लगाने की बजाय 262 करोड़ रुपये का भुगतान कर दिया है। दूसरी तरफ जिले भर के लोग पानी की किल्लत से जूझ रहे हैं और फ्लोराइड पानी पीने को मजबूर हैं।

(नौ) देश में सिविल सेवकों की तुलना में अर्द्ध-सैनिक बलों के सेवानिवृत्त कार्मिकों के निमित्त पेंशन योजना एवं अन्य वित्तीय नियमावली में एकरूपता सुनिश्चित किए जाने की आवश्यकता

श्री राम सिंह कस्वां (चुरू): अर्द्ध-सैनिक बल देश के सभी रक्षा अभियानों में रक्षा की प्रथम रेखा हैं और राष्ट्र रक्षा में सेना के समान ही अर्द्ध-सैनिक बलों की भूमिका है, लेकिन सेवानिवृत्ति के पश्चात् मिलने वाले आर्थिक लाभांशों जैसी मांगों को यह कह कर ठुकरा दिया जाता है कि पैरामिलिट्री फोर्स सी.सी.एस. पेंशन नियमों से संचालित है, इसलिए दोनों सेवाएं एक समान नहीं हो सकती। अर्द्ध-सैनिक बल भारत संघ से सशस्त्र बल है, इनकी सेवाएं और सिविल सर्विस कर्मचारियों की भूमिका में दिन-रात का अंतर है फिर दोनों सेवाएं एक जैसे नियमों से संचालित कैसे हो सकती है। अर्द्ध-सैनिक बलों के लगभग 10 लाख एवं 7 लाख सेवानिवृत्त कार्मिक सरकार के इस व्यवहार से काफी असंतुष्ट है, वे अलग सेवा नियम रक्षा कार्मिकों की भांति लागू किए जाने, सेवा के दौरान प्राणों की आहूति देने वाले कार्मिकों को शहीदों का दर्जा दिए जाने, एक रैंक एक पैंशन का आर्थिक लाभांश, प्रत्येक जिले में सी.एस.डी. कैंटीन की स्थापना, बी.एस.एफ. सेवानिवृत्त नियम 19 के तहत सेवानिवृत्त हुए सभी कार्मिकों को पेंशन दिए जाने आदि की मांग काफी समय से करते आ रहे हैं। मेरी सरकार से मांग है कि अर्द्ध-सैनिक बालों की महत्वपूर्ण मांगों को अविलंब स्वीकार कर इन्हें राहत प्रदान की जाए।

(दस) उत्तर प्रदेश के कौशाम्बी क्षेत्र में विद्युत की समुचित आपूर्ति किए जाने की आवश्यकता

श्री शैलेन्द्र कुमार (कौशाम्बी): मेरे संसदीय क्षेत्र कौशाम्बी उत्तर प्रदेश में विद्युत आपूर्ति बहुत अनियमित एवं 4 घंटे रहने से कृषकों को खेतों में पानी एवं मड़ाई से बहुत दिक्कतें होती हैं। किशुनपुर पम्प नहर के पम्प भी नहीं चल पाने से नहरों में पानी उचित स्तर तक नहीं पहुंच पा रहा है। जिससे सिंचाई में बाधा उत्पन्न हो रही है, सूखे की स्थिति है, फसलें बर्बाद हो रही हैं। केन्द्र सरकार, राज्य सरकार को समुचित बिल आपूर्ति देकर 8 घंटे रात्रि एवं 8 घंटे दिन में आपूर्ति सुनिश्चित करे।

(ग्यारह) उत्तर प्रदेश में मिसरिख संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के पहाड़पुर और अन्य पिछड़े क्षेत्रों को विकसित किए जाने की आवश्यकता

श्री अशोक कुमार रावत (मिसरिख): उत्तर प्रदेश राज्य का मिसरिख संसदीय क्षेत्र एक अनुसूचित जाति बाहुल्य पिछड़ा हुआ क्षेत्र हैं। मिसरिख व इसके निकटवर्ती क्षेत्रों में पासी समाज की एक बहुत बड़ी जनसंख्या है। इस क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पहाड़पुर ब्लॉक भरावन, तहसील संडीला, जनपद हरदोई में पासी समाज के महान व्यक्ति, जो मदारी पासी के नाम से विख्यात हैं, की समाधि

है। ये आजादी एका आंदोलन के दौरान एक महान स्वतंत्रता सेनानी के रूप में प्रसिद्ध रहे हैं और आजादी के एका आंदोलन में अपनी एक बहुत बड़ी भूमिका अदा की है। यह अनुसूचित जाति के पासी समाज के लिए ही नहीं बल्कि दलित वर्ग के सभी समुदायों के लिए एक अति गर्व की बात है।

अनुसूचित जाति के इस महान स्वतंत्रता सेनानी के समाधि स्थल पहाड़पुर व इसके निकटवर्ती क्षेत्रों का विकास किए जाने के साथ-साथ पासी समाज का भी विकास किए जाने की आज के समय की आवश्यकता है। ऐसा करने से न केवल इस क्षेत्र का पिछड़ापन दूर होगा, बल्कि स्वतंत्रता संग्राम के एका आंदोलन के प्रसिद्ध मदारी पासी के व्यक्तित्व को लोग आचरण में लाकर समाज व देश को प्रगति की राह पर लाने का प्रयास करेंगे।

अत: मेरा केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि वह पासी समाज के मदारी पासी के समाधि स्थल, पहाड़पुर व उनके निकटवर्ती क्षेत्रों का विकास कर उसकी याद में पासी समाज के कल्याण हेतु एक कारगर योजना केंद्रीय स्तर पर तैयार करके उसे शीघ्र क्रियान्वित किए जाने हेतु समुचित कदम उठाएं।

(बारह) पश्चिम बंगाल के तामलुक संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में इंस्टीट्यूट फॉर द मैनेजमेंट ऑफ लॉजिस्टिक्स की स्थापना किए जाने की आवश्यकता

[अनुवाद]

श्री सुवेन्दु अधिकारी (तामलुक): मेरे विचार में अगले दशक तक दोहरे अंकों में सकल घरेलू उत्पाद प्राप्त करने के लिए,भारत की संभार तंत्र अवसंरचना में अत्यधिक सुधार करना होगा जिसमें रेल, सड़क, जलमार्ग, हवाई नेटवर्क, इत्यादि शामिल हैं। सही अर्थों में देश की विकसित संभार तंत्र अवसंरचना राष्ट्र की प्रगति का मूल आधार है। बिना संभार तंत्र के कोई भी विपणन या निर्माण कार्य अथवा परियोजना का कार्यान्वयन सफल नहीं हो सकता। किसी भी कंपनी के लिए व्यवसाय, भू-क्षेत्र और भार मूल्य औसत पर निर्भर करते हुए उसकी कुल ब्रिक्री का लगभग 10% से 35% संभार तंत्र मूल्य होता है। वास्तव में कंपनी की प्रतिस्पर्धात्मक रणनीति और उसके अस्तित्व के लिए संभार तंत्र आवश्यक है।

संभार तंत्र के सतत विकास के लिए विवेकपूर्ण दूरगामी कार्य योजना, गहन जानकारी और अंतर्दृष्टि की आवश्यकता होती है। इसलिए, संभार तंत्र प्रबंधन के अध्ययन पर जोर दिया जाना चाहिए। यह अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है कि मेरे संसदीय क्षेत्र, तामलुक में इस विषय के अध्ययन के लिए कोई अवसर उपलब्ध नहीं है। चूंकि संसदीय क्षेत्र में इस तरह की कोई भी संस्था नहीं है, इसलिये लाखों विद्यार्थी इस उभरते हुए क्षेत्र में लाभप्रद रोजगार प्राप्त करने से वंचित रह जाते हैं जिसमें निकट भविष्य में रोजगार के अवसर प्रदान करने की काफी संभावना है।

इसलिए, भारत सरकार के माननीय मानव संसाधन विकास मंत्री से मेरा नम्र निवेदन है कि पश्चिम बंगाल के पूरबा में दिवीपुर जिले में मेरे संसदीय क्षेत्र, तामलुक में संभार तंत्र प्रबंधन की पढ़ाई के लिए एक संस्थान खोलने पर विचार किया जाए।

(तेरह) भारतीय नागरिकों के वीज़ा आवेदनों की त्वरित प्रोसेसिंग के लिए अमृतसर में पाकिस्तान के महावाणिज्यिक दूतावास और लाहौर में भारतीय उच्चायोग के कार्यालय की स्थापना करने हेतु कदम उठाए जाने की आवश्यकता

श्रीमती परमजीत कौर गुलशन (फरीदकोट): अमृतसर और लाहौर में क्रमश: पाकिस्तान के महावाणिज्यिक दूतावास (कांसुलेट जनरल) और भारतीय उच्चायुक्त का कार्यालय स्थापित करना अति आवश्यक है। वर्तमान परिदृश्य में, जब भारत और पाकिस्तान वीज़ा के संबंध में उदारीकृत नीति अपनाने की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं, तब यह कदम व्यापार को बढ़ावा देने और लोगों में संबंध मजबूत बनाने में सहायक होगा। इस कदम से लोगों को सुविधा होगी क्योंकि उन्हें इस कार्य के लिए दिल्ली की यात्रा नहीं करनी पड़ेगी। दूसरे, पाकिस्तान की यात्रा करने वाले भारतीय नागरिक काफी कठिनाइयों और असुविधा का सामना करते हैं क्योंकि पाकिस्तान के प्राधिकारी वीज़ा आवेदनों की प्रक्रिया पूरी करने में लगभग 2 महीने का समय लेते हैं। केंद्र सरकार को पाकिस्तान की सरकार से इस अवधि को कम करने के लिए बातचीत करनी चाहिए। इसी तरह, पाकिस्तान कै व्यापारीगण जो चेंबर ऑफ कॉमर्स के आमंत्रण पर भारत आने के इच्छुक हैं, उन्हें अनुमति दी जानी चाहिए। पंजाब के माननीय उपमुख्यमंत्री ने यह मुद्दा माननीय गृह मंत्री के समक्ष भी रखा है।

मैं आशा करती हूं कि केंद्र सरकार इस मसले पर तुरंत कार्यवाही करेगी।

(चौदह) आंध्र प्रदेश में राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-44 पर मुरूमपल्ली चेक-पोस्ट, कोडरू पेलीसमुद्रम गोरेन्टला और सोमंदापल्ली में उपरि पुल का निर्माण किए जाने की आवश्यकता

श्री एन. कृष्टप्प (हिन्दुपुर): मैं आपके माध्यम से, मंत्री महोदय के संज्ञान में निम्न तथ्य लाना चाहता हूं। राष्ट्रीय राजमार्ग सं.-44 कर्नाटक की सीमा से होकर गुजरता है। यह चार लेन वाला

राष्ट्रीय राजमार्ग है। तथापि, मुरूमपल्ली चेक-पोस्ट, काडुरु, पलिय से मुद्रम-गोरेंटला और सोमेंदपल्ली के निकट गोलयक्कर है पर वहां कई सड़कें मिलती हैं जिससे यातायात की गति धीमी होती है और हर दिन कई दुर्घटनाएं होती हैं।

इसलिए में अनुरोध करता हूं कि इन जगहों पर यथाशीघ्र, फ्लाईओवर बनाने की आवश्यकता है ताकि यातायात बाधित न हो और दुर्घटनाए न घटें।

(पंद्रह) तमिलनाडु में तिरूचिरापल्ली एयरपोर्ट के विस्तार हेतु 164.68 एकड़ रक्षा-भूमि की अधिग्रहण प्रक्रिया में तेजी लाए जाने की आवश्यकता।

श्री पी. कुमार (तिरूचिरापल्ली): मेरा संसदीय निर्वाचन क्षेत्र तिरूचिरापल्ली तमिलनाडु का चौथा सबसे बड़ा शहर है। इसकी जनसंख्या 10,27,000 है। तंजावुर, पुड्डुकोट्टाई, करुर, पेरमबलूर, अरियलूर, नागार्पाट्टनम और तिरुवरुर जिलों के लोग घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय यात्रा के लिए तिरुचिरापल्ली विमानपत्तन पर निर्भर करते हैं। तिरूचिरापल्ली विमानपत्तन 1936 से सबसे पुराने सीमा-शुल्क विमानपत्तनों में से एक है। वर्ष 2011 में ही 11 लाख से ज्यादा लोगों ने इस अंतर्राष्ट्रीय विमानपत्त का इस्तेमाल किया।

भारत सरकार ने हाल की अधिसूचना के माध्यम से नियमित अंतर्राष्ट्रीय उड़ानों के परिचालन हेतु तिरूचिरापल्ली विमानपत्तन को अंतर्राष्ट्रीय स्तर के विमानपत्तन के तौर पर उन्नत किया। त्रिची विमानपत्तन के विस्तार हेतु 510 एकड़ भूमि की आवश्यकता है।

जिला प्रशासन ने 164.68 एकड़ रक्षा भूमि के अधिग्रहण के लिए सरकार के सचिव, सार्वजनिक (सैन्य) विभाग से संपर्क किया है। उसने दिनांक 12.12.2011 के अंर्ध-शासकीय पत्र सं. 40358/सेना/2011-1-I के माध्यम से सेना की भूमि के अधिग्रहण हेतु सहमति के लिए रक्षा सम्पदा अधिकारी, चेन्नई से भी सिफारिश की है। यह मामला रक्षा विभाग के पास अभी भी लंबित पड़ा है। माननीय रक्षा मंत्री महोदय से मेरा अनुरोध है कि इस मामले में शीघ्रातिशीघ्र कार्यवाही की जाए।

(सोलह) आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के उपभोक्ताओं को रसोई गैस के कम से कम 12 सिलेंडर की आपूर्ति किए जाने तथा गरीबी रेखा से ऊपर के उपभोक्ताओं को राजसहायता प्राप्त दरों पर मूल रूप से प्रस्तावित संख्या में रसोई गैस के सिलेंडर दिए जाने को बनाए रखे जाने की आवश्यकता।

श्री जोस के. माणि (कोट्टयम): केन्द्र ने एलपीजी सहित आवश्यक वस्तुओं पर राजसहायात में कटौती समेत समग्र आर्थिक सुधारों के भाग के तौर पर कड़े कदम उठाए हैं। आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों हेतु राजसहायता प्राप्त एलपीजी सिलेंडरों की आपूर्ति की प्रस्तावित सीमा उनकी वास्तविक आवश्यकताओं से बहुत कम है। दुर्लभ और महंगी होती बिजली सहित वैकल्पिक ईंधन अपनाने में गरीबों की कठिनाइयों पर विचार करते हुए सरकार को ईडब्ल्यूएस उपभोक्ताओं हेतु प्रति वर्ष सिलेंडरों की न्यूनतम सीमा बढ़ाकर 12 करने पर विचार करना चाहिए। गैर-राजसहायता प्राप्त एपीएल उपभोक्ताओं हेतु एलपीजी बाजार के युक्त होने के साथ ही बहुत सी निजी कंपनियों के पूर्ण लागत मूल्य पर एलपीजी की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए एलपीजी बाजार में प्रवेश किया है।

ईडब्ल्यूएस उपभोक्ताओं हेतु एलपीजी सीमा बढ़ाने के कारण बढ़ी राजसहायाता के प्रभाव को दूर करने के लिए सरकार एपीएल उपभोक्ताओं को रियायती दर पर एलपीजी की पात्रता पर मूल रूप से प्रस्तावित सीमा को बरकरार रखने पर विचार कर सकती है।

अपराह्न 12.03 बजे

कोयला खान (संरक्षण और विकास) संशोधन विधेयक, 2012*

[अनुवाद]

कोयला मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री प्रतीक पाटील): मैं अपने वरिष्ठ सहयोगी श्री श्रीप्रकाश जायसवाल की ओर से प्रस्ताव करता हूं कि कोयला खान (संरक्षण और विकास) अधिनियम, 1974 में और संशोधन करने वाले विधेयक को पुर:स्थापित करने की अनुमति दी जाए।

अध्यक्ष महोदया: प्रश्न यह है कि:

"कि कोयला खान (संरक्षण और विकास) अधिनियम, 1974 में और संशोधन करने वाले विधेयक को पुर:स्थापित करने की अनुमति दी जाये।"

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ।

श्री प्रतीक पाटील: मैं विधेयक पुर:स्थापित करता हूं।

...*(व्यवधान)*

---

*भारत के राजपत्र असाधारण, भाग-I खंड-3, दिनांक 22.11.2012 में प्रकाशित।

**राष्ट्रपति की सिफारिश से पुर:स्थापित।

[हिन्दी]

श्रीमती सुषमा स्वराज (विदिशा): अध्यक्षा जी, संसद के मानसून सत्र में और शीतकालीन सत्र के बीच में एक ऐसी घटना घटी है ...*(व्यवधान)* जिसने संसद की घोर अवमानना की है।.. .*(व्यवधान)*

[अनुवाद]

अध्यक्ष महोदया: विपक्ष की नेता जो कुछ कह रही हैं केवल उसे ही कार्यवाही वृत्तान्त में सम्मिलित किया जाएगा। इसके अतिरिक्त कार्यवाही वृत्तान्त में और कुछ भी सम्मिलित नहीं किया जाएगा।

...*(व्यवधान)* *

अपराह्न 12.04 बजे

इस समय श्री कल्याण बनर्जी, डॉ. काकोली घोष दस्तीदार और कुछ अन्य माननीय सदस्य आगे आकर सभा पटल के निकट खड़े हो गए।

...*(व्यवधान)*

[हिन्दी]

श्रीमती सुषमा स्वराज : मैडम, मैं संसद की घोर अवमानना का एक प्रकरण आपके ध्यान में लाना चाहती हूं। ...*(व्यवधान)* मानसून सत्र और शीतकालीन सत्र के दौरान जिस प्रकार चल रहा है। ...*(व्यवधान)* मैं आपको याद दिलाना चाहती हूं कि 7 दिसम्बर, 2011 को आपकी अपनी अनुमति से तत्कालीन वित्त मंत्री जी ने इस सदन में एक वक्तव्य दिया था जो वक्तव्य खुदरा व्यापार में प्रत्यक्ष्य विदेशी पूंजी के निवेश को लंबित रखने के बारे में था। ...*(व्यवधान)* मैं पढ़ कर सुनाना चाहती हूं:

[अनुवाद]

वित्त मंत्री (श्री प्रणब मुखर्जी): ''अध्यक्ष महोदया, आपकी अनुमति से मैं छोटा-सा वक्तव्य देना चाहता हूं।

अध्यक्ष महोदया, मल्टीब्रान्ड खुदरा व्यापार में 51 प्रतिशत एफडीआई की अनुमति देने का फैसला तब तक निलंबित रहेगा जब तक कि विभिन्न हितधारकों में विचार-विमर्श के माध्यम से सर्वसम्मति नहीं बन जाती। मैंने आज सुबह सभी राजनीतिक दलों के नेताओं की बैठक बुलाई है। इससे पहले भी मैं एक बैठक में, उनसे चर्चा कर चुका हूं कि इस गतिरोध को किस प्रकार दूर किया जाए, जिसके कारण संसद की कार्यवाही ठीक प्रकार से नहीं चल पा रही है....''

''...मुझे खुशी है कि सभी नेता इस सूत्र पर सहमत हैं, परन्तु वे कुछ स्पष्टीकरण चाहते हैं...*(व्यवधान)* मैं आपकी अनुमति से यह स्पष्टीकरण देना चाहता हूं कि हितधारकों में राज्य सरकारों के मुख्यमंत्री तथा राजनीतिक दल शामिल हैं, क्योंकि राज्य के मुख्यमंत्रियों की भागीदारी के बिना इसे क्रियान्वित नहीं किया जा सकता...*(व्यवधान)* *''

[हिन्दी]

मैडम, आप ध्यान दें। उन्होंने कहा था...*(व्यवधान)*

[अनुवाद]

अध्यक्ष महोदया: सदन में व्यवस्था बनाये रखिये।

...*(व्यवधान)*

श्रीमती सुषमा स्वराज: महोदया, उन्होंने आगे यही भी कहा:

''इसलिए, सभी हितधारकों के बीच विचार-विमर्श की प्रक्रिया के माध्यम से सहमति हो जाने के पश्चात् सरकार इस बारे में निर्णय लेगी...*(व्यवधान)* इन्हीं शब्दों के साथ, मैं विनम्रतापूर्वक यह निवेदन करती हूं कि सभा शीतकालीन सत्र की समाप्ति से पूर्व चूंकि केवल 10 दिन ही रह गये हैं अपना सामान्य कार्य कर ले, धन्यवाद, अध्यक्ष महोदया...*(व्यवधान)''*

[हिन्दी]

मैडम इसके बाद मैं खड़ी हुई थीं और मैंने आपकी अनुमति से कहा था...*(व्यवधान)*

[अनुवाद]

अध्यक्ष महोदया: सदन में व्यवस्था बनाये रखिये।

...*(व्यवधान)*

[हिन्दी]

अध्यक्ष महोदया: अब रिकॉर्ड में नहीं जा रहा है।

[अनुवाद]

कार्यवाही वृत्तान्त में कुछ भी सम्मिलित नहीं होगा।

...*(व्यवधान)*

*कार्यवाही-वृत्तांत में सम्मिलित नहीं किया गया।

*कार्यवाही-वृत्तांत में सम्मिलित नहीं किया गया।

अध्यक्ष महोदया: मुझे अविश्वास प्रस्ताव का नोटिस मिला है। कृपया, सदन में व्यवस्था बनाये रखिये ताकि मैं 50 संसद सदस्यों को मिल सकूं।

...*(व्यवधान)*

अध्यक्ष महोदया: सदन में व्यवस्था बनाये रखनी होगी।

...*(व्यवधान)*

अध्यक्ष महोदया: कार्यवाही वृत्तान्त में कुछ भी सम्मिलित नहीं होगा।

...*(व्यवधान)*

अध्यक्ष महोदया: कार्यवाही वृत्तान्त में कुछ भी सम्मिलित नहीं होगा।

...*(व्यवधान)* *

अध्यक्ष महोदया: कृपया, वापस जाकर बैठ जाइये। कृपया अपना स्थान ग्रहण करें।

...*(व्यवधान)*

अध्यक्ष महोदया: सभा अपराह्न 12.30 बजे पुन: समवेत होने के लिए स्थगित होती है।

अपराह्न 12.07 बजे

तत्पश्चात् लोक सभा अपराह्न 12.30 बजे तक के लिये स्थगित हुई।

अपराह्न 12.30 बजे

लोक सभा अपराह्न 12.30 बजे पुन: समवेत हुई।

[**अध्यक्ष महोदया** पीठासीन हुईं]

...*(व्यवधान)*

[हिन्दी]

श्री गणेश सिंह (सतना): अध्यक्ष महोदया, सबसे पहले आप नियम 184 के अन्तर्गत चर्चा कराइये। ...*(व्यवधान)*

*कार्यवाही-वृत्तांत में सम्मिलित नहीं किया गया।

श्रीमती सुषमा स्वराज (विदिशा): अध्यक्षा जी, ...*(व्यवधान)*

[अनुवाद]

अध्यक्ष महोदया: जरा एक मिनट मुझे स्थगन प्रस्ताव की सूचनाओं के बारे में बताना है।

...*(व्यवधान)*

अपराह्न 12.30½ बजे

अध्यक्ष द्वारा टिप्पणी

स्थगन प्रस्ताव की सूचनाएं

[अनुवाद]

अध्यक्ष महोदया: माननीय सदस्यगण, मुझे श्री शैलेन्द्र कुमार और कुंवर रेवती रमन सिंह से खुदरा क्षेत्र में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश के बारे में स्थगन प्रस्ताव की सूचनाएं प्राप्त हुई हैं। मैंने तथ्य मांगें हैं। यह मामला मेरे विचाराधीन है।

श्री दारा सिंह चौहान ने भी उत्तर प्रदेश में कानून और व्यवस्था के बारे में स्थगन प्रस्ताव संबंधी एक सूचना पटल पर रखी है।

मामला काफी महत्वपूर्ण होने के बावजूद आज की सभा के कार्य में व्यवधान करने की आवश्यकता नहीं है।

इसलिए मैंने स्थगन प्रस्ताव की सूचनाओं को स्वीकार नहीं किया है।

...*(व्यवधान)*

श्री बसुदेव आचार्य (बांकुरा): महोदया, हमारी सूचना का क्या हुआ।

...*(व्यवधान)*

अपराह्न 12.31 बजे

मंत्रिपरिषद् में अविश्वास प्रस्ताव के बारे में

[अनुवाद]

अध्यक्ष महोदया: मुझे सभा को सूचित करना है कि मुझे नियम 198 के अधीन श्री सुदीप बंधोपाध्याय से मंत्रिपरिषद् में अविश्वास प्रस्ताव की सूचना मिली है।

प्रस्ताव का पाठ निम्नवत् है:

"यह कि यह सभा मंत्रिपरिषद् में विश्वास का अभाव अभिव्यक्त करती हैं"

श्री सुदीप बंधोपाध्याय, कृपया सभा की अनुमति प्राप्त करें।

...*(व्यवधान)*

[हिन्दी]

श्रीमती सुषमा स्वराज (विदिशा): मैडम, पहले आपने कहा था कि इस विषय पर आप मुझे बोलने देंगी। ...*(व्यवधान)*

अध्यक्ष महोदया: मैं आपको इस पर बोलने दूंगी। मै। आपको बाद में मौका दूंगी।

...*(व्यवधान)*

श्री सुदीप बंधोपाध्याय (कोलकाता उत्तर): महोदया, मैं निम्न प्रस्ताव को प्रस्तुत करने हेतु सभा से अनुमति चालता हूं:

"यह कि यह सभा मंत्रिपरिषद में विश्वास का अभाव अभिव्यक्त करती है"

इसके अतिरिकत, मल्टीब्रैंड खुदरा क्षेत्र में 51 प्रतिशत प्रत्यक्ष विदेशी निवेश की अनुमति देने का सरकार का निर्णय लाखों छोटे व्यापारियों के लिए घातक होने जा रहा है और यह निर्णय सरकार की लोक-विरोधी नीतियों को प्रतिबिम्बित करता है।

अध्यक्ष महोदया: आपको केवल एक पंक्ति पढ़नी है।

मैं उन सदस्यों से अपने स्थान पर खड़ा होने को कहती हूं जो इस प्रस्ताव को अनुमति दिए जाने के पक्ष में हैं।

कुछ सदस्यगण अपने स्थान पर खड़े हो गए।

...*(व्यवधान)*

अध्यक्ष महोदया: कृपया, यह तरीका नहीं है।

...*(व्यवधान)*

अध्यक्ष महोदया: मुझे सभा को सूचित करना है कि सदस्य को सभा की अनुमति नहीं मिली क्योंकि 50 से कम सदस्य प्रस्ताव के समर्थन में खड़े हुए हैं।

...*(व्यवधान)*

[हिन्दी]

श्री दारा सिंह चौहान (घोसी): अध्यक्ष महोदया, हमने जो नोटिस दिया था, उसका क्या हुआ?

...*(व्यवधान)*

अध्यक्ष महोदया: अभी तो पढ़कर सुनाया है।

...*(व्यवधान)*

अध्यक्ष महोदया: हमने अभी सुनाया है कि उसे मना कर दिया है।

...*(व्यवधान)*

श्री दारा सिंह चौहान: अध्यक्ष महोदया, आज उत्तर प्रदेश की हालत बहुत खराब है।...*(व्यवधान)*

अध्यक्ष महोदया: नेता प्रतिपक्ष बोल रही हैं, इसलिए आप उन्हें पहले बोलने दीजिए।

...*(व्यवधान)*

श्रीमती सुषमा स्वराज: अध्यक्षा जी, सदन में थोड़ी सी शांति हो जाये।...*(व्यवधान)*

श्री शैलेन्द्र कुमार (कौशाम्बी): अध्यक्ष महोदया, समाजवादी पार्टी की तरफ से भी नोटिस दिया गया है।...*(व्यवधान)* आप हमें दो मिनट बोलने का मौका दीजिए। ...*(व्यवधान)*

श्रीमती सुषमा स्वराज: आप उन्हें बाद में बोलने का मौका दे दीजिए।...*(व्यवधान)*

श्री दारा सिंह चौहान: मैडम, पूरे उत्तर प्रदेश की हालत खराब है। वहां पर बलात्कार हो रहे हैं।...*(व्यवधान)*

श्रीमती सुषमा स्वराज: अध्यक्ष जी, मैं आपकी अनुमति से, सरकार द्वारा की गयी संसद की घोर अवमानना का विषय इस सदन में रखना चाहती हूं।...*(व्यवधान)*

अपराह्न 12.35 बजे

इस समय डॉ. बलीराम और कुछ अन्य माननीय सदस्य आगे आकर सभा पटल के निकट खड़े हो गए।

[हिन्दी]

श्रीमती सुषमा स्वराज: अध्यक्ष जी, संसद के मानसून सत्र और शीतकालीन सत्र के बीच में एक प्रकरण ऐसा घटा है, जिसमें

संसद की घोर अवमानना हुई है। मैं अपको याद दिलाना चाहती हूं कि 7 दिसंबर, 2011 को तत्कालीन वित्त मंत्री श्री प्रणब मुखर्जी ने आपकी अनुमति से इस सदन में एक वक्तव्य दिया था। अभी पहले वह वक्तव्य मैंने यहां पढ़कर सुनाया। ...*(व्यवधान)*

अपराह्न 12.36 बजे

इस समय श्री कल्याण बनर्जी और कुछ अन्य माननीय सदस्य आगे आकर सभा पटल के निकट खड़े हो गए।

अध्यक्ष महोदया: नेता विपक्ष जो कुछ कहेंगे उसके अलावा कुछ भी कार्यवाही-वृत्तान्त में सम्मिलित नहीं होगा।

...*(व्यवधान)* *

[हिन्दी]

श्रीमती सुषमा स्वराज : उस वक्तव्य के बाद मैंने भी इस पर रिस्पांड करते हुए कहा था कि इस सरकार ने जनभावनाओं को ध्यान में रखते हुए जो निर्णय किया है।...*(व्यवधान)*

[अनुवाद]

अध्यक्ष महोदया: सुषमा जी जो कहा रही हैं उसके अलावा कुछ भी कार्यवाही-वृत्तान्त में सम्मिलित नहीं होगा।

...*(व्यवधान)* *

[हिन्दी]

श्रीमती सुषमा स्वराज: जनभावनाओं के आगे झुकना सरकार की हार नहीं होती, बल्कि यह लोकतंत्र को मजबूत करता है। तमाम राजनैतिक दलों, राज्यों के मुख्यमंत्रियों से बात करने के बाद और उन सभी लोगों से बात करने के बाद, जिनके हित इस निर्णय से प्रभावित हो रहे थे, आम सहमति बनाने के बाद सरकार यह निर्णय करेगी और तब तक इस निर्णय को लम्बित रखा गया है। मैं प्रणब दा के प्रति धन्यवाद अर्पित करती हूं जिन्होंने इस पूरे मसले को अपने हाथ में लिया और आल-पार्टी मीटिंग की। प्रधानमंत्री जी की अनुमति से यह निर्णय हुआ है, मैं उनके प्रति भी देश की तरफ से आभार प्रकट करती हूं कि जनभावनाओं के सामने सरकार झुकी। यह एक बहुत बड़ी लोकतांत्रिक जीत का कदम है।

मगर मुझे दुख से कहना पड़ता है कि जो वक्तव्य तत्कालीन वित्त मंत्री जी ने यहां रखा, जिसके लिए मैंने समूचे विपक्ष की तरफ से ही नहीं, समूचे देश की तरफ से सरकार के प्रति आभार प्रकट किया, आश्वासन की धज्जियां उड़ाते हुए, यहां दिए हुए वक्तव्य की परवाह न करते हुए, सरकार ने खुदरा व्यापार में 51 प्रतिशत तक विदेशी पूंजी निवेश को अनुमति देने की घोषणा कर दी। इसलिए मैं आपसे संरक्षण चाहती हूं, पूरा विपक्ष और आल-पार्टीज के नेता आपका संरक्षण चाहते हैं कि सर्वसम्मति बनाना तो दूर, आम सहमति बनाने का प्रयास भी इस सरकार ने नहीं किया, कोई मीटिंग नहीं बुलाई, कोई बात नहीं की और यह निर्णय हो गया। इसलिए मेरा आपसे करबद्ध निवेदन है कि हमें इस सदन में अपनी बात कहने का मौका दिया जाए और अपनी राय मतदान के माध्यम से प्रकट करने का मौका दिया जाए। नियम 184 के तहत एफडीआई इन रिटेल पर चर्चा की अनुमति आप हमें प्रदान करें ताकि जो काम सरकार ने नहीं किया, वह काम इस सदन के माध्यम से हम बता सकें कि पूरे देश का जन-मानस खुदरा व्यापार में विदेशी पूंजी निवेश के लिए क्या चाहता है। यह मेरा आपसे अनुरोध है और विपक्ष के सारे लोग यह मांग कर रहे हैं कि रूल 184 में एफडीआई पर चर्चा कराइए। यही मेरा आपसे अनुरोध है।...*(व्यवधान)*

[अनुवाद]

अध्यक्ष महोदया: सभा अपराह्न 02.00 बजे पुन: समवेत होने के लिए स्थगित होती है।

अपराह्न 12.39 बजे

तत्पश्चात्, लोक सभा अपराह्न 02.00 बजे तक के लिए स्थगित हुई।

अपराह्न 02.01 बजे

लोक सभा अपराह्न 02.01 बजे पुन: समवेत हुई।

[**उपाध्यक्ष महोदय** *पीठासीन* हुए]

...*(व्यवधान)*

[हिन्दी]

उपाध्यक्ष महोदय: रिकार्ड में कुछ नहीं जाएगा।

...*(व्यवधान)* *

*कार्यवाही-वृत्तांत में सम्मिलित नहीं किया गया।

*कार्यवाही-वृत्तांत में सम्मिलित नहीं किया गया।

अपराह्न 02.01½ बजे

इस समय डॉ. बलीराम, श्री कल्याण बनर्जी और कुछ अन्य माननीय सदस्य आगे आकर सभा पटल के निकट खड़े हो गये।

उपाध्यक्ष महोदयः सभा 23 नवंबर, 2012 को पूर्वाह्न 11.00 बजे पुनः समवेत होने के लिए स्थगित होती है।

...*(व्यवधान)*

अपराह्न 02.02 बजे

तत्पश्चात्, लोक सभा शुक्रवार 23 नवंबर, 2012/2 अग्रहायण, 1934 (शक) के पूर्वाह्न 11.00 बजे तक के लिए स्थागित हुई।

अनुबंध I

तारांकित प्रश्नों की सदस्य-वार अनुक्रमणिका

क्र.सं.	सदस्य का नाम	तारांकित प्रश्न संख्या
1.	श्री हुक्मदेव नारायण यादव	1
	श्री मनसुखभाई डी. वसावा	
2.	डॉ. रत्ना डे.	2
	श्री यशवीर सिंह	
3.	श्री अर्जुन चरण सेठी	3
4.	श्री सुरेन्द्र सिंह नागर	4
5.	श्री सी. राजेन्द्रन	5
	श्री एम.बी. राजेश	
6.	श्री सुरेश अंगड़ी	6
	श्री एम. आनंदन	
7.	श्री वीरेन्द्र कुमार	7
8.	श्री बिभु प्रसाद तराई	8
	श्री हंसराज गं. अहीर	
9.	श्री मंगनी लाल मंडल	9
	श्री दीपेन्द्र सिंह हुड्डा	
10.	श्री रवीन्द्र कुमार पांडेय	10
	श्रीमती सीमा उपाध्याय	
11.	श्री शिवराम गौडा	11
12.	श्री महेश जोशी	12
13.	श्री राजेन्द्र अग्रवाल	13
	श्रीमती मेनका गांधी	
14.	श्री रूद्रमाधव राय,	14
15.	श्री वैजयंत पांडा	15
	श्री डी.बी. चन्द्रे गौडा	
16.	श्री मानिक टैगोर	16
	श्री हर्ष वर्धन	
17.	श्री मनोहर तिरकी	17
	श्री पी.आर. नटराजन	
18.	श्री अर्जुन राम मेघवाल	18
	श्री सुरेश कलमाडी	
19.	डॉ. मुरली मनोहर जोशी	19
	श्री दिनेश चन्द्र यादव	
20.	श्री एस.एस. रामासुब्बू	20
	श्री जय प्रकाश अग्रवाल	

अतारांकित प्रश्नों की सदस्य-वार अनुक्रमणिका

क्र.सं.	सदस्य का नाम	प्रश्न संख्या
1	2	3
1.	श्री ए. साई प्रताप	82
2.	श्री ए.के.एस. विजयन	28, 182, 229, 230
3.	श्री बसुदेव आचार्य	114
4.	श्री अधलराव पाटील शिवाजी	55, 127, 128, 135, 190
5.	श्री आनंदराव अडसुल	55, 127, 128, 135, 181
6.	श्री जय प्रकाश अग्रवाल	152
7.	श्री राजेन्द्र अग्रवाल	122, 145
8.	श्री हंसराज गं. अहीर	121, 157
9.	श्री बदरुद्दीन अजमल	39, 122
10.	श्री एम. आनंदन	172, 179
11.	श्री अनंत कुमार हेगड़े	93, 125, 186, 188
12.	श्री सुरेश अंगड़ी	179
13.	श्री घनश्याम अनुरागी	111, 137
14.	श्री जयवंत गंगाराम आवले	120
15.	श्री कीर्ति आजाद	31
16.	श्री गजानन ध. बाबर	46, 55, 127, 128, 224
17.	श्री कामेश्वर बैठा	76, 134, 214
18.	श्रीमती सुस्मिता बाउरी	114
19.	श्री ताराचन्द भगोरा	94, 202
20.	श्री संजय भोई	58, 129, 186, 196
21.	श्री हेमानंद बिसवाल	63

1	2	3
22.	श्री सी. शिवासामी	20, 124, 141, 187
23.	श्री हरीश चौधरी	68
24.	श्री महेन्द्रसिंह पी. चौहाण	51, 53, 122, 175
25.	श्री हरिश्चंद्र चव्हाण	97, 108, 122, 184
26.	श्री भूदेव चौधरी	16, 192
27.	श्रीमती श्रुति चौधरी	37, 53, 65, 120, 223
28.	श्री भक्त चरण दास	89, 219
29.	श्री खगेन दास	80, 219
30.	श्री राम सुन्दर दास	113, 227
31.	श्री गुरुदास दासगुप्त	198
32.	श्री कालीकेश नारायण सिंह देव	91, 120, 226
33.	श्री के.डी. देशमुख	99
34.	श्रीमती रमा देवी	30, 95, 100
35.	श्री के.पी. धनपालन	6, 79, 218
36.	श्री आर. ध्रुवनारायण	9, 143
37.	श्रीमती ज्योति धुर्वे	122, 124
38.	श्री चार्ल्स डिएस	47, 116
39.	डॉ. रामचन्द्र डोम	120
40.	श्री निशिकांत दुबे	77, 135, 212, 215, 216
41.	श्री गणेशराव नागोराव दूधगांवकर	84, 110
42.	श्रीमती प्रिया दत्त	222
43.	श्री एकनाथ महादेव गायकवाड	58, 129, 186, 196
44.	श्रीमती मेनका गांधी	204
45.	श्री ए. गणेशमूर्ति	55, 85, 221

1	2	3
46.	श्री एल. राजगोपाल	69, 132, 206
47.	श्री शिवराम गौडा	169
48.	श्री डी.बी. चन्द्रे गौडा	141
49.	शेख सैदुल हक	102, 120
50.	श्री महेश्वर हजारी	188, 191
51.	श्री दीपेन्द्र सिंह हुड्डा	216
52.	श्री सैयद शाहनवाज हुसैन	21, 133, 156
53.	श्री प्रतापराव गणपतराव जाधव	95, 138, 209
54.	श्री बलीराम जाधव	84, 220
55.	श्री गोरख प्रसाद जायसवाल	230
56.	श्री बद्रीराम जाखड़	14, 120, 149, 184
57.	श्रीमती दर्शना जरदोश	1
58.	श्री नवीन जिन्दल	49, 173
59.	श्री महेश जोशी	183
60.	डॉ. मुरली मनोहर जोशी	124, 186
61.	श्री प्रहलाद जोशी	44
62.	श्री सुरेश कलमाडी	194
63.	श्री पी. करुणाकरन	61, 200
64.	श्री कपिल मुनि करवारिया	23, 227
65.	श्री नलिन कुमार कटील	56, 84, 130
66.	श्री कौशलेन्द्र कुमार	122
67.	श्री चंद्रकांत खैरे	4, 98, 139, 198
68.	डॉ. किरोड़ी लाल मीणा	2, 130, 198, 212
69.	श्री मारोतराव सैनुजी कोवासे	40, 82, 84, 119

1	2	3
70.	श्री विश्व मोहन कुमार	56, 130
71.	श्री अजय कुमार	92
72.	श्री पी. कुमार	50, 120, 174
73.	श्री यशवंत लागुरी	25, 121
74.	श्री पी. लिंगम	78, 135, 186, 198, 217
75.	श्री विक्रमभाई अर्जनभाई मादम	12, 146
76.	श्री बैद्यनाथ प्रसाद महतो	122
77.	श्री नरहरि महतो	108, 118, 155
78.	श्री प्रदीप माझी	65, 87, 88, 223, 225
79.	श्री मंगनी लाल मंडल	182
80.	श्री जोस के. मणि	67, 202
81.	श्री दत्ता मेघे	98, 122
82.	श्री अर्जुन राम मेघवाल	121, 162
83.	श्री सोमेन मित्रा	122, 188
84.	श्री विलास मुत्तेमवार	66, 131, 205
85.	श्री सुरेन्द्र सिंह नागर	73, 145, 166
86.	डॉ. संजीव गणेश नाईक	82, 125
87.	श्री इन्दर सिंह नामधारी	57, 193
88.	श्री नारनभाई कछाड़िया	41, 122, 124
89.	कुमारी मौसम नूर	52, 176
90.	श्री शीश राम ओला	109
91.	श्री असादूद्दीन ओवेसी	32, 135
92.	श्री पी. आर. नटराजन	165, 212
93.	श्री वैजयंत पांडा	123, 184, 188
94.	श्री प्रबोध पांडा	62, 120
95.	श्री रवीन्द्र कुमार पाण्डेय	167
96.	श्री जयराम पांगी	25
97.	श्री आनंद प्रकाश परांजपे	58, 129, 186, 196
98.	डॉ. प्रसन्न कुमार पाटसाणी	104
99.	श्रीमती जयश्रीबेन पटेल	10, 144, 212, 218
100.	श्री किसनभाई वी. पटेल	65, 87, 88, 223, 225
101.	श्री संजय दिना पाटील	119
102.	श्री ए.टी. नाना पाटील	43, 122, 168
103.	श्री सी.आर. पाटिल	42, 119, 218
104.	श्री दानवे रावसाहेब पाटील	134, 138
105.	श्री भास्करराव बापूराव पाटील खतगांवकर	58, 129, 186, 196
106.	श्रीमती कमला देवी पटले	27, 161
107.	श्री पोन्नम प्रभाकर	96, 107, 143, 182
108.	श्री नित्यानंद प्रधान	101, 120, 202
109.	श्री प्रेमचन्द गुड्डू	212
110.	श्री प्रेमदास	56, 103, 188
111.	श्री पन्ना लाल पुनिया	8, 212, 216, 222
112.	श्री एम.के. राघवन	59
113.	श्री अब्दुल रहमान	96, 195, 202, 228
114.	श्री सी. राजेन्द्रन	142
115.	श्री एम.बी. राजेश	212, 218

1	2	3
116.	श्री रामकिशुन	86, 122, 222
117.	श्री कादिर राणा	38
118.	श्री निलेश नारायण राणे	5
119.	श्री रायापति सांबासिवा रावम	7, 96, 120, 140, 225
120.	श्री जे.एम. आरुन रशीद	75, 213
121.	श्री रामसिंह राठवा	26, 135, 160
122.	डॉ. रत्ना डे	178
123.	श्री अशोक कुमार रावत	73, 210
124.	श्री रुद्रमाधव राय	104, 151
125.	श्री एम. श्रीनिवासुलु रेड्डी	60, 199
126.	श्री अनन्त वेंकटरामी रेड्डी	9, 65, 123
127.	श्री एम. राजा मोहन रेड्डी	133
128.	श्री नृपेन्द्र नाथ राय	108, 118, 155
129.	प्रो. सौगत राय	35, 47, 163
130.	श्री एस. अलागिरी	119, 230
131.	श्री एस. सेम्मलई	74, 198, 211, 222
132.	श्री एस. पक्कीरप्पा	13, 53, 147, 182, 222
133.	श्री एस.आर. जेयदुरई	29, 195
134.	श्री एस.एस. रामासुब्बू	150
135.	श्रीमती सुशीला सरोज	15, 153, 188
136.	श्री हमदुल्लाह सईद	45, 170
137.	श्रीमती यशोधरा राजे सिंधिया	112
138.	श्री एम.आई. शानवास	64, 203
139.	श्री जगदीश शर्मा	66, 131, 205

1	2	3
140.	श्री नीरज शेखर	125, 126, 188, 189
141.	श्री सुरेश कुमार शेटकर	24, 96, 128, 143, 158
142.	श्री राजू शेट्टी	34
143.	श्री एंटो एंटोनी	117, 191, 205
144.	श्री जी.एम. सिद्देश्वर	36, 164, 188
145.	डॉ. भोला सिंह	135
146.	श्री भूपेन्द्र सिंह	25, 159, 198, 212
147.	श्री दुष्यंत सिंह	54, 188
148.	श्री गणेश सिंह	48, 201
149.	श्री इज्यराज सिंह	72, 209
150.	श्री जगदानंद सिंह	81
151.	श्री महाबली सिंह	90
152.	श्री मुरारी लाल सिंह	65
153.	श्री राधा मोहन सिंह	83, 119
154.	श्री रतन सिंह	22, 198
155.	श्री सुशील कुमार सिंह	71, 182, 202, 208
156.	श्री उदय सिंह	132
157.	श्री यशवीर सिंह	125, 126, 188, 189
158.	श्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह	93, 124, 125, 189
159.	राजकुमारी रत्ना सिंह	136
160.	डॉ. संजय सिंह	30, 68, 72, 100, 136
161.	श्री राजय्या सिरिसिल्ला	96, 128, 143, 182

1	2	3
162.	श्री ई.जी. सुगावनम	81, 19
163.	श्री के. सुगुमार	11, 120, 202
164.	श्रीमती सुप्रिया सुले	82, 125
165.	श्री एन. चेलुवरया स्वामी	34, 47, 122, 171, 188
166.	श्री मानिक टैगोर	185, 211
167.	श्री बिभू प्रसाद तराई	120, 181
168.	श्री जगदीश ठाकोर	6, 103
169.	श्री अनुराग सिंह ठाकुर	3, 138, 202
170.	श्री आर. थामराईसेलवन	17, 154, 227
171.	डॉ. एम. तम्बिदुरई	65
172.	श्री पी.टी. थॉमस	53, 79, 187
173.	श्री मनोहर तिरकी	118, 155
174.	श्री भीष्म शंकर उर्फ कुशल तिवारी	105, 135
175.	श्री लक्ष्मण टुडु	33
176.	श्री शिवकुमार उदासी	106, 199

1	2	3
177.	श्रीमती सीमा उपाध्याय	15, 16, 153, 191
178.	श्री मनसुखभाई डी. वसावा	119, 148
179.	डॉ. पी. वेणुगोपाल	70, 133, 182, 207
180.	श्री सज्जन वर्मा	137
181.	श्रीमती ऊषा वर्मा	15, 16, 153, 188, 191
182.	श्री वीरेन्द्र कुमार	119, 180
183.	श्री पी. विश्वनाथन	115
184.	श्री भाउसाहेब राजाराम वाकचौरे	18, 197, 218
185.	श्री धर्मेन्द्र यादव	127, 128, 135, 181, 190
186.	श्री दिनेश चन्द्र यादव	188, 189
187.	प्रो. रंजन प्रसाद यादव	119
188.	श्री हुक्मदेव नारायण यादव	177
189.	श्री मधु गौड यास्खी	55, 127, 128, 135, 181

अनुबंध II

तारांकित प्रश्नों की मंत्रालय-वार अनुक्रमणिका

रसायन और उर्वरक	:	10
कॉर्पोरेट कार्य	:	
पेयजल और स्वच्छता	:	13
भारी उद्योग और लोक उद्यम	:	6
विधि और न्याय	:	20
सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम	:	4
अल्पसंख्यक कार्य	:	15
विद्युत	:	7, 8, 9, 14
रेल	:	3, 5, 16, 18
ग्रामीण विकास	:	1, 12
सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन	:	19
जल संसाधन	:	2, 11, 17.

अतारांकित प्रश्नों की मंत्रालय-वार अनुक्रमणिका

रसायन और उर्वरक	:	1, 12, 24, 32, 35, 38, 43, 49, 54, 63, 67, 69, 78, 80, 93, 97, 112, 113, 116, 119, 132, 135, 140, 147, 158, 175, 180, 188, 203, 204, 223, 228
कॉर्पोरेट कार्य	:	117, 126, 196, 227
पेयजल और स्वच्छता	:	18, 30, 53, 89, 92, 122, 167, 176, 179
भारी उद्योग और लोक उद्यम	:	3, 27, 66, 85, 105, 124, 129, 131, 143, 174, 230
विधि और न्याय	:	75, 104, 114, 142, 191
सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम	:	31, 36, 37, 64, 106, 110, 161, 169, 208, 224
अल्पसंख्यक कार्य	:	15, 21, 39, 45, 86, 95, 102, 164, 171, 219
विद्युत	:	11, 13, 19, 20, 23, 29, 47, 59, 70, 71, 73, 82, 94, 133, 141, 150, 154, 162, 163, 178, 182, 186, 187, 197, 199, 202, 207, 210, 211, 217, 220, 225

रेल	:	2, 5, 9, 16, 25, 33, 44, 48, 50, 58, 61, 74, 79, 81, 87, 90, 91, 107, 11, 120, 121, 127, 130, 134, 138, 145, 153, 160, 165, 166, 168, 172, 173, 181, 184, 185, 189, 190, 192, 193, 194, 195, 200, 201, 215, 216, 222, 226
ग्रामीण विकास	:	8, 28, 34, 40, 51, 52, 55, 56, 57, 65, 77, 83, 88, 100, 101, 125, 136, 144, 146, 149, 152, 159, 183, 205, 206, 209, 212, 218, 221
सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन	:	46, 156, 177
जल संसाधन	:	4, 6, 7, 10, 14, 17, 22, 26, 41, 42, 60, 62, 68, 72, 76, 84, 96, 98, 99, 103, 108, 109, 115, 118, 123, 128, 137, 139, 148, 151, 155, 157, 170, 198, 213, 214, 229.

इंटरनेट

लोक सभा की सत्रावधि के प्रत्येक दिन के वाद-विवाद का मूल संस्करण भारतीय संसद की निम्नलिखित वेबसाइट पर उपलब्ध है:

http://www.parliamentofindia.nic.in

लोक सभा की संपूर्ण कार्यवाही का लोक सभा टी.वी. चैनल पर सीधा प्रसारण किया जाता है। यह प्रसारण सत्रावधि में प्रतिदिन प्रात: 11.00 बजे लोक सभा की कार्यवाही शुरू होने से लेकर उस दिन की सभा समाप्त होने तक होता है।

लोक सभा वाद-विवाद के मूल संस्करण, हिन्दी संस्करण और अंग्रेजी संस्करण की प्रतियां तथा संसद के अन्य प्रकाशन, विक्रय फलक, संसद भवन, नई दिल्ली-110001 पर बिक्री हेतु उपलब्ध हैं।

पी.एल.एस.–48/29/1/2012 (एन.)
360

© 2012 प्रतिलिप्यधिकार लोक सभा सचिवालय
लोक सभा के प्रक्रिया तथा कार्य संचालन संबंधी नियमों (तेरहवां संस्करण) के नियम 379 और 382 के अंतर्गत प्रकाशित और धनराज एसोसिएट प्रा. लि., नई दिल्ली द्वारा मुद्रित।